हिंदी तकनीकी संगोष्ठी

19 सितम्बर 2025

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

लेख संग्रह



भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
अहमदाबाद - 380009

निदेशक का प्राक्कथन

संदेश

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने आज के युग को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। जिस गति से वैज्ञानिक शोध, नवाचार और तकनीकी विकास हो रहे हैं, उसने न केवल हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित किया है, बल्कि मानव सभ्यता को एक नए युग में प्रवेश दिलाया है।

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के आधार के रूप में विख्यात भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पी.आर.एल.) की स्थापना डॉ. विक्रम साराभाई ने 1947 में की थी। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की यूनिट के रूप में पी.आर.एल. में भौतिकी, अंतरिक्ष एवं वायुमंडलीय विज्ञान, खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकी एवं सौर भौतिकी तथा ग्रहीय एवं भू-विज्ञान के चुनिंदा क्षेत्रों में मूलभूत अनुसंधान कार्य किया जाता है। हम वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ राजभाषा कार्यान्वयन को भी आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत हैं। इस लेख संग्रह के माध्यम से हम विज्ञान एवं तकनीक को सर्वसाधारण तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

पीआरएल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 के हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का विषय **"वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं"** में व्यापक एवं विविध विषयों तथा शोध क्षेत्रों का समावेश है। सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, चिकित्सा, पर्यावरण और संचार जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति ने समाज के विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और नैनो-प्रौद्योगिकी जैसे नवीनतम क्षेत्रों में निरंतर हो रहे अनुसंधान भविष्य की नई दिशा निर्धारित कर रहे हैं। यह लेख संग्रह ऐसे कई विषयों पर चल रहे शोध अध्ययन की एक झलक प्रस्तुत करेगा।

इस लेख संग्रह का उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना, तकनीकी ज्ञान का प्रसार करना और नवीनतम प्रगतियों से पाठकों को अवगत कराना है। आशा है कि यह प्रयास विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों तथा तकनीकी विशेषज्ञों को लाभान्वित करेगा और उन्हें नई खोजों के लिए प्रेरित करेगा।

हमें विश्वास है कि यह संग्रह न केवल विज्ञान और तकनीक के प्रति रुचि को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध होगा।

सभी प्रतिभागी लेखकों, हिंदी तकनीकी संगोष्ठी आयोजन समिति 2025 एवं इस संगोष्ठी से जुड़े हर सदस्य को मेरी ओर से हार्दिक बधाई!

प्रो. अनिल भारद्वाज
निदेशक, पीआरएल

डीन का प्राक्कथन

संदेश

अनुसंधान — चाहे वह मूलभूत (Basic Research) हो या अनुप्रयुक्त (Applied Research) — किसी भी समाज, राष्ट्र और विश्व की प्रगति का मूल आधार होता है। आज जब हम चौथी औद्योगिक क्रांति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), जलवायु परिवर्तन, और सतत विकास जैसे वैश्विक मुद्दों से जूझ रहे हैं, तो अनुसंधान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मूलभूत और अनुप्रयुक्त अनुसंधान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जहाँ एक ओर मूलभूत अनुसंधान विचारों की भूमि तैयार करता है, वहीं अनुप्रयुक्त अनुसंधान उन्हें फलदायी बनाता है। आज का युग अनुसंधान का युग है — और यदि हमें एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और न्यायपूर्ण विश्व की कल्पना करनी है, तो अनुसंधान में निवेश, विभिन्न विभागों में आपसी सहयोग और मानव संसाधन की अभिवृद्धि अनिवार्य है।

साथियों, विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो हमारे जीवन के हर पहलू को छूता है — चाहे वह स्वास्थ्य हो, तकनीक हो, पर्यावरण हो या फिर अंतरिक्ष। लेकिन जब हम विज्ञान की पढ़ाई की बात करते हैं, तो हम देखते हैं कि अधिकतर सामग्री अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध है। इसका परिणाम यह होता है कि जो विद्यार्थी अंग्रेज़ी में सहज नहीं हैं, वे विज्ञान जैसे विषय से दूरी बनाने लगते हैं।

सदियों पहले बने किलों, मंदिरों और स्मारकों के रूप में विद्यमान विशाल निर्माण, तथा खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, गणित, चिकित्सा, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान आदि जैसे वैज्ञानिक क्षेत्रों में अंग्रेजों के भारत आने से पहले हुई प्रगति, भारतवर्ष में सदियों से विद्यमान उत्कृष्ट ज्ञान प्रणाली की उपस्थिति का प्रमाण है।

अतः अब यह प्रश्न उठता है क्या विज्ञान सिर्फ अंग्रेज़ी जानने वालों का ही क्षेत्र है? बिल्कुल नहीं। विज्ञान तर्क, प्रयोग, और निष्कर्षों पर आधारित होता है — और ये सभी विषय किसी भी भाषा में समझाई और सीखी जा सकती हैं।

अगर विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में दी जाए, तो:

- यह छात्रों को विषयों को गहराई से समझने में मदद करेगा।
- ग्रामीण और दूरदराज़ के छात्रों को भी विज्ञान में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।
- वैज्ञानिक सोच समाज के हर वर्ग तक पहुँचेगी और भारत में नवाचार (innovation) को बल मिलेगा।

भारत जैसे देश में जहाँ 80% से अधिक लोग हिंदी या हिंदी से जुड़ी भाषाएँ बोलते हैं, वहाँ विज्ञान को हिंदी में पढ़ाना न केवल व्यवहारिक है, बल्कि यह सामाजिक समानता की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।

सरकार और संस्थाओं को चाहिए कि वे हिंदी में वैज्ञानिक किताबें, कोर्स, शोधपत्र और वीडियो सामग्री उपलब्ध कराएँ। साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान की पढ़ाई के लिए द्विभाषिक व्यवस्था बनाई जाए, जिससे छात्रों को भाषा की वजह से ज्ञान से वंचित न रहना पड़े।

भाषा का उद्देश्य ज्ञान को सीमित करना नहीं, बल्कि उसे फैलाना होना चाहिए। अगर हम चाहते हैं कि भारत विज्ञान में विश्वगुरु बने, तो हमें विज्ञान की भाषा को भारत की भाषा बनाना होगा।

"विज्ञान सबका अधिकार है – और मातृभाषा में शिक्षा इसका सेतु बन सकती है।"

प्रो. डी. पल्लमराजू
डीन, पीआरएल

अध्यक्ष का प्राक्कथन

संदेश

यह संकलन उन सभी शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने ज्ञानवर्धक शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं और विचार-विमर्श के माध्यम से इस मंच को समृद्ध किया है।

यह संगोष्ठी इस बात का प्रमाण है कि हिंदी केवल एक साहित्यिक भाषा नहीं, बल्कि एक सक्षम, सशक्त और वैज्ञानिक अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी को अपनाना समय की आवश्यकता है, ताकि ज्ञान का प्रसार जड़ों तक पहुँचे।

"वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं" विषय पर हिंदी संगोष्ठी का उद्देश्य नवाचार, अनुसंधान और सहयोग को बढ़ावा देना रहा है, और मुझे विश्वास है कि यह लेख-संग्रह उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इसमें प्रकाशित प्रत्येक शोध-पत्र अपने-आप में एक मूल्यवान योगदान है, जो संबंधित क्षेत्र में आगे के अनुसंधान और संवाद को प्रेरित करेगा। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भी यही है - कि हम तकनीकी विषयों को हिंदी में अभिव्यक्त करने की दिशा में ठोस प्रयास करें, शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करें, और एक ऐसा मंच प्रदान करें जहाँ तकनीक और भाषा का समन्वय हो।

मैं आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग और समर्पण के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह लेख-संग्रह न केवल ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनेगी, बल्कि आगामी शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का कार्य भी करेगी।

प्रो. संतोष वडवाले

अध्यक्ष, हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2025

विषय सूची

1 मंगल ग्रह पर धूल भरी आंधी के दौरान आवेशित धूल के अध्ययन हेतु संवेदक का विकास और परीक्षण 10

2 पी.सी.बी. वैद्युत संकेत और पॉवर अखंडता 13

3 इनसैट-3डीएस से सक्रिय अग्नि उत्पाद का वैधीकरण 17

4 संवाद-AI: एक सुरक्षित ऑफ़लाइन संवादात्मक AI 20

5 गहरे संवहनीय बादलों का उपयोग करके इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल का अंशांकन 23

6 चंद्रयान-2 छवियों से कनवोल्यूशन न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करके चंद्र क्रेटर पता लगाने की एक नवीन तकनीक 26

7 नाविक – एल5 (NavIC – L5) मोड में स्थिति त्रुटि और GDOP प्रदर्शन पर उपलब्ध केवल 4 नाविक उपग्रहों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए लॉग किए गए नाविक रिसीवर डेटा का विश्लेषण . 29

8 ऑफगैसिंग: पॉलिमरिक पदार्थ की मानव रेटिंग के लिए महत्वपूर्ण परीक्षण 35

9 उपग्रह प्रणालियों में 3डी मुद्रित सर्किट बोर्ड की संरचना एवं उपयोगिता 38

10 डिस्क-ग्रह अंत:क्रियाओं में चुंबकीय जलगतिकी प्रभाव और रॉस्बी तरंग अस्थिरता 41

11 मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए डिस्प्ले पैनल ड्राइवर का डिज़ाइन 44

12 एरोसोल निगरानी के लिए प्रस्तावित ध्रुवीयमापी संवेदक का अनुकरण आधारित प्रारंभिक अध्ययन . . 48

13 एयर- गैप नेटवर्क के लिए सुरक्षित डेटा ट्रांसफर सेवाओं का कार्यान्वयन 51

14 नेटवर्क-आधारित उपकरणों और सेवाओं की निगरानी हेतु सॉफ़्टवेयर सेवा का कार्यान्वयन 54

15 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अंत:विषय सहयोग- नवाचार एवं अन्वेषण का वैश्विक मार्ग 58

16 सी-बैंड आवृत्ति जनित्र के लिए गुणक और एकीकृत फिल्टर का अभिकल्प एवं विकास 61

17 क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी में अनुसंधान: डिजिटल युग में युवाओं के लिए अवसर और संभावनाएं 64

18 अंतरतारकीय तंतुओं की पहचान के लिए प्रयुक्त विधियों का व्यापक विश्लेषण 67

19 भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतू वैश्विक अनुसंधान में अंत:विषय सहयोग: सैक के योगदान 70

20 NISAR में ऑफ़सेट ट्रैकिंग तकनीक का डेटा उत्पाद परिप्रेक्ष्य 73

21 मशीन शिक्षण तकनीकों का उपयोग करके ईओएस-०८ डेटा से आंतरिक जल निकायों की पहचान . . 76

22 NISAR L-S बैंड लेवल-1 और लेवल-2 विज्ञान डेटा उत्पादों के लिए गुणवत्ता आश्वासन सॉफ़्टवेयर 78

23 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह प्रणालियों में उच्च गति पी.सी.बी. डिजाईन: लंबाई सुमेलन तकनीक . 80

24 गुजरात के अर्ध-शुष्क धान्य कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र में मीथेन फ्लक्स का भूमि-आधारित एवं उपग्रहीय प्रेक्षणों द्वारा आकलन 83

25 उपग्रह प्रणालियों के लिए एल्युमीनियम के इलेक्ट्रोलाइटिक काले एनोडाइजिंग में समस्या निवारण . . . 87

26 डिजिटल युग में युवाओं की शोध क्षमताएँ एवं अवसर 90

27 सुरक्षित संचार हेतु क्वांटम उपग्रह प्रणाली: संभावनाएं एवं चुनौतियाँ 93

28 उपग्रहों की तापीय अभिकल्पना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (AI/ML) के अनुप्रयोग 95

29 अंतरिक्ष मिशनों हेतु उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन प्रौद्योगिकियाँ 98

30 जीऐसेट-1ए नीतभार प्राथमिक दर्पण के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ संरचनात्मक विश्लेषण . . . 101

31 छवि (CHHAVI) 104

32 विश्वसनीय अनुप्रयोगों के लिए कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलिमर कंपोजिट का धातुकरण- उपलब्ध पद्धतियाँ और नया दृष्टिकोण 108

33 PRL Overleaf: एक कस्टमाइज्ड LaTeX सहयोगी प्लेटफार्म 111

34 पाई-होल के साथ DNS-स्तरीय नेटवर्क फ़िल्टरिंग 114

35 अंतरिक्ष उपयोग के लिए गगनयान परियोजना में स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विचपर स्वर्ण विलेपन की अर्हता118

36 प्राकृतिक और कृत्रिम स्रोतों द्वारा उत्पन्न बिजली के स्पेक्ट्रम का तुलनात्मक अध्ययन 120

37 कैमरा इंटरफ़ेस नियंत्रण सॉफ्टवेयर का विकास और उपकरण नियंत्रण सॉफ्टवेयर के साथ इसका एकीकरण122

38 जीआइसैट-भू-स्थिर कक्षा से उच्च रेजोल्यूशन सुदूर संवेदन की उपयोगिता एवं नवीनता 124

39 असेंबली और हर्मेटिक सील परीक्षण स्थितियों के तहत एल. टी. सी. सी. में विफलता का थर्मो-संरचनात्मक विश्लेषण 127

40 कोरोनल रेडियो साउंडिंग : सूर्य के निकट सौर पवन गतिशीलता की जांच के लिए एक प्रवीण तकनीक . 130

41 उत्तरी अरब सागर में उच्च विभेदन महासागरीय गतिशीलता का विश्लेषण: SWOT और OCM-३ के आंकड़ों का संयुक्त उपयोग 132

42 पॉलीनोमियल ट्रांसफर इक्वेशन वाले डिफरेंशियल इंडक्टिव सेंसर के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायर-आधारित लीनियरिंग फ्रंट-एंड 135

43 उच्च थ्रूपुट उपग्रह संचार नेटवर्क के लिए प्रीफेचिंग तकनीक का उपयोग 137

44 विकिरण के प्रकार एवं मापन प्रणाली का वर्गीकरण 139

45 उच्च गति प्रकाशीय संचार उपग्रह का अनुप्रयोग और विकास अनुसंधान 141

46 सोलर हार्ड एक्स-रे पोलरीमीटर -- अनुप्रयोग विशिष्ट एकीकृत परिपथ (एसिक) आधारित रीडआउट . . 146

47 उपग्रह डेटा की विश्वसनीयता और सटीकता: प्रक्षेपण के बाद रेडियोमेट्रिक अंशांकन की निर्णायक भूमिका 148

48 सर्वम् अनित्यम् : टेम्पशेयर PRL में एक अस्थायी फ़ाइल-साझाकरण सेवा 151

49 पीआरएल नभ: एक सुरक्षित और स्व-होस्टेड सहयोग मंच 154

50 निम्न अक्षांश क्षेत्रों में IRI मॉडल में तल भाग आयनमंडल के कुल इलेक्ट्रॉन सामग्री (TECb)का अधिक आकलन 157

51 अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) इसरो से मेगा-कोन्सटेलेसन नेटवर्क के माध्यम से विश्व भर में ऑडियो विजुअल (एवी) स्ट्रीमिंग 160

52 ब्रह्मांड में तत्वों की उत्पत्ति 163

53 ज़ीरो-इंस्टॉल GPU-त्वरित पायथन प्लेटफ़ॉर्म: PARAM VIKRAM 1000 पर Jupyter-Hub की संगठित शक्ति 165

54 भाषासेतु: एक सुरक्षित ऑफ़लाइन बहुभाषी अनुवाद उपकरण 168

55 इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर के लिए ऑनबोर्ड डेटा रेकोर्डिंग सिस्टम 172

56 L2 बिंदु पर स्थित एक खगोलीय दूरबीन का थर्मल प्रबंधन प्रणाली 175

57 विद्युत क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन शिक्षण की उपयोगिता 177

58 डेटा-संचालित डिज़ाइन सत्यापन में परिमित अवयव विधियों द्वारा कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन का उपयोग . 180

59 पीआरएल 2.5 मीटर माउंट आबू दूरबीन भारत के लिए माउंट आबू फेंट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ और कैमरा- ईशेल स्पेक्ट्रोमीटर (M-FOSC-EP)के यांत्रिक डिजाइन पहलू 183

60 सामान्य कॉन्ड्राइट्स में नियॉन समस्थानिकों का अध्ययन 185

61 तरंग - पीआरएल में वाई-फाई अवसंरचना आधुनिकीकरण 187

62 आगामी अंतरिक्ष मिशन के लिए डिटेक्टर का चयन और फ्रंट-एंड और रीडआउट इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास: एयरग्लो फोटोमीटर। 190

63 अरब सागर में खनिज आधारित महासागरीय क्षारीयता वृद्धि की संभावनाएं और प्रभाव: बायोअसे प्रयोगों से मिली जानकारी 193

64 राष्ट्रीय विकास के लिए डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र: युवाओं में क्षमता निर्माण में इसरो की भूमिका . . . 196

65 अंतरिक्ष मलबा प्रबंधन में एआई/एमएल की संभावनाएं 198

66 ई.पी.सी. का संरचनात्मक विश्लेषण 201

67 अंतरिक्ष अनुप्रयोगों हेतु क्रायोजेनिक डीटीई-प्रकार हीट स्विच का विकास 204

68 डिजिटल युग में अनुसंधान की बदलती प्रवृतियाँ: अंतरिक्ष उपयोग केंद्र अहमदाबाद के विशेष संदर्भ में . 206

69 ई-गवर्नेंस हेतु अंतरिक्ष आधारित सामाजिक अनुप्रयोग: सैक के योगदान 208

70 अंतरिक्ष में ऑनबोर्ड सॉफ्टवेयर अद्यतन के लिए नवीन कार्यप्रणाली 211

71 केयू (Ku)-बैंड तरंग-पथक से समाक्षीय समकोण सूक्ष्म तरंग (माइक्रोवेव) संक्रमण की उन्नत अभिकल्पना215

72 डीडीएस-रहित डिजिटल आवृत्ति अनुवाद और छनन तथा इसके विकिरण-सख्त कार्यान्वयन के लिए एक नवीन एल्गोरिथ्म 219

73 रैले पश्चप्रकीर्णन गुणांक में अनिश्चितताएँ और एरोसोल पश्चप्रकीर्णन पुनर्प्राप्ति पर उनका प्रभाव 224

74 बाहय ग्रहों के अन्वेषण में मूलभूत एवम अनुप्रयोगात्मक अनुसन्धान 227

75 लघु लागत एवं स्वदेशी एलडब्ल्यूए-कैलिस्टो प्रणाली द्वारा सौर रेडियो विस्फोटों का अध्ययन: यूएसओ-पीआरएल से प्रारंभिक परिणाम 230

76 विभेदक छवि गतियों का उपयोग करके फ्राइड पैरामीटर का अनुमान 233

77 बहु-लेन प्रकार II सौर रेडियो विस्फोट: कोरोना में आघात प्रसार की अंतर्दृष्टि 236

78 ASPEX-SWIS संचालन का एक वर्ष - अवलोकन और वैज्ञानिक क्षमता 239

79 अनुकूली प्रकाशिकी (ए.ओ.) टेस्टबेंच का विकास 242

80 पारस -2 द्वारा एक लघु-शनि TOI-6651b की खोज 244

81 निस्प उपकरण के लिए डिटेक्टर का शोर लक्षण वर्णन 247

82 क्षोभमंडलीय ओजोन के निर्माण में जैव-जनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का महत्व 250

83 प्रस्तावित दक्ष उपग्रह की जी.आर.बी. स्थानीयकरण क्षमता में सुधार के लिए कोडेड मास्क इमेजिंग तकनीक का उपयोग 254

84 प्राकृतिक आपदाएँ और पृथ्वी विज्ञान की भूमिका 257

85 हिमालय की तलहटी में स्थित देहरादून के ऊपर वायुमंडलीय सीमा परत का अध्ययन 260

मंगल ग्रह पर धूल भरी आंधी के दौरान आवेशित धूल के अध्ययन हेतु संवेदक का विकास और परीक्षण

जयेश पी. पाबारी

प्रोफेसर, पी. एस. डी. एन., भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, ई-मेल: jayesh@prl.res.in

सार

दक्षिणी गोलार्ध की गर्मियों के दौरान मंगल ग्रह की सतह के पास धूल भरी आँधी आती है। उनका व्हर्लपूल प्रभाव छोटे कणों को वायुमंडल में ऊपर उठाता है, जो बाद में ऑप्टिकल गहराई को प्रभावित करता है और आयन सांद्रता कम हो जाती है। **मंगल ग्रह पर** कम वायुमंडलीय दबाव और शुष्क, तेज़ पर्यावरण सुझाव देता है कि धूल ट्राइबोइलेक्ट्रिक चार्जिंग के प्रति अधिक संवेदनशील है । इस धूल का यथास्थान अध्ययन हेतु एक संवेदक की रचना और विकास किया गया है। इस सेमिनार में संवेदक की रचना एवं शुरुआत के परीक्षण के परिणाम दिखाए गए हैं। यह अध्ययन मंगल ग्रह पर ट्रोबोइलेक्ट्रिफिकेशन की पुष्टि कर सकता है, जो मंगल पर बिजली गिरने की संभावना दर्शाता है।

प्रस्तावना

मंगल ग्रह अपने दक्षिणी गोलार्ध के मध्य में ग्रीष्म ऋतु के दौरान होने वाली घटना, डस्ट डेविल्स (DDs) के लिए जाना जाता है धरती पर, अर्धशुष्क और शुष्क क्षेत्रों [1] में धूल भरी आंधियां आम हैं जबकि, मंगल ग्रह पर कुछ डस्ट डेविल्स देखे गए हैं [2-7]। वे पृष्ठभूमि अपारदर्शिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं [8-10]। डस्ट डेविल्स के अंदर कण ट्राइबो-चार्जिंग द्वारा या आयनों के साथ लगाव से चार्ज हो जाते हैं । पिछला कार्य [11] में मंगल की चालकता को पृथ्वी की तुलना में **100** गुना अधिक दिखाया गया हैं ।

डस्ट डेविल्स में सूक्ष्म धूल कणों सतह से ऊपर उड़ते है और उनके विद्युत गुणों के आधार पर मंगल की सतह के क्षेत्रो पर लग सकते है। मंगल की धूल का चार्ज और उनकी उड़ान अन्वेषण के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। मंगल की सतह से उड़नेवाली धूल का यथास्थान अध्ययन अभी तक हुआ नहीं है। यह अध्ययन भविष्य में मिशन के लिए महत्वपूर्ण है।

परिभाषा

हमने मंगल ग्रह पर डस्ट डेविल्स से उड़ने वाली चार्ज धूल का यथास्थान अभ्यास करने के लिए एक संवेदक का प्रस्ताव दिया है। यह संवेदक को इंटर डिजिटेटेड ट्रांसड्यूसर (आई. डी. टी.) धूल संवेदक कहते हैं, जिसमें धातु की दो इन्टर्लीव्ड कंघी के आकार में इलेक्ट्रोड को रखा जाता है। यह संवेदक पर आधारित कार्य हमारी प्रयोगशाला में किया जा रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य से देखें तो इस अध्ययन का बहुत महत्व है।

रचना और परीक्षण

आई. डी. टी. धूल संवेदक पर आधारित मंगल चार्ज धूल पर्यवेक्षक प्रणाली की रचना चित्र 1 (अ) में दिखाई है। इसमें आई. डी. टी. धूल संवेदक, उसके ऊपर गिरी हुई चार्ज धूल का पता लगाता है। संकेत को चार्ज संवेदनशील प्रवर्धक को दिया जाता है और बाद में संकेत को एनालॉग-डिजिटल परिवर्तक को देते है। अंत में संकेत का संसाधन करके मेमोरी में रखा जाता है। साथ में एक विद्युत संचालन शक्ति परिवर्तक होता है जो इलेक्ट्रॉनिक्स को जरूरत के अनुसार शक्ति देता है। एल. डी. ओ. में संकेत का संसाधन करने हेतु एक माइक्रोप्रोसेसर होता है। चित्र 1 (ब) में एल. डी. ओ. की यांत्रिक रचना दिखाई है।

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं





चित्र 1: आई. डी. टी. धूल संवेदक का (अ) खंड आरेख और (ब) यांत्रिक रचना

चित्र 2 (अ) में आई. डी. टी. संवेदक दिखाया है। आई. डी. टी. के इलेक्ट्रोड को शुरुआत में ताँबा और निकल से बनाया जाता है। बाद में उसके ऊपर सोने की कली या कोटिंग करी जाती है। सूक्ष्म धूल का चार्ज बहुत ही कम होता है और इसके लिए आई. डी. टी. के इलेक्ट्रोड को, विद्युत का अच्छा चालक होना जरुरी होता है। सोने का उपयोग करने से इलेक्ट्रोड के ऊपर ऑक्साइड की परत नहीं बनती है जो सूक्ष्म धूल के चार्ज का पता लगाने के लिए आवश्यक है। जब आई. डी. टी. के ऊपर चार्ज धूल गिरती है तो आई. डी. टी. विद्युत संचालन शक्ति का एक स्पंद उत्पन्न करता है। इस स्पंद को बाद में संसाधन करके आगे भेजा जाता है। हमने आई. डी. टी. का परिक्षण हमारी प्रयोगशाला में किया है। चित्र 2 (ब) में 10 माइक्रोन नाप की चार्ज धूल को आई. डी. टी. संवेदक पर गिराने से मिले हुए स्पंद दिखाए है। इस तरह से मिले हुए स्पंद को हम संतुलक को देते है जिसमे स्पंद की तुलना एक थ्रेशोल्ड के साथ करी जाती है। संतुलक का उत्पाद हमें स्पंद के सारे आंकड़े बताते हैं। प्रयोगशाला में इस कार्य हेतु हम आंकड़ा अर्जन प्रणाली का इस्तेमाल कर सकते हैं। हमने स्पंद की गिनती करने हेतु स्पंद को बहु चैनल विश्लेषक को दिए थे। बहु चैनल विश्लेषक को कम्प्यूटर के साथ जोड़कर सॉफ्टवेयर की मदद से स्क्रीन पर वर्णक्रम देख सकते हैं। चित्र 3 में इस प्रकार चैनल विश्लेषक से मिला हुआ वर्णक्रम दिखाया है जिसमें क्षैतिज अक्ष-रेखा स्पंद की विद्युत संचालन शक्ति दिखाती है जब की लंबरूप अक्ष-रेखा स्पंद की संख्या दिखाती है। इस तरह स्पंद की गिनती करके चन्द्रमा की सतह से ऊपर उठनेवाली धूल की अंक घनता का पता लगा सकते हैं।





चित्र 2: (अ) आई. डी. टी. धूल संवेदक और (ब) 10 माइक्रोन नाप की चार्ज धूल को आई. डी. टी. संवेदक पर गिराने से मिला हुआ स्पंद



चित्र 3: बहु चैनल विश्लेषक की मदद से 10 माइक्रोन नाप की चार्ज धूल का वर्णक्रम

निष्कर्ष

मंगल ग्रह पर डस्ट डेविल्स में सूक्ष्म , चार्ज धूल कणों सतह से ऊपर उड़ते हैं। मंगल पर सतह से ऊपर उठनेवाली चार्ज धूल का यथास्थान अध्ययन हेतु आई. डी. टी. धूल संवेदक की रचना और विकास किया है। संवेदक को लेकर पूरी प्रणाली के निर्माण का कार्य चल रहा है। आई. डी. टी. धूल संवेदक का शुरुआत का परिक्षण हमारी प्रयोगशाला में 10 माइक्रोन नाप की चार्ज धूल लेकर किया है। यह परिक्षण के परिणाम काफी संतोषजनक है।

सन्दर्भ

1. बामर, एम. और ग्रीली, आर., पृथ्वी और मंगल पर डस्ट डेविल्स, रे. जियोफिज., **44 (3)**, **22**, **2006.**
2. थॉमस, पी. और गीराश, पी.जे., मंगल ग्रह पर डस्ट डेविल्स, साइंस, **230 (4722)**, **175-177**, **1985**.
3. मेट्ज़गर, एस. एम. एवं सहयोगी, मार्स पाथफाइंडर कैमरा द्वारा देखे गए डस्ट डेविल, जि. आर. एल., **26 (18)**, **2781-2784**, **1999**.
4. कैंटर, बी. ए. एवं सहयोगी, मंगल ग्रह ऑर्बिटर कैमरे से मंगल ग्रह के डस्ट डेविल्स का अवलोकन और उनके ट्रैक (सितंबर **1997** से जनवरी **2006)** और भंवर मॉडल की सैद्धांतिक मूल्यांकन, जे. जी. आर., **111**, ई**12002-49**, **2006**.
5. स्टैन्ज़ेल, सी. एवं सहयोगी, मार्स एक्सप्रेस एचआरएससी द्वारा देखी गई डस्ट डेविल गति, गति की दिशाएँ और सामान्य विशेषताएं, इकारस, 197(1), 39-51, 2008.
6. ग्रीली, आर. एवं सहयोगी, मंगल गुसेव क्रेटर: तीन डस्ट डेविल्स के मौसम का अवलोकन, जे. जी. आर., 115, ई00एफ02, 2010.
7. चोई, डी. एस. और डंडास, सी. एम., मंगल ग्रह के डस्ट डेविल हवा का HiRISE से माप, जि. आर. एल., 38, एल24206, 2011.
8. न्यूमैन, सी. ई. एवं सहयोगी, मंगल ग्रह के धूल चक्र की मॉडलिंग. 1: धूल परिवहन प्रक्रियाओं का अभ्यावेदन, जे. जी. आर., 107(ई12), 5123, 2002.
9. न्यूमैन, सी. ई. एवं सहयोगी, मंगल ग्रह के धूल चक्र की मॉडलिंग. 2: बहुवार्षिक विकिरणात्मक रूप से सक्रिय धूल परिवहन सिमुलेशन, जे. जी. आर., 107(ई12), 5124, 2002.
10. व्हेल्ली, पी. एल. और ग्रीले, आर., डस्ट डेविल गतिविधि का मंगल पर वितरण, जे. जी. आर., 113, ई07002, 2008.
11. फैरेल, डब्ल्यू. एम. एवं सहयोगी, डस्ट डेविल का एक सरल इलेक्ट्रोडायनामिक मॉडल, जि. आर. एल., 30 (20), 2050, 2003.
12. जे. पी. पाबारी एवं सहयोगी, भविष्य के चंद्र मिशन के लिए मून इलेक्ट्रोस्टैटिक पोटेंशियल एंड डस्ट एनालाइजर (एमईएसडीए), 46वां चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन, द वुडलैंड्स, टेक्सास, 16-20 मार्च 2015, #1167.

पी.सी.बी. वैद्युत संकेत और पॉवर अखंडता

श्री अमृत शांडिल्य, श्रीमती क्रिष्णा मकाणी

श्री अमृत शांडिल्य, वैज्ञानिक / अभियंता -'एस. डी.', पी. डी. एफ.डी , अंतरिक्ष उपयोग केंद्र अहमदाबाद एवं Amrit@sac.isro.gov.in

सार

डिजिटल दुनिया घंटे दर घंटे जटिल होती जा रही है, जबकि इससे जुड़ा हार्डवेयर काफी छोटा होता जा रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान के सन्दर्भ में भी कम भार पेलोड, तंत्र तथा उपतंत्र की मांग बढ़ती जा रही है। पी.सी.वी. उद्योग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। जैसे-जैसे घटकों का आकार सिकुड़ता जाता है, मुद्रित सर्किट बोर्ड निर्माता बदलते रुझानों के अनुकूल होते जाते हैं। उच्च पिन संख्या तथा फाइन पिच वाले सूक्ष्म अंतराल घटकों की संख्या तथा उनके बीच जुड़ने वाले संबंधन की घनता ने पी.सी.बी. डिजाइन के क्षेत्र में नई चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं। वैद्युत संकेत (सिग्नल) अखंडता की मांग के कारण पी.सी.बी. की विश्वसनीयता बरकरार रखना बेहद आवश्यक है। प्रस्तुत लेख में वैद्युत संकेत और पॉवर अखंडता से जुड़ी कुछ प्राथमिक जानकारी साझा की गई है।

प्रस्तावना

डिजिटल डिजाइन पहले एस.आई. और पी.आई. समस्या से प्रभावित नहीं होता था क्यूँकि उस समय पारंपरिक पी.सी.बी. डिजाइन में उच्च पिन संख्या तथा फाइन पिच वाले (सूक्ष्म अंतराल) घटकों की संख्या कम थीं या अगर थीं भी तो बहुत कम आवृत्ति पर डिजाइन काम करती थीं। आजकल लेआउट डिजाइन जोकि एक डिजिटल प्रणाली का अंग है वो उच्च गति संकेत और आवृत्ति (frequency) पर काम करती हैं जिसके कारण पी.सी.बी. में संचारण रेखा (Transmission Line) का प्रभाव रहता है। असल में संचारण रेखा एक धात्विक संबंध होता है जो प्रेषक और ग्राही के बीच में होता है और ये सिग्नल को वहन करता है। धीमी आवृत्ति पर पी.सी.बी. की तांबे की तार या रूट(route) एक आदर्श सर्किट रहती है परंतु उच्च आवृत्ति पर अवरोध (R), धारिता (C) और प्रेरकत्व (L) साथ ही ए.सी. विशिष्टता (A.C. characteristics) का प्रभाव पी.सी.बी. पर पड़ता है। परिधि मॉडल से हम विशिष्ट प्रतिबाधा (characteristic impedance) निकालते हैं। ये ही वह तत्व है जो एस.आई. (signal integrity) पर प्रभाव डालता है। एस.आई. के तीन प्रमुख पहलू हैं - कालमापन (timing), विचलन(Noise) और विद्युत-चुंबकीय व्यवधान (electromagnetic interference)।



चित्र 1 संचारण रेखा(Transmission Line) का परिधि मॉडल

परिभाषा

यह महत्वपूर्ण है कि हम वैद्युत संकेत (सिग्नल)और पॉवर अखंडता के मूल्य पहलू को समझें, उसी के अनुकूल उच्च गति डिजिटल डिजाइन करें। हमें यह समझना पड़ेगा कि हम कैसे एस.आई. को पी.सी.बी. डिजाइन के पहले लागू करें। नीचे प्रदर्शित आरेख में यह दर्शाया गया है कि एक मुद्रित सर्किट बोर्ड में कौन से मुख्य भाग हैं।

इनमें डाई (die), पैकेज(package), कार्ड(card), पी.सी.बी. की तांबे की तार (trace) और घटक(connector) हैं।



चित्र 2 पी.सी.बी. मॉडल

वैद्युत संकेत (सिग्नल) और पॉवर अखंडता ऊपर दर्शाये चित्र में सही समय में सिग्नल को डाई जो कि सिग्नल का उदगम है उसे ग्राही जोकि यहाँ एक घटक (connector) है वहाँ पहुँचने में मदद करता है। इसके कारण ही सिग्नल बिना विकृत हुये अपने गंतव्य पेर पहुँच जाता है।



चित्र 3. आदर्श सिग्नल

चित्र 4 . विकृत सिग्नल

शीर्षक

पी.सी.बी. एक मुद्रित सर्किट बोर्ड है जिसमें तांबे की सतह, वायरिंग, लैमिनेट, घटक, सोल्डरमास्क और विया होते हैं। पी.सी.बी. पर सिग्नल इंटरकनेक्ट के द्वारा एक निर्धारित समय रेखा में संचारण होता है। इस संचारण में थोड़ा विलंब होता है, जो पी.सी.बी. की सामग्री पर आश्रित होता है। पी.सी.बी. की सामग्री में मूलतः लैमिनेट नामक सामग्री है जो संचारण के समय पर प्रभाव डालता है। अमूमन इसे एफ.आर.4 (FR4) कहते हैं। यह एक डाइ-इलेक्ट्रिक सामग्री है। अब हम एस.आई. के प्रमुख पहलू पर प्रकाश डालते हैं।



चित्र 5. पी.सी.बी लेयर स्टैक-अप तथा सामग्री

सिग्नल प्रतिबिम्बिता (signal reflection)

यह एक तथ्य है कि सिग्नल का जो मार्ग है वो संचारण रेखा के माध्यम से गुजरता है और सिग्नल में विकृति आवृत्ति पर निर्भर करती है जो इंटरकनेक्ट का भाग है। प्रतिबिम्बिता को इस प्रकार प्रदर्शित करते हैं।

$$\rho = \frac{Z_2 - Z_1}{Z_2 + Z_1}$$

ρ = प्रतिबिम्बिता (reflection)
Z_2 = तात्कालिक प्रतिबाधा और Z_1 = इंटरकनेक्ट प्रतिबाधा



चित्र 6. वेवफॉर्म

सिग्नल ग्राउंड बाउंस (ground bounce)

यह संकेत (सिग्नल)अखंडता का चौथा मुख्य कारण है। यह एक प्रकार का क्रोसटॉक है जो पॉवर और ग्राउंड रेल में दिखता है। यहाँ रेल से यह तात्पर्य है कि पी.सी.बी. मुद्रित सर्किट बोर्ड में पॉवर और ग्राउंड सिग्नल के लिये समतल तांबे का ढाँचा बनाते हैं जिसे हम रेल से सम्बोधन करते हैं। इसे मुख्य रूप से एस.एस.एन.

(SSN)- simultaneous switching noise और एस.एस.ओ. (SSO)- simultaneous switching output भी कहते हैं। वोल्टेज उस समय घटक के डाई (die) ग्राउंड और पी.सी.बी. ग्राउंड दोनों अलग होते हैं। नीचे दिखाये चित्र में यही दर्शाया गया है।



चित्र 7. ग्राउंड बाउंस (एस.एस.एन. और एस.एस.ओ.)

पॉवर अखंडता और पॉवर प्रदान तंत्र (पी.डी.एन.)

पी.आई. एक माध्यम है जिसके तहत हम पी.डी.एन. (पॉवर डिलिवरी नेटवर्क) को सदिग और आदर्श बनाते हैं। पॉवर प्रदान तंत्र से हम घटक के डाई को सही समय के अंदर सही पॉवर प्रदान करते हैं जिससे उच्च गति के सिग्नल रेल खराब होने से बच पाते हैं, साथ ही एस.एस.एन. और एस.एस.ओ. को सीमित रखते हैं। पॉवर प्रदान तंत्र आवृत्ति पर आश्रित होता है। पॉवर अखंडता को तरीके में बाँटते हैं। एक है डी.सी. (D.C.) और दूसरा है ए.सी. (A.C.)। डी.सी. (D.C.) कार्य प्रणाली में घटक के डाई के पॉवर सिग्नल को समतल तांबे का ढाँचा देते हैं न कि कोई विभाजित तांबे का ढाँचा या तार जो अमूमन हम इनपुट-आउट सिग्नल के लिये प्रयोग करते हैं। इस प्रक्रिया में पॉवर प्रदान तंत्र की वोल्टेज और विद्युत रूपरेखा बनाती है।



चित्र 8 पी.डी.एन. वोल्टेज रूपरेखा *चित्र 11 विद्युत रूपरेखा*

ए.सी. (A.C.) में हम अनुकूलतम प्रकार की विया और डि-कपलिंग (decoupling) धारिता का प्रयोग करते हैं। डी- कपलिंग (decoupling) धारिता एक प्रमुख जरिया है जिससे हम पॉवर अखंडता को प्राप्त करते हैं। डि-कपलिंग धारिता का आकर हम मान, ई.एस.एल. (ESL) और ई.एस.आर. (ESR) से निकालते हैं। पॉवर प्रदान तंत्र की प्रतिबाधा को हम ज़ेड टारगेट (Z-Target) से संबोधित करते हैं।

$$Z_{TARGET} = \left| \frac{VoltageRail \bullet \left(\frac{\%Ripple}{100} \right)}{MaxTransientCurrent} \right|$$

अगर पॉवर प्रदान तंत्र की प्रतिबाधा ज़ेड टारगेट से अधिक होती है तो घटक के डाई को सही समय के अंदर सही पॉवर नहीं मिलेगा और सिग्नल अखंडता की समस्या पैदा होगी जो डिजिटल प्रणाली को प्रभावित करेगी।





चित्र 9 पी.डी.एन. डि-कपलिंग धारिता की प्रतिबाधा

निष्कर्ष

उच्च गति पी.सी.बी. मुद्रित सर्किट बोर्ड में जो चुनौतियां होती हैं उसे कम करने में कुछ आवश्यक प्रयास करने पड़ते हैं जिससे वैद्युत संकेत अखंडता (एस.आई.) और पॉवर अखंडता (पी.आई.) प्राप्त की जाती है। यह प्रयास महत्वपूर्ण डिजाइन नियम और सावधानी से युक्त पी.सी.बी. डिजाइन से आता है। वैद्युत संकेत अखंडता (एस.आई.) और पॉवर अखंडता (पी.आई.) को पी.सी.बी पर देखने और समझने के लिये ई-कैड सॉफ्टवेयर की आवश्यकता पड़ती है। इन सॉफ्टवेयर में यह योग्यता होती है कि वे सिग्नल के हर पहलू को समय के साथ दिखा सकें। । हमें आशा है कि भविष्य में भी हम इस तकनीक का और ज्यादा उपयोग करके इसरो के नये-नये मिशनों में और अच्छा कार्य कर पायेंगे।

आभार

इस लेख को लिखने व प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने हेतु मूल्यांकन समिति और तकनीकी संगोष्ठी आयोजन समिति, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र का आभार। इस लेख की समीक्षा करने हेतु श्री आदित्य शर्मा, वैज्ञा./अभि.-एस.एफ. का आभार। लेखन और ज्ञान वर्धक प्रवृतियों के लिए सदा प्रेरित करते श्री विनय कुमार एस , प्रधान, पी. डी. एफ.डी एवं श्री अरुण बिंदल, ग्रुप निदेशक, ई.एफ.एम.जी., एस्सा को हार्दिक धन्यवाद। राजभाषा कार्यान्वयन के सतत प्रोत्साहन के लिए निदेशक, सैक को खूब-खूब धन्यवाद। हमेशा हिंदी में काम करने में मदद करने के लिए हिंदी कक्ष का बहुत बहुत आभार।

सन्दर्भ

[1] Signal nad Power Integrity Simplified-2nd edition- Dr. Eric Bogatin

[2] High Speed Digital Design-Handbook of Black magic- Dr. H. Johnson & Graham Martin

[3] HighSpeedBoarddesign:www.altera.com/literature/an075.

[4] C.F.Coombs, Ed., Printed Circuits Handbook, 6th ed. McGraw-Hill,2007

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

इनसैट-3डीएस से सक्रिय अग्नि उत्पाद का वैधीकरण

निमिषा सिंह[1,*], रोहित प्रधान[1], बिपाशा पॉल शुक्ला[1] और मेहुल आर पंड्या[1]

*लेखक: वैज्ञानिक/अभियंता-एसई, पर्यावरण विज्ञान प्रभाग, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद

(nimisha@sac.isro.gov.in)

सार

यह मॉसडैक पर कार्यरत इनसैट-3डीएस सक्रिय अग्नि उत्पाद के वैधीकरण पर आधारित एक शोध पत्र है। हमने मार्च से मई 2025 की अवधि के लिए इनसैट-3डीएस सक्रिय अग्नि उत्पाद का मॉडिस डेटा के साथ वैधीकरण किया है। मार्च, अप्रैल और मई 2025 के लिए मॉडिस डेटा के विरुद्ध वैधीकरण के दौरान प्रदर्शन में भिन्नता देखी गई: मार्च में इसने 116,485 आग का पता लगाया, जिसमें आग का पता लगाने की संभावना (पी.ओ.डी) 68.9% थी; अप्रैल में 85,118 आग का पता चला, जिसमें पी.ओ.डी 64.59% था; और मई में 41,248 आग दर्ज की गई, हालांकि इसमें पी.ओ.डी कम होकर 40.03% रहा।

प्रस्तावना

भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह-3डीएस (इनसैट-3डीएस) का सक्रिय अग्नि उत्पाद मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान उपग्रह डेटा संग्रह केंद्र (मॉसडैक) पोर्टल पर 5 फरवरी, 2025 से परिचालित है। यह उत्पाद इनसैट-3डीएस के मिड-इन्फ्रारेड (एमआईआर) और थर्मल इन्फ्रारेड-1 (टीआईआर1) बैंड का उपयोग करता है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप और आसपास के क्षेत्रों में हर 30 मिनट के अंतराल पर सक्रिय आग (जंगलों या अन्य स्थानों पर लगी आग) का पता लगाना है। यह सक्रिय अग्नि उत्पाद उपयोगकर्ताओं के लिए केएमएल प्रारूप में उपलब्ध कराया गया है। सक्रिय अग्नि उत्पाद के लिए हमने इनसैट-3डीएस इमेजर के एमआईआर और टीआईआर1 चैनलों से ब्राइटनेस तापमान डेटा का प्रयोग किया है। यह डेटा इसरो मॉसडैक (mosdac.gov.in) से लेवल-1B स्टैंडर्ड (L1B STD) उत्पादों के रूप में प्राप्त किया गया है। यह सक्रिय अग्नि एल्गोरिदम 0° से 40° उत्तरी अक्षांश और 60° से 105° पूर्वी देशांतर के भौगोलिक क्षेत्र पर लागू किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सिंह एवं अन्य (2025) का सन्दर्भ लें।

सक्रिय अग्नि उत्पाद का वैधीकरण

इनसैट-3डीएस द्वारा आग की पहचान का वैधीकरण करने के लिए, हमने नासा के फायर इंफॉर्मेशन फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एफ.आई.आर.ऍम.एस) से मॉडिस कलेक्शन 6.1 सक्रिय अग्नि उत्पाद का उपयोग किया है, जो firms.modaps.eosdis.nasa.gov/download/ पर उपलब्ध है। यह मॉडिस डाटासेट शेपफाइल प्रारूप में प्रदान किया जाता है जो आग का स्थान, अधिग्रहण की तारीख और समय, अग्नि विकिरण शक्ति आदि जैसी महत्वपूर्ण जानकारी देता है। हमने मार्च, अप्रैल और मई 2025 के दौरान इनसैट-3डीएस अवलोकनों का वैधीकरण करने के लिए मॉडिस कलेक्शन 6.1 सक्रिय अग्नि उत्पाद का प्रयोग एक संदर्भ डेटासेट के रूप में किया है। इसके लिए हमने मॉडिस भ्रमण-पथ के दिन और रात दोनों से आग के स्थानों को विश्लेषण में शामिल किया है। मॉडिस और इनसैट-3डीएस आग की पहचान को सह-स्थानित करने के लिए दो मानदंडों का उपयोग किया गया है :

(1) इनसैट-3डीएस द्वारा डेटा प्राप्ति का समय मॉडिस के भ्रमण-पथ के ±1 घंटे के भीतर होना चाहिए तथा

(2) मॉडिस का अग्नि पिक्सेल, इनसैट-3डीएस के जियोलोकेशन ग्रिड के अनुसार, इनसैट-3डीएस के अग्नि पिक्सेल के केंद्र वाले 3x3 पिक्सेल के दायरे में आना चाहिए।

इन मापदंडों का उपयोग करते हुए, हमने मार्च, अप्रैल और मई के मॉडिस अग्नि पिक्सेल का मानचित्रण किया जो स्थानिक और अस्थायी रूप से इनसैट-3डीएस द्वारा पता लगाए गए स्थानों से मेल खाते थे। मॉडिस अग्नि पिक्सेल में एक विश्वास मेट्रिक होता है, जिसमें पिछले अध्ययनों (हावबकर एवं अन्य., 2008; बोलानो- डीआज एवं अन्य., 2022) में अक्सर झूठे अलार्म को कम करने के लिए ≥80% की सीमा लागू की जाती है। वैधीकरण परिणामों पर विश्वास स्तरों के प्रभाव का आकलन करने के लिए, मॉडिस अग्नि का पता लगाने को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया:

उच्च (≥80%), मध्यम (50–80%) तथा कम विश्वास (<50%)

प्रत्येक श्रेणी के लिए, हमने उन मॉडिस अग्नि पिक्सेल प्रतिशत परिकलित किया जो परिभाषित स्थानिक और अस्थायी मापदंडों के आधार पर इनसैट-3डीएस द्वारा पता लगाए गए स्थानों के साथ सह-स्थित थे। इनसैट-3डीएस अग्नि संसूचन एल्गोरिथम के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए, हमने समीकरण 1-3 (ई.यू.एम.ई.टी.एस.ए.टी 2021) का उपयोग करते हुए तीन मानक मापदंडों की गणना की है : आग का पता लगाने की संभावना (पी.ओ.डी.), यथार्थता (पी.आर.ई.), और मिथ्या अलार्म दर (एफ.ए.आर.)। सत्य सकारात्मक (टी.पी.) को इनसैट-3डीएस अग्नि पिक्सेल की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है जो मॉडिस अग्नि संसूचन के साथ सह-स्थित थे। मिथ्य नकारात्मक (एफ.एन.) की गणना उन अद्वितीय इनसैट-3डीएस ग्रिड सेल की संख्या के रूप में की गई थी जिनमें कम से कम एक उच्च-विश्वास मॉडिस अग्नि पिक्सेल शामिल था, लेकिन जो किसी भी इनसैट-3डीएस अग्नि संसूचन से मेल नहीं खाता। मिथ्या सकारात्मक (एफ.पी.) का अनुमान लगाने के लिए, हमने प्रत्येक मॉडिस कक्षा के स्वाथ और अवलोकन समय अवधि के भीतर इनसैट-3डीएस अग्नि पिक्सेल तक विश्लेषण को सीमित कर दिया। इनसैट-3डीएस अग्नि पिक्सेल जो उसी समयावधि के दौरान मॉडिस स्वाथ के भीतर आए, लेकिन किसी भी मॉडिस द्वारा अवलोकित आग के साथ सह-स्थित नहीं थे, उन्हें मिथ्या सकारात्मक के रूप में वर्गीकृत किया गया। इन गणनाओं के आधार पर, इनसैट-3डीएस अग्नि उत्पाद को मान्य करने के लिए पी.ओ.डी., पी.आर.ई., एफ.ए.आर., चूक त्रुटि (ओ.ई.) और कमीशन त्रुटि (सी.ई.) (समीकरण 4-5) निकाला गया है। चित्र 1 में, मार्च से मई 2025 के महीनों के लिए मॉडिस से सक्रिय अग्नि को दिखाया गया है, जो इनसैट-3डीएस उत्पाद के साथ संरेखित है। इन्हीं महीनों के लिए सक्रिय अग्नि वैधीकरण के आंकड़े नीचे दिए गए सारणी 1 में दिखाए गए हैं।

पी.ओ.डी. = टी.पी. /(टी.पी. + एफ.एन.) (1)

पी.आर.ई. = टी.पी. /(टी.पी. + एफ.पी.) (2)

एफ.ए.आर. = एफ.पी. /(टी.पी. + एफ.पी.) (3)

ओ.ई. =1- पी.ओ.डी (4)

सी.ई. =1- पी.आर.ई. = एफ.ए.आर (5)



चित्र 1: मार्च से मई 2025 तक मॉडिस से सक्रिय अग्नि पहचान जो इनसैट-3डीएस उत्पाद के साथ मिलती हैं।

सारणी 1: मार्च से मई 2025 तक सक्रिय अग्नि सत्यापन के आँकड़े।

माह	इनसैट-3डीएस अग्नि गणना	ऍमओडीआईएस अग्नि गणना	टीपी	एफएन	एफपी	पी.ओ.डी. (%)	पीआरई (%)	एफएआर (%)	ओई (%)	सीई (%)
मार्च-25	116485	82808	20238	9135	3617	68.9	84.84	15.16	31.1	15.16
अप्रैल-25	85118	43148	10424	5715	2801	64.59	78.82	21.18	35.41	21.18
मई-25	41248	11321	1016	1522	1528	40.03	39.94	60.06	59.97	60.06
कुल	242851	137277	31678	16372	7946	**65.93**	**79.95**	**20.05**	**34.07**	**20.05**

निष्कर्ष

यह कार्य मॉसडैक पर परिचालित इनसैट-3डीएस सक्रिय अग्नि उत्पाद के वैधीकरण को दर्शाता है। हमने मार्च से मई 2025 की अवधि के लिए मॉडिस डेटा के साथ इनसैट-3डीएस सक्रिय अग्नि का वैधीकरण किया है। मार्च, अप्रैल और मई 2025 के लिए मॉडिस डेटा के विरुद्ध वैधीकरण ने अलग-अलग प्रदर्शन दिखाया है। मार्च में इनसैट-3डीएस ने 116,485, अप्रैल में 85,118 तथा मई में 41,248 आग का पता लगाया है ।

आभार

लेखक डॉ. एन.एम. देसाई (निदेशक-सैक) और डॉ. रश्मि शर्मा (डीडी-ईपीएसए, सैक) को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हैं। इनसैट-3डीएस डेटा के लिए इसरो के मॉसडैक पोर्टल के आभारी हैं। नासा/लांस/फर्म्स से प्राप्त सक्रिय अग्नि डेटा के लिए भी आभार। सक्रिय अग्नि उत्पाद को मॉसडैक पर लागू करने के लिए हम श्री घनश्याम सांगर (वैज्ञानिक, सैक) के विशेष रूप से आभारी हैं।

सन्दर्भ

बोलानेओ-डियाज़ एस, कैमार्गो-कैसेडो वाई, सोरो टीडी, एन'ड्री एबी, बोलानेओ-ओर्टिज़ टीआर (2022). स्पशियो-टेम्पोरल कैरेक्टरराइजेशन ऑफ फायर यूजिंग ऍमओडीआईएस डेटा (2000-2020) इन कोलंबिया। फायर 5(5):134। https://doi.org/10.3390/fire5050134

ईयूएमईटीएसएटी (2021). SEVIRI FIR अपडेट वैलिडेशन रिपोर्ट। EUM/USC/DOC/21/1128257 v1A:21 जनवरी 2021 डार्मस्टेड, जर्मनी।

हॉबेकर टीजे, रैडेलॉफ वीसी, सिफर्ड एडी, झू जेड, स्टीवर्ट एसआई (2008) डिटेक्शन रेट्स ऑफ द ऍमओडीआईएस एक्टिव फायर प्रोडक्ट इन द यूनाइटेड स्टेट्स। रिमोट सेंसिंग ऑफ एनवायरनमेंट 112(5):2656-2664। https://doi.org/10.1016/j.rse.2007.12.008

सिंह, एन., प्रधान, आर., शुक्ला, बी.पी., पंड्या, एम. आर. और शर्मा, आर. (2025) एक्टिव फायर डिटेक्शन यूज़िंग इंडियन जिओ-स्टेशनरी सैटेलाइट । सेंसिंग इन अर्थ सिस्टम साइंसेज । https://doi.org/10.1007/s41976-025-00233-4

संवाद-AI: एक सुरक्षित ऑफ़लाइन संवादात्मक AI

(श्री वैभव वरीश सिंह राठौर[1], श्री आलोक श्रीवास्तव[1])

श्री वैभव वरीश सिंह राठौर, वैज्ञानिक/ अभियंता-SD

सार

संवाद-AI एक इंट्रानेट आधारित संवादात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली है, जो पारंपरिक चैटबॉट्स से अलग है। यह इंटरनेट कनेक्टिविटी पर निर्भर नहीं करता, बल्कि पूरी तरह से ऑफ़लाइन कार्य करता है, जिससे उपयोगकर्ता की प्रत्येक बातचीत गोपनीय और सुरक्षित बनी रहती है। यह संपूर्ण प्रणाली ओपन-सोर्स टूल्स की सहायता से विकसित की गई है, जो इसे परिवर्तनशील, पारदर्शी और अनुकूलन योग्य बनाती है। इस प्रणाली को संस्थान की विशिष्ट संरचना, सुरक्षा आवश्यकताओं और कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किया गया है।

1. संवाद-AI क्या है

संवाद-AI एक अत्याधुनिक इंट्रानेट आधारित संवादात्मक प्रणाली है, जो लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) पर आधारित है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की उन्नत तकनीक का उपयोग करता है, जो मानवीय भाषा को समझने, विश्लेषण करने और सटीक तथा प्रवाहपूर्ण उत्तर प्रदान करने में सक्षम है। इसे पुस्तकों, लेखों, वेबसाइटों और प्रोग्रामिंग कोड जैसी विशाल मात्रा में पाठ सामग्री पर प्रशिक्षित किया गया है, जिससे यह भाषा की संरचना, संदर्भ और बारीकियों की गहन समझ विकसित करता है। यह मॉडल वाक्य में संभावित अगले शब्द का अनुमान लगाकर उत्तर तैयार करता है, जिससे संवाद अधिक स्वाभाविक और सुसंगत बनता है – ठीक वैसे जैसे कोई जानकार साथी बात करता है।

"लार्ज" शब्द इस मॉडल की संरचनात्मक जटिलता को दर्शाता है, जिसमें अरबों पैरामीटर्स होते हैं जो इसे अर्थ निकालने, पैटर्न पहचानने और मानव-सरीखे संवाद करने की क्षमता प्रदान करते हैं। संवाद-AI उपयोगकर्ता को एक बुद्धिमान, संवेदनशील और तकनीकी रूप से दक्ष संवाद अनुभव प्रदान करता है, जो संस्थान की संरचना, गोपनीयता और कार्यप्रवाह के अनुसार अनुकूलित किया गया है।

संवाद-AI एक ऐसी संवादात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली है जो पूरी तरह से ऑफ़लाइन कार्य करती है, और इस कारण यह उपयोगकर्ता की गोपनीयता को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखते हुए उन्नत भाषा AI की क्षमताएँ प्रदान करती है। इसकी बहुमुखी प्रतिभा इसे कई क्षेत्रों में मूल्यवान बनाती है – जैसे शिक्षा में संवाद आधारित अधिगम को बढ़ावा देना, अनुसंधान में विषयवस्तु विश्लेषण को सरल बनाना, रचनात्मक लेखन में नवीन विचारों को जन्म देना, ग्राहक सहायता में तेज़ और सुसंगत प्रतिक्रिया देना, तथा अन्य संस्थानिक और व्यावसायिक उपयोगों में संवाद को स्वचालित और प्रभावी बनाना।

2. संवाद-AI की संरचना



Figure 1 संवाद-AI की संरचना

संवाद-AI को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह उच्च प्रदर्शन वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताएँ प्रदान करते हुए उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता और सुविधा को प्राथमिकता देता है। इसकी वास्तुकला मॉड्यूलर और कंटेनर आधारित है, जिससे इसे संस्थानिक ढांचे में सहजता से स्थापित किया जा सकता है, सरलता से प्रबंधित किया जा सकता है, और आवश्यकतानुसार स्केलेबल बनाया जा सकता है। यह लचीली संरचना न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ाती है, बल्कि संस्थान को तेज़ी से बदलती ज़रूरतों के अनुसार समाधान को अनुकूलित करने की क्षमता भी देती है।

मुख्य अवसंरचना:

I. **डॉकर के साथ कंटेनरीकरण:** संवाद-AI की संरचना को इस प्रकार विकसित किया गया है कि इसके प्रत्येक मुख्य घटक स्वतंत्र रूप से अलग-अलग Docker कंटेनर में कार्य करते हैं। यह कंटेनरीकरण न केवल संसाधनों पर प्रभावी नियंत्रण की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि सिस्टम के प्रत्येक हिस्से के बीच स्पष्ट अलगाव सुनिश्चित करता है। इस मॉडल के तहत अपडेट और रखरखाव की प्रक्रियाएँ भी कहीं अधिक सरल, सुव्यवस्थित और लचीली हो जाती हैं, जिससे संस्थान को तकनीकी प्रबंधन में अधिक दक्षता प्राप्त होती है।

II. **विज़ुअलाइज़ेशन नोड हार्डवेयर:** ये कंटेनर एक समर्पित नोड पर चलते हैं जिसमें डुअल NVIDIA A40 GPU लगे हैं, जो बड़े AI मॉडल को कुशलता से प्रोसेस करने में सक्षम हैं।

III. **OpenWebUI[I]:** यह एक यूजर-फ्रेंडली, स्वयं-होस्टेड AI प्लेटफ़ॉर्म है जिसे ऑफलाइन मोड में चलाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें यूजर को सहज चैट इंटरफ़ेस मिलता है। इसे PRL की आवश्यकताओं के अनुसार कस्टमाइज़ किया गया

IV. **बैकएंड AI मॉडल**: बैकएंड में Ollama[II] फ्रेमवर्क का उपयोग किया गया है, जो स्थानीय हार्डवेयर पर बड़े भाषा मॉडल को कुशलता से चलाता है। इसमें विशेष रूप से Meta का LLaMA 3.1 70B मॉडल है, जो सभी भाषा-प्रसंस्करण कार्य करता है – जैसे प्रश्न समझना और उत्तर देना।

संवाद-AI की वास्तुकला सुरक्षा, पहुंच और अनुरक्षण के लिहाज़ से विशेष फायदे देती है। इसकी सबसे प्रमुख विशेषता है इसका ऑफ़लाइन मोड – क्योंकि पूरा सिस्टम (AI मॉडल और यूज़र इंटरफ़ेस सहित) स्थानीय रूप से चलता है, इसलिए इसे इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती। यह इसे अनुसंधान प्रयोगशालाओं जैसे सुरक्षित वातावरणों के लिए उपयुक्त बनाता है। कंटेनरीकरण के कारण डिप्लॉयमेंट और अपग्रेड प्रक्रिया भी सरल होती है|

3. संवाद-AI के साथ संवाद

संवाद-AI के साथ संवाद की प्रक्रिया एक प्रॉम्प्ट से आरंभ होती है, जो उपयोगकर्ता द्वारा दिया गया कोई निर्देश, प्रश्न या अनुरोध होता है। इस प्रॉम्प्ट की स्पष्टता और विशिष्टता ही AI द्वारा प्रदान किए जाने वाले उत्तर की गुणवत्ता, गहराई और प्रासंगिकता को निर्धारित करती है। जहाँ सरल और संक्षिप्त प्रॉम्प्ट सीधे एवं छोटे उत्तर देते हैं, वहीं विस्तृत और बहु-स्तरीय प्रॉम्प्ट संवाद-AI से विश्लेषणात्मक रिपोर्ट, सारांश अथवा रचनात्मक सुझाव उत्पन्न कर सकते हैं। उपयोगकर्ता अपनी आवश्यकताओं के अनुसार प्रॉम्प्ट को दोहराकर या परिष्कृत करके AI की प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे संवाद-AI से अत्यंत सटीक, उद्देश्यपरक और अनुकूलित उत्तर प्राप्त किया जा सकता है।

4. संवाद-AI का एक्सेस

संवाद-AI वेब सेवा इस पते पर उपलब्ध है: https://samvad.lan.prl.res.in. इसे Nginx[III] वेब सर्वर

टूल की रिवर्स प्रॉक्सी मोड में विशिष्ट संरचना, सुरक्षा आवश्यकताओं और भौतिक अनुसन्धान प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किया गया है



Figure 2 - संवाद-AI एक्सेस स्क्रीन

,

Figure 3 संवाद-AI का उदाहरण: प्रॉम्प्ट प्रश्न और उसका उत्तर

5. निष्कर्ष

संवाद-AI समावेशी और विश्वसनीय AI की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक अत्याधुनिक LLM को पूरी तरह ऑफलाइन संरचना में समेकित करके, CNIT ने एक सुरक्षित प्लेटफ़ॉर्म बनाया है जहाँ उपयोगकर्ता उन्नत भाषा उपकरणों का उपयोग करते हुए अपनी डेटा गोपनीयता बनाए रख सकते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म गोपनीय अनुसंधान, संवेदनशील संवाद और सामुदायिक ज्ञान साझाकरण की नई संभावनाएं खोलता है।

6. आभार

हम प्रोफेसर अनिल भारद्वाज, निदेशक, PRL, के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके प्रोत्साहन और दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने और उन्नत तकनीकों तथा टूल्स को अपनाने की प्रेरणा दी। हम PRL के रजिस्ट्रार और डीन के भी आभारी हैं, जिनके निरंतर सहयोग ने इस प्रयास को निरंतर बल प्रदान किया। इसके साथ ही, हम प्रोफेसर बिजय साहू, प्रोफेसर वरुण शील, प्रोफेसर नमित महाजन और डॉ. एम. शनमुगम के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। CNIT टीम के सभी सदस्यों के अथक समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हम विशेष रूप से आभारी हैं। अंततः, हम अपने सभी PRL सहयोगियों को उनके निरंतर समर्थन, विश्वास और सहभागिता के लिए धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पहल को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

7. संदर्भ

a. https://github.com/open-webui/open-webui
b. https://ollama.com/library/llama3.1
c. https://nginx.org/

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

गहरे संवहनीय बादलों का उपयोग करके इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल का अंशांकन

दानिश हुसैन और मन विनायक शुक्ला, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद।

प्रस्तुत करने वाले लेखक: दानिश हुसैन*, वैज्ञानिक/अभियंता-'एस.ई.', एम.ओ.वी.डी./ई.पी.एस.ए., अंतरिक्ष उपयोग केंद्र।

सार

इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल का अंशांकन मई 2025 के लिए गहरे संवहन बादलों का उपयोग करके किया गया है। गहरे संवहन बादलों का पता जल वाष्प और टीआईआर-1 चैनलों के चमक तापमान अंतर, गहरे संवहन बादलों की स्थानिक समरूपता और सौर ज्यामितीय रोशनी स्थितियों का उपयोग करके किया गया है। मई 2025 के लिए अंशांकन गुणांक 1.22 पाया गया है।

प्रस्तावना

यह आलेख मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल के गहरे संवहनीय बादलों के अंशांकन की रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

गहरे संवहनीय बादल इष्टतम सौर परावर्तक होते हैं तथा गैर-तिरछी रोशनी और दृश्य स्थितियों के तहत एक समदैशिक लक्ष्य के रूप में व्यवहार करते हैं। वे उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बहुत आम हैं और सबसे चमकीले लक्ष्य हैं। ये ट्रोपोपॉज़ क्षेत्र के पास स्थित होते हैं जहाँ सतह पर दिखाई देने वाले विकिरण प्रभाव, एरोसोल और जलवाष्प अवशोषण का विकिरण प्रभाव न्यूनतम होता है। इन्हें सरल अवरक्त (इन्फ्रारेड) सीमा थ्रेशोल्ड तकनीकों का उपयोग करके पहचाना जा सकता है जो इन्हें अंशांकन के उद्देश्य के लिए आदर्श अपरिवर्तनीय लक्ष्य बनाती हैं। इस प्रकार गहरे संवहनीय बादलों का उपयोग करके उपग्रह इमेजर के दृश्य चैनल को सुसंगत और सुदृढ़ तरीके से अंशांकित किया जा सकता है।

डेटा और कार्यप्रणाली

इनसैट-3डीएस इमेजर एल1बी एसटीडी डेटा मई 2025 के लिए एम.ओ.एस.डी.ए.सी. वेबसाइट से लिया गया है। डेटा को क्रमशः दृश्यमान (0.55-0.75 माइक्रोमीटर), जल वाष्प (6.5 - 7.1 माइक्रोमीटर) और टीआईआर-1 (10.2 - 11.3 माइक्रोमीटर) चैनलों के आवश्यक दृश्यमान चमक और चमक तापमान मान प्राप्त करने के लिए संसाधित किया गया है। ये सभी चैनल 8 किलोमीटर के जल वाष्प चैनल रिज़ॉल्यूशन पर ग्रिड किए गए हैं।

इनसैट-3डी श्रृंखला डेटा के विवरण और विकिरण और चमक तापमान में गणनाओं के रूपांतरण के लिए, इच्छुक पाठक इनसैट-3 एल्गोरिथम के सैद्धांतिक आधार दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए एम.ओ.एस.डी.ए.सी. वेबसाइट पर जा सकते हैं।

अंशांकन के लिए पहला चरण इनसैट-3डीएस इमेजरी में गहरे संवहनीय बादलों की पहचान करना है। दूसरे चरण में दृश्य विकिरण के लिए पहचाने गए गहरे संवहनीय बादल पिक्सेल का प्रसंस्करण और दृश्य चैनल डेटा के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए आगे सांख्यिकीय विश्लेषण शामिल है। गहरे संवहनीय बादलों की पहचान करने की प्रक्रिया तापीय अवरक्त विकिरण-1 (टीआईआर-1) की सीमा और जलवाष्प एवं टीआईआर-1 चैनलों के बीच चमक तापमान अंतर (बीटीडी) पर आधारित है।

इन मानदंडों का उपयोग करके गहरे संवहनीय बादल घोषित किए गए पिक्सेल को पूर्व शोधों साहित्य में गर्म जल वाष्प पिक्सेल कहा जाता है। इनसैट पर लागू तकनीक के बारे में पूरी जानकारी और चर्चा एक शोध पत्र में उपलब्ध है जो समीक्षाधीन है।

जिन चैनलों का उपयोग किया जाता है वे इस प्रकार हैं: (1) चैनल -1 (दृश्यमान) - इस चैनल का उपयोग प्रस्तावित रुचि के डोमेन पर दृश्यमान चमक प्राप्त करने के लिए किया गया है और (2) चैनल-4 और चैनल-5 (जल वाष्प और टीआईआर-1) चमक तापमान - इन चैनलों का उपयोग गहरे संवहनीय बादलों का पता लगाने के लिए किया गया है।

भारतीय क्षेत्र के भीतर अंतर-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र को रुचिकर प्रस्तावित/विचाराधीन क्षेत्र माना गया। केवल उन्हीं पिक्सेल्स को लिया गया है जिनका टीआईआर-1 चमक तापमान <= 220 केल्विन के बराबर या उस से कम है और साथ ही जलवाष्प और टीआईआर-1 चैनलों के बीच चमक तापमान अंतर शून्य या उस से अधिक >=0.0 है। द्विदिशिक परावर्तन कारक और विषमदैशिक कारकों को ध्यान में रखते हुए, केवल उन्हीं पिक्सेल्स को लिया गया है जिनका दृश्य शीर्ष कोण और उपग्रह शीर्ष कोण 0 डिग्री से 30 डिग्री की सीमा में है।

गहरे संवहनीय बादलों के पिक्सेल का पता लगाने के बाद, केवल उन्ही पिक्सेल के दृश्यमान विकिरण विकिरणों के मान एक फ़ाइल में लिखे गए। का उपयोग कर, मई 2025 के लिए प्रायिकता घनत्व फलन तैयार किया गया और सभी पहचाने गए गहरे संवहनीय बादलों के पिक्सेल के लिए प्लॉट किया गया। विकिरण स्थानांतरण मॉडल एस.बी.डी.ए.आर.टी. को गहरे संवहनीय बादलों वाले उष्णकटिबंधीय वायुमंडल के लिए कॉन्फ़िगर किया गया और तुलना के लिए संदर्भ प्रायिकता घनत्व फलन प्राप्त करने के लिए चलाया गया। दोनों प्रायिकता घनत्व फलनों के बहुलक की गणना की गई और अंशांकन गुणांक प्राप्त करने के लिए एस.बी.डी.ए.आर.टी. के बहुलक और उपग्रह दृश्यमान विकिरण के बहुलक के अनुपात की गणना की गई।

परिणाम और चर्चा

चित्र-1 में गहरे संवहनीय बादलों के लिए इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल रेडिएशन में परिवर्तन को दर्शाया गया है। यह 15 से 40 मिलीवाट प्रति वर्ग सेंटीमीटर प्रति स्टेरेडियन प्रति माइक्रोमीटर के मानों की एक श्रृंखला दर्शाता है। दृश्य रेडिएशन के माध्य, बहुलक, माध्यिका और मानक विचलन के मान क्रमशः 32.56, 35.45, 33.49 और 4.76 मिलीवाट प्रति वर्ग सेंटीमीटर प्रति स्टेरेडियन प्रति माइक्रोमीटर हैं। जबकि आँकड़ों का कर्टोसिस 0.71 है। कर्टोसिस का निम्न मान प्रायिकता वितरण फलनों के कम अंत को दर्शाता है।

चित्र-2 मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस गहरे संवहनीय बादलों की दृश्य चमक के संभाव्यता घनत्व वितरण फ़ंक्शन को दर्शाता है। संभाव्यता घनत्व वितरण फ़ंक्शन सभी पहचाने गए गहरे संवहनीय बादलों के दृश्य चमक मूल्यों के लिए उत्पन्न किए गए हैं।

मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस दृश्य विकिरण के लिए संभाव्यता घनत्व वितरण फलन के बहुलक का मान 35.45 मिली वाट प्रति वर्ग सेमी प्रति स्टारेडियन प्रति माइक्रोमीटर है। जबकि एस.बी.डी.ए.आर.टी. सिमुलेशन के लिए संभाव्यता घनत्व वितरण फलन के बहुलक का मान 43.85 मिली वाट प्रति वर्ग सेमी प्रति स्टारेडियन प्रति माइक्रोमीटर है। इसलिए मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस इमेजर दृश्य चैनल के लिए अंशांकन गुणांक 1.22 है।



चित्र-1: गहरे संवहनीय बादलों के लिए दृश्यमान चमक में परिवर्तन



चित्र-2: गहरे संवहनीय बादलों की दृश्य चमक के लिए संभाव्यता घनत्व फलन

निष्कर्ष

मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस इमेजर के दृश्य चैनल का अंशांकन गहन संवहनीय बादलों का उपयोग करके किया गया है। अंशांकन गुणांक की गणना विकिरण स्थानांतरण मॉडल के दृश्यमान विकिरण के मोड बहुलक मान का उपयोग करके की गई है। गहन संवहनीय बादलों का पता लगाना जल वाष्प और टीआईआर -1 चैनलों के थ्रेशोल्ड मानों पर आधारित है। मई 2025 के लिए इनसैट-3डीएस इमेजर के दृश्य चैनल का अंशांकन गुणांक 1.22 है।

आभार

लेखक निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, उप निदेशक, ईपीएसए, समूह निदेशक, एटीवीजी को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।

सन्दर्भ

[1] डेविड डोलिंग एट अल, "एक अपरिवर्तनीय अंशांकन लक्ष्य और एक दृश्य अंशांकन तकनीक के रूप में गहरे संवहनीय बादलों का लक्षण वर्णन", आई.ई.ई.ई. टी.जी.आर.एस., खंड 51, संख्या 3, पृष्ठ-1147, अप्रैल 2013।

[2] दानिश हुसैन, सी.एम. किश्तवाल और पी.के. पाल, "कल्पना-1 वी.एच.आर.आर. से गहन संवहनीय बादलों का पता लगाना: इनसैट-3डी इमेजर और साउंडर से आंधी-तूफान के पूर्वानुमान की दिशा में एक कदम", एसएसी/ईपीएसए/एओएसजी/एएसडी/एसआर/16/2012।

(संदर्भों का हिंदी अनुवाद यहां दिखाया गया है।)

*danish@sac.isro.gov.in

चंद्रयान-2 छवियों से कनवोल्यूशन न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करके चंद्र क्रेटर पता लगाने की एक नवीन तकनीक

हेमंत कुमार लालवानी, अब्दुल्ला सुहेल, सुरेश के.
वैज्ञानिक/अभियंता-एसई, हाई रिज़ोल्यूशन डेटा प्रोसेसिंग डिवीजन, सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग एरिया
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो), अहमदाबाद-380015 (भारत)
hemant.lalwani@sac.isro.gov.in

सार

उच्च-रिज़ॉल्यूशन चंद्र इमेजिंग में हालिया प्रगति, विशेष रूप से एलआरओ के नैरो एंगल कैमरा और चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर हाई रेज़ोल्यूशन कैमरा (ओएचआरसी) से, ने विश्वसनीय और स्वचालित क्रेटर पहचान विधियों की आवश्यकता उत्पन्न की है। मौजूदा एल्गोरिदम अक्सर इन उच्च-रिज़ॉल्यूशन ओएचआरसी छवियों में मीटर-स्तरीय क्रेटरों का पता लगाने में विफल रहते हैं, और मैन्युअल पहचान एक श्रमसाध्य और समय लेने वाला कार्य है। यह शोध एक अनुकूलित यू-नेट कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क (सीएनएन) का उपयोग करके एक गहन शिक्षण-आधारित दृष्टिकोण विकसित करने पर केंद्रित है ताकि उच्च-रिज़ॉल्यूशन ऑप्टिकल इमेजरी से छोटे मीटर-स्तरीय क्रेटरों का स्वचालित रूप से पता लगाया जा सके, जो क्रेटर वितरण विश्लेषण और आयु निर्धारण जैसे वैज्ञानिक अध्ययनों का समर्थन कर सके, और रोवर्स और लैंडर्स के लिए मिशन योजना में सहायता कर सके। विकसित मॉडल ने ओएचआरसी एवं टेरेन मैपिंग कैमरा (टीएमसी) छवियों का उपयोग करके 5 से 100 पिक्सेल तक के क्रेटरों का उच्च सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पता लगाया, और छोटे क्रेटरों का पता लगाने में 85% सफलता दर प्राप्त की। यह प्रणाली उच्च-मात्रा वाली छवि पट्टियों के प्रसंस्करण में प्रभावी साबित हुई, जिससे शोधकर्ताओं को क्रेटर निष्कर्षण प्रक्रिया के बजाय बाद के वैज्ञानिक विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली।

1. प्रस्तावना

1.1.3 **लागत में कमी:** स्वचालित निगरानी से मैन्युअल नेटवर्क जांच और साइट पर दौरे की आवश्यकता कम हो जाती है।

2.साहित्य अध्ययन

निगरानी प्लेटफ़ॉर्म के रूप में ज़ैबिक्स का चयन विभिन्न नेटवर्क प्रबंधन प्रणालियों के व्यापक मूल्यांकन पर आधारित था। यह खंड ज़ैबिक्स की तुलना अन्य प्रमुख समाधानों से करता है और चयन मानदंडों को उचित ठहराता है [2]।

2.1 एनएमएस समाधानों का तुलनात्मक विश्लेषण

विशेषता/पहलू	ज़ैबिक्स	नागियोस	सोलरविड्स
मापनीयता	उच्च (10,000+ आइटम/ सर्वर)	मध्यम (2,000-3,000 आइटम/ सर्वर)	उच्च
इंटरफ़ेस	वेब-आधारित, आधुनिक	सीएलआई-आधारित कॉन्फ़िगरेशन	जीयूआई आधारित, सहज
लाइसेंसिंग और लागत	निःशुल्क और ओपन-सोर्स	निःशुल्क (नागियोस कोर), वाणिज्यिक (नागियोस XI) एक बार का लाइसेंस + पहले वर्ष का समर्थन (100 नोड्स) – लगभग ₹2,24,550 [3] ।	महंगे वाणिज्यिक लाइसेंस ₹५४० प्रति नोड प्रति माह से प्रारंभ होता है [4] ।

3.कार्यान्वयन

परिनियोजन संरचना एक केंद्रीय ज़ैबिक्स सर्वर के साथ वितरित निगरानी पद्धति का अनुसरण करती है।

3.1 मुख्य घटक:

बड़ी मात्रा में निगरानी डेटा संग्रहीत करने के लिए केंद्रीय ज़ैबिक्स सर्वर, वेब इंटरफ़ेस और MySQL डेटाबेस कॉन्फ़िगरेशन।

3.2 नेटवर्क विभाजन:

उत्पादन नेटवर्क: उत्पादन परिवेश में निगरानी किए गए उपकरण (सर्वर)।

DMZ नेटवर्क: वेब सेवाएँ और बाहरी-मुख वाले उपकरण।

3.3 कैप्चर किए गए पैरामीटर

निगरानी समाधान विभिन्न उपकरण श्रेणियों में व्यापक पैरामीटर कैप्चर करता है:

नेटवर्क स्विच: पोर्ट स्थिति, ट्रैफ़िक आँकड़े, CPU/मेमोरी उपयोग की निगरानी करते हैं, तापमान, पावर और पैकेट हानि को ट्रैक करते हैं।



चित्र 1 नेटवर्क टोपोलॉजी आरेख

फ़ायरवॉल और UTM: सत्र गणना, बैंडविड्थ उपयोग और पैकेट हानि को ट्रैक करता है।

CCTV कैमरे: कैमरे की स्थिति की निगरानी करता है, गति घटनाओं और बैंडविड्थ उपयोग को ट्रैक करता है।

वेब सेवाएँ: प्रतिक्रिया समय, कीवर्ड उपस्थिति, पृष्ठ लोड समय उपलब्धता और HTTP त्रुटि दर को मापता है।

IP-सक्षम उपकरण: उपकरण उपलब्धता, प्रतिक्रिया समय और पैकेट हानि की जाँच करता है।

3.4 प्रदर्शन और मापनीयता

- दो साइटों पर प्रति मिनट 1200 से अधिक आइटम की कुशलतापूर्वक निगरानी करता है और 100 से अधिक एक साथ उपयोगकर्ता सत्रों का समर्थन करता है।
- सिस्टम प्रदर्शन मेट्रिक्स कुशल बैकएंड संचालन दिखाते हैं, जिसमें डेटाबेस क्वेरीज़ 200 मिलीसेकंड से कम समय में पूरी होती हैं।
- उपयोगकर्ता अनुभव की प्रतिक्रिया अच्छी है, डैशबोर्ड लगभग 2 सेकंड में लोड हो जाता है और अलर्ट 15 सेकंड के भीतर जनरेट हो जाते हैं।
- स्थिति पहचान में 99.5% सटीकता के साथ विभिन्न साइटों पर 400 से अधिक उपकरणों का निर्बाध एकीकरण प्राप्त किया।

3.5 वास्तविक उपकरण एकीकृत

निगरानी समाधान को निम्नलिखित उपकरणों के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है:

स्विच जैसे नेटवर्क उपकरण; परिधि UTM जैसे सुरक्षा उपकरण; IP कैमरे जैसे CCTV सिस्टम; IP-सक्षम उपकरण जैसे पर्यावरण सेंसर और वेब सेवाएँ; सार्वजनिक वेबसाइट निगरानी और आंतरिक वेब अनुप्रयोग।

चित्र 2: मुख्य डैशबोर्ड

3.6 ग्राफिकल यूजर इंटरफेस

3.6.1 मुख्य डैशबोर्ड विशेषताएँ:

- रीयल-टाइम डिवाइस स्थिति अवलोकन और डिवाइस स्थिति संकेतकों के साथ नेटवर्क टोपोलॉजी मानचित्र
- हालिया अलर्ट और ईवेंट सारांश और महत्वपूर्ण डिवाइस निगरानी तक त्वरित पहुँच

3.6.2 **विशिष्ट डैशबोर्ड**: व्यापक नेटवर्क स्वास्थ्य सारांश, वेब स्वास्थ्य ईवेंट निगरानी और बैंडविड्थ एवं उपयोग मीट्रिक, स्थान-आधारित डिवाइस निगरानी।

चित्र 3: वेब मॉनिटरिंग डैशबोर्ड

4. निष्कर्ष और भविष्य की संभावनाएँ

ज़ैबिक्स का उपयोग करके एक व्यापक नेटवर्क मॉनिटरिंग समाधान के कार्यान्वयन ने आधुनिक नेटवर्क अवसंरचना मॉनीटरिंग की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

एआई एकीकरण: विसंगति पहचान हेतु मशीन लर्निंग का उपयोग ।

5. आभार

लेखक, दिए गए सुअवसर, प्रोत्साहन एवं दिशानिर्देशों के लिए, श्री निलेश एम. देसाई (निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र), श्री डी. के. पटेल, (समूह-निदेशक, सीएसआईजी, श्री अजय कुमार शर्मा (सैक, आई.एस.ओ.) का तहेदिल से आभार प्रकट करता है।

6. सन्दर्भ

[1] ज़ैबिक्स, "मियाज़ाकी प्रीफेक्चुरल गवर्नमेंट केस स्टडी," ज़ैबिक्स केस स्टडीज़, उपलब्ध: https://www.zabbix.co m/case_studies_miyazaki

[2] कुमार, एस., आदि. "नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर में रीयल-टाइम सुरक्षा निगरानी।" आईईईई सुरक्षा, खंड 22, अंक 1, पृष्ठ 78-85, 2024.

[3] https://www.नागिओस.कॉम/प्राइसिंग-प्लान्स/

[4] https://www.सोलरविंड्स.com/प्राइसिंग |

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अंतःविषय सहयोग- नवाचार एवं अन्वेषण का वैश्विक मार्ग

लोकेन्द्र[1] (AC08778)

वैज्ञानिक/अभियंता - एस. ई., एंटीना यांत्रिक अभिकल्प विभाग, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद

lokendra@sac.isro.gov.in

सार

यह लेख अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रमुख अंतःविषयक क्षेत्रों और सहयोगात्मक अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करता है। प्रस्तुत लेख विद्यमान प्रमुख चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए एक समन्वित, वैश्विक एवं बहु-विषयक अनुसंधान तंत्र के निर्माण हेतु रणनीतिक समाधान प्रस्तावित करता है। साथ ही, अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को गति देने और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए समेकित एवं एकीकृत दृष्टिकोण की अनिवार्यता पर विशेष बल प्रदान करता है।

प्रस्तावना

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान का परिदृश्य अब केवल पारंपरिक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग तक सीमित न रहकर बहु-विषयक क्षेत्रों में विस्तृत हो चुका है। वर्तमान चुनौतियाँ एकल विषयक दृष्टिकोण से समाधेय नहीं हैं बल्कि बहु-विषयक सहभागिता के अधीन है। अतः अंतरिक्ष एजेंसियों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्र को वैश्विक सहयोग बढ़ाते हुए अनुसंधान का एक नया प्रतिमान स्थापित करना चाहिए।

अंतरिक्ष अन्वेषण में बहु-विषयक सहयोग की अनिवार्यता

1. जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान

अंतरिक्ष अन्वेषण में अनेक गहन जटिलताएँ होती हैं जिनके समाधान हेतु वैमानिकी इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैवचिकित्सा और सामाजिक विज्ञानों जैसे विभिन्न क्षेत्रों का समन्वित ज्ञान आवश्यक है।

2. नवाचार का त्वरण

बहु-विषयक सहयोग विविध ज्ञान प्रणालियों को जोड़कर समस्या-समाधान की गति, रचनात्मक सोच और नई तकनीकों के विकास को तेज करता है।

3. संसाधन दक्षता एवं स्थिरता

वैश्विक सहभागिता तथा संसाधनों के साझा उपयोग से जिससे लागत में कमी आती है एवं दक्षता बढती है।

4. अन्वेषण नीति एवं अंतरिक्ष नैतिकी

अंतरिक्ष मलबा, ग्रह संरक्षण और अंतरिक्ष खनन जैसे मुद्दों के समाधान हेतु वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग आवश्यक है।

5. वैश्विक साझेदारियाँ

अंतराष्ट्रीय मिशन विभिन्न देशों को एकजुट करते हैं जिससे तकनीकी ज्ञान और सांस्कृतिक दृष्टिकोणों का संयोजन संभव हो पता है।

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रमुख बहु-विषयक क्षेत्र

1. पृथ्वी अवलोकन एवं जलवायु निगरानी प्रणालियाँ

यह प्रणाली आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन ट्रैकिंग, कृषि उत्पादकता और शहरी नियोजन में सहायक है।

▶संबंधित क्षेत्र: दूरसंचार, पर्यावरण विज्ञान, डेटा विज्ञान, लोक नीति।

2. उपग्रह संचार और नेविगेशन प्रणाली

यह प्रणाली दूरदराज क्षेत्रों में इंटरनेट, दूरसंचार, और वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली में सहायता करती हैं।

▶संबंधित क्षेत्र: आर.एफ. अभियांत्रिकी, सिग्नल प्रोसेसिंग, कक्षीय यांत्रिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता(कृ.बु.), एम्बेडेड सिस्टम।

3. अंतरिक्ष रोबोटिक्स और स्वचालन

यह अध्यन ग्रहों के अन्वेषण और अंतरिक्ष रखरखाव के लिए आवश्यक है जिसमें स्वायत्त नियंत्रण, गतिशीलता और दृष्टि-आधारित नेविगेशन शामिल हैं।



चित्र 1- अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की बहु-विषयकता

▶संबंधित क्षेत्र: मेक्ट्रॉनिक्स, कृ.बु., यांत्रिक डिज़ाइन, अंतरिक्ष गतिकी।

4. अंतरिक्ष चिकित्सा और जीवन समर्थन प्रणाली

मानव मिशनों हेतु स्वास्थ्य निगरानी, सूक्ष्म गुरुत्व प्रभाव और मानसिक सहयोग भी आवश्यक हैं।

▶संबंधित क्षेत्र: बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, शरीर क्रिया विज्ञान, मनोविज्ञान, जीवन समर्थन डिज़ाइन।

5. ऊष्मीय एवं संरचनात्मक अभियांत्रिकी

प्रक्षेपण भार के अनुकूल संरचना, तापमान नियंत्रण और संरचनात्मक अनुकूलन अनिवार्य है।

▶संबंधित क्षेत्र: सीमित तत्व विधि (एफ.ई.एम.), सामग्री विज्ञान, ऊष्मा स्थानांतरण, एयरोस्पेस डिज़ाइन।

6. अंतरिक्ष डेटा और सूचना विज्ञान

▶संबंधित क्षेत्र: डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, भू-सूचना विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग।

वैश्विक अंतःविषय परियोजनाएँ

वैश्विक अंतःविषयी सहयोग विभिन्न राष्ट्रों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों को एकजुट करता है ताकि नवाचार और तकनीकी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकें। निम्नलिखित परियोजनाएं, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकास में सफल अंतःविषयक और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

परियोजना	सहयोगी संस्थाएँ
अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन	नासा, रोस्कोस्मोस, ई.एस.ए, जाक्सा , सी.एस.ए.
निसार (NISAR)	इसरो, नासा
चंद्रयान-1	इसरो, नासा, ई.एस.ए
मंगलयान	इसरो, नासा
हबल स्पेस टेलीस्कोप	नासा, ई.एस.ए

चित्र 2- वैश्विक अंतःविषय परियोजनाएँ एवं सहयोगी संस्थाएं

बहु-विषयक अंतरिक्ष सहयोग की चुनौतियाँ

1. **एकीकृत सहयोग मंच का अभाव**

साझा वैश्विक मंच की अनुपस्थिति अंतःविषयक सहकारिता के एकीकरण में बाधाएँ उत्पन्न करती है।

2. **संचार एवं वैचारिक अंतर**

विभिन्न क्षेत्रों की भिन्न शब्दावली, सॉफ़्टवेयर टूल्स, प्रमाणीकरण प्रोटोकॉल और समस्या-समाधान की पद्धतियों के कारण प्रभावशीलता में कमी आती है।

3. **नेतृत्व एवं प्रशासन में अस्पष्टता**

अस्पष्ट नेतृत्व संरचना के कारण समन्वय और संचालन में असंगति उत्पन्न हो सकती है।

4. **संसाधनों का असमान वितरण**

विभिन्न अनुशासनों की लागत संरचनाओं और रणनीतिक प्राथमिकताओं में अंतर होने के कारण संसाधनों का आवंटन असंतुलित हो सकता है।

5. **नैतिकता और नियामक ढाँचों में असमानता**

विभिन्न क्षेत्रों की नैतिक और नियामक आवश्यकताओं में असमानता अंतर-क्षेत्रीय सहयोग में जटिलता उत्पन्न करती है।

सफल सहयोग हेतु रणनीतियाँ

1. **बहु-विषयक संघों की स्थापना**

विविध विशेषज्ञताओं को एकत्रित कर समर्पित अनुसंधान नेटवर्क का गठन होना चाहिए ताकि सहयोगात्मक नवाचार के माध्यम से जटिल चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

2. **ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म**

पारदर्शी कोड, डेटा और उपकरणों के आदान-प्रदान हेतु साझा डिजिटल इकोसिस्टम का विकास होना चाहिए।

3. **मूलभूत विज्ञान - व्यावहारिक अनुप्रयोग साझेदारी**

मूलभूत विज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग को एकीकृत करने हेतु संयुक्त उपक्रमों एवं नीतिओं का निर्माण करें और क्रॉस-फंक्शनल टीमें गठित करें।

चित्र 3- मूलभूत विज्ञान, व्यावहारिक अनुप्रयोग

4. **क्रॉस-ट्रेनिंग कार्यक्रम का विकास**

विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रणालियों की पारस्परिक समझ को बढ़ाने हेतु कार्यशालाओं और संयुक्त सेमिनारों का संचालन करें।

5. **अनुकूल नेतृत्व संरचनाओं का कार्यान्वयन**

संतुलित निर्णय-निर्माण बनाए रखने हेतु नेतृत्व भूमिकाओं का रोटेशन करें।

निष्कर्ष

अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति और जटिल वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर-विषयक सहयोग अत्यावश्यक है। विविध वैज्ञानिक क्षेत्रों का यह समागम, जटिल समस्याओं, विशेष रूप से अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समाधान प्रदान कर सकता है। वैज्ञानिक उन्नति में अग्रणी बनने की इच्छा रखने वाले राष्ट्रों और संस्थानों के लिए अंतःविषयक सहयोग को अपनाना ही भविष्य का मार्ग है।

आभार

हम हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला का धन्यवाद करते हैं तथा लेख प्रस्तुति का अवसर प्रदान करने के लिए संगोष्ठी समिति का आभार व्यक्त करते हैं। हम हिंदी विभाग के सभी सदस्यों के भी आभारी हैं जिनकी समयोचित सूचना से लेख की जानकारी प्राप्त हो सकी।

सन्दर्भ

1. NASA. (2022). Interdisciplinary collaboration in Space Exploration: Best Practices. NASA Technical Reports Server.
2. European Space Agency. (2021). Cross-Disciplinary Approaches to Space Technology Innovation. ESA Science Publications.
3. Smith, J. & Lee, A. (2023). "Breaking Silos: How Interdisciplinary Teams Are Revolutionizing Space Tech" Nature Astronomy, 45-59.

सी-बैंड आवृत्ति जनित्र के लिए गुणक और एकीकृत फिल्टर का अभिकल्प एवं विकास

निधि सिंह[1], हर्षिता तोलानी[2], मुकेश कुमार पटेल[3], सी.एच.वी.एन.राव[4]

(वैज्ञानिक/अभियंता- एस.जी, सूक्ष्मतरंग संवेदक अभिग्राही प्रभाग, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, nidhi@sac.isro.gov.in)

सार

इस आलेख में सी-बैंड अंतरिक्ष नीतभार के आवृत्ति जनित्र के लिए 50x10 गुणक और एकीकृत फिल्टर के अभिकल्प और विकास का विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसका उपयोग डिजिटल उपतंत्र के लिए घड़ी संकेत तथा आवृत्ति जनित्र को आंतरिक निवेश संकेत प्रदान करने में किया गया है। विकसित परिपथ में 500±50 मेगाहर्ट्ज की अवांछित आवृत्तियों पर 24 डीबीसी की अस्वीकृति प्राप्त की गयी है। इसका आकार 65 मिलीमीटर X 35 मिलीमीटर है। इसने अंतरिक्ष उपयोग के लिए सभी योग्यता परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किये हैं।

प्रस्तावना

अंतरिक्ष नीतभार के आवृत्ति जनित्र के लिए संसक्त संकेत का उत्पादन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तकनीकों द्वारा किया जा सकता है। गुणक 'प्रत्यक्ष अनुरूप संसक्त संकेत संश्लेषण श्रेणी' के अंतर्गत आता है। आवृत्ति बढ़ने के साथ अच्छी शक्ति, स्थिरता और रव विशेषताओं के साथ मौलिक आवृत्ति दोलित्र का निर्माण करना मुश्किल होता है। 'आवृत्ति गुणक और एकीकृत बैंडपारक फिल्टर' द्वारा कम आवृत्ति दोलित्र के हार्मोनिक उत्पन्न करके वांछित संकेत प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रस्तुत आलेख में सी-बैंड अंतरिक्ष नीतभार के आवृत्ति जनित्र के लिए 50x10 गुणक और एकीकृत फिल्टर के अभिकल्प और विकास का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसका उपयोग डिजिटल उपतंत्र के लिए घड़ी संकेत तथा आवृत्ति जनित्र को आंतरिक निवेश संकेत प्रदान करने में किया गया है।

तंत्र विन्यास

अंतरिक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत सूक्ष्म तरंग नीतभार की उपप्रणालियों यथा अंकीय उपप्रणाली के लिए घड़ी संकेत, अभिग्राही उपप्रणाली के लिए लोकल दोलित्र संकेत और प्रेषित संकेत के लिए स्थिर और संसक्त संकेत की आवश्यकता होती है। आवृत्ति जनित्र में गुणक का उपयोग करके मौलिक आवृत्ति स्रोत को वांछित निर्गम आवृत्ति संकेत प्राप्त करने के लिए गुणा किया जाता है तथा एकीकृत फिल्टर का उपयोग करके अवांछित हार्मोनिक्स को अस्वीकार किया जाता है।

अभिकल्प उपगमन

आवृत्ति गुणक का अभिकल्प डायोड और ट्रांजिस्टर घटक द्वारा किया जा सकता है। डायोड गुणक ज्यवाक्रीय तरंग को विकृत करने के लिए डायोड की अरैखिक धारा और वोल्टता की विशेषताओं का उपयोग करता है लेकिन इसे उच्च शक्ति निवेश की आवश्यकता होती है। ट्रांजिस्टर गुणक में बीजेटी या फेट युक्तियों का उपयोग होता है जिसे निवेश पर कम शक्ति की आवश्यकता होती है। "युग्मित रेखा स्प्लिट रिंग अनुनादक प्रौद्योगिकी" के साथ अभिकल्पित एकीकृत बैंडपारक फिल्टर का उपयोग करके अवांछित हार्मोनिक्स को अस्वीकार किया गया है।

अभिकल्प क्रियाविधि

इस आलेख में प्रस्तुत गुणक के निर्गम में अधिक हार्मोनिक्स हैं जिन्हें फिल्टर द्वारा निर्गम पर ही अस्वीकार करना आवश्यकता था जिससे बाद के प्रवर्धन चरणों में यह प्रवेश नहीं कर सके। चित्र 1 में गुणक और एकीकृत फिल्टर का ब्लॉक आरेख दर्शाया गया है।



चित्र 1. गुणक और एकीकृत फिल्टर का ब्लॉक आरेख

उपरोक्त गुणक में बीजेटी युक्ति का उपयोग किया गया है। इसे उपयुक्त वोल्टता 'शक्ति प्रदाय वितरण परिपथ' द्वारा दी गई है जिसका चुनाव अंतरिक्ष अनुमतांक निम्नन दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। धारा का सटीक निर्धारण करने के लिए बीजेटी युक्ति के बेस और कलेक्टर को अलग-अलग वोल्टता (VBB,VCC) दी गयी है। वियुग्मन संधारित्र द्वारा बाह्य निम्न आवृत्ति संकेत को गुणक के भीतर प्रवेश करने से रोका गया है तथा निवेश-निर्गम सुमेलन परिपथ द्वारा संकेत हानि को कम किया गया है। वांछित तापमान सीमा में थर्मोपैड का उपयोग करके तापमान की निष्क्रिय प्रतिपूर्ति की गई है। एकीकृत फ़िल्टर द्वारा 500±50 मेगाहर्ट्ज की अवांछित आवृत्तियों पर अस्वीकृति प्राप्त की गयी है।

विकास

प्रस्तुत परिपथ को 25 मिल ऐलुमिना अवस्तर पर संविरचित किया गया है जिसका आकार 65 मिलीमीटर x 35 मिलीमीटर है। इसका तापमान परीक्षण -15°C से +55°C तक किया गया है। चित्र 2 में विकसित गुणक और एकीकृत फिल्टर को दर्शाया गया है।



चित्र 2. विकसित गुणक और एकीकृत फिल्टर

परीक्षण के परिणाम

गुणक और एकीकृत फिल्टर का परीक्षण 50 मेगाहर्ट्ज पर 1डीबीएम±1डीबी की निवेश शक्ति पर किया गया है। चित्र 3 में इसके निर्गम स्पेक्ट्रम को दर्शाया गया है।



चित्र 3. गुणक और एकीकृत फिल्टर निर्गम स्पेक्ट्रम

विकसित गुणक और एकीकृत फिल्टर के परीक्षण परिणाम तालिका-1 में दिखाए गए हैं:

क्रम. सं	प्राचल	विनिर्देश	परीक्षण परिणाम
1	निवेश आवृत्ति (मेगाहर्ट्ज़ में)	50	50
2	निर्गम आवृत्ति (मेगाहर्ट्ज़ में)	500	500
3	अधिकतम रूपांतरण हानि (डीबी में)	33	30
4	न्यूनतम अस्वीकृति 500 ± 50 MHz पर (डीबीसी में)	20	24.4
5	न्यूनतम निवेश और निर्गम हानि (डीबी में)	13	15.5

आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशीकरण

आलेख में प्रस्तुत उच्च क्रम रेडियो आवृत्ति गुणक और एकीकृत फिल्टर के विकास का ध्येय है- अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना। बाजार में अंतरिक्ष श्रेणी के उच्च क्रम गुणक उपलब्ध नहीं हैं,

इसलिए इसे आवश्यकतानुसार कस्टम निर्मित किया गया है। इसके विकास हेतु केवल उच्च विश्वसनीयता श्रेणी के घटक और अवस्तर देश के बाहर से क्रय किये गये हैं। गुणक और एकीकृत फिल्टर का अभिकल्प, संविरचन, अभिलक्षणन और सभी पर्यावरणीय स्थितियों में अंतरिक्ष स्तरीय परीक्षण और मूल्यांकन पूरी तरह से हमारे केंद्र में ही किया गया है।

निष्कर्ष

अंतरिक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत सूक्ष्म तरंग नीतभार के आवृत्ति जनित्र में गुणक और एकीकृत फिल्टर एक क्रांतिक परिपथ है। विकसित परिपथ में विनिर्देशों के अनुरूप 'मौलिक स्रोत आवृत्ति से विभिन्न' वांछित निर्गम आवृत्ति को उत्पन्न किया गया है तथा अवांछित संकेतों को अस्वीकार किया गया है।

आभार

लेखकगण इस कार्य को करने के लिए दिए गए सुअवसर, प्रोत्साहन एवं दिशा-निर्देश के लिए श्री एन.एम.देसाई (निदेशक-सैक) के अत्यंत आभारी है। लेखकगण अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के यांत्रिक और इलेक्ट्रोनिक संविरचन क्षेत्र के उन सभी सहयोगियों के आभारी हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गुणक और एकीकृत फिल्टर के विकास में सहायता करके इसे सफल बनाया है।

सन्दर्भ

1."एफ.ई.टी. आवृत्ति गुणकों और संनादी दोलित्र का अभिकल्प" एडमार कामार्गो द्वारा, आरटेक हाउस माइक्रोवेव लाइब्रेरी।

2."संकीर्ण स्पंद से संनादी निकालने पर आधारित एक आवृत्ति गुणा विधि" मेई झोउ आदि द्वारा, IEEE एक्सेस जुलाई 2019।

3."एक्स बैंड पर सक्रिय आवृत्ति द्विगुणक" सृष्टि श्रीवास्तव आदि द्वारा, IEEE मेपकान (MAPCON), 2022।

4."संश्लेषी द्वारक रडार के लिए सी-बैंड आवृत्ति जनित्र" निधि सिंह आदि द्वारा, PIER लैटर (Letters), 2023।

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी में अनुसंधान: डिजिटल युग में युवाओं के लिए अवसर और संभावनाएं

चिन्मय कुमार पात्रा[1]
यांत्रिक / अभियंता एसई
अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
ई-मेल: chinmay@sac.isro.gov.in

सार

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से रॉकेट प्रणोदन और अंतरिक्ष अन्वेषण में। भारत में इस क्षेत्र में अनुसंधान और बुनियादी ढांचे की कमी है, जिसके कारण देश को विदेशी विक्रेताओं पर निर्भर रहना पड़ता है। डिजिटल युग में, युवा शोधकर्ता डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके क्रायोजेनिक अनुसंधान सुविधाओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह लेख क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी में भारत की वर्तमान स्थिति, डिजिटल युग में अनुसंधान की संभावनाओं, और युवाओं के लिए अवसरों पर चर्चा करता है।

प्रस्तावना

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी, जिसमें अत्यंत निम्न तापमान पर द्रव ऑक्सीजन, नाइट्रोजन और हाइड्रोजन जैसे प्रणोदकों का उपयोग शामिल है, आधुनिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों की रीढ़ है। यह तकनीक रॉकेट इंजनों को उच्च दक्षता और शक्ति प्रदान करती है, जो भारी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हाल के वर्षों में स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन विकसित करने में प्रगति की है, लेकिन भारत अभी भी इस क्षेत्र में विकसित देशों जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप से पीछे है [1]।

भारत में क्रायोजेनिक अनुसंधान के ढांचे की कमी एक प्रमुख चुनौती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में भी इस क्षेत्र में उन्नत प्रयोगशालाओं और सुविधाओं का अभाव है [2]। इसके परिणामस्वरूप, भारत को क्रायोजेनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी के लिए विदेशी विक्रेताओं पर निर्भर रहना पड़ता है, जो न केवल महंगा है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए भी जोखिम भरा है।

डिजिटल युग ने अनुसंधान और नवाचार के लिए नए अवसर खोले हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकियां जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, और डेटा एनालिटिक्स अनुसंधान प्रक्रियाओं को तेज और अधिक कुशल बना सकती हैं [3]। युवा शोधकर्ता इन प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके क्रायोजेनिक अनुसंधान में भारत की क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं। यह पेपर क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी में अनुसंधान की आवश्यकता और डिजिटल युग में युवाओं के लिए अवसरों पर प्रकाश डालता है।

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उच्च ऊर्जा घनत्व वाले ईंधन को संग्रहित और उपयोग करने में सक्षम बनाती है। उदाहरण के लिए, द्रव हाइड्रोजन और द्रव ऑक्सीजन का

उपयोग करने वाले क्रायोजेनिक इंजन उच्च विशिष्ट आवेग (~450-460s) प्रदान करते हैं, जो रॉकेट की दक्षता को बढ़ाता है [4]। इसके अलावा, क्रायोजेनिक कूलिंग तकनीक अंतरिक्ष सिमुलेशन में उपयोग की जाती है ताकि अंतरिक्ष के अत्यंत निम्न तापमान को पृथ्वी पर अनुकरण किया जा सके, और उपग्रहों के डिटेक्टरों को ठंडा करने के लिए, जिससे उनकी सटीकता और प्रदर्शन में सुधार होता है। भारत का जीएसएलवी मार्क III, जो स्वदेशी क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सीयूएस) का उपयोग करता है, इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का एक उदाहरण है [1]। हालांकि, भारत अभी भी क्रायोजेनिक सामग्री, भंडारण प्रणालियों, और उन्नत परीक्षण सुविधाओं के विकास में पीछे है [5]।

भारत में क्रायोजेनिक अनुसंधान की चुनौतियां

भारत में क्रायोजेनिक अनुसंधान के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली और सबसे बड़ी चुनौती है उन्नत प्रयोगशालाओं और परीक्षण सुविधाओं की कमी[2]।

दूसरी चुनौती है विशेषज्ञता की कमी। क्रायोजेनिक्स एक जटिल और विशिष्ट क्षेत्र है, जिसमें सामग्री विज्ञान, ऊष्मप्रवैगिकी, और यांत्रिक अभियांत्रिकी का गहन ज्ञान आवश्यक है।

तीसरी चुनौती है वित्तीय संसाधनों की कमी। क्रायोजेनिक अनुसंधान के लिए उच्च लागत वाले उपकरण जैसे क्रायोजेनिक भंडारण टैंक, शीतलन प्रणाली, और अतिचालकता सामग्री की आवश्यकता होती है। भारत में अधिकांश शोध संस्थानों को इन उपकरणों के लिए विदेशी विक्रेताओं पर निर्भर रहना पड़ता है, जो लागत को और बढ़ाता है।

डिजिटल युग में युवाओं की भूमिका

डिजिटल युग ने अनुसंधान में नई संभावनाएं खोली हैं। युवा शोधकर्ता डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर क्रायोजेनिक अनुसंधान में योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, सिमुलेशन सॉफ्टवेयर से क्रायोजेनिक प्रणालियों का डिज़ाइन और परीक्षण डिजिटल रूप में संभव है [3], जिससे समय, लागत और प्रयोगशाला निर्भरता कम होती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग की मदद से क्रायोजेनिक सामग्री के ऊष्मीय और यांत्रिक गुणों का विश्लेषण कर सकते हैं, जो नई सामग्री के विकास को गति देता है [4]।

साथ ही, डेटा विश्लेषण से प्रणालियों के प्रदर्शन को बेहतर किया जा सकता है। युवा शोधकर्ता ऑनलाइन पाठ्यक्रमों, वेबिनार और ओपन-सोर्स टूल्स से ज्ञान बढ़ा सकते हैं और वैश्विक शोध समुदायों से जुड़कर नवीनतम तकनीकों को आत्मसात कर सकते हैं।

अवसर और भविष्य की संभावनाएं

डिजिटल युग में युवाओं के लिए क्रायोजेनिक अनुसंधान में कई अवसर उपलब्ध हैं। पहला अवसर है स्टार्टअप और नवाचार। युवा उद्यमी डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके क्रायोजेनिक अनुसंधान के लिए किफायती समाधान विकसित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, सेंसर-आधारित निगरानी प्रणालियां और स्वचालित क्रायोजेनिक टेस्टिंग उपकरण विकसित किए जा सकते हैं।

दूसरा अवसर है अंतरराष्ट्रीय सहयोग। डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से, भारतीय युवा शोधकर्ता नासा, ईएसए, और अन्य वैश्विक संगठनों के साथ सहयोग कर सकते हैं। यह सहयोग ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा [4]।

तीसरा अवसर है सरकारी और निजी क्षेत्र की पहल। भारत सरकार की "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" जैसी पहलें क्रायोजेनिक अनुसंधान के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर सकती हैं। युवा शोधकर्ता इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने नवाचारों को लागू कर सकते हैं।

निष्कर्ष

क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत के अंतरिक्ष और औद्योगिक विकास में अहम है। डिजिटल युग में युवा शोधकर्ता नई तकनीकों से इसमें आत्मनिर्भरता बढ़ा सकते हैं। सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को मिलकर युवाओं को अवसर देने चाहिए।

आभार

इस प्रपत्र पर काम करने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं श्री निलेश एम. देसाई, निदेशक, सैक, श्री राकेश आर. भावसर, जी डी, ईटीएसजी / ईसा और श्री राहुल खाण्डेकर, प्रधान, टीटीएसडी को धन्यवाद देना चाहूंगा। अपनी बहुमूल्य जानकारी और इस प्रपत्र का प्रकाशन में निरंतर समर्थन केलिए मैं सैक राजभाषा अनुभाग के सभी कर्मचारियों कों भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

सन्दर्भ

[1] Narayanan, V. (2023). Cryogenic Propulsion Systems for ISRO's Launch Vehicles. Journal of Aerospace Sciences and Technologies, 69(1A), 174-180.

[2] Chhaniyara, A. (2013). Cryogenic Rocket Engine. International Journal of Mechanical Engineering and Robotics Research, 2(4), 373-378.

[3] Sasikanth, P. (2024). A Critical Review on Superconducting Semi-Cryogenic Fuels for Advanced Space Propulsion and Deep Space Missions. Acceleron Aerospace Journal, 2(3), 226-231.

[4] Narayanan, V., Suresh, M. S., Jayan, N., & Bijukumar, K. S. (2014). Mathematical modelling of a cryogenic engine. IJ Advances in Engineering Sciences and Applied Mathematics, 6, 183-194.

[5] Ramesh, T. & Thyagarajan, K. (2014). Investigation Studies on Sub-Cooling of Cryogenic Liquids Using Helium Injection Method. American Journal of Applied Sciences, 11(5), 707-716.

अंतरतारकीय तंतुओं की पहचान के लिए प्रयुक्त विधियों का व्यापक विश्लेषण

विपिन कुमार[1], शिवम कुमारन[1]
वैज्ञानिक/अभियंता – एसडी
अंतरिक्ष विज्ञान प्रभाग/एसईएसजी/ ईपीएसए
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद
vipin7k@sac.isro.gov.in

सार

अंतरतारकीय माध्यम (ISM) सर्वव्यापी तंतु संरचनाओं से भरा हुआ पाया गया है जो तारा निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम खगोलीय चित्रों से तंतु संरचनाओं की पहचान के लिए सबसे प्रमुख रूप से प्रयुक्त विधियों, अर्थात् FilFinder, Getsf और DisPerSe, का एक व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं। हम पोलारिस आणविक बादल पर इन विधियों के अनुप्रयोग का प्रदर्शन करते हैं और ISM में तंतुओं की पहचान प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए उनके कार्य सिद्धांतों और आवश्यकताओं के साथ-साथ सिफारिशों पर चर्चा करते हैं।

प्रस्तावना

अंतरतारकीय माध्यम में तारा निर्माण, विशेष रूप से विशाल तारा निर्माण ($M > 8M_{\odot}$) आणविक बादलों के भीतर धागे जैसी ISM संरचनाओं में होता है| इन संरचनाओं को अंतरतारकीय तंतु कहा जाता है [1,2]। ये तंतु गैस और धूल की लंबी संरचनाएँ होती हैं जिनकी चौड़ाई और लंबाई का अनुपात 1:3 [3] होता है। इन संरचनाओं के भीतर आणविक पदार्थ विभिन्न पदानुक्रमिक स्तरों पर स्वयं पर ढह जाते हैं जिससे तंतु विखंडित हो जाते हैं और प्रोटोतारों का निर्माण होता है।

हर्शेल अंतरिक्ष वेधशाला [4] बड़े पैमाने पर तंतु संरचनाओं का अवलोकन करने वाली पहली वेधशाला थी। *हर्शेल* ने दूर-अवरक्त और उप-मिमी तरंगदैर्ध्य, अर्थात् 70, 100, 160, 250, 350 और 500 माइक्रोन, पर आकाश का अवलोकन किया। हालाँकि अंतरतारकीय तंतुओं की पहचान मुश्किल है क्योंकि उन्हें पृष्ठभूमि उत्सर्जन और अन्य स्रोतों से सावधानीपूर्वक अलग करना पड़ता है।

तंतु पहचान विधियाँ

अंतरतारकीय तंतुओं की पहचान के लिए कई विधियाँ विकसित की गई हैं। ये विधियाँ उनके अंतर्निहित सिद्धांतों और उन विशेषताओं के प्रकार के आधार पर भिन्न होती हैं जिनकी वे खोज करती हैं। कुछ विधियाँ छवि में सबसे चमकीली संरचनाओं के शिखरों या स्पाइन का पता लगाती हैं, जबकि अन्य पूर्वनिर्धारित कर्नेल या टेम्पलेट के संबंध में पैटर्न पहचान पर आधारित हैं। तंतु पहचान की कुछ विधियाँ हैं: FilFinder[5,6], DisPerSE[7], Getsf[8], हेसियन मैट्रिक्स विधि, और रोलिंग हफ़ ट्रांसफॉर्म। इस पत्र में, हम सबसे प्रमुख रूप से प्रयुक्त पहली तीन विधियों पर चर्चा करते हैं|

FilFinder

FilFinder सबसे पहले छवि को समतल करता है ताकि चमकीले, सघन स्रोतों के प्रभाव को कम किया जा सके। इसके बाद छवि में तंतु युक्त क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक बाइनरी मास्क बनाया जाता है। इसके लिए एक वैश्विक तीव्रता सीमा (पृष्ठभूमि उत्सर्जन को अलग करने के लिए), एक अनुकूली सीमा (तंतु की चौड़ाई की सूचना के लिए), एक सुचारू आकार मान (स्थानीय शोर को दूर करने के लिए) और एक आकार सीमा (अवास्तविक तंतुओं को हटाने के लिए), का चयन किया जाता है। मास्किंग के बाद पहचाने गए तंतुओं के मास्क को मध्य अक्ष रूपांतरण का उपयोग करके एकल-पिक्सेल-चौड़ाई वाले कंकालों में सिमटाया जाता है।



चित्र 1: पोलारिस आणविक बादल में विभिन्न विधियों द्वारा पहचानी गई तंतु संरचनाएं| बाएं: FilFinder मध्य: Getsf दाएँ: DisPerSE

Getsf

Getsf एक परिष्कृत विधि है जो बहु-तरंगदैर्ध्य वाली इनपुट छवियों से तंतु और स्रोत दोनों को एक साथ निकालती है। यह बहु-स्तरीय स्थानिक अपघटन का उपयोग करके विभिन्न स्थानिक पैमानों पर हावी छवि घटकों: छोटे पैमानों पर सघन स्रोतों और बड़े पैमानों पर विस्तारित तंतुओं को अलग करती है। स्थानिक घटकों को पृष्ठभूमि शोर से भी अलग किया जाता है। अवशिष्ट शोर को हटाने के लिए छवि को समतल किया जाता है और तंतुओं एवं स्रोतों की संयुक्त जानकारी देने के लिए पुनर्संयोजित किया जाता है।

DisPerSe

DisPerSE विधि वास्तविक टोपोलॉजिकल विशेषताओं और शोर या नमूनाकरण प्रभावों के कारण होने वाली संभावित विशेषताओं के बीच अंतर करने पर निर्भर करती है। यह छवि में शून्य ढाल (स्थानीय न्यूनतम, स्थानीय अधिकतम और सैडल) बिंदुओं की पहचान करती है। तंतु संरचनाओं की पहचान ढाल क्षेत्र की अभिन्न रेखाओं के रूप में की जाती है जो सैडल बिंदुओं को अधिकतम से जोड़ती हैं। DisPerSE 'दृढ़ता' की अवधारणा का उपयोग करता है जो दर्शाता है कि एक टोपोलॉजिकल विशेषता कितनी वास्तविक है। उच्च दृढ़ता विशेषताओं को कम दृढ़ता की तुलना में अधिक वास्तविक माना जाता है। इसलिए, इनपुट छवि पर एक दृढ़ता सीमा लागू की जाती है जिससे ऊपर स्थित दृढ़ता जोड़े पहचानी गई तंतु संरचनाओं का निर्माण करते हैं।

तुलनात्मक विश्लेषण

हमने FilFinder, DisPerSE और Getsf विधियों को HGBS सर्वेक्षण संग्रह [9] से लिए गए पोलारिस आणविक बादल के H_2 स्तंभ घनत्व चित्र पर लागू किया। प्राप्त परिणाम चित्र 1 में दिखाए गए हैं। DisPerSE अधिकांश प्रमुख संरचनाओं की पहचान करने में सक्षम रहा है। Getsf छोटी संरचनाओं की भी पहचान करता है। FilFinder के परिणाम DisPerSE और Getsf के मध्यवर्ती हैं।

प्रत्येक विधि के अपने फायदे और नुकसान हैं। FilFinder छवि गुणों को मात्रात्मक रूप से मापता है और विभिन्न डेटा प्रारूपों के साथ काम करने में सक्षम है परन्तु इनपुट मापदंडों पर अत्यधिक निर्भर है। Getsf बहु-तरंगदैर्ध्य डेटा को संभालने में सक्षम है, पैरामीटर-मुक्त है और स्रोत पहचान भी प्रदान करता है। हालाँकि, यह तीनों में से सबसे अधिक समय लेने वाली विधि है। DisPerSE शोर के प्रति बहुत मज़बूत है और विभिन्न डेटा में बहुमुखी है, लेकिन इसकी कार्यप्रणाली जटिल है और पहचान प्रक्रिया चयनित दृढ़ता सीमा पर अत्यधिक निर्भर करती है।

निष्कर्ष

यह शोधपत्र ISM में तंतु संरचनाओं की पहचान के लिए विभिन्न प्रमुख विधियों (FilFinder, Getsf और

DisPerSE) का विस्तृत विवरण प्रदान करता है| हम उनकी कार्य-पद्धतियों और पोलारिस आणविक बादल पर उनके निष्कर्षों की तुलना करते हैं। तीनों के फायदे और नुकसान एक ऐसी एकल विधि की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं जिसमें सभी लाभ शामिल हों जैसे कि विभिन्न स्वरूपों में अनुकूलता, बहु-तरंगदैर्ध्य समर्थन और गुणों का मात्रात्मक मापन, साथ ही गणना में कम समय लेने वाला और न्यूनतम पैरामीटर निर्भरता। ऐसी विधि ISM में तंतु संरचनाओं की पहचान करने के लिए अत्यधिक उपयोगी होंगी।

आभार

हम सैक के निदेशक डॉ. नीलेश देसाई, ईपीएसए की उप निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा, एसईएसजी के समूह निदेशक डॉ. मेहुल पंड्या और एसएसडी के प्रमुख डॉ. मन विनायक शुक्ला को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

संदर्भ

[1] Goldsmith P. F., Heyer M., Narayanan G., Snell R., Li D., Brunt C., 2008, ApJ, 680, 428

[2] Myers P. C., 2009, ApJ, 700, 1609

[3] Arzoumanian D., et al., 2011, A&A, 529, L6

[4] Pilbratt G. L., et al., 2010, A&A, 518, L1

[5] Koch E. W., Rosolowsky E. W., 2015, MNRAS, 452, 3435

[6] Koch E. W., Rosolowsky E. W., 2016, FilFinder: Filamentary structure in molecular clouds, Astrophysics Source Code Library, record ascl:1608.009

[7] Men'shchikov A., 2020, getsf: Multi-scale, multi-wavelength sources and filaments extraction, Astrophysics Source Code Library, record ascl:2012.001

[8] Sousbie T., Pichon C., Kawahara H., 2011, MNRAS, 414, 384

[9] Arzoumanian D., et al., 2019, A&A, 621, A42

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतू वैश्विक अनुसंधान में अंतःविषय सहयोग: सैक के योगदान

डॉ. आभा छाबरा[1] एवं अंकिता विशाल पटेल

[1] प्रधान, रिसपांड एवं अनुसंधान प्रबंधन प्रभाग, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, अहमदाबाद

ई-मेल: abha@sac.isro.gov.in

सार

इस शोध पत्र में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतू वैश्विक अनुसंधान में अंतःविषय सहयोग के क्षेत्र में सैक के प्रयासों और उपलब्धियों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है| इन प्रयासों में शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ प्रायोजित अनुसंधान की भी चर्चा की गयी है | वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान बहु-विषयक सहयोग का लाभ उठाकर जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है| भविष्य में अनुसंधान को सहयोग के लिए मानकीकृत रूपरेखा विकसित करने, वित्त पोषण मॉडल बनाने, डेटा इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने और बहु-विषयक प्रशिक्षण को बढावा देने पर ध्यान देना चाहिए।

प्रस्तावना

वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष अनुसंधान पृथक वैज्ञानिक प्रयासों से जटिल अंतःविषय परियोजनाओं में परिवर्तित हो गया है। इसी परिपेक्ष्य में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भी वर्तमान एवं भावी मिशनों हेतू अंतःविषय सहयोग द्वारा वैश्विक अनुसंधान के क्षेत्र में त्वरित गति से अग्रसर है | इसरो के मिशनों के वैश्विक प्रभाव को बेहतर बनाने, नवाचार के नये अवसर प्रदान करने, देश में अंतरिक्ष अनुसंधान को सुदृण बनाने की दिशा में अंतःविषय सहयोग महत्वपूर्ण कदम हैं। समय के साथ वैश्विक अनुसंधान में निरंतर प्रगतिशील साझेदारी और अंतःविषय सहयोग आज इसरो की प्राथमिकता है |

इसरो के दृष्टिकोण *'अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान और ग्रहों की खोज को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का दोहन'* के अनुसरण में, अंतरिक्ष उप्रयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद की प्रमुख भूमिका है। वर्षों के सतत प्रयासों द्वारा सैक को विभिन्न सामाजिक अनुप्रयोगों के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास एवं रणनीतिक उद्देश्यों में अंतरिक्ष और हवाई उपकरणों/पेलोड के विकास में उत्कृष्टता प्राप्त है। अंतरग्रहीय विज्ञान मिशनों, भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम 'गगनयान' के साथ-साथ अंतरिक्ष क्वांटम फ्रंटियर्स और भविष्य की अनेक प्रौद्योगिकियों के लिए उन्नत अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से अंतरिक्ष अन्वेषण में सैक सक्रिय रूप से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

उद्देश्य और परिकल्पना

अध्ययन दर्शाते हैं कि बहु-विषयक सहयोग मिशन की सफलता, डेटा व्याख्या और तकनीकी नवाचार को बढ़ाता है। इसरो सहित अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों जैसे नासा, ईसा ने भी अंतरिक्ष मिशनों में इंजीनियरिंग, भौतिकी, जीवविज्ञान और डेटा विज्ञान इत्यादि विषयों के एकीकरण द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। बहु-विषयक साझेदारियाँ और नवाचार द्वारा महत्वपूर्ण वैश्विक विषय जैसे मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन, भू-स्थानिक अनुप्रयोग, आपदा प्रधान, सामाजिक अनुप्रयोग, भू-अवलोकन एवं अंतर-ग्रही मिशन, मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम इत्यादि में इसरो के विभिन्न विशेषज्ञों के शोध कार्यों का समागम है |

इस शोध पत्र में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतू वैश्विक अनुसंधान में अंतःविषय सहयोग के क्षेत्र में सैक के प्रयासों और उपलब्धियों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है| इन प्रयासों में शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ प्रायोजित अनुसंधान की भी चर्चा की गयी है |

अनुसंधान कार्यप्रणाली

इसरो के प्रायोजित अनुसंधान कार्यक्रम एवं तकनीकी विकास परियोजनओं में सैक देश के शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञों को महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है (इसरो 2022, 2023) | प्रायोजित अनुसंधान हेतु सक्रिय दृष्टिकोण एवं अनुसंधान गतिविधियों के पूरे जीवनचक्र में निरंतर समन्वय एवं परियोजनाओं के परिणामों का तकनीकी-प्रबंधकीय मूल्यांकन इत्यादि जैसे कदम, सैक में अंतःविषय प्रायोजित अनुसंधान प्रबंधन को विशिष्ट बनाते हैं।

जैसा कि विदित है भारत के महत्वाकांक्षी 'गगनयान मिशन' हेतू विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलुओं, प्रणालियों के विकास में सैक के अनेक विषय-विशेषज्ञ बहुमुखी रूप से अंतःविषय सहयोग प्रदान कर रहे हैं | इस कार्य में भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों एवं उद्योगों के विशेषज्ञों का भी निरंतर अंतःविषय सहयोग प्राप्त हो रहा है | उदाहरण के तौर पर वर्तमान में सैक में गगनयान मिशन हेतू विभिन्न शोध कार्यों में अंतःविषय सहयोग को चित्र 1 में दर्शाया गया है | विज्ञान, प्रौद्योगिकी प्रबंधन के विभिन्न अंतःविषय विशेषज्ञों जैसे- कृषि, अंतरिक्ष जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, यांत्रिकी, इलेक्ट्रानिक्स, एंटीना, उपग्रह नौवहन, मानव केंद्रित विश्वसनीयता परीक्षण एवं अनुसंधान प्रबंधन इत्यादि | इसके अंतर्गत आईआईटी (बीएचयू), आईआईएससी बंगलोर, आईआईटी (मद्रास), पुणे विश्वविधालय के शोधकर्ताओं का प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से भी योगदान है|

चित्र 1: गगनयान मिशन हेतू सैक में अंतःविषय सहयोग

वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में उत्पादक अंतरविषयक सहयोग को बढ़ावा देने वाले तंत्रों की पहचान करना है। परिकल्पना की गई है कि संरचित सहयोगात्मक मंच और एकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसंधान उत्पादकता और नवाचार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाते हैं। अंतरविषयक सहयोग वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान को ऊँचाई प्रदान कर सकता है। हालाँकि, लगातार वित्तपोषण, डेटा तक समान पहुँच और नीति समन्वय की आवश्यकता बनी रहती है। भविष्य का अनुसंधान साझा डिजिटल अवसंरचना और अंतरविषयक पाठ्यक्रम के विकास पर केंद्रित होना चाहिए। उभरती अर्थव्यवस्थाओं को इन वैश्विक प्रयासों में बेहतर ढंग से शामिल किया जाना चाहिए।

NASA(2023), ESA(2022) और नेचर एस्ट्रोनॉमी जैसी अग्रणी पत्रिकाओं द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि पारंपरिक खगोल विज्ञान में डेटा वैज्ञानिकों, एआई विशेषज्ञों और जलवायु शोधकर्ताओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। सौर भौतिकी परियोजनाएँ प्लाज़्मा भौतिकी और मशीन लर्निंग को शामिल कर रही हैं। JWST, मंगल सैंपल रिटर्न और पार्कर सोलर प्रोब जैसी सहयोगात्मक मिशन अंतरराष्ट्रीय और अंतरविषयक सहयोग के प्रमुख उदाहरण हैं (Smith et al., 2021।

वैश्विक साझेदारियाँ और अंतःविषय सहयोग अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में अध्ययन के सफल उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

निष्कर्ष एवं भविष्य की दिशा

बहु-विषयक सहयोग अनुसंधान परिणामों को बेहतर बनाता है। विविध विषयों का एकीकरण समग्र समझ और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। परिणाम अंतरिक्ष अनुसंधान में वैश्विक प्रवृत्तियों के अनुरूप हैं। इसरो विविध वैज्ञानिक दृष्टिकोणों और सहयोगी मॉडलों को अपनाकर अपनी वैश्विक प्रासंगिकता और नवाचार क्षमता को बढ़ा सकता है।

वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान बहु-विषयक सहयोग का लाभ उठाकर जटिल वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है| भविष्य में अनुसंधान को सहयोग के लिए मानकीकृत रूपरेखा विकसित करने, वित्त पोषण मॉडल बनाने, डेटा इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने और बहु-विषयक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए।

आभार

लेखक मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए निदेशक सैक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम उप निदेशक, मीसा एवं समूह निदेशक आरटीएमजी का भी आभार व्यक्त करते हैं|

सन्दर्भ

[1] इसरो (2022, 2023) वार्षिक रिपोर्ट।

[2] ESA. (2022). *European space missions: A decade of discovery*. European Space Agency.

[3] NASA. (2023). *NASA Science Plan 2023-2027*. National Aeronautics and Space Administration.

[4] Smith, J., Kumar, R., & Al-Sayed, M. (2021). Cross-disciplinary approaches in planetary exploration. *Acta Astronautica*, 184, 245-252.

NISAR में ऑफ़सेट ट्रैकिंग तकनीक का डेटा उत्पाद परिप्रेक्ष्य

वात्सल्य गुप्ता*, कृष्ण मुरारी अग्रवाल

*वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.', अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, अहमदाबाद, vatsalyagupta@sac.isro.gov.in

सार: यह अध्ययन SAR इमेजरी का उपयोग करके हिमनद और हिम चादर की गति को मापने के लिए पिक्सेल ऑफ़सेट ट्रैकिंग तकनीक का विश्लेषण करता है। ALOS-1 डेटा से प्राप्त परिणामों ने इस पद्धति की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया है। इसके अलावा, NISAR के परिचालन ऑफ़सेट उत्पादों (ROFF और GOFF) की संरचना और डिज़ाइन प्रस्तुत किया है। ये उत्पाद उच्च-रिज़ॉल्यूशन, भू-संदर्भित, सटीक माप (एक पिक्सेल के 1/128वें भाग तक) प्रदान करते हैं, जो बर्फ की गतिशीलता के मॉडलिंग के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

प्रस्तावना

हाल के दशकों में विशेष रूप से ध्रुवीय क्षेत्रों में भूमि और समुद्री बर्फ के पिघलने में चिंताजनक तेज़ी देखी गई है। NISAR, NASA-इसरो संश्लेषी द्वारक रेडार (Synthetic Aperture Radar) मिशन, जो स्वीपसार (SweepSAR) तकनीक [1] पर आधारित है, क्रायोस्फीयर को समझने में महत्त्वपूर्ण प्रगति करने के लिए तैयार है। आम तौर पर उपयोग की जाने वाली इंटरफेरोमेट्रिक सिंथेटिक एपर्चर रडार (InSAR) तकनीकों के विपरीत, ऑफ़सेट ट्रैकिंग (जिसे पिक्सेल ऑफ़सेट ट्रैकिंग या इन्कोहेरेंट स्पेकल ट्रैकिंग भी कहा जाता है) भूकंप, ज्वालामुखी गतिविधि और ग्लेशियर/बर्फ की चादर की गति जैसी घटनाओं से होने वाले विरूपण का पता लगाने में विशेष रूप से उपयोगी है [2]।

ऑफ़सेट ट्रैकिंग का सिद्धांत

संदर्भ (रेफरेंस) और द्वितीयक (सेकेंडरी) सिंगल लुक कॉम्प्लेक्स (SLC) प्रतिबिम्ब के बीच पिक्सेल-दर-पिक्सेल ऑफ़सेट मैप को ऑर्बिट एफेमेरिस, डिजिटल एलिवेशन मॉडल (DEM), और SAR जियोलोकेशन एल्गोरिदम का उपयोग करके तैयार किया जाता है। द्वितीयक (सेकेंडरी) प्रतिबिम्ब को इस ऑफ़सेट मैप का उपयोग करके संदर्भ (रेफरेंस) से को-रजिस्टर किया जाता है। हालाँकि, यह ऑफ़सेट मैप समय-सम्बंधी परिवर्तनों को ध्यान में नहीं रखता, इसलिए इसे कोरिलेशन द्वारा परिष्कृत किया जाता है [3]। प्रक्रिया:

- प्राथमिक प्रतिबिम्ब में एक छोटा पैच/क्षेत्र चुना और फिर इसे द्वितीयक (सेकेंडरी) में खोजते हैं।
- सर्च स्पेस का विंडो आकार संदर्भ (रेफरेंस) क्षेत्र की तुलना में बड़ा रखा जाता है।
- दोनों पैच से लोकल मीन्स घटाए जाते हैं, फिर सहसंबंधन (कोरिलेशन) कोएफिशिएंट $\gamma(i, j)$ प्राप्त करने के लिए समीकरण (1) लागू किया जाता है।

एलियासिंग त्रुटियों और γ के विकृति को रोकने के लिए कॉम्प्लेक्स संदर्भ (रेफरेंस) और द्वितीयक (सेकेंडरी) SLCs को कम से कम 2 के फैक्टर से अपसैंपल किया जाता है और फिर 64 के फैक्टर से आगे अपसैंपल कर के मैक्सिमा का स्थान निकाला जाता है।

$$\gamma(i,j) = \sum_{p}^{P}\sum_{q}^{Q} \frac{A_r(m_r+p, n_r+q)\, A_s(m_s+p+i, n_s+q+j)}{\sqrt{\overline{A_r}}\sqrt{\overline{A_s}}} \quad (1)$$

$$\overline{A_r} = \sum_{p}^{P}\sum_{q}^{Q} A_r(m_r+p, n_r+q)^2 \quad (2)$$

$$\overline{A_s} = \sum_{p}^{P}\sum_{q}^{Q} A_s(m_s+p+i, n_s+q+j)^2 \quad (3)$$

यहाँ A_r प्राथमिक प्रतिबिम्ब का आयाम है और A_s द्वितीयक (सेकेंडरी) प्रतिबिम्ब का आयाम है। m_r, n_r संदर्भ स्थान की प्रारंभिक स्थिति (प्राथमिक प्रतिबिम्ब) और m_s, n_s द्वितीयक स्थान की प्रारंभिक स्थिति। इस प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले परास (रेंज) और दिगंश (एज़िमुथ) ऑफ़सेट केवल ऑर्बिटल अशुद्धि, स्थलाकृति या टाइमिंग/रेंज ऑफ़सेट के कारण हो सकते हैं। हालाँकि,

NISAR में ऑर्बिट की सटीकता 10 से.मी. के क्रम की है, इसलिए ऑफ़सेट मैप ऑर्बिट एफेमेरिस की वजह से त्रुटियों से मुक्त माना जाता है।

ऑफ़सेट अनुमानों में आउटलायर का समाधान

ऑफ़सेट आउटलायर से प्रभावित हो सकते हैं, जो ग्राउंड फीचर विविधताओं या प्रबल स्कैटरर की उपस्थिति के कारण उत्पन्न होते हैं। इसे हल करने के लिए, फ़िल्टरिंग लागू की जाती है। फ़िल्टरिंग प्रक्रिया:

- प्रत्येक ऑफ़सेट स्थान पर एक 9x9 कर्नेल लागू करें, और उन आउटलायर्स को फ़्लैग करें जिनका MAD (Median Absolute Deviation) थ्रेशोल्ड से अधिक हो।
- IQR (Inter-Quartile Range) की गणना करें और निचले 20% और ऊपरी 80% से बाहर आउटलायर के रूप में मार्क करें।
- आउटलायर स्थानों को पड़ोस के वैध ऑफ़सेट अनुमानों का औसत लेकर और बाइलीनियर इंटरपोलेशन से भरा जाता है।



चित्र 1 भारती अनुसंधान केंद्र अंटार्कटिका के निकट ALOS-1 PALSAR डेटासेट के लिए ऑफसेट ट्रैकिंग परिणाम। क्रमशः दिगंश (एज़िमुथ) और परास (रेंज) ऑफसेट को मीटर में दर्शाते हैं। दृश्य केंद्र निर्देशांक 70.440766°S, 14.459448°E हैं।

चित्र 1 में हम ALOS-1 PALSAR डेटा पर उपरोक्त प्रक्रिया का उपयोग करके प्राप्त ऑफसेट परिणाम दिखाते हैं। क्रमशः ALPSRP252635700-L1.0 (अधिग्रहीत: 22-10-2010) और ALPSRP259345700-L1.0 (अधिग्रहीत: 07-12-2010) डेटासेट उपयोग किए गए हैं। यह क्षेत्र भारती अनुसंधान केंद्र, अंटार्कटिका के पास फिम्बुल/जुटुलस्ट्रॉमेन आइस शेल्फ है।

डेटा विवरण

NISAR में दो मुख्य ऑफ़सेट उत्पाद परिभाषित हैं, जिन्हें डेटा प्रोडक्ट जनरेशन सिस्टम (DPGS) द्वारा तैयार किया जाएगा: परास (रेंज) डॉपलर निकटतम-समय पिक्सेल ऑफ़सेट (ROFF), जियोकोडेड निकटतम-समय पिक्सेल ऑफ़सेट (GOFF)। ये मुख्य रूप से क्रायोस्फीयर अनुप्रयोगों के लिए बनाए जाएंगे और केवल अंटार्कटिका, ग्रीनलैंड और पर्वतीय ग्लेशियरों पर लागू होंगे। ये उत्पाद इसरो-एन.आर.एस.सी. के भूनिधि वेब पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे [https://bhoonidhi.nrsc.gov.in]।

- ROFF: रडार कॉर्डिनेट्स में पिक्सेल ऑफ़सेट लेयर, जिनमें विभिन्न फीचर साइज और बर्फ की गति को ट्रैक किया जा सकता है। रजिस्टर्ड प्रतिबिम्ब पर सहसंबंधन (कोरिलेशन) द्वारा परिणाम प्राप्त किए जाते हैं। लगभग 90 मीटर के ग्राउंड स्पेसिंग के साथ प्रदान किए जाते हैं।
- GOFF: यह लेवल-2 उत्पाद है जिसे ROFF से जियोकोडेड ग्रिड पर प्रोजेक्ट किया जाता है। अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के लिए UPS (Universal Polar Stereographic) और बाकी जगहों के लिए UTM (Universal Transverse Mercator) में मैप किया जाता है। प्रत्येक परिणाम को 80 मीटर की ग्राउंड स्पेसिंग के साथ प्रदान किया जाता है।
- प्रत्येक अधिग्रहण में HDF5 फाइल, .met मेटाडेटा फाइल और JPEG ब्राउज़ प्रतिबिम्ब शामिल होते हैं। मेटाडेटा क्यूब की उपलब्धता के कारण उपयोगकर्ता द्वारा DEM बदलकर अपनी आवश्यकता अनुसार डेटा देखा जा सकता है।

निष्कर्ष

यह अध्ययन क्रायोस्फीयर परिवर्तनों की निगरानी में पिक्सेल ऑफ़सेट ट्रैकिंग की महत्त्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है, विशेष रूप से NISAR मिशन के संदर्भ में। हमने

ROFF और GOFF उत्पादों के परिचालन डिज़ाइन पर चर्चा की और ALOS-1 डेटा से उदाहरण दिए। NISAR का ऑफ़सेट ट्रैकिंग फ्रेमवर्क वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर डायनेमिक्स मूल्यांकन में योगदान देगा और जलवायु योजना को मज़बूत करेगा।

आभार

लेखक मार्गदर्शन के लिए एस.ए.सी. के निदेशक, एस.आई.पी.ए./एस.ए.सी. के उप-निदेशक और सभी वरिष्ठ सहयोगियों भी आभार व्यक्त करते हैं।

सन्दर्भ

1. S. Thakur, et al., “NISAR SweepSAR data processing,” IEEE India Geoscience and Remote Sensing Symposium, pp. 1-4, 2024.
2. X. Hu, et al., “Measuring coseismic displacements with point-like targets offset tracking,” IEEE Geoscience and Remote Sensing Letters, vol. 11, no. 1, pp. 283-287, 2014.
3. I. Joughin, “Ice-sheet velocity mapping: a combined interferometric and speckle-tracking approach,” Annals of Glaciology, vol. 34, pp. 195-201, 2002.

मशीन शिक्षण तकनीकों का उपयोग करके ईओएस-०८ डेटा से आंतरिक जल निकायों की पहचान

चोपडा मयुर डाह्याभाई[1], देवांग एम मांकड[2]

वैज्ञानिक/अभियंता - एसडी, एनडीपीडी, एमडीपीजी, एसआईपीए, सैक, इसरो, mdchopda@sac.isro.gov.in

सार

आंतरिक जल निकायों का पता लगाना जल विज्ञान प्रक्रियाओं को समझने, जल संसाधनों के प्रबंधन और बाढ़ जोखिमों को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित कार्यप्रणाली में GNSS-R डेटा का उपयोग करते हुए आंतरिक जल निकायों की मज़बूत पहचान हेतु उन्नत मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल (एडाबूस्ट और टेब-ट्रांसफोर्मर) विकसित किए गए हैं जिनमें से टेब-ट्रांसफोर्मर से प्राप्त परिणाम मौजूदा साहित्यिक विधियों से बेहतर है।

प्रस्तावना

उन्नत तकनीकों का एकीकरण, जैसे ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम रिफ्लेक्टोमेट्री (GNSS-R), आंतरिक जल का पता लगाने की सटीकता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए एक आशाजनक समाधान प्रस्तुत करता है। यह बाईस्टैटिक रडार के सिद्धांत पर कार्य करता है। इस डेटा का उपयोग आंतरिक जल का पता लगाने के लिए कई अध्ययनों में किया गया है। एक विधि सिग्नल-टू-नॉइज़ अनुपात (SNR) [१] पर आधारित है। यह जल सतहों की उच्च परावर्तकता के कारण अत्यंत संवेदनशील पाई गई, और कांगो बेसिन क्षेत्र में लगभग 85% सटीकता प्राप्त की। हालांकि, इस अध्ययन में यह भी देखा गया कि विशेषकर घने वन क्षेत्रों में गीली मिट्टी और वनस्पति से जल को अलग करने में कठिनाई होती है। केवल एसएनआर पर निर्भरता से जल-भूमि सीमाओं की जटिलता को पूरी तरह से पकड़ने की क्षमता सीमित हो गई, जिससे कुछ गलत वर्गीकरण हुए। एक अन्य दृष्टिकोण [२], जिसमें, डिले-डॉपलर मैप्स (DDM) से प्राप्त संकेतों का उपयोग होता है, जैसे अधिकतम परावर्तकता (reflectivity), विचलन और कर्टोसिस। इस विधि से कांगो बेसिन क्षेत्र में लगभग 90% सटीकता प्राप्त हुई, जो [१] से बेहतर था। हालाँकि, यह विधि संकीर्ण या अस्थायी जल निकायों का पता लगाने में चुनौतियों का सामना करती है। प्रस्तावित कार्यप्रणाली में प्रयुक्त संकेतों के साथ कुछ अतिरिक्त संकेतों को जोड़ कर एक उन्नत एमएल मॉडल प्रस्ताव किया है।

कार्यप्रणाली

इस अध्ययन के लिए दो क्षेत्रों का चयन किया गया है: कांगो बेसिन और अमेज़न वर्षावन। विभिन्न मॉडलों को प्रशिक्षित और मूल्यांकित करने की कार्यप्रणाली को CYGNSS डेटा सेट का उपयोग करके स्थापित किया गया है। इसके बाद, उसी आर्किटेक्चर का उपयोग ईओएस-०८ स्तर-1 डेटा उत्पादों पर परीक्षण के लिए किया गया।१ GSW टाइलों का उपयोग प्रशिक्षण डेटा को लेबल करने और सत्यापन के लिए किया गया है। डेटा पूर्व-संसाधन के लिए, उच्च रेज़ोल्यूशन वाली GSW टाइल को प्रशिक्षण डेटा के अनुरूप मोटे (coarse) रेज़ोल्यूशन में बदला और DDMs में उपस्थित रव (noise) को हटाने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण उपाय (quality control measures) अपनाए गए हैं। डेटा सेट को और शुद्ध किया गया है, जहाँ उन स्पेक्युलर बिंदुओं को फ़िल्टर किया गया है जिनका आपतन कोण 15° से 60° की सीमा के बाहर है, क्योंकि यह सतह के साथ सिग्नल की पारस्परिक क्रिया को प्रभावित करता है। अभिलक्षनो का निष्कर्षण आंतरिक जल का पता लगाने हेतु एक प्रभावी मॉडल विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य प्रेक्षण जिनका उपयोग किया गया है, वे हैं: गामा पीक, गामा वैरिएंस, गामा कर्टोसिस, SNR_c, Coherency Ratio. टेब-ट्रांसफोर्मर एक अत्याधुनिक डीप शिक्षण मॉडल है जिसे विशेष रूप से टैब्युलर डेटा (संरचित, संख्यात्मक, या श्रेणीगत अभिलक्षनो) के लिए अभिकल्प किया गया है।

परिणाम और चर्चा

आंतरिक आंतरिक जल संसाधनों की पहचान के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गहन शिक्षण मॉडल को पहचानने हेतु, एडा बूस्ट और कस्टम टेब-ट्रांसफोर्मर आर्किटेक्चर (जिसमें Multihead Attention शामिल है) – के परीक्षण की शुद्धता की तुलना CYGNSS अमेज़न वर्षावन डेटा पर की गई। व्यापक वश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सभी मॉडल जल की मात्रा का अधिक अनुमान लगाते हैं, जिससे सटीकता (precision) कम होती है, लेकिन पुनःप्राप्ति (recall) अधिक होती है। चूंकि इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य अधिकतम जल बिंदुओं की पहचान करना है, इसलिए सभी मॉडलों द्वारा प्राप्त उच्च Recall को एक सकारात्मक परिणाम माना गया है। टेब-ट्रांसफोर्मर मॉडल, जिसे उपयुक्त अवसीमा (threshold) और भूमि/जल के साथ प्रशिक्षित किया गया, उपलब्ध साहित्यिक विधियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करता है। इसलिए इस मॉडल को प्रमुख परिणाम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित मॉडल को आगे ईओएस-०८ डेटा का उपयोग करके कांगो और अमेज़न क्षेत्रों में भी परीक्षण किया गया है।



चित्र १ प्रस्ताव मॉडल परिणाम



चित्र २ वाटरमास्क मॉडल [२] परिणाम



चित्र ३ GSW Tile परिणाम

निष्कर्ष

प्रस्तावित कार्यप्रणाली, जिसमें एक ट्रांसफॉर्मर आधारित संरचना को शामिल किया गया है, परंपरागत डीप शिक्षण मॉडलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करती है। इसने उच्च रिकॉल और F1-स्कोर प्राप्त कर, जटिल विशेषताओं के अंतःक्रियाओं को पकड़ने और वर्गीकरण सटीकता में सुधार करने में एडवांस्ड आर्किटेक्चरों की प्रभावशीलता को उजागर किया है। इस अध्ययन में GNSS-R से प्राप्त पैरामीटर – जैसे पीक रिफ्लेक्टिविटी, वेरियंस, कर्टोसिस, SNR और कोहेरेंसी रेशियो – का उपयोग किया गया, जिससे परावर्तित सिग्नल का व्यापक प्रतिनिधित्व संभव हुआ और मजबूत जल निकायों की पहचान की जा सकी। यह अध्ययन डेटा असंतुलन, अधिक अनुमान, और पारंपरिक विधियों की सीमाओं से जुड़ी चुनौतियों को संबोधित करता है, और विशेष रूप से उन परिदृश्यों में बेहतर प्रदर्शन दर्शाता है जहाँ पारंपरिक विधियाँ अक्सर विफल हो जाती हैं – जैसे कि जल से घिरे छोटे स्थलीय क्षेत्र (चित्र १,२,३) ।

आभार

लेखक, श्री निलेश देसाई, निदेशक, सैक, श्री देब ज्योति धर, उप निदेशक, एसआईपीए, श्री रामानुजम, समूह प्रधान, एमडीपीजी, और विशेष रूप से डॉ. दिनेशकुमार जैन, पूजा कक्कड़ तथा अन्य सहकर्मियों को धन्यवाद, जिनसे हमेशा सहयोग प्राप्त हुआ।

सन्दर्भ

[१] Gerlein-Safdi, Cynthia, and Christopher S. Ruf. "A CYGNSS-based algorithm for the detection of inland waterbodies." Geophysical Research Letters 46, no. 21 (2019): 12065-12072

[२] “Ghasemigoudarzi, Pedram et al, “A Machine Learning Method for Inland Water Detection Using CYGNSS Data.” IEEE Geoscience and Remote Sensing Letters 19 (2020): 1-5

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

NISAR L-S बैंड लेवल-1 और लेवल-2 विज्ञान डेटा उत्पादों के लिए गुणवत्ता आश्वासन सॉफ़्टवेयर

वसीम अकरम[1], राघव मेहरा[2], जल्पा मोदी[3]
वैज्ञानिक 'डी', अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, wasimakram@sac.isro.gov.in

सार

NISAR डेटा प्रोसेसिंग के एक भाग के रूप में, गुणवत्ता आश्वासन (क्यू.ए) सॉफ्टवेयर डिज़ाइन किया गया है। यह सॉफ्टवेयर डेटा उत्पादों की गुणवत्ता को प्रमाणित करेगा और उपयोगकर्ता समुदाय को जारी करने से पहले उत्पादों की गुणवत्ता और अखंडता सुनिश्चित करेगा, जिससे NISAR की वैज्ञानिक क्षमता का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके।

प्रस्तावना

NISAR के प्राथमिक विज्ञान उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, लेवल 0 के कच्चे डेटा को उच्च स्तर के उत्पादों में परिवर्तित किया जायेगा, जिनमें से सभी उपयोगकर्ता समुदाय के लिए स्वतंत्र और खुले तौर पर उपलब्ध होंगे। ये उत्पाद काफी भिन्न होते हैं: लेवल 1 (L1) उत्पाद रडार की मूल रेंज-डॉपलर समन्वय प्रणाली में डेटा प्रदान करते हैं। अथवा लेवल 2 (L2) उत्पाद मानचित्र समन्वय प्रणाली पर आधारित हैं। मिशन के पूरे जीवनकाल के दौरान, NISAR भारी मात्रा में डेटा उत्पाद उत्पन्न करेगा। एक मजबूत और स्वचालित क्यू.ए (गुणवत्ता आश्वासन) प्रणाली के बिना, इस डेटा के एक छोटे से हिस्से को भी सटीकता, निरंतरता और पूर्णता के लिए मैन्युअल रूप से जांचना एक असंभव, संसाधन-गहन और समय लेने वाला कार्य होगा। इस मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने के लिए, एक QA सॉफ्टवेयर डिज़ाइन किया गया है जो डेटा उत्पादों की गुणवत्ता को प्रमाणित करेगा और उपयोगकर्ता समुदाय को जारी करने से पहले उत्पादों की गुणवत्ता और अखंडता सुनिश्चित करेगा, जिससे NISAR की वैज्ञानिक क्षमता का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके।

NISAR डेटा प्रोसेसिंग के एक भाग के रूप में, QA (गुणवत्ता आश्वासन) NISAR के प्रत्येक डेटा उत्पाद पर स्वचालित महत्वपूर्ण जांचों की एक श्रृंखला निष्पादित करता है। क्यू.ए सॉफ्टवेयर को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि जब भी QA जांच महत्वपूर्ण उत्पाद मापदंडों के गैर-अनुपालन (non-compliance) का खुलासा करती है, तो यह उत्पाद के प्रसार को रोक देता है और डेटा प्रोसेसिंग टीम को एक अलर्ट जारी करता है। चित्र 1 QA ज़िप फ़ाइल की सामग्री का सारांश प्रस्तुत करता है।

चित्र 1: QA ज़िप फ़ोल्डर की सामग्री

प्रत्येक लेवल 1 और लेवल 2 उत्पाद में प्रत्येक मुख्य इमेजरी रास्टर के लिए, QA (गुणवत्ता आश्वासन) स्वचालित रूप से न्यूनतम, अधिकतम, माध्य और मानक विचलन जैसे मौलिक मेट्रिक्स की गणना और रिकॉर्ड करता है। यह महत्वपूर्ण डेटा विशेषताओं जैसे अमान्य (NaN/fill_value) पिक्सेल का प्रतिशत भी उजागर करता है।

इसके अलावा, जब हिस्टोग्राम तैयार किए जाते हैं, तो उनका वितरण (बिन्स और काउंट्स) भी संग्रहीत किया जाता है। निर्बाध एकीकरण के लिए डिज़ाइन किया गया, QA STATS.h5 की आंतरिक HDF5 संरचना सीधे मूल NISAR उत्पादों की संरचना को दर्शाती है, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए डेटा संदर्भ को नेविगेट करना और समझना आसान हो जाता है। चित्र 2 में वही दिखाया गया है। सामान्य आंकड़ों के अतिरिक्त, क्यू.ए फाइल प्रत्येक NISAR डेटा उत्पाद की अनूठी विशेषताओं के अनुरूप उत्पाद-विशिष्ट मेट्रिक्स की एक विस्तृत श्रृंखला को भी शामिल करती है। रडार सिंगल लुक काम्प्लेक्स उत्पादों के

लिए मेट्रिक्स में कॉर्नर रिफ्लेक्टर का उपयोग करके आवेग प्रतिक्रिया विश्लेषण (इम्पल्स रिस्पांस एनालिसिस), सीमा और दिगंश (रेंज और एज़िमुथ) स्पेक्ट्रम,प्रोफाइल, सिग्मा नॉट और फेज के आंकड़े शामिल हैं। QA एक JPEG ब्राउज़ इमेज के साथ एक KML फाइल भी उत्पन्न करता है। चित्र 3 में Google Earth पर GSLC के.एम.एल को ब्राउज़ छवि के साथ ओवरले किया गया है। इसके अलावा, एक व्यापक रिपोर्ट (.PDF) भी क्यू.ए का भाग है जो डेटा उत्पाद की विशेषताओं और अखंडता को दर्शाने वाले सांख्यिकीय प्लॉटों, विस्तृत हिस्टोग्राम और अन्य महत्वपूर्ण मेट्रिक का एक व्यापक समूह प्रदान करता है।



चित्र 2: इनपुट GSLC के संबंध में QA_STAT.h5 की तुलना



चित्र 3: GSLC ब्राउज़ छवि को Google Earth Pro में क्यू.ए के.एम.एल फ़ाइल का उपयोग करके विज़ुअलाइज़ किया गया

निष्कर्ष

वर्तमान में, बिग डेटा के युग में, NISAR मिशन से प्राप्त होने वाला डेटा अविश्वसनीय अवसर और महत्वपूर्ण चुनौतियां दोनों प्रस्तुत करता है। यह मिशन पृथ्वी अवलोकन डेटा की एक अभूतपूर्व मात्रा प्रदान करेगा। यह अत्यधिक मात्रा और डेटा वॉल्यूम मौलिक रूप से मजबूत स्वचालित जाँच प्रक्रिया को आवश्यक बनाता है, जिसे विशेष रूप से गुणवत्ता आश्वासन (क्यू.ए) उत्पाद द्वारा संबोधित किया जाता है। पारंपरिक डेटा समीक्षा विधियाँ यह प्रदान नहीं कर पातीं। क्यू.ए सॉफ्टवेयर अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एस.ए.सी), इसरो डेटा उत्पाद (DP) टीम द्वारा विकसित डी.पी.जी.एस के साथ एकीकृत है। डी.पी.जी.एस को राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एन.आर.एस.सी) में पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों के लिए एकीकृत बहु-मिशन ग्राउंड सेगमेंट (IMGEOS) में स्थापित किया जाएगा और लॉन्च के बाद उत्पादों को परिचालनात्मक रूप से उत्पन्न किया जाएगा। सभी क्यू.ए उत्पाद एन.आर.एस.सी द्वारा भूनिधि पोर्टल पर प्राथमिक L1/L2 NISAR उत्पादों के साथ होस्ट किए जाएंगे और सभी उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त में उपलब्ध होंगे। इन समृद्ध, फिर भी संक्षिप्त, क्यू.ए उत्पादों को प्रत्येक विज्ञान डेटा उत्पाद के लिए प्रदान करके; यह पूरे NISAR डेटा संग्रह में व्यापक रुझानों और पैटर्न के कुशल विश्लेषण को सक्षम बनाता है, अंततः इस अभूतपूर्व मिशन के वैज्ञानिक प्रतिफल और प्रभाव को अधिकतम करता है।

आभार

लेखक NISAR क्यू.ए डेटा प्रोसेसिंग में उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए श्री नीलेश एम. देसाई, निदेशक, एस.ए.सी./इसरो और श्री देबाज्योति धर, उप निदेशक, एस.आई.पी.ए./एस.ए.सी./इसरो के आभारी हैं। इस शोध पत्र में NISAR पेलोड और एप्लिकेशन टीम के योगदान को भी स्वीकार किया जाता है।

सन्दर्भ

[1] “नासा-इसरो एसएआर (निसार) मिशन विज्ञान उपयोगकर्तापुस्तिका,”:https://nisar.jpl.nasa.gov/system/documents/फ़ाइलें/26 निसार अंतिम 9-6-19.pdf।

[2] पी. अरोड़ा, एस. ठाकुर, क्यू. साकिब, वी. गुप्ता, आर. मेहरा, के. एम. अग्रवाल, जे. मोदी, वी. एम. रामानुजम, "इसरो द्वारा निसार डेटा उत्पादों पर अपडेट," 2024 आईईईई इंडिया जियोसाइंस एंड रिमोट सेंसिंग सिम्पोजियम (इनगार्स), 2024, पृष्ठ 1-4 में।

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह प्रणालियों में उच्च गति पी.सी.बी. डिजाईन: लंबाई सुमेलन तकनीक

श्रीमती क्रिष्ना एस. मकाणी (तकनीकी अधिकारी-'डी.'), श्री अमित शांडिल्य (वैज्ञानिक / अभियंता -'एस. डी.'),
श्री दीपक अग्रवाल (वैज्ञानिक / अभियंता -'एस. डी.')
पी.सी.बी. डिजाईन संविचरन एवं योजना प्रभाग/ इ.एफ.एम.जी./ इ.एस.एस.ए.,
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठ(इसरो), भारत
संपर्क: 079-2691 4838 / 4839

सार

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नविन तकनीकों वाले पेलोड, प्रणाली तथा उप प्रणाली का उपयोग बढता जा रहा है| आधुनिक पेलोड की कार्यक्षमता उसमें लगने वाली पीसीबी (PCB- printed circuit board) के डिजाईन तथा संविरचन पर आधारित होती है| उच्च गति वाले पीसीबी डिज़ाइन में सिग्नल अखंडता बनाए रखने के लिए आवश्यक कई बिंदुओं में से एक महत्वपूर्ण बिंदु लंबाई सुमेलन है। प्रस्तुत लेख उच्च गति पी.सी.बी. डिजाईन में लंबाई सुमेलन की आवश्यकता तथा डिजाईन तकनीक के बारे में है|

प्रस्तावना

उच्च गति एवम छोटे आकार वाले घटकों के चलते पीसीबी डिज़ाइन और पीसीबी संविरचन की तकनीकें भी उन्नत हो रही हैं| अंतरिक्ष आधारित प्रणाली तथा उप प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए सिग्नल अखंडता एक आवश्यक कारक बन गई है। उच्च गति वाले पीसीबी में प्रतिबाधा असंगतता, सिग्नल परावर्तन, विद्युत चुम्बकीय हस्तक्षेप (EMI - Electro-magnetic Interference) और रव (noise) उत्पादन जैसी समस्याएँ शामिल हैं। इनसे बचने के लिए पीसीबी डिज़ाइन के दौरान अपनाई जाने वाली तकनीकों में प्रतिबाधा नियंत्रित रूटिंग, अंतरी संकेत रूटिंग, लम्बाई सुमेलन, रूट कवचन, विया जुड़ाव, पावर तथा ग्राउन्ड परत नियमन का समावेश होता हैं। इ-कैड सैक में डिजाईन की जानेवाली उच्च गति पीसीबी में भी आवश्यकता के अनुसार इन तकनीकों का समावेश किया जाता है, जिसमें से विशेषतः लंबाई सुमेलन तकनीक की चर्चा इस लेख में की गई है|

लंबाई सुमेलन क्या है

उच्च गति पीसीबी में परिपथ की आवश्यकता के अनुसार संकेतों के समूह को एक साथ एक ही समय पर अपने प्रेषण स्थान से अभिग्राही स्थान तक पहुंचाना होता है| घटक स्थापन तथा उनके पिन नियमन के कारण पीसीबी पर इन संकेत समूहों की भौतिक लंबाई एक - दुसरे से भिन्न होती है, जो सिग्नल अखंडता को प्रभावित करती है| ले-आउट डिजाईन के दौरान रूट की भौतिक लंबाई को आवश्यकता के अनुसार बढ़ाने अथवा घटाने की तकनीक को लंबाई सुमेलन कहा जाता है|



चित्र 1: लंबाई सुमेलन

लंबाई सुमेलन संरचनाएँ:

सामान्यतः पीसीबी में लंबाई सुमेलन संरचनाएँ तीन हैं|

1. अकॉर्डियन: इसका उपयोग किया जाता है ताकि अतिरिक्त लंबाई को सीधे ट्रेस के साथ एक छोटी दूरी

में फिट किया जा सके।



2. ट्रॉम्बोन : इस विधि का उपयोग अक्सर कम गति वाले सिग्नलों से निपटने या कम अंतराल में रूटिंग करते समय किया जाता है|



3. सॉटूथ: जिसका उद्देश्य मोड रूपांतरण और विस्तारित खंडों के बीच क्रॉसटॉक की उपस्थिति को सीमित करना है।



लंबाई सुमेलन कहाँ महत्वपूर्ण है?

पीसीबी में परिपथ के व्यवधान तथा उपयोगिता के अनुसार लंबाई सुमेलन तकनीक को विविध समूहों पर लागू किया जाता है, जिसका विवरण यहाँ पर दिया गया है|

मेमोरी इंटरफ़ेस: DDR, DDR2, DDR3, DDR4

समानांतर बसें: PCI, PCIe, GPIO, डेटा/एड्रेस लाइनें

उच्च-गति इंटरफ़ेस: USB, ईथरनेट, LVDS

समानांतर संकेत : लंबाई सुमेलन का लक्ष्य समानांतर डेटा बस पर skew को रोकना है। एक समानांतर बस में, सबसे छोटे ट्रेस पर प्रसारित होने वाला सिग्नल सबसे पहले पहुँचेगा, इसलिए यह बस पर अन्य सिग्नलों से पहले एक डाउनस्ट्रीम गेट को ट्रिगर करेगा, जो डेटा विरूपण का कारण बन सकती हैं। लंबाई सुमेलन संकेत के आगमन को समकालिक बनाकर skew को रोकने में मदद करता है|



चित्र 2: अड्रेस बस के लिए लंबाई सुमेलन

अंतरी संकेत: अंतरी संकेतों में, लंबाई सुमेलन सुनिश्चित करता है कि दोनों रूट की लंबाई समान हो, जिससे रव निरसन अधिकतम हो और EMI समस्याओं को रोका जा सके।



चित्र 3: अंतरी संकेत के लिए लंबाई सुमेलन

लंबाई सुमेलन के लिए दिशानिर्देश

पीसीबी डिज़ाइन नियम आमतौर पर लंबाई मिलान प्रतिबंधों को निर्दिष्ट करते हैं, जिन्हें पीसीबी संविरचन से पहले डिज़ाइन नियम जाँच (DRCs) के माध्यम से सत्यापित किया जाता है। ये नियम सिग्नल समय विश्लेषण और निर्माता क्षमताओं पर आधारित होते हैं।

- क्लॉक संकेतों का उनके संबंधित डेटा/एड्रेस/नियंत्रण लाइनों से मिलान करें।
- समय सम्बन्धी आवश्यकताओं के आधार पर विशिष्ट सहनशीलता के भीतर डेटा तथा अड्रेस समूहों का मिलान करें।

- डेटा तथा अड्रेस समूह संकेत के बीच में समान तथा पर्याप्त अंतर रखें ताकि सुमेलन सहजता पूर्वक हो सके|
- लंबाई सुमेलन प्राप्त करने के लिए सर्पेन्टाइन ट्रेस या जॉग जैसी विलंब ट्यूनिंग संरचनाओं का उपयोग करें।
- अंतरी संकेत में सुमेलन तकनीक को अभिग्राही बिंदु पर लागू करें|
- अंतरी संकेत में सुमेलन को बहुत ही कम अंतराल के लिए लागू करें|

- अनावश्यक विया के उपयोग को टालकर रूट की लंबाई को नियंत्रित करें|

निष्कर्ष

उच्च गति पीसीबी में लंबाई सुमेलन पीसीबी डिज़ाइन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो सिग्नल अखंडता, समय सटीकता और समग्र प्रणाली विश्वसनीयता को सीधे प्रभावित करता है। लंबाई सुमेलन के पीछे के सिद्धांतों को समझना और अंतरी संकेत तथा डेटा / अड्रेस संकेत समूहों के लिए उचित दिशानिर्देशों के अनुसार रूटिंग करना आधुनिक पीसीबी डिजाईन और संविरचना के लिए आवश्यक अभ्यास हैं। इ-कैड, सैक में हम पीसीबी डिजाईन के दौरान लंबाई सुमेलन और अन्य सिग्नल अखंडता चुनौतियों का सटीकता और सावधानी से समाधान सुनिश्चित करते हैं ताकि एक विश्वसनीय और उच्च-प्रदर्शन वाले पे-लोड का निर्माण किया जाए।

आभार

इस लेख को लिखने व् प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने हेतु मूल्यांकन समिति और तकनीकी संगोष्ठी आयोजन समिति, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला का आभार| हम श्री विनय कुमार, प्रधान, पी.सी.बी. डिजाईन संविचरन एवं योजना प्रभाग, श्री अरुण बिंदल, समूह निदेशक इ.एफ.एम.जी के अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने हमें यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। | राजभाषा कार्यान्वयन के सतत प्रोत्साहन के लिए श्री निलेश देसाई, निदेशक, सैक को खूब खूब धन्यवाद।हम वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी तथा हिन्दी कक्ष के सभी सहकर्मियों के भी अत्यंत आभारी हैं जिनके सहयोग से यह लेख संपूर्ण हो सका है ।

सन्दर्भ

[1] M. Hosseini, “Length matching in PCB: Techniques, formulas, and tolerances for high-speed design,” *Arshon Inc. Blog - We offer complete end-to-end electronic design and manufacturing services*, 19-Mar-2025. .

[2] Https://www.nwengineeringllc.com/article/guide-to-pcb-trace-length-matching-in-high-speed-design.php#analog-differential-signals. [Accessed: 18-Jul-2025].

[3] “High speed PCB design techniques,” *TronicsZone*, 29-Feb-2020. .

गुजरात के अर्ध-शुष्क धान्य कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र में मीथेन फ्लक्स का भूमि-आधारित एवं उपग्रहीय प्रेक्षणों द्वारा आकलन

राहुल निगम

वैज्ञानिक/अभियंता एसजी, सटीक कृषि एवम् फसल पूर्वानुमान प्रभाग / कृषि, वानिकी तथा पारिस्थिति तंत्र विज्ञान तथा अनुप्रयोग समूह, पृथ्वी और ग्रहीय विज्ञान एवं अनुप्रयोग क्षेत्र, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो) अहमदाबाद ईमेल rahulnigam@sac.isro.gov.in

सार

इस अध्ययन में चावल की खेती से मीथेन (CH_4) उत्सर्जन का आकलन एड्डी कोवेरियंस मापन तकनीक से किया गया, जबकि खेती का क्षेत्रफल और फसल अवधि की जानकारी Sentinel-1 SAR उपग्रह डेटा से प्राप्त की गई। यह अध्ययन 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में खरीफ 2021 और 2023 के मौसम के लिए किया गया। 2021 में चावल का क्षेत्रफल 5,39,627 हेक्टेयर था, जो 2023 में 1.84% बढ़कर 5,49,726 हेक्टेयर हो गया। समय पर रोपा गया धान क्षेत्र का लगभग 50% था, इसके बाद जल्दी और देर से रोपाई वाले क्षेत्र थे। फसल अवधि 90 से 110 दिनों के बीच रही, जो अर्ध-शुष्क जलवायु और कम अवधि वाली प्रजातियों की किसानों की पसंद के कारण अपेक्षाकृत कम थी। 2021 में अधिकतम मीथेन फ्लक्स 3.8 mmol m^{-2} $दिन^{-1}$ था, जबकि 2023 में यह 5.1 mmol m^{-2} $दिन^{-1}$ रहा। कुल उत्सर्जन 2021 में 167 mmol m^{-2} से बढ़कर 2023 में 368 mmol m^{-2} हो गया, जिसका मुख्य कारण महामारी के बाद जैविक पदार्थ का पुनः उपयोग रहा।

प्रस्तावना

वैश्विक तापवृद्धि का अर्थ पृथ्वी की सतह के समीप तापमान में वृद्धि है, जो मुख्यतः मानवीय गतिविधियों से उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों (GHGs) की अधिकता के कारण हो रही है (मायरे एवं अन्य, 2013)। हालांकि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव विभिन्न कृषि-जलवायविक क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूप में प्रकट होते हैं, अधिकांश क्षेत्रों में इसकी वजह से फसल उत्पादन और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे फसल गुणवत्ता और बाजार मूल्य में अस्थिरता उत्पन्न हो रही है (IPCC, 2022)। हालिया तापवृद्धि प्रवृत्तियों के कारण प्रमुख खाद्य फसलों की वृद्धि अवधि घट गई है, जिससे वैश्विक कृषि उत्पादन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है (तान एवं अन्य, 2024)।

एक वैश्विक अध्ययन के अनुसार, 1961 से 2017 के बीच मानवजनित तापवृद्धि के कारण तीन प्रमुख फसलों–मक्का, गेहूं और चावल–की औसतन 5.3% उपज में कमी आई, जिसमें मक्के की उपज में 5.9%, गेहूं में 4.9% और चावल में 4.2% की गिरावट दर्ज की गई (मूर एवं अन्य, 2020)। ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि का प्रमुख कारण है। इनमें मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), मीथेन (CH_4), नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) और जल वाष्प (H_2O) शामिल हैं।

मीथेन (CH_4) फ्लक्स मापने की एड्डी कोवेयरिएंस विधि

एड्डी कोवेयरिएंस (EC) विधि, सतह और वायुमंडल के बीच मीथेन (CH_4) फ्लक्स मापने की एक विश्वसनीय और व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली तकनीक है। यह विधि वायुमंडलीय गति में मौजूद घूमते हुए छोटे-बड़े भंवरों पर आधारित है, जो गैसों को सतह से ऊपरी वातावरण तक ले जाते (चित्र 1) ।

चित्र 1. एडी कोवेरियंस प्रणाली की संरचना

अध्ययन के उद्देश्य

धान के मुख्य जैविक चरणों में मीथेन (CH_4) उत्सर्जन गुणांकों का निर्धारण करना। लैंडस्केप स्तर पर मीथेन उत्सर्जन का आकलन।

अध्ययन क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण :

यह अध्ययन गुजरात राज्य के खेड़ा और आसपास के जिलों में किया गया, जैसा कि चित्र 3 में दर्शाया गया है। यह क्षेत्र उत्तर गुजरात कृषि-जलवायु क्षेत्र में आता है, जहाँ खरीफ मौसम में मुख्य रूप से धान की खेती होती है (चित्र 2 3) ।



चित्र 2. नवगाम स्थित मुख्य धान अनुसंधान केंद्र का विस्तृत अध्ययन क्षेत्र।



चित्र 3. अध्ययन क्षेत्र: गुजरात के खेड़ा एवं आस-पास के जिले

उपग्रह डेटा इस अध्ययन में सेंटीनेल-**1** उपग्रह का C-बैंड सार डेटा उपयोग किया गया, जिसकी स्थानिक विभ 10 मीटर है।

स्थानिक आंकड़े मीथेन फ्लक्स प्रणाली

गुजरात के अर्ध-शुष्क क्षेत्र में धान के खेतों से मीथेन (CH_4) उत्सर्जन की ऋतुकालीन और दैनिक प्रवृत्तियों का अध्ययन करने के लिए, आनंद कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत नवगाम स्थित मुख्य धान अनुसंधान केन्द्र पर LI-7700 ओपन-पाथ मीथेन एनालाइज़र आधारित फ्लक्स प्रणाली स्थापित की गई (चित्र 1)।

कार्यप्रणाली

इस अध्ययन में **2021** और **2023** के तीन वर्षों के लिए धान की फसल का वितरण, फेनोलॉजी और अवधि मानचित्रित करने हेतु सार डेटा का उपयोग किया गया। साथ ही, एड्डी कोवेरिएंस प्रणाली से प्राप्त स्थल-आधारित मीथेन फ्लक्स डेटा का उपयोग कर धान के विभिन्न विकास चरणों के दौरान दैनिक और चरण-वार औसत मीथेन उत्सर्जन की गणना की गई। प्रत्येक चरण की अवधि के आधार पर कुल मीथेन उत्सर्जन और **100** किमी² क्षेत्र के लिए संचयी फ्लक्स निकाला गया। साथ ही, मौसम डेटा को शामिल कर प्रमुख प्रभावी कारकों का विश्लेषण किया गया।

सार बैकस्कैटर प्रोफाइल से धान की फेनोलॉजी को मॉडल करने के लिए एक गणितीय अभिव्यक्ति तैयार की गई

(चित्र 4), जिससे फसल की वृद्धि अवस्था का सटीक अनुमान लगाया जा सका।



चित्र 4. धान के बैकस्कैटर प्रोफाइल द्वारा फेनोलॉजी का अवलोकन

परिणाम

खरीफ **2021:** मीथेन उत्सर्जन **1.98** से **3.76** ग्राम/मी² तक रहा। प्रारंभिक रोपाई वाले क्षेत्रों में उत्सर्जन अधिक था क्योंकि फसल अवधि लंबी थी (चित्र 5)।

खरीफ **2023:**

मीथेन उत्सर्जन **2.96** से **5.28** ग्राम/मी² तक दर्ज हुआ (चित्र 6)। **MRRS** में भी उत्सर्जन इसी सीमा में रहा। **2023** में जैविक पदार्थ (**OM**) का **50%** अधिक प्रयोग और वर्षा (**868** मिमी बनाम **800** मिमी) के कारण उत्सर्जन अधिक रहा।



चित्र 5.



चित्र 6.

चित्र 5 **एवं चित्र** 6 **में** 2021, 2023 के धान मौसम में नवगाम और उसके आसपास के **100** वर्ग किमी क्षेत्र से मीथेन उत्सर्जन का कुल स्थानिक वितरण

निष्कर्ष

जैविक पदार्थ का प्रभाव:

2021 में महामारी के कारण जैविक पदार्थ की कमी से CH_4 उत्सर्जन और उत्पादन कम रहा, जबकि **2023** में जैविक कम्पोस्ट के पुनः उपयोग से उत्सर्जन और उपज दोनों में वृद्धि हुई।

बेहतर प्रबंधन से **2023** में उत्सर्जन और उपज दोनों में वृद्धि हुई, जो उत्पादन और पर्यावरणीय प्रभाव के बीच संतुलन की आवश्यकता को दर्शाता है।

आभार

हम निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो), अहमदाबाद एवं उप निदेशक (EPSA) तथा समूह निदेशक (AESG) के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें यह परियोजना करने और पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया।

सन्दर्भ

मायरे, जी., शिन्डेल, डी., ब्रेओं, एफ.-एम., कॉलिन्स, डब्ल्यू., फुगलेस्टवेड्ट, जे., हुआंग, जे., कोच, डी., लामार्क, जे.-एफ., ली, डी., मेंडोज़ा, बी., नाकाजिमा, टी., रोबॉक, ए., स्टीफेन्स, जी., ताकेमुरा, टी., एवं झांग, एच. (2013)। मानवजनित और प्राकृतिक विकिरण बल। जलवायु परिवर्तन 2013: भौतिक विज्ञान आधार (IPCC

कार्य समूह-I की पाँचवीं मूल्यांकन रिपोर्ट में योगदान), पृष्ठ 659-740। केम्ब्रिज विश्वविद्यालय प्रेस।

मूर, टी. आर.; रूलेट, एन. टी.; और नोल्स, आर. (1990)। उप-आर्कटिक/उत्तरी बोरियल फेन्स (दलदली क्षेत्रों) से मीथेन फ्लक्स की स्थानिक और कालिक विविधता। ग्लोबल बायोजियोकेमिकल साइकल्स, 4(1), 29-46। https://doi.org/10.1029/GB004i001p00029

तान, झेली; याओ, हुआक्सिया; मेलैक, जॉन; ग्रोसेर्ट, हांस-पीटर; जानसेन, योआखिम; बलथान्दायुथबानी, सिवाकिरुथिका; सारग्स्यान, खाचिक; और ल्यांग, एल. रूबी। (2024)। ग्लोबल मीथेन उत्सर्जन के लिए एक झील जैव-रसायन मॉडल: मॉडल विकास, स्थल-स्तरीय प्रमाणीकरण, और वैश्विक प्रयोज्यता। जर्नल ऑफ एडवांसेज़ इन मॉडलिंग अर्थ सिस्टम्स, प्रथम प्रकाशन:। https://doi.org/10.1029/2024MS004275

उपग्रह प्रणालियों के लिए एल्युमीनियम के इलेक्ट्रोलाइटिक काले एनोडाइजिंग में समस्या निवारण

डॉ. वैशाली उमरानिया*, शरद शुक्ल

*वैज्ञानिक/अभियंता एस.डी., अंतरीक्ष उपयोग केन्द्र,अहमदाबाद vaishali@sac.isro.gov.in

सार

एल्युमीनियम के इलेक्ट्रोलाइटिक काले एनोडाइजिंग में कई समस्याएँ सामने आ सकती हैं, जैसे रंग का असमान होना, समय के साथ फीका पड़ना, सतह पर दोष, फटना और बुलबुले। इन समस्याओं के समाधान के लिए सतह की सही तैयारी आवश्यक है। प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रोलाइट का उचित घोल, पी.एच., तापमान और वोल्टेज का सटीक नियंत्रण जरूरी है। प्रक्रिया के समय रंग की समानता के लिए मिश्रण और समय का ध्यान रखना चाहिए। सतह को अच्छी तरह सील करने से रंग की स्थिरता और टिकाऊपन बढ़ता है। नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता जांच से दोषों का तुरंत पता लगाना संभव है। इन उपायों का पालन कर, काले एनोडाइजिंग की गुणवत्ता, स्थिरता और सौंदर्य बढ़ाया जा सकता है, जिससे उत्पाद की औद्योगिक और व्यावसायिक मान्यता में सुधार होता है।

प्रस्तावना :

एल्यूमीनियम के लिए यह रासायनिक फिल्म विसर्जन काली परत एक सुरक्षात्मक फिल्म प्रदान करती है। यह प्रक्रिया उचित ओक्साइड प्रतिरोध प्रदान करती है और कोई सराहनीय आयामी परिवर्तन नहीं करती है। परत एक उत्कृष्ट पेंट आधार है और अक्सर कैमरा, ऑप्टिकल और विद्युत घटकों के साथ-साथ अन्य घटकों पर उपयोग की जाती है जिन्हें गैर-प्रतिबिंबित सतह की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया को जीसैट और आईआरएनएसएस अंतरिक्ष यान के कुछ ऑनबोर्ड इलेक्ट्रॉनिक पैकेजों पर सफलतापूर्वक लागू किया गया है।



चित्र 1 एल्यूमीनियम पर एक एनोडिक कोटिंग का रेखाचित्र

हालाँकि यह लेख समस्या निवारण पर केंद्रित है, फिर भी सबसे पहले उन अभ्यासों का उल्लेख करना ज़रूरी है जो समस्याओं को रोकने में मदद करते हैं। चित्र 1 में काले एनोडाइज़िंग प्रक्रिया का अनुप्रस्थ छेद दिखाया गया है जो छिद्रों के अंदर परत, एनोडिक छिद्र और जमा धातु को दर्शाता है।। एनोडाइजिंग सल्फ्यूरिक अम्ल घोल में किया जाता है और काले एनोडाइजिंग कोबाल्ट एसीटेट, निकल सल्फेट और बोरिक अम्ल घोल में किया जाता है।

एनोडाइज़िंग प्रक्रिया के लिए प्रचाल

- सल्फ्यूरिक अम्ल की सांद्रता 180±20 ग्राम/लीटर
- घुले हुए एल्यूमीनियम की सांद्रता 2-20 ग्राम/लीटर
- बाथ का परिचालन तापमान 22±5°C
- केथोड़ लेड रखें।
- धारा घनत्व 14±3 V (DC)
- एनोडाइजिंग घोल का ज़ोरदार लेकिन एक समान वायु-आवेग बनाए रखें।

• बाथ के तापमान और वायु-आवेग की एकरूपता की जाँच करें।

रंगाई प्रक्रिया के लिए प्राचल

• काउंटर इलेक्ट्रोड पंक्तियों के बीच समान दूरी बनाए रखें।

• इलेक्ट्रोड स्ट्रिप्स को नियमित रूप से जांचें और आवश्यकतानुसार बदलें।

• घोल का हल्का और एकसमान परिसंचरण बनाए रखें।

• बाथ के रसायन विज्ञान को निर्धारित प्राचल अनुसार बनाए रखें।

एनोडाइजिंग प्रक्रिया से संबंधित सबसे आम समस्याओं का निवारण

समस्या	संभावित कारण	समाधान
घटक एनोडाइज नहीं हुआ है	अनुचित जिगिंग या ढीले संपर्क	एनोडिक परत को हटा कर घटक को उचित जिगिंग सुनिश्चित करते हुए पुनः संसाधित करना
घटक को एनोडाइज्ड किया गया है और उसके रिक्त स्थानों में एनोडिक फिल्म नहीं है।	रिक्त स्थानों में हवा या गैस की पॉकेट	बाथ सॉल्यूशन का परिसंचरण सुनिश्चित करें, घटकों को ठीक से रखें या एनोडिक परत को हटा कर पुनः संसाधित करें
इलेक्ट्रो डिस्चार्ज मशीन्ड (ईडीएम) सतह एनोडाइजिंग के बाद भी कनेक्टिविटी दिखाती है।	ईडीएम सतह का खुरदरापन एनोडाइज़ेशन के लिए अनुकूल नहीं है।	एनोडाइज़ेशन से पहले घटक पर अधिकतम संभव सतह पुनर्रचना का प्रयास करना।
किसी भाग के अंदर असमान रंग	कोटिंग की मोटाई में 3 माइक्रोमीटर (0.12 मिली) से अधिक भिन्नता	विद्युत संपर्कों की जाँच करें, बाथ केमिस्ट्री और तापमान पर कड़ा नियंत्रण बनाए रखें।
गहरे रंग	कम एनोडाइजिंग वोल्टेज। उच्च सल्फ्यूरिक अम्ल। उच्च घुलित एल्युमीनियम	बाथ तापमान कम करें। सल्फ्यूरिक अम्ल का स्तर कम करें। एल्युमीनियम का स्तर कम करें।
हल्के रंग	उच्च एनोडाइजिंग वोल्टेज। कम बाथ तापमान। कम सल्फ्यूरिक अम्ल। कम घुलित एल्युमीनियम	वोल्टेज कम करें। बाथ तापमान बढ़ाएँ। सल्फ्यूरिक अम्ल बढ़ाएँ। एल्युमीनियम का स्तर बढ़ाएँ।
धब्बेदार रंग	असमान वायु प्रवाह खराब तापमान नियंत्रण	कार्यभार के नीचे से और पूरी लंबाई में वायु प्रवाह प्रदान करें। थर्मोस्टेट की जाँच करें।

रंगाई प्रक्रिया से संबंधित सबसे आम समस्याओं का निवारण

समस्या	संभावित कारण	समाधान
चित्र फ्रेमिंग - कार्यभार के	बाथ अम्ल स्तर बहुत अधिक,	अम्ल स्तर कम करें।

समस्या	संभावित कारण	समाधान
बाहर रंग गहरा और अंदर हल्का।	बाथ चालकता बहुत अधिक, वोल्टेज बहुत कम	बाथ चालकता कम करें। वोल्टेज बढ़ाएँ।
चित्र फ़्रेमिंग उलटें - कार्यभार के बाहर रंग हल्का और अंदर गहरा।	बाथ अम्ल स्तर, बहुत कम, बाथ चालकता बहुत कम, वोल्टेज बहुत अधिक।	अम्ल स्तर बढ़ाएँ। बाथ चालकता बढ़ाएँ। वोल्टेज कम करें।
काली एनोडाइज़्ड सतह पर छिलना।	काली एनोडाइज़िंग के दौरान निम्न pH और उच्च वोल्टेज।	काली एनोडाइज़िंग बाथ के pH और सभी मापदंडों को बनाए रखें।
पुर्जों पर खड़ी ज़ेबरा धारियाँ।	खराब हुए काउंटर इलेक्ट्रोड। बिजली का कोई संपर्क नहीं।	खराब हुए इलेक्ट्रोड की जाँच करें और उन्हें बदलें। बिजली के संपर्क की जाँच करें और उन्हें कसें।

निष्कर्ष

एनोडाइजिंग बाथ रसायन विज्ञान और उसके संचालन मापदंडों पर कड़े नियंत्रण बनाए रखना जरूरी है। ये पैरामीटर रंग की एकरूपता और फिनिश की निरंतर गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान इलेक्ट्रोलाइटिक रंगाई द्वारा उत्पादित फिनिश की गुणवत्ता, नीचे की एनोडाइज्ड फिल्म की गुणवत्ता का बहुत हद तक प्रतिबिंब होती है। ऊपर चर्चा किए गए महत्वपूर्ण मापदंडों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाकर, अस्वीकृत उत्पादों की संख्या कम की जा सकती है और निरंतर गुणवत्ता बनाए रखी जा सकती है।

आभार

हम पी.आर.एल. राजभाषा कार्यान्वन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के प्रति अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने हमें यह लेख लिखने का अवसर प्रदान किया। लेखक समूह निदेशक, समीक्षकों का आभार व्यक्त करते हैं। सह निदेशक और निदेशक-सैक को धन्यवाद।

सन्दर्भ

[1] बी. श्रीनिवासन, "एल्युमीनियम के विद्युत अपघटनी रंग एनोडाइज़ेशन का समस्या निवारण," सर्फ, पृष्ठ 757-763, 2006।

[2] एम. फ्रेंको, एस. अनूप, आर. उमा रानी, और ए. के. शर्मा, "विद्युत रासायनिक अध्ययनों द्वारा एनोडाइज़्ड और ब्लैक-एनोडाइज़्ड एल्युमीनियम की छिद्रपूर्ण परत का लक्षण वर्णन," आईएसआरएन कोरोस, खंड 2012, पृष्ठ 1-12, 2012।

[3] ए. के. शर्मा, आर. यू. रानी, ए. मालेक, के. एस. एन. आचार्य, एम. मुद्दू, और एस. कुमार, "मैग्नीशियम-लिथियम मिश्रधातु का ब्लैक एनोडाइज़ेशन," मेट. फ़िनिश, खंड 94, संख्या 4, पृष्ठ 16-27, 1996।

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

डिजिटल युग में युवाओं की शोध क्षमताएँ एवं अवसर

यशश जैन

वैज्ञानिक अभियंता - एससी, एम.आर.एस.ए, सैक, अहमदाबाद, yashashjain@sac.isro.gov.in

सार

डिजिटल युग वैज्ञानिक अनुसंधान को नया रूप दे रहा है, जिससे युवाओं के लिए असीमित अवसर पैदा हो रहे हैं। यह लेख इन्हीं क्षमताओं और अवसरों पर प्रकाश डालता है, साथ ही भारत सरकार की ANRF, NQM, और ONOS जैसी अभिनव पहलों की भी समीक्षा करता है। भारत हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जैसे अंतरिक्ष (चंद्रयान-3, आदित्य-एल1), डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर (UPI), टीका विकास (ZyCoV-d) और क्वांटम संचार। ये प्रगति युवाओं के लिए अंतःविषय, समस्या-संचालित अनुसंधान में महत्वपूर्ण ढाँचा प्रदान कर रही हैं। हालाँकि, अनेक चुनौतियों जैसे कम जीईआरडी (जीडीपी का लगभग 0.7% अनुसंधान पर खर्च), सरकारी धन पर निर्भरता और डिजिटल विभाजन शामिल हैं। इन समस्याओं के निवारण हेतु मेंटरशिप, विविध वित्त फंडिंग, मुक्त विज्ञान और उद्योग-अकादमिक संबंधों में तीव्रता की आवश्यकता हैं |

प्रस्तावना

डिजिटल युग ने वैश्विक वैज्ञानिक परिदृश्य को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिससे राष्ट्रीय विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए एक मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की मांग बढ़ गई है। भारत, अपनी बड़ी युवा आबादी और बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, इस परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। यह पत्र भारत की वर्तमान अनुसंधान क्षमताओं, इसके युवाओं के लिए उभरते अवसरों, प्रमुख अनुसंधान राष्ट्रों से सीखने वाले सबक और लगातार चुनौतियों का पता लगाता है, जिसमें रणनीतिक सरकारी पहलों और उद्योग-अकादमिक तालमेल की भूमिका पर जोर दिया गया है।

देश की अनुसंधान क्षमताएँ

भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में विश्व स्तरीय विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है:

अंतरिक्ष अन्वेषण: भारत ने **चंद्रयान-3** (चंद्रमा पर सफल लैंडिंग) और **आदित्य-एल1** (सूर्य का अध्ययन करने वाला मिशन) जैसे मिशनों के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। [1]

डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर: देश ने **आधार** और **UPI** (एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस) जैसे अत्याधुनिक डिजिटल **उपयोग आने वाले बिहारनगरीय ई-चुनाव प्रक्रिया में प्रयोग में लाये जाने के प्रयास हैं|** [2]

टीका विकास: भारत ने **ZyCoV-D** (विश्व का पहला डीएनए-आधारित कोविड-19 टीका) जैसे नवाचारों के साथ त्वरित टीका विकास में अपनी क्षमता साबित की है। [3]

क्वांटम प्रौद्योगिकियां: SAC/DRDO/IIT दिल्ली के सुरक्षित संचार प्रयासों जैसी पहल के साथ क्वांटम प्रौद्योगिकियों में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

AI/ML का अनुप्रयोग: भारत स्थानीय चुनौतियों के समाधान के लिए AI और ML का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है, जैसे कम समय में टाइफाइड X -Ray मशीन एवं AI की मदद से TB बीमारी का पता लगाना। [4]

युवाओं के लिए उभरते अनुसंधान अवसर

इन बढ़ी हुई क्षमताओं को राष्ट्रीय पहलों द्वारा पूरक किया जा रहा है जो युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा दे रही हैं:

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

चित्र 1 अनेक क्षेत्रों में अनुसंधान के अवसर

"वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन" (ONOS): जनवरी 2025 से लागू होने वाली यह पहल, लगभग 1.8 करोड़ छात्रों के लिए

वैश्विक अकादमिक लेखों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाएगी, जिससे ज्ञान का प्रसार होगा।

अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF): फरवरी 2024 में स्थापित, ANRF युवा शोधकर्ताओं के लिए **प्रधानमंत्री प्रारंभिक करियर अनुसंधान अनुदान (PM ECRG)**, मेंटरशिप के लिए **PAIR**, और समावेशी भागीदारी के लिए **IRG** जैसी योजनाएं प्रदान करता है।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM): ₹6,003.65 करोड़ के बजट के साथ, NQM थीमेटिक हब के माध्यम से अत्याधुनिक क्वांटम क्षेत्रों में प्रत्यक्ष अवसर पैदा करता है।[5]

चुनौतियाँ

भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो सूची1 में दर्शाया गया हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल **लगभग 0.7%** ही अनुसंधान पर खर्च होता है और **लगभग 59% वित्त पोषण सरकार से** आता है, जबकि अमेरिका/चीन में यह निजी क्षेत्र से 75-80% होता है। **डिजिटल विभाजन** के कारण लगभग 44.7% आबादी ऑफलाइन है और केवल 28.5% युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता है। **बुनियादी ढांचे की कमी, प्रतिभा पलायन और नौकरशाही** के कारण अनुसंधान को वाणिज्यिक उत्पादों में बदलने में भी बाधाएँ आती हैं।

अन्य देशों से सीख एवं नवीन पहल

भारत अपने अनुसंधान की गति को बढ़ाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपना सकता है। इसमें अमेरिका/यूरोपीय संघ के मॉडल के समान, शुरुआती करियर के शोधकर्ताओं के लिए **संरचित मेंटरशिप** और विविध करियर मार्गों को संस्थागत बनाना शामिल है। **ONOS** से परे मुक्त विज्ञान पहल का विस्तार कर मजबूत डेटा रिपॉजिटरी और अनिवार्य डेटा प्रबंधन योजनाओं को शामिल करने से पारदर्शिता बढ़ेगी। वित्त

मापदंड	भारत	चीन	USA
अनुसंधान और विकास पर सकल व्यय (GERD) [1]	0.7%	2.4%	3.4%
अनुसंधान एवं विकास वित्त पोषक	59% (सरकार)	80% (निजी क्षेत्र)	75% (निजी क्षेत्र)
ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) (2024) [6]	39th	11th	3rd
विज्ञान प्रकाशनों में वैश्विक रैंक (2023) [7]	3rd	1st	2nd
QS शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में (2025-26) [8]	0	2	~30+

पोषण स्रोतों में विविधता लाना, विशेष रूप से **₹1 लाख करोड़ के नवाचार कोष** जैसे तंत्रों के माध्यम से निजी क्षेत्र के योगदान को बढ़ाना, अधिक जोखिम लेने वाले और अन्वेषक-शुरू किए गए अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा। **ANRF के EV-मिशन** में देखे गए उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करना प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए महत्वपूर्ण है। अंत में, औपचारिक **विज्ञान संचार प्रशिक्षण** में निवेश से सार्वजनिक जुड़ाव बढ़ेगा, जो विज्ञान में विश्वास बनाने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के अनुरूप होगा| **साथ ही ISRO/DRDO जैसे संस्थाओ को अपने अनुसंधान क्षमताओं को और निखारने**

एवं देश के उच्च शिक्षण संस्थाओ जैसे IIT/NIT/IIIT के साथ मिलकर नयी तकनीकी की खोज करना आवश्यक है|

निष्कर्ष

डिजिटल इंडिया युवाओं के लिए अनुसंधान के आशाजनक अवसर प्रदान कर रहा है, जो रणनीतिक सरकारी पहलों और तकनीकी प्रगति से प्रेरित हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, वैक्सीन और क्वांटम तकनीक में उपलब्धियों के बावजूद, कुछ चुनौतियाँ बनी हुई हैं: कम GERD (जीडीपी का 0.7%), सरकारी वित्त पोषण पर अत्यधिक निर्भरता, और डिजिटल असमानताएँ। मेंटरशिप, विविध वित्त फंडिंग, मुक्त विज्ञान और उद्योग-अकादमिक सहयोग में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना महत्वपूर्ण है। भारत की उल्लेखनीय प्रगति अनुसंधान के भविष्य को आकार देने में अपने युवाओं को पूरी तरह सशक्त बनाने के लिए निरंतर निवेश, मजबूत साझेदारी और मौजूदा कमियों को दूर करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

आभार

लेखक श्री उत्सव बनर्जी (IISc प्रोफेसर) को उनकी व्यावहारिक तकनीकी चर्चाओं के लिए आभार व्यक्त करते हैं। श्रीमती रिंकू अग्रवाल, और श्री बी सरवना कुमार को उनके बहुमूल्य फीडबैक के लिए विशेष धन्यवाद दिया जाता है। साथ ही सभी सहकर्मी एवं पूर्व विद्यार्थी मित्रो का भी विशेष आभार व्यक्त करते हैं|

सन्दर्भ

[1] विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार।(2022-23)। अनुसंधान एवं विकास सांख्यिकी एक नज़र।

[3]https://www.newsonair.gov.in/bihar-becomes-1st-state-to-launch-e-voting-system-for-urban-polls/

[3] https://en.wikipedia.org/wiki/ZyCoV-D

[4]https://indianexpress.com/article/health-wellness/indias-tb-x-factor-ai-powered-portable-kit-early-fast-detection-10124712/

[5]प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), भारत सरकार। (विभिन्न विज्ञप्ति, 2023-2025)। अंतरिक्ष मिशन, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, एएनआरएफ, डिजिटल इंडिया पर अपडेट।

[6]विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)। (2024)। वैश्विक नवाचार सूचकांक 2024।

[7] डिजिटल 2025: भारत - वैश्विक डिजिटल अंतर्दृष्टि।

[8]क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग। (2025-2026)। परिणाम और विश्लेषण।

सुरक्षित संचार हेतु क्वांटम उपग्रह प्रणाली: संभावनाएं एवं चुनौतियाँ

देवांग मांकड़
प्रभाग प्रधान, एनडीपीडी, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (इसरो), devang@sac.isro.gov.in

सार

दूरसंचार क्रांति ने दुनिया को एक सूत्र में बांधने और सूचना के आदान-प्रदान को त्वरित और सुलभ बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस क्रांति में विशेष रूप से उपग्रहों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे दूरसंचार तकनीकों में क्रांतिकारी बदलाव आए। तकनीकी विकास के साथ, उपग्रह संचार प्रणाली ने बेहतर कवरेज और उच्च डेटा ट्रांसमिशन क्षमता प्रदान की है। इन संचार प्रणालियों में हैकिंग और साइबर हमले का खतरा रहता है। भविष्य में क्वांटम संचार के कारण उपग्रह संचार की सुरक्षा में अप्रतिम वृद्धि होने की संभावनाएं हैं। इस लेख में क्वांटम उपग्रह प्रणाली की संभावनाओं एवं चुनौतियों को दर्शित किया गया है।

प्रस्तावना

दूरसंचार क्रांति में उपग्रहों की शीर्षस्थ भूमिका रही है। उपग्रहों ने सूचना प्रसारण की गति और पहुँच में भारी मात्रा में अभिवृद्धि की है। 1970 और 1980 के दशक में संचार उपग्रह प्रणालियों का विस्तार हुआ। इनसैट(भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली) श्रृंखला के उपग्रहों से हमारे देश के अनेक इलाकों में संचार की सुविधा प्राप्त हुई। क्वांटम संचार जैसी आधुनिक तकनीकें सुरक्षित और हैकिंग-मुक्त संचार की दिशा में कारगर कदम साबित होंगे। इस लेख के अगले खंडों में क्वांटम उपग्रहों की कार्यप्रणाली, क्वांटम उपग्रहों से जुड़े कुंजी वितरण एवं एनटेंगलमेंट जैसे सिद्धांत, क्वांटम उपग्रहों के विकास से संभवित लाभ एवं चुनौतियाँ और क्वांटम तकनीकी के इसरो द्वारा किए गए प्रयोग का विवरण दिया गया है।

क्वांटम उपग्रह: परिभाषा और कार्यप्रणाली

क्वांटम यांत्रिकी उन नियमों का समूह है जो परमाणु और उपपरमाण्विक (सब-एटमिक) कणों (जैसे फोटोन) के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। जो उपग्रह क्वांटम यांत्रिकी के कुंजी वितरण एवं एनटेंगल जैसे सिद्धांतों के उपयोग से सुरक्षित और हैकिंग-मुक्त संचार की व्यवस्था को सुनिश्चित करते हैं, उन्हें क्वांटम उपग्रह कहा जाता है। इन उपग्रहों से वैश्विक संचार प्रणाली को सशक्त करने, साइबर सुरक्षा को नया स्वरूप प्रदान करने और अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नवाचार लाने में सहायता मिलेगी। क्वांटम उपग्रहों का कार्य क्वांटम बिट्स के आधार पर डेटा का संचार करना है। पारंपरिक उपग्रह रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं जबकि क्वांटम उपग्रह में डेटा प्रेषित और अभिग्राहित करने हेतु क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का प्रयोग होता है। क्वांटम एनटेंगलमेंट और सुपरपोज़िशन की सहायता से अत्यधिक सुरक्षित संचार चैनल की रचना होती है। क्वांटम एनटेंगल्ड फ़ोटोन के समूह के प्रयोग से इस प्रणाली को हैक करना लगभग असंभव हो जाता है।

क्वांटम कुंजी वितरण (क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन)

क्वांटम कुंजी वितरण एक गूढ़लेखन (क्रिप्टोग्राफ़ी) तकनीक है जो सुरक्षित संचार के लिए आवश्यक कुंजी का आदान-प्रदान करती है। इसका मुख्य सिद्धांत यह है कि यदि कोई तीसरा पक्ष संदेश में हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है तो उस हस्तक्षेप का पता तुरंत चल जाता है। इसका कारण यह है कि क्वांटम यांत्रिकी में किसी भी अवलोकन या हस्तक्षेप से क्यूबिट्स की स्थिति परिवर्तित हो जाती है, जिससे संदेश की सुरक्षा के उल्लंघन के बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त हो जाती है। इस तकनीक के उपयोग से उपग्रहों में संचार की सुरक्षा और गोपनीयता में वृद्धि हो जाती है।

डेटा एन्क्रिप्शन के लिए कार्यरत पारंपरिक क्रिप्टो सिस्टम गणितीय एल्गोरिदम की जटिलता पर निर्भर करते हैं, जबकि क्वांटम संचार द्वारा प्रदत्त सुरक्षा भौतिकी के नियमों पर आधारित होती है। चित्र 1 में क्वांटम कुंजी वितरण को दर्शाया गया है ।



चित्र 1 क्वांटम कुंजी वितरण दर्शाता हुआ चित्र

क्वांटम एनटेंगलमेंट

क्वांटम एनटेंगलमेंट एक ऐसी स्थिति है जिसमें दो कण, उनके बीच के अंतर पर आधारित नहीं होते हुए, इस प्रकार से जुड़े हुए होते हैं कि एक कण में किए गए किसी भी परिवर्तन का दूसरे कण पर तत्काल प्रभाव पड़ता है। यह सिद्धांत क्वांटम उपग्रहों में संचार के लिए उपयोगी है क्योंकि यह संचार को अत्यधिक सुरक्षित बनाता है।

क्वांटम उपग्रह के लाभ

क्वांटम उपग्रह सुरक्षित संचार चैनल प्रदान करने के गुणधर्म से वैश्विक संचार को सशक्त बनाते हैं। इन उपग्रहों के कार्यान्वयन से सुदूर क्षेत्रों में संयोजकता (कनेक्टिविटी) की कमी का समाधान संभव है। सार्थक रूप से "लास्ट माईल कनेक्टिविटी" इससे संभव होगी। इससे पृथ्वी पर संचार में सुधार के साथ अंतरिक्ष से संबंधित डेटा की सुरक्षित प्राप्ति संभव होगी।

क्वांटम उपग्रह के विकास में चुनौतियाँ

क्वांटम उपग्रह के विकास में कई तकनीकी चुनौतियाँ आती हैं। सबसे मुख्य चुनौती क्वांटम डेटा को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की है। उपग्रहों के माध्यम से संचार हेतु क्यूबिट्स को अधिक सावधानी से संरक्षित करना होता है, जिससे उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन न आ जाए। इसके अलावा, क्वांटम उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने में ज़्यादा लागत आती है।

क्वांटम तकनीकी का इसरो द्वारा सफल प्रयोग

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 300 मीटर की दूरी पर मुक्त-अंतरिक्ष क्वांटम संचार का सितंबर 2023 के दौरान सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया [1]। इस उपलब्धि को प्राप्त करने हेतु स्वदेशी रूप से विकसित तकनीकों में प्रेषित्र (ट्रांसमीटर) और अभिग्राही (रिसीवर) मॉड्यूल के बीच समय के समन्वय के लिए स्वदेशी रूप से विकसित नाविक रिसीवर का उपयोग और ऑप्टिकल संरेखण के लिए जिम्बल तंत्र प्रणाली का उपयोग शामिल है। इस प्रदर्शन में क्वांटम-की-एन्क्रिप्टेड संकेतों का उपयोग करके लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे कार्यकलाप शामिल किए गए। अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद में परिसर के भीतर दो इमारतों के बीच, क्यूकेडी का प्रदर्शन किया गया। यह प्रयोग रात में किया गया जिससे सूर्य के प्रकाश का कोई व्यवधान न हो। यह प्रयोग उपग्रह आधारित क्वांटम संचार (एसबीक्यूसी) के प्रदर्शन के इसरो के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी सफलता थी।

निष्कर्ष

वर्तमान में, उपग्रह संचार प्रणालियाँ तार सहित और तार रहित नेटवर्क के माध्यम से डेटा स्थानांतरित करती हैं। इन प्रणालियों में हैकिंग एवं सायबर हमलों का खतरा रहता है। क्वांटम तकनीकी से लेज़ उपग्रहों से सुरक्षित डेटा हस्तान्तरण की गारंटी प्राप्त होती है। क्वांटम तकनीकी का उपयोग विश्वभर के अंतरिक्ष से जुड़े संस्थानों में धीरे-धीरे बढ़ रहा है। भारत ने भी इस दिशा में अपना कदम बढ़ाया है। क्वांटम उपग्रह वास्तव में भविष्य की उन्नत तकनीकों में से एक "गेम चेंजर" साबित हो सकता है।

आभार

निदेशक-सैक, उप निदेशक-सीपा और समूह प्रधान-एमडीपीजी, प्रभाग के सभी कर्मियों एवं तकनीकी संगोष्ठी आयोजन समिति का हार्दिक धन्यवाद।

सन्दर्भ

[1] इसरो वेबसाइट

उपग्रहों की तापीय अभिकल्पना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (AI/ML) के अनुप्रयोग

कमलेश कुमार बराया
वैज्ञानिक/अभियंता-एस जी, तापीय अभियांभिकी प्रभाग, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र,
ईमेल आईडी - kkbaraya@sac.isro.gov.in

सार

उपग्रहों की तापीय नियंत्रण प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि उपग्रह के सभी घटक अनुमत तापमान की सीमाओं में ही अपना निर्दिष्ट कार्य करें। जैसे-जैसे उपग्रह मिशनों की जटिलता और क्षमताएं बढ़ती जा रही हैं, पारंपरिक तापीय डिजाइन प्रक्रियाएं कम लचीली और धीमी होती जा रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) तकनीकें इस प्रक्रिया को तेज़, अधिक सटीक और कुशल बना सकती हैं। इस लेख में उपग्रहों की तापीय डिज़ाइन में AI और ML के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला गया है, तथा उनके लाभ, चुनौतियाँ और भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई है।

प्रस्तावना

अंतरिक्ष का वातावरण अत्यंत उग्र होता है। वहाँ पर तापमान में तीव्र बदलाव हो सकते हैं क्योंकि अंतरिक्ष के निर्वात के कारण संवहन (convection) जैसी ऊष्मा विनिमय विधियाँ अनुपलब्ध होती हैं। उपग्रहों को केवल चालन (conduction) और विकिरण (radiation) के माध्यम से ही ऊष्मा का प्रबंधन करना पड़ता है। पारंपरिक रूप से तापीय डिजाइन में बहुत समय लगता है और यह तापीय डिजाइन करने वाले की विशेषज्ञता पर भी निर्भर करता है। सॉफ़्टवेयर जैसे Simcenter 3D, SINDA/FLUINT इत्यादि का प्रयोग कर सटीक तापमान मॉडलिंग की जाती है। परंतु AI/ML तकनीकों की सहायता से यह प्रक्रिया काफी तेज़ और स्वयं ही निर्णय लेने वाली हो सकती है।

उपग्रहों में तापीय अभिकल्पना की मुख्य चुनौतियां

उपग्रह अंतरिक्ष में विस्तृत तापमान में अंतर का सामना करते हैं। सूर्य के सामने वाले हिस्से का तापमान +150°C तक और छाया वाले हिस्से का -150°C तक पहुंच सकता है। अंतरिक्ष में निर्वात के कारण उपग्रह से ऊष्मा का निष्कासन केवल तापीय विकिरणों के माध्यम से ही किया जा सकता है। उपग्रह मिशनों की अवधि 10 या इससे भी अधिक वर्षों लम्बी हो सकती है। उपग्रहों में मिशन की पूरी अवधि के लिए तापमानों का उनकी अनुमत सीमाओं में बनाए रखना आवश्यक होता है। उपग्रहों पर आने वाले आन्तरिक एवं बाहरी तापीय भारों में विविधता, इसके अतिरिक्त उपग्रह के विभिन्न उपकरणों एवं नीतभारों की तापीय आवश्यकताएं अलग-अलग होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की तकनीकें इन समस्याओं के समाधान के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं।

उपग्रहों की तापीय अभिकल्पना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (AI/ML) के उपयोग

AI और ML का एक प्रमुख उपयोग थर्मल डिज़ाइन के अनुकूलन (optimization) में होता है। पारम्परिक तापीय अभिकल्पना की प्रक्रिया में तापीय अभिकल्पना में बार-बार परिवर्तन किये जाते हैं। ये परिवर्तन तब तक किये जाते हैं जब तक हमें उपग्रह के सभी घटकों के तापमान अनुमत सीमाओं के अंदर हो जाएं तथा द्रव्यमान, आयतन, विद्युत शक्ति इत्यादि संबंधित सीमाएं भी सन्तुष्ट हो जाएं। इस प्रकार यह एक मैनुअल प्रक्रिया होती है जो लम्बे समय तक चलती रहती है।

Genetic Algorithms, Bayesian Optimization, और Reinforcement Learning का उपयोग कर सर्वश्रेष्ठ थर्मल समाधान ढूंढे जा सकते हैं। Neural Networks से तापमान अनुमान लगाए जा सकते हैं, जिससे सिमुलेशन का समय कम हो जाता है। उदाहरण के लिए अमरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा नें ने Deep Neural Networks का उपयोग कर थर्मल डिज़ाइन के कई विकल्पों का मूल्यांकन किया है, जिससे समय और संसाधनों की महत्वपूर्ण बचत हुई।

सरोगेट मॉडलिंग (Surrogate Modeling) का उपयोग भी वास्तविक तापीय सिमुलेशन का समान तेजी से परिणाम प्रदान करनें में होता है। सरोगेट मॉडल वे होते हैं जो वास्तविक थर्मल सिमुलेशन के समान परिणाम बहुत तेज़ी से दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में पहले उच्च गुणवत्ता वाले सिमुलेशन डेटा से ML मॉडल को प्रशिक्षित किया जाता है। फिर नए इनपुट्स पर तापमान का अनुमान सरोगेट मॉडल द्वारा लगाया जाता है। इसका लाभ यह होता है कि उसके उपयोग के द्वारा उपग्रह के तापीय डिज़ाइन का चक्र छोटा हो जाता है। परिणामस्वरूप मिशन प्लानिंग में तेज़ निर्णय लेना संभव हो जात है।

उपग्रह की तापीय अभिकल्पना में दोष पहचान और पूर्वानुमान (Fault Detection & Prediction) में AI का उपयोग कर उपग्रह में थर्मल असामान्यताओं (thermal anomalies) की पहचान की जा सकती है। Unsupervised Learning के उपयोग से असामान्य तापमान पैटर्न की पहचान की जा सकती है। LSTM जैसे Time-series मॉडल से भविष्य के तापमानों की स्थितियों का पूर्वानुमान किया जा सकता है। उपग्रह के सक्रिय थर्मल नियंत्रण में Reinforcement Learning का उपयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए ESA के Herschel Space Observatory ने क्रायोकूलर के तापमान पूर्वानुमान हेतु ML का उपयोग किया था।

AI/ML का उपयोग भविष्यवाणी पर आधारित मॉडलिंग (Predictive Modeling) के लिए भी किया जा सकता है। AI/ML का उपयोग कर मिशन डेटा से ऐसे मॉडल बनाए जाते हैं जो भविष्य के तापमान का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। इसके लिए कक्षा (orbit) की जानकारी, विद्युत खपत, सतह की विशेषताएँ इत्यादि इनपुट डेटा होते हैं। आउटपुट के रूप में हमें उपग्रह के विभिन्न घटकों का अनुमानित तापमान प्राप्त होता है। उस तरह की मॉडलिंग के लिए Random Forest, SVM, Deep Neural Networks जैसे एल्गोरिद्म उपयोगी होते हैं।

बुद्धिमान तापीय नियंत्रण प्रणाली (Smart Thermal Control) के लिए AI के माध्यम से अंतरिक्ष यान अपनी ऊष्मा व्यवस्था को स्वायत्त रूप से नियंत्रित कर सकते हैं। Reinforcement Learning से तापमान संतुलन रखते हुए ऊर्जा की बचत होती है।

हालाँकि AI/ML के फायदे बहुत हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां एवं सीमाएँ भी हैं। उच्च गुणवत्ता वाला मिशन डेटा अक्सर गोपनीय होता है। थर्मल असामान्यता के टैग किए गए डेटा की भी कमी होती है। डीप लर्निंग मॉडल अक्सर ब्लैक बॉक्स होते हैं, जो अंतरिक्ष जैसी संवेदनशील जगहों में जोखिम भरा हो सकता है। किसी भी AI मॉडल को मिशन में उपयोग करने से पहले से कठोर परीक्षण की आवश्यकता होती है। AI मॉडल विशेषज्ञ इंजीनियरों का विकल्प नहीं, बल्कि सहयोगी टूल होना चाहिए।

भविष्य में हाइब्रिड फिजिक्स-AI मॉडल का विकास किया ता सकता है जो भौतिक नियमों के साथ डेटा से भी

सीखे। डिजिटल ट्विन्स - अंतरिक्ष यान का वर्चुअल रूप होता है जो रीयल टाइम उपग्रह के घटकों के तापमान बता सकेगा।

निष्कर्ष

उपग्रहों की तापीय अभिकल्पना में AI/ML के उपयोग से समय और संसाधनों की बचत के साथ-साथ हमें पारम्परिक विधियों की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। भविष्य में AI/MLका उपयोग पूर्णतः स्वायत्त अंतरिक्ष यान जो खुद से थर्मल नियंत्रण अपने हाथों में ले सके, तैयार करने की है। डिज़ाइन ज्ञान निष्कर्षण (Knowledge Extraction) AI का उपयोग करके पहले के मिशनों से थर्मल डिज़ाइन के नियम और पैटर्न सीखे जा सकते हैं। पुराने मिशन डेटा से डिजाइन ट्रेंड्स निकालकर नए मिशनों को पुराने मिशनों के आधार पर सुझाव दिये जा सकते हैं।

आभार

मैं, निदेशक, सैक का हिंदी में कार्य को सतत प्रोत्साहन के लिए अत्यंत आभारी हूं।

सन्दर्भ

1. Artificial Intelligence Techniques in Space Systems Engineering," G. Di Lizia et al., 2021

अंतरिक्ष मिशनों हेतु उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन प्रौद्योगिकियाँ

दिनेश कुमार अग्रवाल

प्रधान आई एन सी सी- मीसा, सैक इसरो अहमदाबाद, dinesh@sac.isro.gov.in / dkaisro24@gmail.com

सार

अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए विश्वसनीयता और गुणवत्ता नियमन / प्रोटोकॉल में निरंतर विकास हुआ है, जिसका उद्देश्य अत्याधुनिक विश्वसनीयता तकनीकों के साथ तालमेल बनाए रखना है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बावजूद, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों की विश्वसनीयता गतिविधियों की अपनी विशेषताएं, बाधाएं और चुनौतियां हैं। इसरो ने अपने कार्यक्रमों में इसे अपनाने / सामंजस्य स्थापित करने के लिए कहीं और से ज्ञात संगठनात्मक पैटर्न को नहीं अपनाया। इस संदर्भ में यहाँ इस बात पर करीब से नज़र डाली गई है कि मशीन लर्निंग किस तरह से अंतरिक्ष उद्योग में संयोजन और निरीक्षण के प्रमुख पहलुओं को बदल रही है। इस प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट करने के लिए, अतीत की परियोजनाओं से सीखे गए कुछ सबकों को वर्णित किया गया है। लेख में उपतंत्रों हेतु एआई/एमएल की सहायता से संविरचन तथा सूक्ष्म एकीकृत परिपथों के संविरचन एवं संयोजन दोषों का निराकरण करते हुए उच्च गुणवत्ता हासिल करने हेतु सुझावों का विवरण दिया है अर्थात व्यावहारिक अनुभव से एयरोस्पेस उद्योग एवं उपग्रह निर्माण में विश्वसनीयता की आवश्यकताओं और शून्य दोष संयोजन की चुनौतियों का समाधान उपायों एवं सतत विकास का बखूबी समागम किया गया है।

प्रस्तावना

देश के भीतर प्रौद्योगिकी का निर्माण कुछ समग्र विश्वसनीयता संहिताकरण और प्रबंधन निर्देशों की मांग करता है। यहां महत्वपूर्ण चुनौती उत्पाद की 'विरासत' को बनाए रखने के संतुलन कार्य को विवेकपूर्ण तरीके से निष्पादित करना और साथ ही उभरते रुझानों के साथ तालमेल रखना होती है।

यह भी आवश्यक है कि देश के भीतर औद्योगिक बुनियादी ढांचे, बजट और अनुसूचन/कार्य की समय सीमा की बाधाओं के साथ रहा जाए। भारतीय अंतरिक्ष गतिविधियों की उल्लेखनीय विशेषता उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों, उपग्रहों, भू-प्रणालियों के विकास तथा देश में इसरो और अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों में उपलब्ध प्रतिभा का उपयोग करके आवश्यक अनुप्रयोग उपकरणों के विकास में संपूर्ण क्षमता प्राप्त करना है। नीतभार की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता हेतु प्रबंधन प्रक्रियाओं का वर्णन किया गया है।

अंतरिक्ष इलेक्ट्रोनिकी में गुणवत्ता अनुपालन और विश्वसनीयता का महत्व:

अंतरिक्ष इलेक्ट्रोनिकी में गुणवत्ता प्रबंधन के प्रमुख सिद्धांतों में से एक दोषों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण का उपयोग करना है। यह विभिन्न प्रकार के उपकरणों और तकनीकों के उपयोग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जैसे कि सांख्यिकीय प्रक्रिया नियंत्रण **(SPC)**, प्रयोगों की डिज़ाइन **(DOE)** और विफलता मोड प्रकार और प्रभाव विश्लेषण **(FMEA)**।

विश्वसनीय और सफल अंतरिक्ष मिशनों हेतु उन्नत प्रौद्योगिकियाँ: इस क्षेत्र में तकनीकी प्रगति के

आधार पर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को मशीन विज़न, वर्चुअल रियलिटी, इमेजिंग सिस्टम, बार कोड, डेटा माइनिंग और सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा नया और उन्नत विकास किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार सिस्टम को बेहतर बनाने और गुणवत्ता से संबंधित हमारी वास्तविक समय की समस्याओं को हल करने के लिए **निम्नलिखित प्रौद्योगिकियों और विधियों का** उपयोग शुरू किया जा रहा है।

* एकीकृत सॉफ़्टवेयर के साथ बार कोड पहचान * प्रलेखित जानकारी मशीन विज़न वर्चुअल असेंबली पर आधारित स्वचालित निरीक्षण प्रणाली * आभासी वास्तविकता पर आधारित सत्यापन

❖ लेखा परीक्षा प्रक्रिया में स्वचालन * मानक छवि तुलना के लिए जोड़ों (जाइंट्स) की इमेजिंग और संयोजित पीसीबी की स्कैनिंग।

गुणवत्ता आश्वासन के लिए चुनौतियाँ

• तनाव मुक्त असेंबली	• संदूषण नियंत्रण
• सफलता और विश्वसनीयता लक्ष्य पर खरे उतरना।	• क्रिटिकल सब-असेंबली
• प्रणाली की जटिलता इसे प्राप्त करना कठिन बनाती है।	• असेंबली संरेखण और इसकी स्थिरता
• उप-प्रणाली स्तर के प्रदर्शन के विनिर्देशों को परिभाषित करना।	• सटीक फ़िल्टर
• संपूर्ण नीतभार का शुरू से अंत तक परीक्षण।	• प्रकाशीय और वर्णक्रमीय प्रदर्शन अभिलक्षणन
•अत्याधुनिक डिवाइस प्रौद्योगिकियों का उपयोग, जो परिपक्व नहीं हैं या केवल व्यावसायिक संस्करणों में उपलब्ध है।	• घूर्णन/दोलन तंत्र वाले नीतभार का निष्पादन अभिलक्षण
• निर्माता के पास उत्पादन डेटा शीट भी नहीं हो सकती है।	• संदूषण नियंत्रण • संरेखण • बड़े ऐंटेना तंत्र
• आवेदन दिशानिर्देशों का	• संरेखण
अभाव एवं डिज़ाइन मार्जिन।	• लक्षण वर्णन
• उच्च शक्ति आरएफ की स्क्रीनिंग अवयव।	• संदूषण नियंत्रण
• चुनौतीपूर्ण चुनौतियों के साथ आक्रामक डिजाइन दृष्टिकोण।	• क्रिटिकल सब-असेंबली

स्वीकार्य सोल्डरिंग जोड़ों की मानक छवि संग्रहालय का उपयोग: यदि हमारे पास सही सोल्डर जोड़ों की छवियों के लिए मानक छवि संग्रहालय है और फिर फैब्रिकेटर द्वारा बनाए गए सोल्डर जोड़ की मानक छवि के साथ तुलना करें, तो उसमें गुणवत्ता विसंगति की पहचान की जा सकती है। इमेज लाइब्रेरी पुनः कार्य (री-वर्क) के लिए उस छवि और उच्च गुणवत्ता वाले सही सोल्डर जोड़ की तुलना करती है। इस नवाचार के अनुप्रयोग से हीटिंग को कम किया जा सकता है, टाला जा सकता है / समय बचाया जा सकता है / कार्ड बचाया जा सकता है। इससे क्षमता में बढ़ोतरी होगी और ऑपरेटरों के साथ-साथ डिजाइनरों को भी कम तनाव होगा। इसके पालन से कम से कम त्रुटि, बेहतर स्पष्टता, संयोजन और निरीक्षण में आसानी, समय की बचत, निर्णय में आसानी बेहतर विश्वसनीयता त्रुटि को ठीक किया जा सकता है।

ए.आई. / एम.एल. का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण गुणवत्ता निरीक्षण में योगदान:

पारंपरिक रूप से, मानव कार्यकर्ता उत्पादों के निर्माण प्रवाह चित्र के माध्यम से यात्रा करते हुए उनका निरीक्षण किया करते थे, लेकिन जैसे-जैसे उत्पाद मांग और समय-माप की गति बढ़ी, गुणवत्ता निरीक्षण को द्रुत गति से और सही रूप से करना और अधिक मुश्किल हो गया। निरीक्षण मानक लगातार विस्तृत हो गए, जिसमें विद्युत तार, परिचालन तंतु, लेबल और प्रमुख घटकों के दोषों को शामिल किया गया। इसमें शिफ्ट के दौरान, कर्मचारियों की आँखों पर दबाव बढ़ने लगा, जिससे अधिक गलतियां होने लगीं। इसे देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक संयोजन में एआई/एमएल द्वारा निरीक्षण बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। अंतरिक्ष घटकों के विनिर्माण के निरंतर विकसित

होते परिदृश्य में, सटीकता, दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का एकीकरण सर्वोपरि हो गया है। डेटा विश्लेषण की शक्ति का उपयोग करके, निर्माता वांतरिक्ष इलेक्ट्रोनिक्स घटकों के उत्पादन में उच्च स्तर की सटीकता, विश्वसनीयता और सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं, जो समग्र रूप से प्रौद्योगिकी की उन्नति में योगदान है।

सी क्यू एफ पी लीड का मुड़ना
सीखे गए सबक
अवलोकन: कार्यात्मक परीक्षण के दौरान CQFP पिन का मुड़ा होना



चित्र 1 सी क्यू एफ पी लीड का मुड़ना

मूल कारण: कार्यात्मक परीक्षण के दौरान जांच स्पर्श।
प्रभाव: पिन अन्य पिन से छोटा हो सकता है और डिवाइस क्षतिग्रस्त हो सकता है।

विचलन : फीड थ्रू का मुड जाना एवं चिपिंग



चित्र 2 फीड थ्रू का मुडना

उपचारात्मक कार्रवाई आवश्यक सावधानियों के साथ सीपी की पैकिंग के दौरान हार्ड फॉम के बजाय सॉफ्ट ईएसडी फॉम का उपयोग किया जाएगा क्योंकि उसमें जिसमें अधिक नरमाई और गहराई होती है।

निष्कर्ष :

विफलताओं से सबक लेकर, नई प्रौद्योगिकी का समागम कर शून्य दोष और उच्च गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकती है। आज अंतरिक्ष प्रणालियों को अधिक स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता, त्रुटि सहनशील सुविधाओं, और सामान्य एवं आकस्मिक मिशन संचालन को संभालने के लिए बिल्ट-इन इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ

विकसित किया जा रहा है। यह विशेष रूप से मुख्य और उप प्रणालियों की उच्च विश्वसनीयता और गुणवत्ता का संयोजन है। इसके अतिरिक्त, उपग्रह प्रौद्योगिकी में सॉफ़्टवेयर एम्बेडेड प्रणालियों के बढ़ते उपयोग से स्वायत्तता के साथ उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं।

आभार

लेखक यह लेख लिखने की प्रेरणा देने के लिए निदेशक, सैक का आभारी है। लेखक उपनिदेशक - मीसा सैक का भी आभारी है। लेखक इस लेख को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने हेतु तकनीकी संगोष्ठी आयोजन समिति का आभार व्यक्त करता है।

सन्दर्भ

चंद्रयान / आदित्य-एल-1, गगनयान इलेक्ट्रॉनिकी फेब्रिकेशन तकनीकी चर्चा / बैठक, लेखक के अपने लेख, इसरो की वेब साईट एवं गूगल सहयोग।

जीऐसेट-1ए नीतभार प्राथमिक दर्पण के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ संरचनात्मक विश्लेषण

वी.एस.जगदीश[1]

1वैज्ञानिक/अभियंता एसजी, संरचनात्मक प्रणाली प्रभाग, संरचनात्मक परीक्षण प्रणाली समूह, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र -इसरो- अहमदाबाद, दूरभाष :079-26913952/3932, ई-मेल - vsj@sac.isro.gov.in

सार

सुदूर संवेदन उपग्रहों के संरचनात्मक विश्लेषण की संख्यात्मक विधियों मे परिमिति अवयव विधि अत्यंत विस्तार रूप से उपयोग किया जाता है। यह संरचनात्मक विश्लेषण मे प्रत्येक घटक के विश्लेषण अलावा संबंधित घटकों का प्रभाव का भी आकलन करना जरूरी है। संबंधित घटकों के अनुसंधान के कारण परिमिति अवयव का अनुरूप मॉडल के माप / आकार बढ जाता है और परिणाम गणन के समय ज्यादा होता है। इसलिए गणितीय प्रस्तुतीकरण मे लघुकृत निरूपण मॉडल को उपयुक्त अभिकल्पना के साथ के साथ उपयोग करना चाहिए। इस के संबंध मे अभिकल्पना के विवरण दूसरे विभाग से प्राप्त हुए लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ संरचनात्मक विश्लेषण करना चाहिए। इसके साथ अभिकल्पना का गोपनीय रखना भी आवश्यक है। इस पत्र में यह पद्धति को संक्षिप्त रूप मे प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावना

भू-स्थिर कक्षा के सुदूर संवेदन उपग्रह GISAT-1A परियोजना एक उच्च विभेदी भू-प्रेक्षण (earth observation) उपग्रह है। इस परियोजना मे चार प्रकार के प्रतिबिंबन संवेदक (imaging sensors) उपलब्ध है। वे ,Multi Spectral VNIR(~50m), हइपर स्पेक्टोमी अवरक्त यंत्र Hyper-spectral VNIR(~350m), Hyper-spectral SWIR (~200m), Multi-spectral LWIR (~1200 m) है। इस परियोजना के मुख्य घटक प्राथमिक दर्पण कोडांतरण, आधार फलक के ऊपर निर्धारित जगह पर सी.एफ.आर.पी पीएफडी के द्वारा स्थिर किया गया है।

परिभाषा

कुल 3 अवस्थाओं के लिए संरचनात्मक विश्लेषण किया गया है। वे - पूर्ण कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन, पेलोड फिक्सेषण युक्ति – पीएफडी कोडांतरण -दर्पण कोडांतरण के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ, प्राथमिक दर्पण कोडांतरण-पी एफ डी के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ

2.1 प्राथमिक दर्पण कोडांतरण (चित्र.1)

इस कोडांतरण – 705 मि.मि व्यास दर्पण – 33.68कि.ग्रा द्रव्यमान के साथ- आधार फलक के ऊपर 3 बिंदु स्थिरीकरण नियम के द्वारा एम एफ डी – (दर्पण स्थिरीकरण युक्ति) से स्थिर किया गया है।

2.2 पेलोड फिक्सेषण युक्ति - पीएफडी (चित्र.1)

इस कोडांतरण – 935 मि.मि - व्यास 6 कैंची (truss structure) आधार फलक के साथ कुल द्रव्यमान – 31.27 कि.ग्रा 3 बिंदु स्थिरीकरण नियम के द्वारा स्थिर किया गया है। आधार फलक अन्य घटकों को निर्धारित जगह पर स्थिर करने के लिए उपयोग किया गया है।



चित्र . 1. प्राथमिक दर्पण कोडांतरण और पेलोड फिक्सेषण युक्ति - पीएफडी

3. संरचनात्मक विश्लेषण के लिए अक्षीय नामांकन पद्धति (AXIS DEFINITION): (चित्र.2)

इस पत्र मे निम्न तरीके का नामांकन पद्धति उपयोग किया गया है।

1. X-अक्ष दर्पण स्थिरीकरण लग समांतर दिशा
2. Y-अक्ष दर्पण स्थिरीकरण लग तिर्यक दिशा
3. Z-अक्ष दर्पण स्थिरीकरण लग / प्रकाशी स्थिर बेंच अभिलंब दिशा



चित्र. 2. अक्षीय नामांकन

4. संरचनात्मक विश्लेषण पद्धति – सुपर अवयव विधि इस विधि दो प्रकार के है। पूर्ण परिमिति अवयव निदर्श के अनुसार विश्लेषण करना और संक्षिप्त रूप के दुर्नम्यता, द्रव्यमान इत्यादि गणितीय आव्यूह को परिसीमा के अंतर्गत बिंदुओं से बाह्य बिंदुओं पर आकलन करके आंशिक विश्लेषण करना। इस से बहुत अवयव मॉडल को कम साधन से गणन कर सकते है। उपयुक्त उपाय से अभिकल्पना के परिवर्तन को समंजन (accommodate) कर सकते है। प्रतिकृति (replica components) अवयव के निदर्श बनाना और गणन करने का समय कम कर सकते है। प्रतिबंधित और संवेदितशील अभिकल्पना को रक्षा कर सकते है।

4.1 अवस्था – 1 - पूर्ण कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन

प्राथमिक दर्पण कोडांतरण और पी एफ डी कोडांतरण का संरचनात्मक व्यवहार जानने के लिए और कार्यकारी समस्याओं को जानने के लिए प्रत्येक अवयव काआवृत्ति आकलन करना जरूरी है।

संरचनात्मक विश्लेषण: प्रथमिक दर्पण कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन किया गया है। आधार पर 6 जगह पर स्थिर किए, और आधार स्थिर प्रकृतिक आवृत्ति 148.6,148.6,211 Hz. (चित्र.3) प्राप्त हुए।



चित्र.3. विधा आकृति - प्रथमिक दर्पण कोडांतरण - 148 Hz.

संरचनात्मक विश्लेषण: पी एफ डी कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन - आधार पर 3 जगह पर स्थिर किए, पी एफ डी कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आधार स्थिर आवृत्ति 245,250,304 Hz. (चित्र.4) प्राप्त हुए।



चित्र. 4. विधा आकृति - पी एफ डी कोडांतरण -245 Hz.

संरचनात्मक विश्लेषण: पूर्ण कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन - पूर्ण कोडांतरण दर्पण और पीएफडी दोनों के परिमिति अवयव मॉडल उपलब्द है और आधार स्थिर आवृत्ति पीएफडी के साथ 84,85 Hz. प्राप्त हुए। (चित्र.5)



चित्र.5 विधा आकृति - 84,85 Hz.

4.2 अवस्था – 2 - पेलोड फिक्सेषण युक्ति – पीएफडी कोडांतरण -दर्पण कोडांतरण के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ

पूर्ण कोडांतरण मे दर्पण की परिमिति अवयव मॉडल उपलब्द नही है केवल आधार स्थिर पीएफडी का मॉडल उपलब्द है। इस के साथ, दर्पण के प्रतिबंधित और संवेदितशील अभिकल्पना को रक्षा करने के कारण दर्पण के परिमिति अवयव मॉडल को उपलब्द नही किया लेकिन सिर्फ सुपर अवयव के रूप मे लघुकृत *.op2, *.asm files दिया गया है। (चित्र.6)



चित्र. 6. दर्पण के लघुकृत मॉडल -पीएफडी के साथ

इस डाटा के साथ सुपर अवयव विधि के अनुसार प्राप्त किए गए परिणाम- 84,85 Hz. (चित्र.7)



चित्र. 7. विधा आकृति - 84,85 Hz.

4.3 अवस्था – 3 - पेलोड फिक्सेषण युक्ति – पीएफडी कोडांतरण -दर्पण कोडांतरण के लघुकृत निरूपण मॉडल के साथ

पूर्ण कोडांतरण मे केवल दर्पण की परिमिति अवयव मॉडल उपलब्द है और आधार स्थिर आवृत्ति पीएफडी का मॉडल उपलब्द नही है । संवेदितशील अभिकल्पना को रक्षा करने के लिए सिर्फ सुपर अवयव के रूप मे *.op2, *.asm file दिया गया है(चित्र.8)। इस अवस्था मे दूसरा कोडांतरण का प्रभाव दर्पण के ऊपर आकलन किया गया है। इस डाटा के साथ सुपर अवयव विधि के अनुसार प्राप्त किए गए परिणाम- 84,85 Hz. (चित्र.8)



चित्र.9. पीएफडी के लघुकृत मॉडल - दर्पण के साथ विधा आकृति - 84,85 Hz.

पूर्ण कोडांतरण प्रकृतिक आवृत्ति आकलन का परिणाम विविध घटको के लघुकृत *.op2, *.asm files के साथ भी कर सकते है। प्रतिबंधित और संवेदितशील अभिकल्पना को रक्षा कर सकते है। सुपर अवयव विधि के अनुसार आकलन किया परिणाम पूर्ण कोडांतरण के आकलन का परिणाम 84,85 Hz. के तुल्य पया गया है।

तालिका 1. प्राकृतिक आवृत्ति का आकलन

क्र.सं	प्राकृतिक आवृत्ति (Hz.)		
	पूर्ण कोडांतरण अवस्था-1	*पी एफ डी – दर्पण के लघुकृत मॉडल के साथ - अवस्था-2*	*दर्पण– पी एफ डी के लघुकृत मॉडल के साथ - अवस्था-3*
1.	84,85	84,85	84,85

निष्कर्ष

इस पत्र मे सुपर अवयव विधि के अनुसार दूसरे कोडांतरण के प्रभाव का आकलन किया गया है। जीऐसेट-1ए मिशन के अंतर्गत इस विधि से आधार घटक का प्रभाव दर्पण घटक के ऊपर जानने के लिए विश्लेषण किया गया है। इस पद्धति के अनुसार प्रतिबंधित अभिकल्पना को रक्षा कर सकते है। और संरचनात्मक विश्लेषणों का समय कम किया जा सकता है।

आभार

मै, निर्देशक सैक श्री निलेश एम देसाई का अत्यंत आभारी हूँ, जिन्होने मुझे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। मै, समूह प्रधान एस.टी.एस.जी, श्री जैमिन बी रामी एवं मेरे अन्य सहयोगियों को भी अत्यन्त आभारी हूँ, जिन्होने मुझे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। मै, हिन्दी कक्ष के सभी सदस्यो के भी आभारी हूँ, जिनकी मदद से यह लेख पूरा हो सका है। मै वी.टी.एफ के अन्य सहयोगियों का भी आभारी हूँ, कि उनके द्वारा यह नीतभार का यांत्रिक अभीकल्पना का कंपन जॉच प्रयोग किए गए है।

सन्दर्भ

[1] जीऐसट पेलोड - पी.डी.आर - दस्तावेज
[2] सीमित अवयव प्रक्रियाएं, के.जे. बाथे, प्रेटिंस हाल इंडिया,नई दिल्ली 1997।
[3] स्पंदन की बुनियादी बातें, एल.मीरोविच, मैक. ग्रा हिल,सिंगापुर,2001।
[4] Nastran / Nx साफ्टवेयर हेल्प
[5] कृत्रिम उपग्रहों की संरचनात्मक अभीक्लपना - पुरुषोत्तम गुप्ता

छवि (CHHAVI)

(श्री प्रशांत जांगिड़[1], श्री वैभव वरीश सिंह राठौर[1], श्री जिगरभाई ए रावल[1])

श्री प्रशांत जांगिड़, वैज्ञानिक/ अभियंता-एस.डी.

सार

किसी वैज्ञानिक सम्मेलन, संस्थागत कार्यक्रम या पारिवारिक आयोजन में हजारों तस्वीरें ली जाती हैं। अब यदि किसी को पी.आर.एल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में केवल प्रो. के. कस्तूरीरंगन की सभी तस्वीरें चाहिए हों, तो मैन्युअल रूप से यह पता लगाना अत्यंत कठिन है कि वह किन-किन छवियों में हैं। यही चुनौती हमारी सामाजिक ज़िंदगी में भी आती है – जैसे किसी पारिवारिक आयोजन में कोई रिश्तेदार सिर्फ उन्हीं तस्वीरों की मांग करता है जिसमें वह स्वयं दिखते हों।

छवि (Comprehensive Human Image Visualization Interface) इस समस्या का समाधान है। यह प्रणाली InsightFace और परम विक्रम-1000 HPC क्लस्टर का उपयोग कर चेहरे की पहचान और नाम से तस्वीर खोजने की सुविधा देती है। छवि अब आयोजनों की स्मृतियाँ बाँटने और संरक्षित रखने का एक आधुनिक माध्यम बन गई है।

1. परिचय

आज के डिजिटल युग में, किसी सम्मेलन, सेमिनार या पारिवारिक आयोजन के बाद सैकड़ों या हजारों तस्वीरें इकट्ठा हो जाती हैं। लेकिन जब कोई सदस्य या सहकर्मी केवल उन्हीं तस्वीरों की मांग करता है जिनमें वह या उनका कोई प्रियजन (जैसे प्रो. यू. आर. राव) दिखाई देता है, तो सभी छवियों को मैन्युअली छाँटना अत्यंत कठिन हो जाता है।

यह स्थिति केवल संस्थानों में ही नहीं, सामाजिक जीवन में भी होती है। उदाहरण के लिए, एक पारिवारिक समारोह के बाद जब कोई रिश्तेदार कहता है, "मुझे मेरी सभी तस्वीरें भेज दो," तब यह कार्य बेहद समय-साध्य हो जाता है।

इसी व्यवहारिक चुनौती को हल करने हेतु छवि प्रणाली विकसित की गई है, जो चेहरे की पहचान और नाम के आधार पर छवियाँ खोजने की सुविधा देती है। यह प्रणाली InsightFace फ्रेमवर्क और परम विक्रम-1000 GPU क्लस्टर पर आधारित है, जो वैज्ञानिक, प्रशासनिक और सामाजिक आयोजनों में स्मृति संकलन को तेज़, सटीक और सहज बनाती है।

2. छवि की प्रणाली और कार्यप्रणाली

छवि एक स्वचालित बहु-चरणीय प्रणाली है जो इवेंट छवियों में मौजूद चेहरों की पहचान, विश्लेषण और मिलान करती है। यह प्रक्रिया चार मुख्य चरणों में संपन्न होती है:

एम्बेडिंग निर्माण:
आयोजनों से संबंधित प्रमुख व्यक्तियों (जैसे वक्ता/अतिथि) की छवियाँ ArcFace मॉडल से गुज़रकर एक 512-आयामी वेक्टर (एम्बेडिंग) में बदली जाती हैं।

इनपुट छवियों का विश्लेषण:
RetinaFace से इवेंट की हर तस्वीर में चेहरों की पहचान होती है और ArcFace से उनकी एम्बेडिंग तैयार की जाती है।

समानता मिलान:

Cosine Similarity द्वारा दोनों एम्बेडिंग की तुलना होती है – उच्च स्कोर पर पहचान तय होती है।

JSON आउटपुट:

व्यक्ति का नाम, इवेंट और छवि पथ संग्रहीत कर UI में



चित्र: छवि की कार्यप्रणाली

प्रदर्शित किया जाता है।

3. तकनीकी संरचना: HPC और GPU प्रोसेसिंग

छवि को उच्च प्रदर्शन देने के लिए इसे **परम विक्रम-1000** हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग **(HPC)** क्लस्टर से जोड़ा गया है। प्रारंभिक रूप से जब सभी प्रोसेसिंग **CPU** पर की जाती थी, तब **600** छवियों को प्रोसेस करने में लगभग **21 घंटे** लगते थे। समय की इस बाधा को दूर करने के लिए **GPU-आधारित प्रोसेसिंग** अपनाई गई।

सभी ज़रूरी Python पुस्तकालयों को CUDA-संगत संस्करणों में अनुकूलित किया गया। इसके बाद **SLURM जॉब मैनेजर** के माध्यम से डेटा प्रोसेसिंग को कई GPU पर समानांतर रूप से वितरित किया गया।

इस अनुकूलन के परिणामस्वरूप:

- GPU (एकल) पर समय: ~7 घंटे
- GPU (HPC क्लस्टर) पर: **केवल 40 मिनट**

यह संरचना **छवि** को बड़ी मात्रा में छवियाँ प्रोसेस करने में सक्षम बनाती है – वह भी तेज़ी और विश्वसनीयता के साथ।

4. यूज़र इंटरफ़ेस और सुरक्षा संरचना



चित्र: छवि का GUI

छवि का यूज़र इंटरफ़ेस HTML5, Bootstrap और jQuery पर आधारित है, जो उपयोगकर्ता को एक सहज और उत्तरदायी अनुभव प्रदान करता है। बैकएंड Python आधारित API से संचालित होता है, जिससे डेटा प्रोसेसिंग और नाम खोज जैसे कार्य संभाले जाते हैं।

फ्रंटएंड-बैकएंड विभाजन से सिस्टम को मॉड्यूलर और सुरक्षित बनाया गया है। सुरक्षा के लिए **Apache mod_security** लागू किया गया है, जो OWASP Top 10 के अनुरूप अनुरोधों की निगरानी करता है। साथ ही, **गणितीय CAPTCHA** स्वचालित बॉट्स को रोकता है।

उपयोगकर्ता आंशिक नाम खोजकर POST API के माध्यम से अनुरोध भेजते हैं, जिसे सिस्टम प्रोसेस करके JSON उत्तर लौटाता है – जिसमें छवियों के लिंक और पहचान की गई जानकारी शामिल होती है।

संपूर्ण संरचना **Defence-in-Depth** रणनीति अपनाती है, जिससे **छवि** न केवल उपयोग में आसान बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी सशक्त बनती है।

5. उपयोग उदाहरण (Use Case)

मान लीजिए कोई उपयोगकर्ता प्रो. यू. आर. राव से संबंधित आयोजनों की तस्वीरें खोजना चाहता है। छवि का इंटरफ़ेस उपयोगकर्ता को केवल नाम टाइप करने की सुविधा देता है, जिसके बाद प्रणाली उस व्यक्ति की सभी उपयुक्त छवियों को UI पर प्रदर्शित करती है।

नीचे प्रदर्शित स्क्रीनशॉट इस प्रक्रिया को दर्शाता है, जहाँ केवल कुछ सेकंड में प्रो. राव से संबंधित तस्वीरें उपयोगकर्ता के सामने प्रस्तुत हो जाती हैं – बिना पूरी गैलरी छाँटे।





चित्र: क्रमवार क्वेरी एवं प्रतिउत्तर

6. निष्कर्ष और भविष्य की दिशा

छवि एक शक्तिशाली प्रणाली है जो चेहरे की पहचान, GPU आधारित प्रोसेसिंग और सुरक्षित वेब आर्किटेक्चर को जोड़कर आयोजनों में छवि विश्लेषण को सरल और प्रभावी बनाती है। यह उपयोगकर्ताओं को नाम द्वारा खोज, छवियों की पहचान और डिजिटल संग्रह की सुविधा देती है।

भविष्य की दिशा:

- पहचान की गई छवियों को डाउनलोड करने की सुविधा
- किसी व्यक्ति की सभी छवियों की सूची

- उन्नत छवि खोज विकल्प (जैसे चेहरा+तिथि)
- पूर्णतः स्वचालित एंड-टू-एंड प्रणाली

इन पहलुओं के साथ **छवि** एक समर्पित इवेंट एनालिटिक्स प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उभरती है, जो अनुसंधान, प्रशासन और तकनीकी संस्थानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

7. आभार

हम **प्रो. अनिल भारद्वाज**, निदेशक, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह प्रणाली विकसित हो सकी। हम PRL के **रजिस्ट्रार** एवं **डीन** के भी आभारी हैं, जिन्होंने निरंतर सहयोग दिया।

साथ ही, **प्रो. बिजय साहू, प्रो. वरुण शील, प्रो. नमित महाजन** और **डॉ. एम. शनमुगम** को उनके अमूल्य योगदान हेतु धन्यवाद देते हैं। अंत में, **CNIT टीम** और PRL के सभी सहयोगियों को उनके सतत समर्थन के लिए हम धन्यवाद देते हैं।

8. संदर्भ

- https://github.com/serengil/retinaface
- https://insightface.ai/arcface

विश्वसनीय अनुप्रयोगों के लिए कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलिमर कंपोजिट का धातुकरण- उपलब्ध पद्धतियाँ और नया दृष्टिकोण

योगेश सोपान घोटेकर[1], विमलभाई एम.शाह[2] और धवल वर्तक[3]

वैज्ञानिक अधिकारी-सी,प्रणाली विश्वसनियता एंव सुरक्षा क्षेत्र,सैक,अहमदाबाद,मेल- yogeshghotekar@sac.isro.gov.in

सार

कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलिमर (सीएफआरपी)का धातुकरण विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों का विस्तार करने के लिए आवश्यक है। यह पेपर सीएफआरपी धातुकरण के लिए मौजूदा विधियों की संक्षेप्त में जानकारी, लाभ और कमियों पर प्रकाश डालता है। पेपर में प्रवाहकीय सीएफआरपी के संश्लेषण के लिए नए अभिनव दृष्टिकोण को भी उजागर किया है जिसका धातुकरण सरल तरीके से किया जा सकता है।

प्रस्तावना

कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलिमर (सीएफआरपी) कंपोजिट उसकी हल्की प्रकृति और उच्च विशिष्ट शक्ति के कारण एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए अन्य तुलनीय सामग्रियों से ज्यादा सक्षम होते है। वर्तमान में, अंतरिक्ष क्षेत्र में सीएफआरपी कंपोजिट के अनुप्रयोग संरचनात्मक संयोजनों तक ही सीमित हैं [1]। सीएफआरपी की गैर-प्रवाहकीय प्रकृति अंतरिक्ष उपयोगों में उसके व्यापक विस्तार के लिए मुख्य बाधा है। एयरोस्पेस क्षेत्र में सीएफआरपी के अनुप्रयोगों को व्यापक बनाने के लिए सीएफआरपी का धातुकरण आवश्यक है। सीएफआरपी का धातुकरण आर.एफ.(रेडियो आवृत्ति) प्रदर्शन वृद्धि, विद्युत चुम्बकीय परिरक्षण क्षमता को बढ़ाने, बिजली के हमलों से विमान की सुरक्षा, यांत्रिक, तापीय गुणों में वृद्धि और कई अन्य सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सीएफआरपी के विद्युत गुणों को बढ़ाने में सक्षम बनाता है [2,3]। फ़िलहाल में थर्मल स्प्रे, भौतिक वाष्प निक्षेपण (पीव्हीडी),चिपकने वाले ग्लु के उपयोग से धातु परत का सीएफआरपी पृष्ठभाग से जोड़ और इलेक्ट्रोलेस-इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्रक्रियाओं का सीएफआरपी धातुकरण के लिए किया जाती हैं [3]।

पीव्हीडी विधि में सामग्री को ठोस या तरल स्रोत से वाष्पीकृत किया जाता है और फिर गैसीय-अवस्था निक्षेपण तकनीक का उपयोग करके एक सब्सट्रेट पर जमा किया जाता है। वैक्यूम वाष्पीकरण या स्पटरिंग तकनीक का उपयोग पीव्हीडी विधि में धातु परतों को सब्सट्रेट पर जमा करने के लिए किया जाता है [4]। जटिल आकार की वस्तुओं पर इस पद्धति की असहजता और सब्सट्रेट के साथ धातु परत की कम आसंजन क्षमता पीव्हीडी में मुख्य चुनौती है। सीएफआरपी का धातुकरण सतह पर धातु की परत (पतली फिल्म) के सीधे बंधन द्वारा भी किया जाता है [3,4]। धातु की परत और सीएफआरपी एक विशिष्ट इंटरफेस के साथ मिलकर एक संरचना में जुड़ जाते हैं।

मजबूत धातु- पॉलिमर जोड़ के लिए मजबूत गोंद का चयन

और उपयुक्त सतह की पुर्व-तैयारी की आवश्यकता होती है। धातु-पॉलिमर इंटरफेस के साथ एक महत्वपूर्ण चुनौती थर्मल विस्तार गुणांक (सीटीई) में पर्याप्त अंतर है, उसके कारण गरम-ठंडा चक्र के प्रति वह संवेदनशील होता है। इलेक्ट्रोकेमिकल प्लेटिंग और इलेक्ट्रोलेस प्लेटिंग जैसी तकनीकों का उपयोग भी सीएफआरपी धातुकरण के लिए किया जाता है, जिसमें इलेक्ट्रोलेस प्लेटिंग को अक्सर

अकेले या इलेक्ट्रोप्लेटिंग के संयोजन में उपयोग किया जाता है [2]। शुरू में, सब्सट्रेट पर एक पतली प्रवाहकीय परत जमा की जाती है, जिसेसे फिर अतिरिक्त इलेक्ट्रोप्लेटिंग चरण का उपयोग करके वांछित मोटाई पाई जाती है [5]। यह विधि विशेष रूप से जटिल आकार की वस्तुओं के धातु विलेपन के लिए उपयोगी है। हालाँकि, इस पद्धति में महत्वपूर्ण कमियाँ हैं, विशेष रूप से विषाक्त क्रोमिक एसिड (क्रोमियम$^{+6}$) का उपयोग होता है, जो उत्परिवर्तक, एलर्जी और कार्सिनोजेनिक प्रभावों के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण सहित गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है [6]।

उपलब्ध विधियों की जटिल प्रकृति और सीमाएँ आंतरिक रूप से प्रवाहकीय सीएफआरपी विकसित करने के लिए नई सोच कों दिशा देती हैं, जो सरल विधियों द्वारा धातुकरण करने में सक्षम हो। सीएफआरपी के विद्युत गुणों में वृद्धि करने के लिए,उसके निर्माण प्रक्रिया के दौरान कार्बन नैनोट्यूब(सीएनटी)कों एकसमान फैलाकर प्राप्त किया है जो अंततः प्रवाहकीय सीएफआरपी नैनोकोम्पोजिट देता है। सीएफआरपी कंपोजिट के गुणों को बढ़ाने के लिए उसमें सीएनटी का समान वितरण / फैलाव आवश्यक है। मौजूदा हैण्ड इन्फुजन निर्माण विधि की सीमा को दूर करने के लिए एक नवीन सीएनटी समावेशन तकनीक कों हमने विकसित किया है [2,3]। वर्तमान लेख स्प्रे-वैक्यूम सहायता प्राप्त इन्फुजन (स्प्रे-व्ही.ए.आई.) विधि के संयोजन का उपयोग करके प्रवाहकीय सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकंपोजिट्स के संश्लेषण और धातुकरण के लिए विद्युतविलेपन विधि के विकास पर जोर देता है।

सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकंपोजिट्स का निर्माण और विद्युतविलेपन पद्धति का विकास

स्प्रे-व्ही.ए.आई. विधि के संयोजन का उपयोग करके हमने प्रवाहकीय सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकंपोजिट्स का निर्माण किया [2,3] और बाद में उसके उपर विद्युत विलेपन पद्धति द्वारा चांदी और कॉपर परत का विलेपन किया गया [चित्र-1,2]।

अ आ इ ई

चित्र 2 सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट्स पर विद्युतविलेपन प्रक्रिया-(अ) सीएनटी-सीएफआरपी परीक्षण कूपन, (आ) सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट्स पर सिल्वर विद्युतविलेपन प्रक्रिया, (इ) विलेपित सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट परीक्षण कूपन और (ई) चांदी से विलेपित सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट परीक्षण कूपन का बैच



चित्र 2 सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट्स पर विद्युतविलेपन प्रक्रिया से कॉपर परत का विलेपन और परीक्षण

निष्कर्ष

सीएफआरपी में 0.5% एसडब्ल्यूसीएनटी का अंतःस्थापन, बिना-सीएनटी वाले सीएफआरपी की तुलना में विद्युत चालकता को 251 गुना तक बढ़ाता है और उसको प्रत्यक्ष विद्युतविलेपन के लिए सक्षम बनाता है। सीएफआरपी नैनोकम्पोजिट की विद्युत प्रवाहकीय प्रकृति के कारण आसानी से विद्युतविलेपन किया जा सकता है। यह नई विकसित सीएनटी-सीएफआरपी विद्युतविलेपन विधि जटिल धातुकरण तकनीकों (पीव्हीडी, स्प्रे, सीएफआरपी से धातु की परत का सीधा जोड़) के उपयोग से बचाती है। सीएनटी-सीएफआरपी नैनोकंपोजिट्स के लिए प्रस्तावित प्रत्यक्ष विद्युतविलेपन विधि उपलब्ध इलेक्ट्रोलेस प्लेटिंग विधि का एक उत्कृष्ट विकल्प है क्योंकि यह महंगे उत्प्रेरक (ऑटोकैटलिसिस के लिए) और कुछ हद तक खतरनाक इचेंट (पिघलानेवाले) रसायनों के उपयोग से बचाता है। एक चिकनी सतह पर पूर्ण प्लेटिंग (विलेपन) कवरेज प्राप्त करने के लिए सीएनटी-सीएफआरपी की इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्रक्रिया में इचिंग चरण

को शामिल करने की आवश्यकता है और यह चरण यांत्रिक इंटरलॉकिंग के माध्यम से सीएफआरपी सब्सट्रेट के साथ विलेपित परत के मजबूत आसंजन के लिए आवश्यक है। सुरक्षा और पर्यावरणीय नियमों को ध्यान में रखते हुए नई पर्यावरण के अनुकूल और कम खतरनाक इचिंग प्रक्रियाएँ या सतह उपचार के तरीकों को विकसित करने की आवश्यकता है। एयरोस्पेस क्षेत्र में धातुकृत सीएफआरपी कंपोजिट की भारी मांग है, प्रवाहकीय सीएफआरपी-नैनोकंपोजिट के संश्लेषण के लिए यह अभिनव नैनोसाइंस दृष्टिकोण और उस पर विद्युत विलेपन प्रक्रिया का विकास, सीएफआरपी के विश्वसनीय संचालन के लिए उपयोगी साबित होता है।

आभार

हम निदेशक और उपनिदेशक (एसआरएसए), सैक,अहमदाबाद को उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देते हैं।

सन्दर्भ

1. वाई. घोटेकर, डी. वर्तक, एन. देशपांडे, बी. मकवाना, पी. भट्ट, एम. उपाध्याय और ए. के. लाल, "अंतरिक्ष उपयोग के लिए विद्युत प्रवाहकीय कार्बन फाइबर प्रबलित बहुलक बनाने के लिए नैनोभराव सामग्री का अनुकूलन," कंपोजिट: यांत्रिकी, संगणना, अनुप्रयोग: अंतरराष्ट्रीय जर्नल, वॉल्यूम 14, नंबर 1,पीपी 79-88, 2023। डी.ओ.आई: 10.1615/CompMechComputAppIntJ.2022044938
2. वाई. घोटेकर, डी. वर्तक, जे. परमार, एन. देशपांडे, वी. शाह, एन. शर्मा और बी. सत्यनारायण, "अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए सीएनटी-सीएफआरपी समग्र घटकों का विकास और योग्यता," कंपोजिट: मैकेनिक्स, कम्प्यूटेशन, एप्लीकेशन: इंटरनेशनल जर्नल, वॉल्यूम 15, नंबर 3, पीपी 69-85, 2024।डी.ओ.आई:10.1615/CompMechComputAppIntJ.2024051460
3. आर. मेलेंटियेव, ए. युधान्तो, आर. ताओ, टी. वुचकोव, जी. लुबिनोव,पॉलिमर और कंपोजिट का धातुकरणः अत्याधुनिक दृष्टिकोण, सामग्री और डिजाइन 221 (2022)।डी.ओ.आई:10.1016/j.matdes.2022.110958
4. डी. एम. मैटॉक्स, भौतिक वाष्प निक्षेपण (पी. वी. डी.) प्रसंस्करण की पुस्तिका, एल्सवियर, 2010।
5. जे. जे. कुज़मिक, इलेक्ट्रोलेस प्लेटिंग और उसके लिए समाधान के लिए प्लास्टिक सब्सट्रेट की तैयारी। संयुक्त राज्य अमेरिका पेटेंट (यूएस 3790400A)।
6. यूरोपीय संघ जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट, यूरोपीय आयोग, 2002।

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

PRL Overleaf: एक कस्टमाइज्ड LaTeX सहयोगी प्लेटफार्म

(श्री दिनेश मेहता[1] ,श्री वैभव वरीश सिंह राठौर[1], श्री जिगर रावल[1])

श्री दिनेश मेहता, वैज्ञानिक/ अभियंता-SE

सार

LaTeX ने पीआरएल के शोध परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है–शोधपत्र प्रकाशन से लेकर मेनुस्क्रिप्ट और शोध-प्रबंधों के निर्माण तक। इन क्षमताओं को एक सुरक्षित, सहयोगात्मक क्षेत्र में विस्तारित करने के लिए, हमने PRL Overleaf को लागू किया है, जो एक अनुकूलित प्लेटफ़ॉर्म है जो वैज्ञानिक लेखन पर शोधकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित करता है। इसमें 188 से अधिक प्रोजेक्ट बनाए गए और 98 से अधिक सक्रिय सहयोगियों ने विभिन्न विभागों में योगदान दिया। PRL Overleaf एक वेब-आधारित LaTeX संपादन प्लेटफार्म है। यह Overleaf के ओपन-सोर्स कम्युनिटी संस्करण पर आधारित है, जो एक ऑनलाइन सहयोगात्मक LaTeX संपादक है। इसे एक Docker युक्त वातावरण में परिनियोजित किया गया है और PRL कम्युनिटी की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से अनुकूलित किया गया है।

1. परिचय

क्या होगा अगर आप किसी शोध पत्र पर काम कर रहे हों और चाहते हों कि आपके सहकर्मी आपके नवीनतम बदलावों को तुरंत देख सकें? या क्या होगा अगर आप में से दो (या ज़्यादा) लोग एक ही दस्तावेज़ को एक साथ संपादित करना चाहें – बिना अंतहीन ईमेल अटैचमेंट भेजे? क्या होगा अगर आपका पूरा बैच किसी क्लास प्रोजेक्ट पर सहयोग करना चाहता हो, एक-दूसरे के काम की समीक्षा करना चाहता हो, और पूरी तरह से तालमेल बनाए रखना चाहता हो?

पीआरएल ओवरलीफ़ इसका जवाब है।

यह लेटेक्स पर आधारित है जो एक उच्च-गुणवत्ता वाला टाइपसेटिंग सिस्टम है, जो सामान्यतः तकनीकी और वैज्ञानिक दस्तावेजों के लिए प्रयोग किया जाता है। यह जटिल गणितीय समीकरणों, सन्दर्भ-सूचियों और संरचित स्वरूपण को संभालने की क्षमता के लिए जाना जाता है। LaTeX अब अकादमिक और अनुसंधान लेखन का मानक बन चुका है। पारंपरिक वर्ड प्रोसेसर के विपरीत, LaTeX सामग्री को स्वरूपण से अलग करता है, जिससे लेखक अपने दस्तावेज़ों के स्वरूप और संरचना पर सटीक नियंत्रण रख सकते हैं।

Overleaf[1] एक वेब-आधारित LaTeX संपादक है जो LaTeX दस्तावेज़ों को लिखने और साझा करने की प्रक्रिया को सरल बनाता है। यह एक सहज इंटरफेस और स्वचालित पूर्वावलोकन जैसी अंतर्निहित विशेषताओं के साथ, कई उपयोगकर्ताओं को एक ही दस्तावेज़ पर वास्तविक समय में सहयोग करने की अनुमति देता है। Overleaf, LaTeX पैकेजों को स्थापित करने और दस्तावेज़ों को स्थानीय रूप से संकलित करने की परेशानी को समाप्त करता है, और इंट्रानेट एक्सेस वाले किसी भी उपकरण से सुलभ एक सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान करता है।

Docker एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो डेवलपर्स को एप्लिकेशन और उसकी निर्भरताओं को हल्के कंटेनरों में पैकेज करने की अनुमति देता है। ये कंटेनर विभिन्न वातावरणों में एप्लिकेशन को विश्वसनीय रूप से चलाने में सक्षम बनाते हैं, जिससे परिनियोजन, रखरखाव और अपडेट आसान हो जाते हैं।

PRL में अनुसंधान कार्य की सहयोगात्मक प्रकृति और दस्तावेज़ीकरण के लिए LaTeX पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए, हमने Overleaf के कम्युनिटी[2] संस्करण को अपनाया

और इसे PRL कम्युनिटी की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित किया है, जिससे बेहतर एकीकरण, सुरक्षा और प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।

2. Docker क्या है और इसके लाभ

Docker एक ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म है जो हल्के, पोर्टेबल कंटेनरों के अंदर एप्लिकेशन के परिनियोजन को स्वचालित करता है। ये कंटेनर एप्लिकेशन चलाने के लिए आवश्यक सभी घटक — कोड, रनटाइम, लाइब्रेरी और सिस्टम टूल — शामिल करते हैं, जिससे वे प्लेटफॉर्म-स्वतंत्र और अत्यंत सुसंगत बन जाते हैं।

PRL Overleaf के संदर्भ में Docker का मुख्य लाभ इसकी सरलता और दक्षता में निहित है। सुरक्षा की दृष्टि से, Docker कंटेनर होस्ट और एक-दूसरे से पृथक किए जा सकते हैं, जिससे सिस्टम में कमजोरियों के फैलने का जोखिम कम होता है। सुरक्षा पैच भी आसानी से लागू किए जा सकते हैं।

अपडेट और स्केलेबिलिटी के मामले में, Docker इस प्रक्रिया को निर्बाध बनाता है। नई विशेषताएं या बग फिक्स कंटेनरों को पुनः प्रतिस्थापित कर के तुरंत लागू की जा सकती हैं। Docker Compose के माध्यम से हम बहु-कंटेनर एप्लिकेशन को व्यवस्थित कर सकते हैं, जैसे PRL Overleaf में संपादक, डेटाबेस, और फ़ाइल सिस्टम के घटकों का प्रबंधन।

संक्षेप में, Docker PRL Overleaf के बुनियादी ढांचे को फुर्तीला, विश्वसनीय और स्केलेबल बनाता है, जिससे यह अनुसंधान परिवेश के लिए एक मजबूत समाधान बन जाता है।

3. PRL Overleaf अवलोकन



Figure 1 PRL-ओवरलीफ़ का वेब GUI

PRL Overleaf को आधिकारिक रूप से 18/02/2025 को लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य PRL कम्युनिटी में सहयोगात्मक अकादमिक लेखन को समर्थन देना था। इसके लॉन्च के बाद से, इस प्लेटफार्म ने उल्लेखनीय उपयोग देखा है, जिसमें 188 से अधिक प्रोजेक्ट बनाए गए और 98 से अधिक सक्रिय सहयोगियों ने विभिन्न विभागों में योगदान दिया।

उत्पन्न कर सकते हैं। उपयोगकर्ता अपनी आवश्यकताओं के अनुसार प्रॉम्प्ट को दोहराकर या परिष्कृत करके AI की

Figure 2 पीआरएल-ओवरलीफ़ प्रोजेक्ट इंटरफ़ेस

PRL Overleaf के कस्टम संस्करण में कम्युनिटी संस्करण की तुलना में कई सुधार शामिल हैं:

- फ्री Overleaf खातों में अधिकतम 50 MB की फ़ाइल अपलोड सीमा होती है, जबकि PRL Overleaf में यह सीमा 100 MB तक है, जिसे आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकता है।
- फ्री Overleaf संस्करण में अधिकतम तीन सहयोगियों तक सीमित है, जबकि PRL Overleaf में असीमित परियोजना सहयोगियों को अनुमति दी जाती है।
- यह समाधान पूरी तरह से पीआरएल के आंतरिक ढांचे पर आधारित है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संवेदनशील दस्तावेज़ हमारे सुरक्षित नेटवर्क में ही रहें।

4. निष्कर्ष

PRL Overleaf PRL अनुसंधान कम्युनिटी के लिए एक अनिवार्य उपकरण बन चुका है। LaTeX, Overleaf और Docker की खूबियों को मिलाकर, हमने एक शक्तिशाली प्लेटफ़ॉर्म तैयार किया है जो वैज्ञानिक लेखन को सरल और

सहयोगात्मक बनाता है। इस सेवा ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को सुलभ बनाया है, जिससे शोधपत्र, थीसिस और प्रोजेक्ट दस्तावेज़ बिना किसी तकनीकी परेशानी के सहलेखन किए जा सकते हैं। इसकी अनुकूलता और विश्वसनीयता, शोधकर्ताओं की बदलती आवश्यकताओं को समर्थन देती है और एक खुले, कुशल और सहयोगात्मक शोध संस्कृति को बढ़ावा देती है।

5. आभार

हम प्रोफेसर अनिल भारद्वाज, निदेशक, PRL, के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके प्रोत्साहन और दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने और उन्नत तकनीकों तथा टूल्स को अपनाने की प्रेरणा दी। हम PRL के रजिस्ट्रार और डीन के भी आभारी हैं, जिनके निरंतर सहयोग ने इस प्रयास को निरंतर बल प्रदान किया।

इसके साथ ही, हम प्रोफेसर बिजय साहू, प्रोफेसर वरुण शील, प्रोफेसर नमित महाजन और डॉ. एम. शनमुगम के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। CNIT टीम के सभी सदस्यों के अथक समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हम विशेष रूप से आभारी हैं।

अंततः, हम अपने सभी PRL सहयोगियों को उनके निरंतर समर्थन, विश्वास और सहभागिता के लिए धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पहल को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

6. संदर्भ

1. https://www.overleaf.com/
2. https://github.com/overleaf/toolkit

पाई-होल के साथ DNS-स्तरीय नेटवर्क फ़िल्टरिंग

(श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री वैभव वरीश सिंह राठौर, श्री जिगर रावल)

श्री आलोक श्रीवास्तव, वैज्ञानिक/अभियंता - SE

सार

क्या होगा जब हमें हर बार वेबसाइट पर जाने के लिए उसके नाम के बजाय उसका आईपी पता टाइप करना पड़े? उदारण स्वरूप, आपको हर बार जब आप सरल और सुरुचिपूर्ण prl.res.in के बजाय 103.98.60.51 टाइप करना पड़े, तो यह थकाऊ लगता है, है ना? लेकिन क्या आपने कभी आश्चर्य करना बंद कर दिया है-आपका ब्राउज़र कैसे जानता है कि prl.res.in कहाँ है? कौन सी छिपी हुई प्रक्रिया इस जादू को पर्दे के पीछे करती है? अब, इस रहस्य को उजागर करते हैं: डोमेन नाम प्रणाली (डी. एन. एस.) कैसे काम करती है-अदृश्य अनुवादक जो नामों को संख्याओं से जोड़ता है और इंटरनेट को मानव-अनुकूल रखता है. और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम आपको दिखाएंगे कि कैसे पाई-होल, एक शक्तिशाली डी. एन. एस. सिंकहोल, विज्ञापनों, ट्रैकरों और दुर्भावनापूर्ण डोमेन को अवरुद्ध करने के लिए कदम, नेटवर्क स्तर पर आपकी ऑनलाइन गतिविधि को चुपचाप और कुशलता से सुरक्षित करता है।

1. परिचय

आज के डिजिटल इकोसिस्टम में, जहाँ हर एप्लिकेशन और डिवाइस बाहरी सर्वरों से लगातार संचार कर रहा है, DNS (डोमेन नेम सिस्टम) ट्रैफ़िक को नियंत्रित और सुरक्षित रखना नेटवर्क स्वच्छता का एक आधारभूत उपाय बन गया है। DNS, जिसे अक्सर "इंटरनेट की फ़ोनबुक" कहा जाता है, मानव-पठनीय डोमेन नामों (जैसे, www.example.com) को मशीन-पठनीय IP पतों (जैसे, 192.0.2.1) में बदलने के लिए ज़िम्मेदार है। जब भी कोई उपयोगकर्ता किसी वेबसाइट पर जाता है, वीडियो स्ट्रीम करता है, या कोई एप्लिकेशन खोलता है, तो एक DNS अनुरोध ट्रिगर होता है। आवश्यक होने के साथ-साथ, DNS विज्ञापन, ट्रैकिंग और मैलवेयर डिलीवरी के लिए भी एक सामान्य माध्यम है।

इन खतरों को कम करने के लिए, DNS सिंकहोलिंग (या DNS ब्लैकहोलिंग) तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका ज्ञात दुर्भावनापूर्ण या अवांछित डोमेन के लिए DNS क्वेरीज़ को इंटरसेप्ट करता है और उन्हें एक गैर-रूट करने योग्य पते पर रीडायरेक्ट करता है, जिससे पहुँच को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। यह सक्रिय फ़िल्टरिंग तंत्र विशेष रूप से एंटरप्राइज़ और घरेलू नेटवर्क में लाभदायक है जहाँ उपयोगकर्ता की गोपनीयता बनाए रखना और विज्ञापनों व टेलीमेट्री से बैंडविड्थ की बर्बादी को कम करना महत्वपूर्ण है।

पाई-होल[1] एक ओपन-सोर्स डीएनएस सिंकहोल समाधान है जिसे नेटवर्क स्तर पर विज्ञापनों, ट्रैकर्स और दुर्भावनापूर्ण सामग्री को ब्लॉक करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अंतर्निहित फ़िल्टरिंग क्षमताओं के साथ एक डीएनएस सर्वर के रूप में कार्य करता है और नेटवर्क के भीतर किए गए सभी डीएनएस अनुरोधों की दृश्यता प्रदान करता है। इसके हल्के वज़न और उपयोग में आसान इंटरफ़ेस ने इसे सिस्टम प्रशासकों और गोपनीयता के प्रति जागरूक उपयोगकर्ताओं के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बना दिया है।

2. पाई-होल आर्किटेक्चर

इस परियोजना में Pi-hole को Docker[2] का उपयोग करके परिनियोजित किया गया है, जो एक हल्का

- सरलीकृत परिनियोजन, विशेष रूप से डॉकर कम्पोज़ जैसे उपकरणों का उपयोग करना।
- यह Docker को Pi-hole जैसी नेटवर्क-महत्वपूर्ण सेवाओं को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए एक



आकृति 1 पाई-होल आर्किटेक्चर

कंटेनरीकरण प्लेटफ़ॉर्म है जो एप्लिकेशन परिनियोजन को सरल बनाता है। Pi-hole और उसकी सभी निर्भरताओं को एक ही कंटेनर में पैक करके, Docker यह सुनिश्चित करता है:

- अलगाव के माध्यम से सुरक्षा, क्योंकि सेवा होस्ट सिस्टम से स्वतंत्र रूप से चलती है।
- प्लेटफ़ॉर्म स्वतंत्रता, जिससे इसे न्यूनतम परिवर्तनों के साथ विभिन्न प्रणालियों में तैनात किया जा सकता है।
- रखरखाव में आसानी, होस्ट को प्रभावित किए बिना त्वरित अपडेट और रोलबैक की अनुमति

आदर्श विकल्प बनाता है।

यहां डिज़ाइन किया गया पाईहोल-आर्किटेक्चर स्तरित सुरक्षा, लॉगिंग और DNS नियंत्रण पर केंद्रित है, जिसमें निम्नलिखित चरण शामिल हैं:

1. उपयोगकर्ता किसी वेबसाइट तक पहुंचने के लिए अनुरोध करता है।
2. अनुरोध पहले नेटवर्क प्रॉक्सी से होकर गुजरता है, जो रूटिंग और बुनियादी फ़िल्टरिंग का काम संभालता है।
3. प्रॉक्सी से, DNS अनुरोध हमारे DNS फ़िल्टरिंग इंजन, Pi-hole को भेजा जाता है।

4. पाई-होल निम्नलिखित क्रियाएं करता है:

   a. यदि डोमेन LAN-आधारित है, तो अनुरोध का समाधान हमारे स्थानीय DNS सर्वर के माध्यम से आंतरिक रूप से किया जाता है

   b. यदि डोमेन बाहरी है, तो Pi-hole अनुरोध को गोपनीयता और गति के लिए कॉन्फ़िगर किए गए सुरक्षित अपस्ट्रीम ISRO DNS सर्वर पर अग्रेषित करता है।

5. प्रत्येक अनुरोध - चाहे वह स्वीकृत हो या अवरुद्ध - अनुपालन और नेटवर्क निगरानी के लिए पाई-होल द्वारा लॉग किया जाता है।

6. अंततः, समाधानित आईपी पता वापस कर दिया जाता है, और उपयोगकर्ता को इच्छित सेवा से जोड़ दिया जाता है।

3. पाई-होल अवलोकन

निम्नलिखित स्क्रीनशॉट लाइव PRL-Pihole का अवलोकन प्रदान करते हैं:



आकृति 2 Pi-Hole का लॉगिन डैशबोर्ड



आकृति 3 पाई-होल लाइव डेटा अवलोकन



आकृति 4 पी-होल का अधिकतम क्लाइंट उपयोग और अधिकतम अस्वीकरण

4. निष्कर्ष

Docker का उपयोग करके Pi-hole का कार्यान्वयन DNS ट्रैफ़िक को प्रबंधित करने और नेटवर्क गोपनीयता को बेहतर बनाने के लिए एक कुशल, स्केलेबल और सुरक्षित तरीका प्रदान करता है। बुनियादी ढाँचे के स्तर पर DNS सिंकहोलिंग का लाभ उठाकर, Pi-hole विज्ञापनों, ट्रैकिंग डोमेन और संभावित मैलवेयर वितरण को प्रभावी ढंग से ब्लॉक करता है, और वह भी क्लाइंट-साइड इंस्टॉलेशन या ब्राउज़र एक्सटेंशन की आवश्यकता के बिना।

Docker का कंटेनरीकरण इस सेटअप को मॉड्यूलर और रखरखाव योग्य बनाए रखने की अनुमति देता है, जिससे यह उन सिस्टम प्रशासकों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त हो जाता है जो परिनियोजन पाइपलाइनों में स्थिरता और विश्वसनीयता को महत्व देते हैं। Dockerized वातावरण में Pi-hole का एकीकरण दर्शाता है कि कैसे आधुनिक DevOps प्रथाओं को पारंपरिक नेटवर्क सुरक्षा अवधारणाओं के साथ जोड़कर वेब एक्सेस और डेटा गोपनीयता पर बेहतर नियंत्रण प्रदान किया जा सकता है।

5. आभार

हम प्रोफेसर अनिल भारद्वाज, निदेशक, PRL, के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके प्रोत्साहन और दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने और उन्नत तकनीकों तथा टूल्स को अपनाने की प्रेरणा दी। हम PRL के रजिस्ट्रार और डीन के भी आभारी हैं, जिनके निरंतर सहयोग ने इस प्रयास को निरंतर बल प्रदान किया।

इसके साथ ही, हम प्रोफेसर बिजय साहू, प्रोफेसर वरुण शील, प्रोफेसर नमित महाजन और डॉ. एम. शनमुगम के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

CNIT टीम के सभी सदस्यों के अथक समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हम विशेष रूप से आभारी हैं। अंततः,

हम अपने सभी PRL सहयोगियों को उनके निरंतर समर्थन, विश्वास और सहभागिता के लिए धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस पहल को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संदर्भ

[1] https://pi-hole.net/

[2] https://www.docker.com/

अंतरिक्ष उपयोग के लिए गगनयान परियोजना में स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विचपर स्वर्ण विलेपन की अर्हता

लेखक विमलभाई एम.शाह[1],जयेशभाई बी.पराडीया[2]

वैज्ञानिक/अभियंता-एसएफ,प्रणाली विश्वसनियता एंव सुरक्षा क्षेत्र,सैक,अहमदाबाद, ईमेल:vmshah@sac.isro.gov.in

सार

स्वर्ण विलेपन का उपयोग उच्च विद्युत चालकता, कम संपर्क प्रतिरोध, अच्छी संधि क्षमता, ऑक्साइड के निर्माण के लिए प्रतिरोध, निष्क्रियता, उत्कृष्ट प्रतिबिंब आदि के लिए किया जाता है। अंतरिक्ष हार्डवेयर में विलेपन के लिए सोने के विलेपन प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। परिचालन के दौरान सोने के गुणधर्म में गिरावट होती है तों उप प्रणाली के कार्य क्षमता पर प्रभाव पड़ता है इसलिए उच्च विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है।

प्रस्तावना

एक अंतरिक्ष यान में कई प्रणाली / उप प्रणाली शामिल होती हैं जो कि उचित सतही उपचार किए जाने पर ठीक से काम करेंगी। अंतरिक्ष हार्डवेयर के लिए स्वर्ण विलेपन की प्रक्रिया का इस्तेमाल करते समय उसे अपने पूरे डिजाइन जीवनकाल में हार्डवेयर की अंतर्निहित उच्च विश्वसनीयता को बना रहना चाहिए। ऐसा करने के लिए उसे उपग्रह भंडारण, प्रमोचन एवं कक्षा में जीवनकाल के दौरान पर्यावरणीय तनाव में हार्डवेयर के कार्यात्मक प्रदर्शन को प्रभावित किए बिना और गुणवत्ता में गिरावट के बिना टिके रहना होता है। संविरचित ऑनबोर्ड के रूप में इसे नियोजित करने के पूर्व प्रक्रिया की गुणवत्ता से आश्वस्त होने के लिए यह आवश्यक है कि प्रक्रिया के लिए अर्हताप्राप्त की जाए, जिसमें इसका पर्यावरण और कार्यात्मक परीक्षणों की श्रृंखला तथा दृश्यमान जाँच से गुजरना शामिल है। अर्हता परीक्षण में सीमाओं को पहचानने में मदद मिलती है; और उसका इष्टतमीकरण किया जा सकता है।दूसरे चरण में अर्हता प्रक्रिया के दौरान लॉग की गई मापदंडों से प्रक्रिया पहचान दस्तावेज (पीआईडी) तैयार करने में मदद करती है इससे बाद में निर्माण के दौरान प्रक्रिया की गुणवत्ता के दोहराव को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।इस आलेख में अर्हता की आवश्कता, अर्हता दर्शन, अर्हता पूरा करने वाली जरूरतों और अंतरिक्ष उपयोग के लिए स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच पर स्वर्ण विलेपन अर्हता के लिए प्ररूपी अर्हता योजना की आवश्यकता पर चर्चा की गई है।

अर्हता कार्य कलाप

अंतरिक्ष उपयोग के लिए स्वर्ण विलेपन प्रक्रिया की अर्हता के लिए; एक प्रक्रिया अर्हता योजना (पीक्यूएटीपी) बनाई जाती है जिसमें आधार सामग्री, प्रक्रिया और विलेपित नमूनों/ भागों के आधार पर आवश्यकताओं की पहचान का दस्तावेजीकरण किया जाता है। परीक्षण प्रक्रिया, नमूना विन्यास, निरीक्षण और परीक्षण अनुक्रम, मापदंड आदि को निर्दिष्ट किया जाता है। इस योजना में स्वीकृति परीक्षण भी शामिल है, जिन्हें प्रक्रिया के सफल समापन के बाद भागों के बैच पर किया जाएगा। विलेपन प्रक्रिया अर्हता के पहले चरण में अर्हता बैच के स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच नमूनों पर परीक्षण किया जाता है। पीक्यूपी के अनुसार विलेपित नमूनों पर निरीक्षण और परीक्षण किया जाता है। अर्हता परीक्षण के दौरान सभी प्रक्रिया मापदंडों की लॉगबुक में प्रविष्टि की जाती है और सहिष्णुता की पहचान की जाती है। स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच नमूनों पर अर्हता के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच (चित्र-1) पर सोना उसी प्रक्रिया प्राचल से विलेपित किया जाता है जिनका उपयोग स्टेनलेस स्टील धातु नमूनों के विलेपन के लिए किया गया था, जो सभी अर्हता परीक्षणों पर खरे उतरे थे। अर्हता के लिए फ्लो चार्ट के अनुसार अर्हता बैच

के स्वर्ण विलेपित स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच पर निरीक्षण और परीक्षण किया जाता है।

चित्र 1 नमूना चित्र

अर्हता परीक्षण

स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच पर स्वर्ण विलेपन प्रक्रिया की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए अर्हता निम्नलिखित परीक्षण किये जाते हैं। अगर किसी भी नमूना किसी भी निरीक्षण / परीक्षण के लिए निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहता है, तो पूरे अर्हता बैच को खारिज कर दिया जाता है और नमूने का एक नया बैच प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है।

अर्हता परीक्षण की आवश्यकताएं सारणी -1 के अनुसार हैं। स्वर्ण विलेपित सामान्य दोष व उसके कारण और उपचारात्मक कार्य सारणी-2 के अनुसार है।

सारणी-1 : अर्हता परीक्षण आवश्यकताएं

परीक्षण / निरीक्षण	स्वीकृति मापदंड
दृश्यमान निरीक्षण	स्वर्ण विलेपन निरंतर, चिकनी, पक्षपाती और दिखने में एक जैसी होनी चाहिए और इसे ब्लिस्टर, खरोंच, छिछोरा, जलने का संकेत, बढ़त निर्माण और अन्य चढ़ाव के कार्यात्मक उपयोग के लिए हानिकारक दोष से मुक्त होना चाहिए।
मोटाई	2-3 माइक्रोन के भीतर
उष्णता प्रतिरोध परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण	परीक्षण के बाद नमूनों, किसी भी मलिनीकरण, ब्लिस्टरिंग, छीलने या सोना चढ़ाना के किसी भी अन्य गिरावट को नहीं दिखाना चाहिए।
तापीय शॉक परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण	तापीय चक्र परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण में कोई गिरावट नहीं होनी चाहिए ।
आर्द्रता परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण	आर्द्रता परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण में कोई गिरावट नहीं होनी ।
तापनिर्वात परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण	तापनिर्वात परीक्षण के बाद दृश्यमान निरीक्षण में कोई गिरावट नहीं होनी चाहिए ।
संधि क्षमता परीक्षण	डी-वेटिंग, नॉन-वेटिंग और पिनहोल से मुक्त होना चाहिए
कठोरता परीक्षण	85 से 90 एचके

सारिणी-2 : सामान्य दोष

दोष	*कारण*	*उपचारात्मक कार्रवाई*
सोने पर खुरदरापन	उच्च तापमान और उच्च निकेल सामग्री	मापदंडों को बनाए रखें
स्वर्ण विलेपित सतह पर पैच	सतह को अच्छी तरह से साफ किया जाए, अनुचित बाथ और सतह की सफाई	बाथ और सतह की उचित सफाई
स्वर्ण विलेपित सतह पर उच्च / कम मोटाई	उच्च / कम सोने की धातु सामग्री	उचित मापदंड, स्वर्ण घोल का उचित परिचालन एवं एनोड-कैथोड की उचित दूरी बनाए रखना।
स्वर्ण विलेपित सतह पर ब्लिस्टर	सतह की सफाई की समस्याएं और कम स्वर्ण धातु सामग्री	सतह को अच्छी तरह से साफ करें, आरओ / डीआई पानी का उपयोग करें, बाथ मापदंडों का पालन करें।
नोड्यूल	बाथ में अशुद्धियाँ	स्वर्ण विलेपन से पहले बाथ को साफ करें

निष्कर्ष

ऊपर दी गई सामान्य योग्यता प्रक्रिया को अंतरिक्ष यान की गगन यान परियोजना के लिए लागू की गई है। वायुमंडलीय परीक्षणों से पहले और बाद में लक्षित गुणवत्ता मापदंडों का स्वीकार्य सीमाओं के भीतर मूल्यांकन किया गया था और इसलिए स्टेनलेस स्टील धातु डोम स्विच नमूना पर स्वर्ण विलेपन प्रक्रिया अंतरिक्ष उपयोग के लिए अर्हताप्राप्त किया है।

आभार

यह पत्र लिखने के लिए लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रुप निदेशक- एस.आर.एस.ए., सैक के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।

सन्दर्भ

[1] मिल-डीटीएल-45204डी-गोल्ड-प्लेटिंग-इलेक्ट्रोडिपोजिटेड

[2] मिल -एसटीडी-883

[3] मिल -एसटीडी-202, विधि 208, संधि क्षमता परीक्ष

प्राकृतिक और कृत्रिम स्रोतों द्वारा उत्पन्न बिजली के स्पेक्ट्रम का तुलनात्मक अध्ययन

सोनम जीतरवाल

वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एसडी', पीआईडीएस/ पीएसडीएन, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला

सार

बिजली के उपकरण में, एंटीना एक सेंसर के रूप में काम करता है जिसका उपयोग बिजली उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय तरंगों का पता लगाने के लिए किया जाता है। हमने मानसून के दौरान पीआरएल में बिजली के उपकरण का उपयोग करके बिजली के स्पंद को कैप्चर किया है। इस कैप्चर किए गई बिजली के स्पंद में, समय-आवृत्ति स्थानीयकरण तकनीक का उपयोग करके डेटा का विश्लेषण किया। यह पेपर बिजली के प्राकृतिक स्रोत और कृत्रिम स्रोत, यानी वैन डे ग्राफ जनरेटर द्वारा का उपयोग करके समय क्षेत्र में एवं समय-आवृत्ति क्षेत्र में बिजली स्पेक्ट्रम परीक्षण परिणामों को प्रस्तुत करता है जो हमें बिजली की विशेषताओं को समझने और उससे होने वाले दुष्प्रभाव के निवारण मे सहायता प्रदान करेगा।

प्रस्तावना

बिजली की घटना मूल रूप से बहुत कम अवधि का एक बड़ा विद्युत निर्वहन है। जब बिजली उत्पन्न होती है, तो यह एक विस्तृत आवृत्ति रेंज में विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उत्सर्जन करती है। बिजली तीन अलग-अलग रूपों में होती है यानी बादलों के भीतर, बादलों के बीच में, बादल से ज़मीन तक। पृथ्वी पर बादलों की ऊंचाई लगभग एक से बीस किमी है, और इसलिए बादलों से जमीन के बीच विद्युत निर्वहन की संभावना है। डिस्चार्ज, बादलों के बीच में या बादलों के भीतर होने की उम्मीद भी है। बिजली मापन हेतु उपकरण, पीआरएल में विकास के अधीन है। इसमें, हम बिजली की स्पंद प्राप्त करने के लिए एक विद्युत रूप से छोटे द्विध्रुवीय एंटीना को सेंसर के रूप उपयोग करते हैं। इस काम में, मानसून में बिजली के प्राकृतिक स्रोत और कृत्रिम स्रोत, यानी वैन डे ग्राफ जनरेटर का उपयोग करके समय क्षेत्र में कैप्चर की गई स्पंद को दर्शाया है। इसके अलावा, दोनों स्रोतों के समय-आवृत्ति क्षेत्र में बिजली स्पेक्ट्रम की तुलना और चर्चा की गई है।

बिजली मापन हेतु उपकरण की रचना:

उपकरण का एक ब्लॉक आरेख चित्र 1 में दिखाया गया है जहां विद्युतयी रूप से छोटे द्विध्रुवीय वी आकार एंटीना को सेंसर के रूप में उपयोग किया और इसकी सहायता से बिजली के संकेतो का पता लगाया जाता है और आगे की इलेक्ट्रॉनिक्स स्टेज में सिग्नल को संसाधित किया जाता है। एंटीना द्वारा बिजली के संकेतों में से पावर लाइन पिक-अप (50 हर्ट्ज) को हटाने के लिए एक नॉच फिल्टर लगाया गया, इसके बाद सिग्नल कंडीशनिंग के लिए प्री-एम्पलीफायर (AD524) का उपयोग किया और उसके पश्चात् सिग्नल डिजिटलीकरण करके, विश्लेषण के लिए डाटा को स्टोर किया गया है।



चित्र 1: उपकरण का ब्लॉक आरेख

उपकरण का परीक्षण सेट अप और परिणाम

एक 1.5 मीटर एंटीना सेटअप पीआरएल थलतेज टेरेस में किया है जिसका उपयोग दोनों स्रोतों द्वारा उत्पन्न बिजली से परीक्षण के लिए किया और समय क्षेत्र में कैप्चर की गई घटना को रिकॉर्ड किया जैसा कि चित्र 2 में दर्शाया गया है।



चित्र 2: परीक्षण सेटअप

चित्र 3 (अ) प्राकृतिक स्रोत और कृत्रिम स्रोत द्वारा रिकॉर्ड की गई स्पंद को दिखाता है। दोनों स्रोतों से समय क्षेत्र में कैप्चर की गई स्पंद की तुलना की गई। समय आवृत्ति स्थानीयकरण के लिए, हिल्बर्ट हुआंग रूपांतरण (HHT) का उपयोग किया गया क्योंकि यह अन्य रूपांतरणों की तुलना में कम कार्यान्वयन जटिलता के साथ उच्च रिज़ॉल्यूशन देता है जैसा कि चित्र 3 (ब) में दिया गया है।



चित्र 3: (अ) बिजली के कृत्रिम स्रोत, यानी वैन डे ग्राफ जनरेटर एवं प्राकृतिक स्रोत द्वारा उत्पन्न समय डोमेन स्पंद (ब) दोनों स्रोतों के समय-आवृत्ति क्षेत्र में बिजली का स्पेक्ट्रम

इसमें हम देखते हैं कि दोनों स्रोतों द्वारा उत्पन्न समय डोमेन स्पंद की अवधि समान स्तर यानी कुछ सैकड़ों की माइक्रोसेकंड रेंज में है। इसके अलावा, दोनों स्रोतों के समय-आवृत्ति क्षेत्र में बिजली स्पेक्ट्रम की तुलना की गई । जिसकी सहायता से आवर्ती का पता लगाया गया, जो की बिजली के कृत्रिम स्रोत, यानी वैन डे ग्राफ जनरेटर और बिजली के प्राकृतिक स्रोत के लिए मेघा हर्ट्ज़ और किलो हर्ट्ज़ रेंज में है।

निष्कर्ष

यहां हमने दोनों स्रोतों से कैप्चर किये गए बिजली के स्पंद का विश्लेषण किया ताकि हर्ट्ज से किलो हर्ट्ज रेंज में बिजली उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय तरंगों को उत्पन्न करने वाले उपयुक्त स्रोत का पता लगाया जा सके। इस उद्देश्य के लिए, हमने द्विध्रुवीय वी आकार एंटीना को दोनों स्रोतों के साथ परीक्षण किया । टाइम डोमेन सिग्नल का अवधि स्तर के अनुसार तुलना से, यह बहुत स्पष्ट है कि हम वैन डे ग्राफ जनरेटर को स्रोत के रूप में उपयोग कर सकते हैं पर यदि हम आवृत्ति के अनुसार देखें तो कृत्रिम स्रोत मेघा हर्ट्ज़ रेंज में है जो प्राकृतिक बिजली स्रोत की तुलना में एक आर्डर अधिक है। मानसून में बिजली के प्राकृतिक स्रोत से उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय तरंगों का उपयोग करके आगे का अनुकूलन जारी है।

आभार

मैं इस काम में योगदान देने वालों को धन्यवाद देना चाहती हूं।

सन्दर्भ

1) स्कार्फ एवं सहयोगी "द पायनियर वीनस ऑर्बिटर प्लाज़्मा वेव इन्वेस्टिगेशन" IEEE ट्रांजेक्शन ऑन जियोसाइंस एंड रिमोट सेंसिंग,1980,36-38 ।

2) रसेल एवं सहयोगी "ग्रहों की बिजली" पृथ्वी ग्रह विज्ञान 1993, 43-87 ।

3) गुरनेट एवं सहयोगी "कैसिनी रेडियो और प्लाज्मा तरंग जांच" अंतरिक्ष विज्ञान की समीक्षा, 2004,395-463।

4) जे.पी. पबारी एवं सहयोगी "फ्यूचर वीनस ऑर्बिटर के लिए लाइटनिंग इंस्ट्रूमेंट" 49 चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन 2018, 1391 ।

5) सोनम जीतरवाल एवं सहयोगी, "बिजली अध्ययन के लिए इलेक्ट्रोस्टैटिक डिस्चार्ज का समय-आवृत्ति स्थानीयकरण",18वीं VEXAG बैठक 2020, 8010।

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

उप-विषय : अंतरिक्ष विज्ञान , ग्रहीय विज्ञान , खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, सौर भौतिकी

शीर्षक: कैमरा इंटरफ़ेस नियंत्रण सॉफ्टवेयर का विकास और उपकरण नियंत्रण सॉफ्टवेयर के साथ इसका एकीकरण

अंकिता पटेल[1], कशिश शाह [2], मुदित श्रीवास्तव [3]

वैज्ञानिक/अभियंता -"एस डी ", खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, ankita@prl.res.in

सार

प्रोटोपोल यंत्र को PRL माउंट आबू टेलीस्कोप पर स्वदेशी विकसित GUI के माध्यम से संचालित किया जाता है, जो यंत्र की गतिशीलता के साथ-साथ विभिन्न पैरामीटरों के नियंत्रण के लिए विकसित किया गया था। हालाँकि, कैमरा डिटेक्टर नियंत्रण इस प्रणाली में एकीकृत नहीं था। अब हमने एंडोर कैमरा डिटेक्टर के लिए एक समर्पित GUI विकसित किया है और इसे मुख्य यंत्र GUI के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है, जिससे सुचारू संचालन संभव हुआ है और कैमरा पैरामीटर की निगरानी और नियंत्रण की संपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है। इसके अलावा, हमने स्वचालित स्क्रिप्ट्स भी विकसित की हैं जो यंत्र के कुछ संचालन मॉड्यूल्स को बिना किसी मानव हस्तक्षेप के चला सकती हैं, जिससे इसका उपयोग और अधिक सहज हो गया है।

प्रस्तावना

आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और सटीक निगरानी के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन सिस्टम एक मूल आधार के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन पूर्ववर्ती नियंत्रण इंटरफेस तेजी से विकसित हो रही आवश्यकताओं को पूरा करने में अक्सर असमर्थ रहते हैं। वैज्ञानिक इमेजिंग, विशेषकर CCD कैमरों के उपयोग में, पर्यवेक्षकों को कैमरे के महत्वपूर्ण पैरामीटर को वास्तविक समय में नियंत्रित करने के लिए मॉड्यूलर और उपयोगकर्ता-अनुकूल सॉफ्टवेयर की आवश्यकता होती है। अकृत्रिम सॉफ्टवेयर संरचनाएँ और पुरानी GUI सीमाएँ कार्यकुशलता को बाधित करती हैं और स्वचालन में रुकावट डालती हैं। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने CCD कैमरा नियंत्रण के लिए एक मॉड्यूलर ग्राफिकल यूज़र इंटरफेस विकसित किया है। यह नया सिस्टम मौजूदा प्रोटोपोल इंस्ट्रूमेंट कंट्रोल GUI के साथ सहज रूप से एकीकृत होता है, जिससे हार्डवेयर और डिटेक्टर संचालन का समन्वित नियंत्रण संभव होता है। इसके माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग, इंटरैक्टिव कॉन्फ़िगरेशन और स्वचालित स्क्रिप्टिंग जैसे फीचर्स उपलब्ध होते हैं, जो अवलोकन कार्यप्रवाह को अधिक सुगम और कार्यकुशल बनाते हैं।

एंडोर कैमरा इन-हाउस विकसित GUI

यह सॉफ्टवेयर प्रणाली Python 3.10 पर आधारित है, जो मॉड्यूलर विकास को आसान बनाता है। GUI के लिए PyQt5 और इमेज विज़ुअलाइजेशन के लिए PyQtGraph का उपयोग किया गया है। NumPy इमेज डेटा की गणनाएँ संभालता है, जबकि कैमरा SDK हार्डवेयर नियंत्रण प्रदान करता है। JSON और OS जैसी स्टैंडर्ड लाइब्रेरियाँ कॉन्फ़िगरेशन और सेशन डेटा को संभालती हैं, जिससे सिस्टम मॉड्यूलर, मेंटेनेबल और स्वचालन के लिए उपयुक्त बनता है। यह वैज्ञानिक इमेजिंग लेआउट से प्रेरित है ताकि प्रयोग आसान और रीयल-टाइम रिस्पॉन्सिव रहे। विकसित एंडोर CCD कैमरा GUI को लचीले और प्रभावी नियंत्रण के लिए कई मॉड्यूलर भागों में विभाजित किया गया है। इसमें एक्विज़ीशन सेटअप, शटर व तापमान नियंत्रण और लाइव इमेज डिस्प्ले के

लिए अलग-अलग विजेट हैं, जो रखरखाव और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाते हैं।



चित्र 1: इन-हाउस विकसित कैमरा GUI

एक्विज़ीशन सेटअप मॉड्यूल कैमरा के एक्सपोज़र टाइम, बिनिंग, ROI, मोड, इत्यादि को सेट करता है। **तापमान मॉड्यूल** सेंसर कूलिंग और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग संभालता है। **शटर मॉड्यूल** शटर को मैनुअल या ऑटो मोड में नियंत्रित करता है और **इमेज डिस्प्ले मॉड्यूल** लाइव इमेज व्यू, पिक्सल-स्तरीय निरीक्षण और सिग्नल प्रोफाइल दिखाने की सुविधा प्रदान करता है।

उपकरण GUI - कैमरा GUI एकीकरण



चित्र 2: उपकरण GUI में कैमरे की नई एकीकृत सुविधाएँ

CCD कैमरा कंट्रोल को प्रोटोपोल GUI में एकीकृत करने के लिए पुराने सिस्टम को Python 2/PyQt4 से Python 3/PyQt5 में अपग्रेड किया गया। एक नया लॉन्च बटन, कमांड इंटरफेस और स्क्रिप्ट एक्सीक्यूशन फ्रेमवर्क जोड़े गए ताकि दोनों सिस्टम समन्वित रूप से चल सकें। सिग्नल-स्लॉट आर्किटेक्चर और मल्टीथ्रेडिंग के ज़रिये रीयल-टाइम फीडबैक, सुरक्षित संचालन और भविष्य के विस्तार को आसान बनाया गया है। यह मॉड्यूल प्रोटोपोल GUI से प्राप्त कमांड स्क्रिप्ट्स को निष्पादित करता है, जैसे एक्सपोज़र सेट करना, इमेज लेना, सेव करना या कैलिब्रेशन यूनिट को मूव करना। इसमें स्क्रिप्ट लोड, रन और सुरक्षित रूप से रोकने की सुविधा है। सभी मॉड्यूल कैमरा SDK इंटरफेस के माध्यम से हार्डवेयर से जुड़े रहते हैं, इमेज डेटा प्रोसेस होता है और एक अलग डिस्प्ले विंडो में प्रदर्शित किया जाता है। अपग्रेडेड प्रोटोपोल GUI, कैमरा विंडो को लॉन्च करने में सक्षम है और कमांड इंटरफेस के ज़रिये रीयल-टाइम नियंत्रण प्रदान करता है।

निष्कर्ष

विकसित नियंत्रण सॉफ़्टवेयर की विश्वसनीयता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्यात्मक परीक्षण पद्धति अपनाई गई। प्रत्येक मॉड्यूल का अलग-अलग और सामूहिक रूप से परीक्षण किया गया, ताकि सामान्य संचालन और किन्हीं असामान्य स्थितियों में भी इसका व्यवहार सही रहे। इस परियोजना ने सभी मुख्य कार्यों वाला एक सहज CCD कैमरा नियंत्रण इंटरफेस विकसित किया है, जिसे उन्नत प्रोटोपोल सिस्टम में सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया। मॉड्यूलर डिजाइन और स्वचालन सुविधाएँ भविष्य में इंस्ट्रूमेंटेशन और कार्यप्रवाह को और बेहतर बनाने के लिए मजबूत आधार प्रदान करती हैं।

आभार

इस परियोजना के विकास को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इसके विकास में समर्थन के लिए हम निदेशक, पीआरएल के आभारी हैं।

सन्दर्भ

एंडॉर टेक्नोलॉजी लिमिटेड। (2017)। *एंडॉर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका* (संस्करण 2.102.30000.0) [पीडीएफ]। ऑक्सफोर्ड इंस्ट्रूमेंट्स एंडॉर। प्राप्त किया गया: https://andor.oxinst.com/downloads/uploads/Andor_Software_Development_Kit_2.pdf

जीआइसैट-भू-स्थिर कक्षा से उच्च रेजोल्यूशन सुदूर संवेदन की उपयोगिता एवं नवीनता

जितेन्द्र कुमार

वैग्या./अभि.-एसऍफ़,
इलेक्टो-ऑप्टिकल पेलोड इंटीग्रेशन डिवीज़न, सेडा,
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र,इसरो,अहमदाबाद, , jitendra@sac.isro.gov.in

सार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में निरंतरता के फलस्वरूप रक्षा विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक हर क्षेत्र में नयी ऊँचाइयाँ प्राप्त हो रहीं हैं। जहाँ एक ओर दुश्मन को ठिकाने लगाने के लिए विज्ञान जनित अत्याधुनिक हथियारों की आवश्यकता है तो दूसरी ओर उसके ठिकानों को खोजने के लिए सटीक निगरानी की। अंतरिक्ष जनित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से भू-स्थिर कक्षा से सूदूर संवेदन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यद्यपि कम ऊँचाई वाले लिओ आर्बिट से उच्च स्थानिक विभेदन तो मिल जाता है परन्तु किसी विशेष लक्ष्य को पुनः देखने के लिये कई दिनों का इंतज़ार करना पड़ता है,जिसका समाधान या तो निम्न ऊँचाई वाले ऑर्बिट में उपग्रहों का तारामंडल (constellation) हो सकता है या भू-स्थिर कक्षा में उच्च विभेदन क्षमता वाले उपग्रह को स्थापित करके किया जा सकता है। इस लेख में भू-स्थिर कक्षा से उच्च स्थानिक विभेदन की आवश्कता,उसे प्राप्त करने संबंधी विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ इसकी महत्ता पर भी चर्चा की गयी है।

प्रस्तावना

हर लक्ष्य की अपनी विशेष पहचान उसके स्पेक्ट्रल सिग्नेचर में छिपी होती है, सुदूर संवेदन इसी ऊर्जा को पकड़ कर प्रसंस्कृत किया जाता है। जिओ ऑर्बिट से हाई रेजोल्यूशन संबंधी सुदूर संवेदी डेटा प्राप्त करने के उद्देश्य से जीएचआरसी कैमरा, जीसैट-29 प्लेटफार्म पर एक तकनीकी निरूपण के उद्देश्य से सफल प्रयोग था, उसे और आगे ले जाते हुये, जीआइसैट जोकि पूर्णतः एक सुदूर संवेदी कैमरा है, की अवधारणा को मूर्त रूप देते हुये विकसित किया जा रहा है।

सुदूर संवेदन संबंधी प्राचल

सूदर संवेदन प्रणाली में प्रयुक्त संवेदक का चुनाव लक्ष्य की विविधताओं पर निर्भर करता है,जिसको मापने के लिये प्रयुक्त इकाईको विभेदन कहते हैं। सुदूर संवेदन में प्रयुक्त ऑप्टिकल कैमरे की विभेदनता को निम्न श्रेणियों में बाँटा जा सकता है;

स्थानिक विभेदन (धरातलीय)

भू-पृष्ठ पर दो पास-पास स्थित परन्तु भिन्न वस्तुओं को एक दूसरे से अलग कर पहचान पाने की क्षमता, (चित्र-1)

चित्र : 1-10मी. 15मी. 120मी.

वर्ण क्रमीय या स्पेक्ट्रल विभेदन

जब किसी लक्ष्य की आंतरिक संरचना उसके धरातलीय विभेदन से कहीं ज्यादा सूक्ष्म हो जाती है तब लक्ष्य के स्पेक्ट्रम को समझना पड़ता है। (चित्र-2), एक ही लक्ष्य को कई स्पेक्ट्रल (तरंग-दैर्ध्य) में देखा जाता है। ऐसे सिद्धांतों पर आधारित संवदेक मल्टी-स्पेक्ट्रल एवं हायपर स्पेक्ट्रल संवेदक की श्रेणी में आते हैं।

रेडियोमेट्रिक विभेदन

विकरणमितीय या रेडियोमेट्रिक विभेदन संवेदक की दो भिन्न लक्ष्यों की



चित्र-2 : R-G-B बैंड NIR-R-G बैंड SWIR-NIR बैंड

(एयरप्लेन से देखे दृश्य के समान) (पकी हुयी वनस्पतियां) (कृषि क्षेत्र की मिट्टी की विशेषतायें)

भिन्नता को पहचाने की क्षमता को दर्शता है। संवेदक द्वारा दो लक्ष्य क्षेत्रों के बीच के अंतर को उनकी ऊर्जा के द्वारा पहचाना जा सकता है।

कालिक विभेदन

यह किसी स्थान या लक्ष्य के दो लगातार इमेज ले सकने वाले समय की मात्रा को परिभाषित करता है। एक ही स्थान दो इमेजों में लगने वाला समय, यद्यपि आर्बिटल की विशेषताओं के साथ-साथ ऑर्बिट में प्रयुक्त नीतभार (या सेंसर) की क्षमताओं पर भी निर्भर करता है। कालिक विभेदन के उच्च हो जाने पर उसका री-विजिटिंग डिले कम हो जाता है, चित्र-3।

सामान्यतः कालिक विभेदन क्षमता स्थानिक विभेदन क्षमता पर निर्भर करती है, स्थानिक विभेदन क्षमता जितनी उच्च होगी उसका कालिक विभेदन उतना ही कम होगा एवं इसका विपरीत भी। यद्यपि भू-स्थिर कक्षा तथा पॉइंटेबल सेंसर इसके अपवाद हैं। इसरो के कार्टोसैट (निम्न कक्षा के आर्बिट से) का कालिक विभेदन 5 दिन का है वहीं जीएचआरसी (भू-स्थिर आर्बिट से) कुछ मिनट के ऑर्डर (कोटि) का है।

चित्र-3 समान क्षेत्र का विभिन्न तिथियों पर निरीक्षण



सभी सुदूर संवेदन संबंधी उपग्रह प्रणालियों को उनके स्थापित ऑर्बिट (कक्षा) द्वारा भी जाना जा सकता है। जिन्हें सामान्यतः सूर्य समकालिक या धुवीय और भू-स्थैतिक अर्बिट कहा जाता है।

उच्च कक्षाओं से सुदूर संवेदन के लाभ

उच्च कक्षा में स्थापित, भूस्थैतिक उपग्रह, भूमध्य रेखा के समानांतर कक्षा का अनुसरण करते हुए पृथ्वी के घूर्णन की समान दिशा में 24 घंटे की अवधि के साथ परिक्रमा करतें हैं। इस प्रकार ये उपग्रह या तो पृथ्वी की सतह के एक ही खंड को देखतें हैं या पृथ्वी पर सदैव एक ही क्षेत्र एवं वायुमंडल के संबंध में स्थिर प्रतीत होते हैं। अतः लगातार लक्ष्य स्थान की निगरानी करना संभव हो जाता है। उपग्रह की कक्षा की ऊंचाई अधिक होने के कारण ज्यामितीय (स्थानिक) विभेदन बहुत कम होता है।

भूस्थैतिक उपग्रह की यही स्थिरता इसको बादलों और मौसम की निरंतर निगरानी करने के योग्य बना देती है|

जिओ-स्टेशनरी ऑर्बिट से तात्कालिक बड़े क्षेत्र की कवरेज के अतिरिक्त, लक्ष्य और संवेदक के बीच कोई सापेक्षिक गति नहीं होने के कारण रणनीतिक लाभ भी प्राप्त होता है। जिससे लंबे समय तक एक्सपोजर समय की व्यवहार्यता प्राप्त होने से कम प्रदीप्त लक्ष्य से भी उच्च SNR मान के आंकड़े प्राप्त किये जा सकते हैं।

जीएचआरसी : भू-स्थैतिक मंच से सुदूर संवेदन- एक प्रयोग

जिओ-हाई-रेजोल्यूशन-कैमरा (जीएचआरसी) जीसैट-29 अंतरिक्ष यान पर एक प्रयोगात्मक इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल उपकरण था, जो अपनी तरह का पहला प्रयास था, यह भूस्थैतिक कक्षा से पृथ्वी और उसके पर्यावरण की उच्च विभेदन क्षमता ~50 मीटर स्थानिक विभेदन की इमेजरी प्रदान करता है। इसमें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम के निकट अवरक्त क्षेत्र (NIR) को छह स्पेक्ट्रल बैंड में कवर करने के उद्देश्य से बनाया गया। इस कैमरे का निर्माण विभन्न तकनीकी नवाचारों को समाहित करते हुये बहुत ही कम समय में किया गया। (चित्र-4)

चित्र-4: एकीकृत जीएचआरसी पेलोड का एसएनआर मापन तथा जीसैट-29 मंच पर जीएचआरसी कैमरा

जीआइसैट : हाई रेजोल्यूशन सुदूर-संवेदन में नवीनता

जिओ-स्टेशनरी ऑर्बिट के प्रायोगिक कैमरे, जीएचआरसी से प्राप्त आँकड़ों ने भविष्य के लिए हाई रेजोल्यूशन सुदूर-संवेदन के लिये बेहद आशान्वित कर दिया था। आज,इस क्रम को और आगे बढ़ाते हुये जीआइसैट का विकास किया जा रहा है,जो जीएचआरसी की तुलना में काफी शक्तिशाली होने के कारण विभिन्न रणनीतिक लाभों के साथ-साथ आपदा निरिक्षण, कृषि तथा खनिजीय अन्वेषणों आदि के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके मुख्य तकनीकी पहलुओं का जीएचआरसी के साथ सारिणी-1 में तुलनात्मक प्रदर्शन किया गया है।

तालिका 1.जीएचआरसी की तुलना में जीआइसैट कैमरे का विन्यास

क्रम संख्या	उप-प्रणाली/पैरामीटर	डिजायन पहलू	जीआइसैट	जीएचआरसी
1	डिजाइन	चार चैनलों में 0.4-13.5UM तक बृहद स्पेक्ट्रल कवरेज - विनिर क्षेत्र में 06 बैंड का बहुस्पेक्ट्रमी चैनल, विनिर क्षेत्र में 150 बैंड का हाइपर स्पेक्ट्रल चैनल, स्विर क्षेत्र में 250 बैंड का हाइपर स्पेक्ट्रल चैनल तथा शक्तिशाली ल्विर (LWIR) क्षेत्र में छह स्पेक्ट्रल बैंड		0.4-9UM तक विनिर क्षेत्र में एक 06 बैंड का बहुस्पेक्ट्रमी चैनल
2	संसूचक (डिटेक्टर)	चारों चैनलों में अलग-अलग प्रकार के सेंसर, अतः ~40 मीटर के स्थानिक विभेदन के अतिरिक्त 4NM तक का स्पेक्ट्ली विभेदन		बड़े प्रारूप एवं छोटे पिक्सेल के क्षेत्रीय व्यूह सेंसर द्वारा स्नेप शाट इमेजिंग
3	टेलीस्कोप के मुख्य प्राचल	शक्ति ~90W, वजन ~160 किग्रा, आकार ⌀ 1000मिमी x 1600 मिमी		शक्ति ~50W, वजन ~80 किग्रा, आकार ⌀ 300मिमी x 700 मिमी
4	एसएनआर	>250		>100

सारिणी-1 से स्पष्ट है कि जीआईसैट विभिन्न एवं नवीन कार्यक्षमताओं से सम्बद्ध एक बहुत ही उन्नत सुदूर संवेदी सेटेलाइट है जिसमें सुदूर संवेदन की वे खूबियाँ जैसे सेटलाइट विसिबिलिटी सीमा में किसी भी जगह का उच्च पुनरीक्षण समय,वास्तविक समय में निगरानी भी समाहित है जोकि एक पोलर ऑर्बिट में कार्यरत सैटेलाइट से संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त एक ही प्लेटफोर्म से उच्च स्थानिक विभेदन वाले मल्टी-स्पेक्ट्रल,हायपर-स्पेक्ट्रल चैनल और इन्फ्रा-रेड क्षेत्र में भी उच्च-मध्यम (moderately high) विभेदन इसकी महत्ता को कई गुना बढ़ा देता है। दृश्य तथा विनिर बैंड मल्टीस्पेक्ट्रल में उच्च स्थानिक विभेदन की इमेजिंग भारतीय भूमि और तटीय क्षेत्रों की त्वरित निगरानी के लिए है। वहीं ल्विर (LWIR)स्पेक्ट्रल क्षेत्र में हाइपर स्पेक्ट्रल चैनल की उपलब्धता इसको भारतीय उप महाद्वीप के आसपास के क्षेत्र में 24 घंटे आधारित विभिन्न रणनीतिक जानकारियाँ देने में सक्षम बनाता है। वीएनआईआर और शॉर्टवेव इन्फ्रारेड (SWIR)बैंड में सीमित क्षेत्र की हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजरी से कृषि एवं खनिज विज्ञान के लिए सुदूर संवेदी आँकड़े प्रदान करते हैं। चित्र-5 में जीअईसैट का प्रतीकात्मक दृश्य दिखाया गया है।



चित्र5-: जीआइसैट का प्रतीकात्मक चित्र

निष्कर्ष

जिओ-स्टेशनरी ऑर्बिट से 80-90 के दशक में ~10 कि.मी. का स्थानिक विभेदन प्राप्त करना तात्कालिक स्टेट-ऑफ-द आर्ट था। आज हर क्षेत्र में जिओ-स्टेशनरी ऑर्बिट से उच्च-स्थानिक विभेदन वाली इमेजरी प्राप्त करना, एक रणनीतिक आवश्यकता है। संवेदक, ऑप्टिकल और इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकियों के विकास ने उच्च विभेदनता की सीमा किलोमीटर एवं मीटर को लाँघते हुये अब सब-मीटर तक में पहुँच बना ली है। जिओ-स्टेशनरी ऑर्बिट से उच्च स्थानिक विभेदन के साथ-साथ उच्च कालिक विभेदन का लाभ भी मिल जाता है। इस तरह के सैटलाईट प्रतिबिंब विभिन्न रणनीतिक अनुप्रयोगों के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

आभार

हम निदेशक सैक श्री नीलेश देसाई जी एवं श्री एस.एस.सरकार, उप-निदेशक सेडा,के अत्यंत आभारी हैं,जिन्होंने हमें इस चुनौती भरे स्टेट-ऑफ-द-आर्ट प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया। परिजोयना टीम द्वारा प्राप्त अमूल्य जानकारी एवं निरंतर सहयोग ने इस लेख को लिखने में अहम भूमिका निभायी।

सन्दर्भ

[1] इसरो के डिजाइन स्तर के आंतरिक दस्तावेज आईसीडी, ईआईडी, पीडीआर, सीडीआर आदि रूप में।

[2] जिओ-हाई-रेजोल्यूशन-कैमरा: एन एक्सपेरिमेंटल आई इन स्पेस-इट्स इंटरीगेशन, चेलेंजस एंड मिटिगेशन, जितेन्द्र कुमार, नितेश थापा, आरती सरकार, एच के दवे।

असेंबली और हर्मेटिक सील परीक्षण स्थितियों के तहत एल. टी. सी. सी. में विफलता का थर्मो-संरचनात्मक विश्लेषण

चंद्रशेखर[1], वी. एस. जगदीश[2], जे. बी. रामी[3]

वैज्ञानिक/अभियंता-एस. जी., संरचनात्मक प्रणाली प्रभाग, सैक/इसरो, अहमदाबाद, email: shekhar@sac.isro.gov.in

सार

लो टेम्परेचर को-फायर्ड सिरेमिक (एल. टी. सी. सी.) एक व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली मल्टी-चिप मॉड्यूल सिरेमिक तकनीक है, जो मोनोलिथिक माइक्रोवेव इंटीग्रेटेड सर्किट (एम. एम. आई. सी.) की स्थानीयकृत हर्मेटिक सीलिंग के माध्यम से आकार और वजन को कम करने की अपनी क्षमता के लिए मूल्यवान है। हालांकि, एल. टी. सी. सी. मॉड्यूल इसके असेंबली में शामिल डाउनस्ट्रीम प्रक्रिया प्रसंस्करण चरणों के दौरान उत्पन्न तापीय और संरचनात्मक प्रतिबल के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करती हैं। यह पेपर मॉड्यूल असेंबली प्रक्रिया और हर्मेटिक सीलिंग के साथ एक एल. टी. सी. सी. पैकेज के परीक्षण के दौरान उत्पन्न होने वाले संभावित विफलता कारणों की जाँच के लिए किये गए एक थर्मो-संरचनात्मक संख्यात्मक अध्ययन को प्रस्तुत करता है।

प्रस्तावना

आर. एफ. अनुप्रयोगों के लिए एल. टी. सी. सी. पैकेजिंग में मुख्य चुनौतियों में से एक उच्च प्रसंस्करण तापमान है, विशेष रूप से धातु वाहक प्लेट (सी. पी.) और सील रिंग अटैचमेंट के दौरान, जो असेंबली प्रक्रिया में गोल्डटिन सोल्डर या एपॉक्सी बॉन्डिंग का उपयोग करके किया जाता है| इसके अलावा, हर्मेटिसिटी को सत्यापित करने के लिए सकल रिसाव परीक्षण किया जाता है, जो एल. टी. सी. सी. पैकेज को उच्च तापमान के अधीन करता है| इसकी बहु-सामग्री संरचना के कारण, एल. टी. सी. सी. असेंबली, जब एक परीक्षण बॉक्स पर लगाया जाता है, तो यह महत्वपूर्ण थर्मो-मैकेनिकल प्रतिबल का अनुभव करता है, जो इसकी संरचनात्मक अखंडता और विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकता है।

समस्या की परिभाषा

असेंबली सीक्वेंस के अनुसार, 1 मिमी की चौड़ाई और 2 मिमी की ऊंचाई वाली नीकल-ओरम प्लेटेड कोवार सील रिंग को 285 डिग्री सेल्सियस पर गोल्डटिन (AuSn) सोल्डर का उपयोग करके एलटीसीसी मॉड्यूल से जोड़ा गया था| इसके बाद, सब्सट्रेट (सील रिंग-अटैच्ड मॉड्यूल) को सिल्वर एपॉक्सी का उपयोग करके नीकल-ओरम प्लेटेड कोवार सीपी से जोड़ा गया था, जिसे 80 डिग्री सेल्सियस पर जमाया (cured) जाता है| घटक (module) को माउंटिंग और इंटरकनेक्शन करने के बाद विद्युत परीक्षण के लिए परीक्षण बक्से में इस असेंबली को फिट किया गया| विद्युत परीक्षण करने के बाद, स्थानीय हर्मेटिक सीलिंग के लिए मॉड्यूल को परीक्षण बक्से से हटा दिया गया| उसके बाद उसे एक इन-हाउस, स्पेस-योग्य लेजर सीलिंग प्रक्रिया का उपयोग करके सील किया गया। एलटीसीसी असेंबली का एक मॉडल चित्र 1 में दिखाया गया है।



चित्र 1 एलटीसीसी असेंबली

असेंबली को पूरा करने के बाद, मॉड्यूल को परीक्षण बक्से में फिट किया गया| विद्युत परीक्षण के लिए आपस में जोड़ा गया, और स्क्रीनिंग परीक्षण के अधीन किया गया| सकल रिसाव परीक्षण में, स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान, सील रिंग धातुकरण क्षेत्र में बुलबुले

देखे गए जो रिसाव का संकेत देते हैं| बाद में दृश्य निरीक्षण (visible inspection) और एक्स-रे इमेजिंग से एल. टी. सी. सी. सिरेमिक में दरारें सामने आईं, जो सील रिंग धातुकरण के क्षेत्र से उत्पन्न होती दिखाई दी| जैसा कि चित्र 2 में दिखाया गया है।



चित्र 2 एलटीसीसी असेंबली की विफलता

उपरोक्त विफलता के मूल कारण की जांच करने के लिए किए गए थर्मो-मैकेनिकल अध्ययनों को बाद के खंडों में प्रस्तुत किया गया है।

परिमित अवयव विभेदिकरण (Finite Element Discretization)

पैकेज घटकों और सामग्री संरचना के विवरण का उपयोग करके, एक सी. ए. डी. मॉडल (CAD model) बनाया गया है| एम. एस. सी. पेट्रान (MSC Patran) सॉफ्टवेयर का उपयोग करके ज्यामितीय मॉडल का विभेदन (Discretization) किया गया है जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है।

सकल रिसाव परीक्षण के लिए तापीय-संरचनात्मक अनुकरण

विद्युत और स्क्रीनिंग परीक्षण करने के लिए एल. टी. सी. सी. असेंबली को एक एल्यूमीनियम परीक्षण बॉक्स के अंदर लगाया गया है, जैसा कि चित्र 3 में दिखाया गया है| विद्युत और स्क्रीनिंग परीक्षण पूरा होने के बाद एल. टी. सी. सी. असेंबली पर लगाए गए परीक्षण बॉक्स पर सकल रिसाव परीक्षण किया गया| परीक्षण बॉक्स के साथ एल. टी. सी. सी. पैकेज का संरचनात्मक एफ. ई. मॉडल चित्र 3 में दिखाया गया है।



चित्र 3 तापमान भार के साथ एक परीक्षण बॉक्स पर एल. टी. सी. सी. पैकेज का संरचनात्मक एफ. ई. मॉडल

समतलीय असंतुलन को शामिल करने के साथ, सकल रिसाव परीक्षण स्थितियों के तहत असेंबली प्रतिबल का अनुमान लगाने के लिए संख्यात्मक अनुकरण किए गए थे| इस अनुकरण अध्ययन से प्राप्त परिणाम तालिका-1 में दिखाए गए हैं।

तालिका I. परीक्षण बॉक्स प्लेनेरिटी बेमेल के साथ संयोजन में सकल रिसाव परीक्षण के कारण तापीय-संरचनात्मक प्रतिबल

घटक	प्रतिबल (MPa)	समोच्च
यूटेक्टिक गोल्डटिन सोल्डर	152	
निकटवर्ती सोने की परत	133	
एल. टी. सी. सी. पैकेज	152	
मिमी इकाइ में पैकेज विस्थापन पैटर्न		

निष्कर्ष

तालिका-I से यह देखा जा सकता है कि सोने की परत 133MPa. परिमाण के प्रतिबल का अनुभव करती है और यह यूटेक्टिक गोल्डटिन सोल्डर से सटे शीर्ष सोने की परत (जिसकी विफलता सीमा 120MPa **है)** से संरचनात्मक विफलता का कारण बन सकता है. एल. टी. सी. सी. मॉड्यूल भी 152 MPa. के प्रतिबल का अनुभव करता है| यह शीर्ष सोने की परत की विफलता के साथ

और बिगड़ जाएगा जिसके परिणामस्वरूप एल. टी. सी. सी. मॉड्यूल में दरार पड़ सकती है।

आभार

हम निर्देशक सैक "श्री निलेश देसाई जी" के अत्यंत आभारी हैं जिनकी मार्गदर्शन में यह काम हो सका| हम एस. एस. डी. एवं एस. टी. एस. जी. के सहयोगियों के अत्यंत आभारी हैं, जिन्होने हमे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। हम हिन्दी कक्ष के सभी सदस्यों के भी आभारी हैं, जिनकी मदद से यह लेख पूरा हो सका।

सन्दर्भ

[1] वाई. सी. फंग, पी. टोंग, "शास्त्रीय और कम्प्यूटेशनल ठोस यांत्रिकी", विश्व वैज्ञानिक, इंजीनियरिंग विज्ञान में उन्नत श्रृंखला-खंड 1, 2015। (Y. C. Fung, P. Tong, "Classical and computational solid mechanics," World Scientific, Advanced Series in Engineering Science-Vol. 1, 2015.)

कोरोनल रेडियो साउंडिंग : सूर्य के निकट सौर पवन गतिशीलता की जांच के लिए एक प्रवीण तकनीक

ऋचा नजा जैन[1]

1. पीडीएफ, अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान प्रभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला , richanaja@prl.res.in

सार

कोरोनल रेडियो तकनीकों ने सूर्य के निकटम कोरोनल माध्यम में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जहां इन-सीटू प्लाज्मा मापन काफी चुनौतीपूर्ण हैं. इस सारांश पत्र में, हमने अक्टूबर-नवंबर 2022, 'स्माइली सन' घटना के दौरान अकात्सुकी मिशन द्वारा किए गए कोरोनल रेडियो प्रयोग के हमारे विश्लेषण में अपनाई गई कार्यप्रणाली और परिणामों को साझा किया है|

प्रस्तावना

आंतरिक-मध्य कोरोनाल क्षेत्रों में सौर पवन उत्पादन और त्वरण तंत्रों की गहन समझ अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं की भविष्यवाणी करने की हमारी क्षमता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरिक्ष भौतिकी समुदाय में सबसे महत्वपूर्ण चर्चा सौर पवन धाराओं की उत्पत्ति और ऊर्जाकरण के पीछे के तंत्र और पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष मौसम के वातावरण पर उनके प्रभाव पर केंद्रित है। ये दोनों तंत्र एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि सौर कोरोना पर विभिन्न स्रोतों का विन्यास और उनकी ऊर्जा इनपुट अंततः घटना सौर पवन धारा की गति एवं भू-प्रभावशीलता को निर्धारित करते हैं [1]।

हालाँकि, सौर कोरोना की जटिल परिस्थितियाँ, जिनमें उच्च तापमान और तीव्र चुंबकीय क्षेत्र शामिल हैं, वहाँ अवलोकनों को काफी चुनौतीपूर्ण बना देती हैं। इस संदर्भ में, अंतरिक्ष यान संकेतों का उपयोग करते हुए सक्रिय कोरोना रेडियो साउंडिंग तकनीकें, सूर्य के कोरोना माध्यम के निकट प्लाज्मा विक्षोम प्रक्रिया, के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए अमूल्य साबित हुई हैं [2,3]।

सौर कोरोना की जाँच के लिए उपयोग किए जाने वाले रेडियो सिग्नल अंतरग्रहीय अंतरिक्ष यान द्वारा तब प्रेषित किए जाते हैं जब वे सौर संयोजन विन्यास में होते हैं। सौर संयोजन वह अवधि है जब कोई ग्रह पृथ्वी की अपेक्षा में सूर्य के विपरीत दिशा में होता है। यह ज्ञात है कि प्लाज्मा माध्यम के इलेक्ट्रॉन घनत्व और आपतित विद्युत चुम्बकीय तरंग की आवृत्ति में एक सम्बन्ध है, जिसे डिस्पेरशन रिलेशन कहते हैं। चूँकि सौर कोरोना भी एक आयनित प्लाज्मा है, जिसमे विक्षोम भी अंतर्निहित है , उसके प्रभाव उसमे से गुजरने वाली रेडियो तरंग की आवृत्ति के मापदंडों में दर्ज हो जाते हैं। इन्ही रेडियो तरंगों का विश्लेषण करके, कोरोनल साउंडिंग तकनीक हमे सूर्य से उपजने वाली सौर वायु के अध्ययन में सहयोग करती है ।

डेटा और कार्यप्रणाली

ये प्रयोग एक्स-बैंड रेडियो संकेतों का उपयोग करके किए गए थे, जिन्हें रेडियो साइंस (आरएस) पेलोड द्वारा अकात्सुकी अंतरिक्ष यान से प्रसारित किया गया था। संकेतों को यूडीएससी (उसुडा डीप स्पेस न्यूटॉर्क), जापान ग्राउंड स्टेशन पर रिकॉर्ड किया गया था।

यह प्रयोग अक्टूबर २०२२ के वीनस-सोलर कंजंक्शन के दौरान किआ गया था। यान से प्रक्षेपित रेडियो सिग्नल जब आयनित कोरोनल माध्यम से यात्रा करता है, तब ग्राउंड स्टेशन पर प्राप्त सिग्नल के चरण (फ्रीकेंसी) में एक परिवर्तन अथवा डॉप्लर शिफ्ट अपेक्षित होती है । प्राप्त सिग्नलों को रेडियो ऑकल्टेशन प्रयोगों में अपनाई गई मानक तकनीक का उपयोग करके प्रेक्षित डॉप्लर शिफ्ट ज्ञात करने के लिए संसाधित किया गया , इस तकनीक का विस्तार में वर्णनं के लिए कृपया हमारे पूर्व प्रकाशित कार्यों को देखें [4,5]। इससे आवृत्ति अवशेषों में शून्य माध्य मान के आसपास उतार-चढ़ाव प्राप्त हुए। इन प्रेक्षणों को डॉप्लर आवृत्ति विपर्यय कहा जाता है , और ये उतार-चढ़ाव उस माध्यम में रेडियो तरंगों के संचरण से उत्पन्न होते हैं जिसके अपवर्तनांक मानों में आंतरिक अंतर प्लाज्मा घनत्व की भिन्नता के कारण होता है। फास्ट फूरियर ट्रांसफॉर्म (एफएफटी) एल्गोरिथम का उपयोग करके इन मानों का वर्णक्रमीय विश्लेषण किया गया, जिससे आवृत्ति के विक्षोम का स्पेक्ट्रम प्राप्त हो सके। इन आवृत्ति विपर्यय स्पेक्ट्रा को एक सीधी रेखा (लॉग-लॉग प्लॉट में) के साथ, इनर्शिअल आवृत्ति रेंज में फिट किया गया था [4,5] | फिर लॉग प्लॉट पर रैखिक फ़िट द्वारा स्लोप का सीधा अनुमान लगाया जा सकता है, यह स्लोप (लाल

सीधी रेखा, चित्र 1) स्पेक्ट्रल इंडेक्स af के मान को दर्शाती है। डेटा विश्लेषण और पैरामीटर अनुमान के विस्तृत चरण [4,5] में दिए गए हैं।

परिणाम



चित्र 1 स्माइली सूर्य घटना के दौरान रेडियो संकेत, आवृत्ति में अस्थिरता का विक्षोम स्पेक्ट्रम।

इस सार में, हमने ऐसे ही एक कोरोनल साउंडिंग प्रयोग का परिणाम प्रस्तुत किया है जो अक्टूबर 2022 के दौरान अकात्सुकी अंतरिक्ष यान द्वारा किया गया था। यहाँ, चित्र १ में तीन प्रयोग दिनों पर आवृत्ति विपर्यय विक्षोम स्पेक्ट्रम को प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त परिणामों की व्याख्या सौर वायु विक्षोम सिद्धांतों [2, 3] के अनुसार की गई है, जो मानते हैं कि सौर वायु विक्षोम चुंबकीय-जलगतिकी (MHD) तरंगों की सौर प्लाज्मा कणों के साथ परस्पर क्रिया द्वारा संचालित होता है। यह विक्षोम कोरोनल क्षेत्र में ऊर्जा स्थानांतरण को स्थापित करता है, कोरोनल माध्यम को गर्म करता है और अंतरग्रहीय माध्यम में प्रसारित होने वाले सौर वायु प्लाज्मा के सुपरसोनिक त्वरण की ओर ले जाता है। ऐसा वस्तुतः पाया गया है कि छोटी सोलर ओफ़्सेट दूरियों पर विक्षोम शक्ति स्पेक्ट्रम एक स्पेक्ट्रल इंडेक्स af (0:2-0:3) के साथ समतलता प्रदर्शित करता है, जो सौर वायु त्वरण क्षेत्र के अनुरूप है। सूर्य की सतह से दूर जाने पर दूरियों पर, स्पेक्ट्रम अपने वर्णक्रमीय सूचकांक af (0:6-0:8) के साथ तीव्र हो जाता है, जो एक विकसित कोल्मोगोरोव-प्रकार विक्षोभ स्पेक्ट्रम के 2/3 मान के करीब है।

परन्तु हमारे चित्र १ में जैसा आप देख सकते हैं, सोलर ओफ़्सेट दुरी बढ़ने पर भी , स्पेक्ट्रल इंडेक्स का मान नहीं बढ़ रहा है। हमने अपने अध्ययन के अनुसार, अपने प्रयोग में इस अवलोकन को सौर भूमध्य रेखा के निकट बड़े कोरोनाल छिद्रों की अद्वितीय तिकड़ी की उपस्थिति को समर्पित किया है । कुछ पूर्व अध्ययनों [3, 5] ने दर्शाया है कि विक्षोभ स्पेक्ट्रम अधिक प्रबल चुंबकीय क्षेत्रों जैसे कि कोरोनल छिद्रों के पास अविकसित होने की संभावना है, और यह समतल ढलानों द्वारा दर्शाया जाता है। स्पेक्ट्रल इंडेक्स में परिवर्तन, कोरोनल छिद्र से निकलने वाली तेज़ सौर हवा के लिए सौर सतह से अधिक दूरी पर होता है, सक्रिय क्षेत्रों [2,5] से निकलने वाली धीमी सौर हवा की तुलना में। हमने प्रयोग के सभी दिनों में अपने डेटा में समतल विक्षोम स्पेक्ट्रम की उपस्थिति देखी, जो दर्शाता है कि रेडियो किरण पथ कोरोनल छिद्रों के प्रभाव में अंतर्निहित है।

निष्कर्ष

इस अध्ययन में, हमने अकात्सुकी रेडियो साउंडिंग प्रयोग का उपयोग करके 3 से 9 सौर त्रिज्याओं की सूर्यकेंद्रित दूरी वाले क्षेत्र से सौर भूमध्यरेखीय के पास स्थित तीन कोरोनल छिद्रों के समूह से निकलने वाली सौर हवाओं के प्रवाह की जाँच की। हमने पाया की रेडियो सिग्नल्स का विक्षोम स्पेक्ट्रम समतल था और आंतरिक मध्य कोरोन में प्रवाह की गति 180 से 400 किमी/सेकंड निकली, इसका श्रेय तेज़ गति वाली धारा को दिया जाता है, जिसका आगमन पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में दो-तीन के बाद दर्ज किया गया।

इस अत्यंत प्रभावी रेडियो साउंडिंग तकनीक के अनुप्रयोग ने हमें आंतरिक कोरोनाल क्षेत्र को समझने में मदद की, जो सबसे कम अध्ययन किआ गया क्षेत्र है। यह हमें परिवेशी सौर पवन के गुणों के साथ-साथ सौर क्षणिक प्रसंगों की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है जो अंतरिक्ष मौसम के घटनाओं को जन्म दे सकती हैं जो पृथ्वी के निकट के वातावरण को प्रभावित करती हैं।

आभार

मैं जापान के यूडीएससी ग्राउंड स्टेशन और अकात्सुकी अंतरिक्ष यान टीम की सराहना करती हूँ। ऋचा जैन ने ये अध्ययन डॉ. राजकुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किए।

सन्दर्भ

1. क्रैनमर, एस. आर., et.al., अंतरिक्ष विज्ञान समीक्षाएँ, खंड 212, संख्या 34, पीपी. 1345-1384,2017. डोई: 10.1007/s11214-017-0416-y
2. एन. ए. आर्मंड, et.al. खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी, 183 (1): 135141, सितंबर 1987।
3. डेविड बी. वेक्सलर et.al.,. खगोलीय पत्रिका, 871 (2): 202, जनवरी 2019।
4. ऋचा जैन, et.al. रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के नोटिस, 511 (2): 17501756,01 2022।
5. जैन, आर. एन., et.al. रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के पत्रों की मासिक सूचनाएं, खंड 529, pp.l123l129,2024. |

उत्तरी अरब सागर में उच्च विभेदन महासागरीय गतिशीलता का विश्लेषण: SWOT और OCM-३ के आंकड़ों का संयुक्त उपयोग

नीरज अग्रवाल

वैज्ञानिक/अभियंता-एसजी

पृथ्वी और ग्रह विज्ञान और अनुप्रयोग क्षेत्र (EPSA)

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (SAC), इसरो

neeraj@sac.isro.gov.in

सार

उप-मेसोस्केल महासागरीय प्रक्रियाएँ (१-५० किमी), जो ऊपरी महासागर की गतिशीलता और जैव-रासायनिक परिवर्तनशीलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, पारंपरिक अल्टीमेट्री द्वारा अनसुलझे रहे हैं। सतही जल और महासागर स्थलाकृति (**SWOT**) मिशन अब उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली समुद्री सतह की ऊँचाई (**SSH**) डेटा प्रदान करता है जो इन विशेषताओं को हल करने में सक्षम है। यह अध्ययन उत्तरी अरब सागर में उप-मेसोस्केल परिवर्तनशीलता की जांच करने के लिए **EOS-**०६ से ओशन कलर मॉनिटर-३ (**OCM-**३) क्लोरोफिल-ए इमेजरी के साथ **SWOT- SSH** (२ किमी रिज़ॉल्यूशन) को एकीकृत करता है। **OCM-**३ अवलोकनों से उच्च क्लोरोफिल-ए सांद्रता (**>**०.४ **mg m^{-3}**) के साथ सूक्ष्म-स्तरीय भँवर और तंतु (१०-४० किमी) का पता चलता है। वर्तमान लेख उप-मेसोस्केल समुद्र विज्ञान अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए SWOT-OCM-३ तालमेल की क्षमता का सारांश प्रस्तुत करता है।

प्रस्तावना

ओशन कलर मॉनिटर-३ (OCM-३) से प्राप्त आंकड़े, समुद्र की सतह पर अति सूक्ष्मिय स्वरूप को ख़ूबसूरती से दर्शाते हैं। ये स्वरूप अक्सर उप-मेसोस्केल गतिशीलता (०.१-१० k.m. के पैमाने पर होने वाली प्रक्रियाएं) की ओर इशारा करते हैं जो महासागर परिसंचरण, ऊर्जा बजट और जैव-रासायनिक चक्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं (मैकगिलिकुडी एट अल., २०१५)। ये विशेषताएँ प्रबल ऊर्ध्वाधर वेगों जो प्रायः १०० मीटर/दिन की गति तक पहुँच जाते हैं| एवं उप-मेसोस्केल गतियों से जुड़े तीव्र क्षैतिज तनाव से उत्पन्न होती हैं (महादेवन और टंडन, २००६)। यह प्रबल ऊर्ध्वाधर परिवहन, पोषक तत्वों को उपसतह से सूर्यप्रकाशित परत तक लाता है, जिससे फाइटोप्लांकटन की मात्रा मे अत्यधिक वृद्धि होती (टेलर और थॉम्पसन, २०२३)।

इन गतिकीओं को पारंपरिक अल्टीमेट्री, जो विभेदन और noise संबंधी सीमाओं के कारण इन सूक्ष्म-स्तरीय प्रक्रियाओं को समझने में कठिनाई का सामना करती है (मॉरो एट अल., २०१९)। यह अवलोकन संबंधी अंतर विशेष रूप से अरब सागर जैसे गतिशील रूप

से जटिल क्षेत्रों में स्पष्ट है, जहाँ मानसूनी हवाएँ, तीव्र स्तरीकरण और एक उत्पादक पारिस्थितिकी तंत्र इस प्रक्रिया को और जटिल बना देते हैं

दिसंबर २०२२ में सतही जल और महासागर स्थलाकृति (SWOT) मिशन का प्रक्षेपण उप-मेसोस्केल गतिकी के अवलोकन और समझने की हमारी क्षमता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। Ka-बैंड रडार इंटरफेरोमीटर (KaRIn) से सुसज्जित, SWOT एक विस्तृत पट्टी पर उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली समुद्री सतह की ऊँचाई (SSH) माप प्रदान करता है, जो १५-३० किमी तक की समुद्रीय आकृतियों को स्पष्ट रूप से विभक्त करने की क्षमता रखता है । SWOT अवलोकनों को OCM-३ जैसे सेंसरों से प्राप्त महासागर रंग डेटा के साथ एकीकृत करने से उप-मेसोस्केल गतिकी और महासागरों में जैवभौतिकीय अंतःक्रियाओं पर

उनके प्रभाव की हमारी समझ को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएँ हैं।

इस अध्ययन का उद्देश्य OCM-३ और SWOT के अनूठे दृष्टिकोणों को मिलाकर, अरब सागर में उप-मेसोस्केल गतिकी और जैवभौतिकीय अंतःक्रियाओं के बीच जटिल अंतर्संबंध को प्रदर्शित करना है।

आँकड़े और विधियाँ

समुद्री सतह का तापमान

उच्च-रिज़ॉल्यूशन समुद्री सतह तापमान (GHRSST) स्तर ४ (L४) ०.०११ डिग्री रिज़ॉल्यूशन डेटा प्राप्त किया जाता है।

क्लोरोफिल सांद्रता

ओशन कलर मॉनिटर (OCM३) से प्राप्त जनवरी-मार्च २०२४ के आंकड़ों का उपयोग ३६६ मीटर रिज़ॉल्यूशन पर किया गया है।

समुद्र तल विसंगति

इस अध्ययन में, SWOT-L३ के 'बेसिक' संस्करण का उपयोग किया गया है, जिसमें २ किमी x २ किमी ग्रिड पर उपलब्ध समुद्री सतह ऊँचाई विसंगति (SSHA) चर और भूस्थैतिक वेग शामिल हैं। इस डेटा में नादिर समुद्र तल के आंकड़ों को भी शामिल किया गया है।

समुद्री सतह वेग

स्तर ४ ग्रिडेड समुद्र तल डेटा DUACS DT-२०१८ संस्करण का उपयोग ०.२५° x ०.२५° रिज़ॉल्यूशन पर दैनिक समुद्री सतह वेग को प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

कार्यप्रणाली

समुद्र सतह की ऊँचाई (h) से भूस्थैतिक वेग के क्षेत्रीय (u_g) और देशांतर घटक (v_g) की गणना निम्न सूत्र का उपयोग करके की जाती है:

$$u_g = -\frac{g}{f}\frac{\partial h}{\partial y}, v_g = \frac{g}{f}\frac{\partial h}{\partial x} \quad (१)$$

सामान्यीकृत विकृति दर

$$S = \frac{g}{f}\sqrt{(u_x - v_y)^2 + (v_x + u_y)^2} \quad (२)$$

और भंवरता का सामान्यीकृत ऊर्ध्वाधर घटक ζ

$$\zeta = \frac{g}{f}(v_x - u_y) \quad (३)$$

जहाँ, $f = 2\Omega \sin \Phi$ कोरिओलिस प्राचल है, g गुरुत्वाकर्षण के कारण त्वरण है, उप-अंक x और y क्रमशः x और y के सापेक्ष u या v के आंशिक अवकलज को दर्शाते हैं।

परिणाम

महासागर कलर डेटा में सूक्ष्म पैमाने की विशेषताएँ

अरब सागर में २१ फ़रवरी २०२४ के OCM-३ LAC डेटा (चित्र १a) से प्राप्त क्लोरोफिल-a सांद्रता की छवि में उच्च परिवर्तनशीलता दिखाई देती है, जिसमें तट के निकट स्पष्ट रूप से उच्च मान हैं। गुजरात तट से दूर एक छोटे से क्षेत्र में उपसमूह डोमेन (३° x ३° क्षेत्र) में स्पष्ट रूप से भंवर जैसी विशेषताएँ और उप-मध्यम पैमाने के तंतु स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। ये विशेषताएँ आकार में १० से ४० किमी तक भिन्न होती हैं, और इन विशेषताओं के केंद्र में क्लोरोफिल-a की सांद्रता आसपास के क्षेत्रों की तुलना में अधिक (> ०.४ mg/m३) है।



चित्र १:भारत के गुजरात के पश्चिमी तट पर, EOS-०६ पर सवार OCM-३ से क्लोरोफिल-a (mg/m³) का स्थानिक वितरण, अति सूक्ष्म पैमाने के तंतुओं और संरचनाओं को दर्शाता है। काले रंग की रेखाएँ समुद्रीय ताप के आँकड़ों से तापीय प्रवणता को दर्शा रही हैं। समुद्रीय वेग के सदिश सफ़ेद रंग से दिखाई गये हैं। ये चित्र २१ फ़रवरी २०२४ के आँकड़ों से बनाया गया है।

प्रत्येक भँवर अकार के केंद्र में उच्च क्लोरोफिल सांद्रता यह संकेत देती है कि ये चक्रवाती भंवर हो सकते हैं। उच्च विभेदन समुद्री सतही तापमान समान आकृतियों को प्रकट करता है, जिनके केंद्र में अपेक्षाकृत ठंडा तापमान होता है, और इनमें से कुछ भंवरों की परिधि पर एक तीव्र तापमान प्रवणता होती है।

SWOT से भूविक्षेपी वेग

खंड २ में वर्णित कार्यप्रणाली का उपयोग करते हुए, हमने २ किमी x २ किमी क्षैतिज रिज़ॉल्यूशन पर मिलने वाली SWOT समुद्र सतह ऊंचाई विसंगति से भूस्थैतिक धाराओं की गणना की और इन वर्तमान वेक्टरों को चित्र २ में क्लोरोफिल सांद्रता छवि पर ओवरले किया गया है। क्लोरोफिल-a के वितरण में उप-मध्यम पैमाने के प्रवाहों का स्पष्ट प्रभुत्व SWOT से प्राप्त भूविक्षेपी धाराओं के साथ अच्छी तरह से संरेखित देखा जा सकता है, जो अरब सागर के लिए पहली बार है।

सारांश

यह अध्ययन SWOT अवलोकनों से उप-मेसोस्केल गतिकी निकालने और उन्हें तटीय और खुले महासागरीय क्षेत्रों में जैवभौतिकीय अंतःक्रियाओं को समझने के लिए महासागर रंग डेटासेट के साथ युग्मित करने हेतु एक आशाजनक ढाँचा प्रस्तुत करता है।

उच्च रिज़ॉल्यूशन पर भूस्थैतिक अनुमानों से प्राप्त धाराओं से कोई भी व्याख्या करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। जबकि मेसोस्केल धाराएँ काफी हद तक भूस्थैतिक होती हैं, उप-मेसोस्केल विशेषताओं का अध्ययन करने के लिए आवश्यक उच्च रिज़ॉल्यूशन उन गतियों को प्रकट करता है जहाँ आयुस्थैतिक घटक भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं और भूस्थैतिक संतुलन कम प्रभावी होता है (उदाहरण के लिए टेलर और थॉम्पसन २०२३)।

आभार

लेखक, निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र और EPSA के उपनिदेशक के निरंतर सहयोग और प्रेरणा के लिए अत्यंत आभारी हैं। श्री आदित्य चौधरी एवं डॉ जिशाद को ग्राफ़िक्स में सहायता की लिए धन्यवाद।



चित्र २: २१ फरवरी २०२४ के लिए SWOT से जियोस्ट्रोफिक धाराओं (०.५ मीटर/सेकंड तक स्केल) के वेक्टर २१ फरवरी २०२५ के क्लोरोफिल-ए सांद्रता क्षेत्र पर overlay किया गया है।

संदर्भ

महादेवन, ए., और टंडन, ए. (२००६)। उप-मध्यमस्तरीय के तंत्रों का विश्लेषण। *Ocean Modelling*, १४(३-४), २४१-२५६।

मैकगिलिकुडी et. al. (२०१५)। भंवर/हवा की परस्पर क्रियाएँ असाधारण मध्य-महासागरीय प्लवक प्रस्फुटन को प्रेरित करती हैं। Science, ३४६(६२११), १२५७९६७.

मॉरो, आर et. al. (२०१९). सतही जल और महासागरीय स्थलाकृति (एसडब्ल्यूओटी) मिशन के साथ सूक्ष्म पैमाने पर महासागरीय सतह स्थलाकृति के वैश्विक अवलोकन। *Frontiers in Marine Science*, ६, २३२.

टेलर, जे. आर., और थॉम्पसन, ए. एफ. (२०२३). ऊपरी महासागर में उप-मेसोस्केल गतिकी। *Annual Review of Fluid Mechanics*, ५५(१), १०३-१२७.

विगर्ट, जे. डी., हूड, आर. आर., बैंस, के., और किंडल, जे. सी. (२००५). अरब सागर में मानसून-संचालित जैव-भू-रासायनिक प्रक्रियाएँ। *Progress in Oceanography*, ६५(२-४), १७६-२१३.

पॉलीनोमियल ट्रांसफर इक्वेशन वाले डिफरेंशियल इंडक्टिव सेंसर के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायर-आधारित लीनियरिंग फ्रंट-एंड

भावेश राज सिंह नेहरा[1], अनूप चंद्रिका श्रीकांतन[2]
भावेश राज सिंह नेहरा[1]- वैज्ञानिक/अभियंता-'SC, ग्रहीय विज्ञान प्रभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, bhavnehra@prl.res.in

सार

यह पेपर डिफरेंशियल इंडक्टिव सेंसर (DIS) के नॉनलाइनियर सिग्नल को प्रोसेस करने के लिए एक नए **लीनियरिंग इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायर (LIA)** का प्रस्ताव करता है। यह डिज़ाइन पारंपरिक IA और मल्टीप्लायरों को जोड़कर अलग लीनियराइज़र सर्किट की आवश्यकता को खत्म करता है। LIA, DIS की बहुपद विशेषताओं को व्युत्क्रम रूप से संश्लेषित करके रैखिक आउटपुट प्रदान करता है।**LVDT एप्लीकेशन** में परीक्षणों से 100 मिमी रेंज पर **0.93% नॉनलाइनियरिटी** (मूल NL से 6× बेहतर) और **61 dB से अधिक SNR** दर्शाया गया। यह तकनीक एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में DIS की प्रदर्शन क्षमता बढ़ाती है।

प्रस्तावना

इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायर (IA) अपनी उच्च लाभ सटीकता और कॉमन-मोड रिजेक्शन के कारण डिफरेंशियल सेंसर्स के लिए आदर्श होते हैं[1]। हालाँकि, LVDT जैसे कई डिफरेंशियल इंडक्टिव सेंसर्स (DIS) का एक गैर-रैखिक आउटपुट होता है, जिसके लिए न्यूरल नेटवर्क या इनवर्स पॉलीनोमियल्स जैसी जटिल रैखिकीकरण विधियों की आवश्यकता होती है। ये मौजूदा तकनीकें अक्सर जटिल होती हैं और अतिरिक्त सर्किटरी की मांग करती हैं। LVDT एयरोस्पेस, औद्योगिक स्वचालन और CNC मशीनरी में सटीक विस्थापन संवेदन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

प्रस्तावित रैखिकीकरण IA के लिए DIS

प्रस्तावित LIA परिपथ (चित्र-1) DIS के आउटपुट vS_1 और vS_2 को स्वीकार करता है। अंतर संकेत $vD = vS_1 - vS_2$ मापनीय राशि x की जानकारी वहन करता है। vD और x के बीच संबंध बहुपदीय हो सकता है, जैसा कि समीकरण (1) में दर्शाया गया है: जहाँ c_1 और c_2 बहुपद गुणांक हैं।

$$v_D = v_{S1} - v_{S2} = c_1x - c_2x^3 \quad (1)$$

LIA, vS_1 और vS_2 को प्रोसेस करके x का रैखिक आउटपुट देता है। यह एक IA, एक मल्टीप्लायर (MUL) और RP व RQ के रेसिस्टेंस नेटवर्क से बना है। IA के आउटपुट vIA को समीकरण (2) के अनुसार व्यक्त किया जाता है: जहाँ G गेन और VREF रेफरेंस वोल्टेज है।

$$v_{IA}=G\times(v_{S1} - v_{S2}) + V_{REF} = G\times(c_1x - c_2x^3) + V_{REF} \quad (2)$$

जैसा कि चित्र 1 के अनुसार, मल्टीप्लायर स्टेज $VREF = K \times vIA^3$ सुनिश्चित करता है, जहाँ $K = RP / (RP + RQ)$ है। इस मान को समीकरण (2) में प्रतिस्थापित करने और सरलीकरण करने पर निम्न समीकरण प्राप्त होता है:

$$v_{IA} - K \times v_{IA}^3 = G \times (c_1x - c_2x^3) \quad (3)$$

LIA को x के समानुपाती आउटपुट vIA देने के लिए डिज़ाइन किया जाता है। माना p आनुपातिकता स्थिरांक है, अतः

$vIA = p \times x$ इस संबंध को समीकरण (3) में प्रतिस्थापित करने पर समीकरण (4) प्राप्त होता है। नियतांक को दर्शाता है। तब, हम लिख सकते हैं:

$$p \times x - K\times p^3\times x^3 = G\times c_1\times x - G\times c_2\times x^3 \quad (4)$$

समीकरण (4) के दोनों पक्षों में गुणांकों की तुलना करने पर हमें प्राप्त होता है:

$$p = G \times c_1;\ K \times p^3 = G \times c_2 \quad (5)$$

दूसरे शब्दों में, हम $vIA = G \times c1 \times x$ प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते K का मान (6) के अनुसार चुना गया हो।

$$K=G\times c_2/p_3 = c_2/(c_3\times G^2) = R_P/(R_P+R_Q) \quad (6)$$

LIA सर्किट DIS सिग्नल को x के समानुपाती आउटपुट ($vIA = p \times x$) में परिवर्तित करता है। RP और RQ प्रतिरोधों को समीकरण (6) के अनुसार चुना जाता है। यह डिज़ाइन विभिन्न DIS सेंसर के लिए अनुकूलनीय है। LVDT हेतु LIA आधारित परिपथ प्रस्तावित है।



चित्र 1: DIS के लिए प्रस्तावित LIA का परिपथ आरेख।



चित्र 2: LVDT के लिए LIA-आधारित अनुप्रयोग परिपथ।

LVDT सिग्नल कंडीशनिंग में LIA का अनुप्रयोग

प्रस्तावित LIA-L एक स्विच्ड इंटीग्रेटर (OA1) और ट्रांसकंडक्टेंस एम्पलीफायर (OA2) के माध्यम से LVDT प्राथमिक को सॉ-टूथ धारा (i_p) प्रदान करता है तथा द्वितीयक वोल्टेज (v_{s1}, v_{s2}) को संसाधित करता है। पल्स v^c द्वारा नियंत्रित दो-चरणीय संचालन होता है।

$$i_P = R_2 v_P = -R1R_2C_1V_R \times t = d_p \times t \quad (7)$$

इससे d_p स्थिर रहता है, अतः किसी विस्थापन x के लिए वोल्टेज v_{s1}, v_{s2} और उनका अंतर vD स्थिर रहकर समीकरण (1) का पालन करते हैं। LIA, vD को रैखिक बनाकर v_IA उत्पन्न करता है (समीकरण 5)। LP चरण में SW2 → 1 होने पर vSW = vIA तथा SW2 → 2 होने पर vSW = 0 होता है।

$$v_{SW} = [\ v_{IA}, \text{ जब } t \in T_L \text{ और } 0, \text{ जब } t \in T_R \quad (8)$$

इस प्रकार, v_{SW} एक पल्स ट्रेन (ON समय T^L, अवधि $T = T^L + T^R$) बन जाता है। एक लो-पास फिल्टर (LPF) जिसका कटऑफ $\ll 1/T$ होता है, इसे औसत करके निम्नलिखित प्राप्त करता है:

$$V_O = v_{IA} \times (T_L/T_L + T_R) = G \times c_1 \times x \times (T_L/T) = c_T \times x \quad (9)$$

अतः आउटपुट VO, विस्थापन x के अनुक्रमानुपाती होता है। संवेदनशीलता cT को G के माध्यम से समायोजित किया जाता है। अवधि T को कम करने से रूपांतरण समय Tcon कम होता है, जिससे गति बढ़ जाती है। संपूर्ण LIA-आधारित LVDT परिपथ चित्र 2 में दर्शाया गया है। प्रणाली का प्रायोगिक मूल्यांकन किया गया, जिसके परिणाम चित्र 3 में प्रस्तुत हैं।

निष्कर्ष

LIA-L, एक रैखिकीकरण इंस्ट्रूमेंटेशन एम्पलीफायर, ने LVDT के साथ मूल्यांकन में 0.93% अरैखिकता, 61 dB SNR और 100 मिमी रेंज के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया।



चित्र 3: 100 मिमी रेंज के लिए LIA हार्डवेयर परीक्षण परिणाम

पारंपरिक विधियों से भिन्न, यह एकल IA परिपथ में रैखिकीकरण और डिमॉड्यूलेशन को समेकित करता है, जिससे अलग चरणों या जटिल ब्लॉकों की आवश्यकता समाप्त होती है। फीडबैक प्रतिरोध समायोजन द्वारा विभिन्न सेंसरों के लिए अनुकूलनीय है, जिससे कम कॉइल्स वाले कुशल डिजाइन संभव होते हैं। LIA-L सादगी, घटक संख्या और प्रदर्शन में श्रेष्ठ है तथा एयरोस्पेस निगरानी हेतु उपयुक्त है।

आभार

अनूप चंद्रिका श्रीकांतन , मैं अपने मार्गदर्शक का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस परियोजना में मेरी सहायता करने के साथ-साथ मार्गदर्शन का सहारा दिया।

सन्दर्भ

[1] ए. एस. मॉरिस और आर. लैंगारी, "अध्याय 8 - डेटा अधिग्रहण एवं सिग्नल प्रसंस्करण के सिद्धांत", *मापन एवं इंस्ट्रुमेंटेशन*, तृतीय संस्करण, एकेडमिक प्रेस, 2021, पृ. 211-241. doi: 10.1016/B978-0-12-817141-7.00008-6.

[2] एच. गणेशन, बी. जॉर्ज और एस. अनिरुद्धन, "LVDT के लिए रिलैक्सेशन ऑसिलेटर-आधारित इंटरफेस सर्किट का डिजाइन एवं विश्लेषण," *IEEE ट्रांस. इंस्ट्रम. मेस.*, खंड 68,

[3] बी. आर. एस. नेहरा और ए. सी. श्रीकांतन, "LVDT के लिए सरल रैखिकीकरण सर्किट टोपोलॉजी का मूल्यांकन," *IEEE सेंसर्स लेटर्स*, खंड 7, अंक 12, पृ. 1-4, दिसंबर 2023.

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

उच्च थ्रूपुट उपग्रह संचार नेटवर्क के लिए प्रीफेचिंग तकनीक का उपयोग

आशिष जैन [1], कपिल शर्मा [2], अरविन्द कुमार त्यागी[3], सुधीर अग्रवाल[4]

वैज्ञानिक / अभियंता - एसडी, सी.ए.डी / सी.टी.ए.जी. / एस.एस.ए.ए, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), ashish35@sac.isro.gov.in

सार

उपग्रह संचार नेटवर्क ब्रॉडबैंड इंटरनेट, नेविगेशन, पर्यावरण निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के रूप में काम करते हैं। हालाँकि, उनकी अंतर्निहित गुण जैसे लंबी विलंबता और सीमित बैंडविड्थ संसाधन, अंतर्निहित परिवहन प्रोटोकॉल उपयोगकर्ता के ब्राउज़िंग अनुभव की गुणवत्ता को काफी कम कर देते हैं। हमने एक प्रीफ़ेचिंग तकनीक विकसित की हैं। जो वेब ब्राउज़िंग को तेज़ करती हैं। और उपयोगकर्ता के ब्राउज़िंग अनुभव और सैटेलाइट संसाधनों के उपयोग को बेहतर बनाती है। प्रस्तावित तकनीकों का मूल्यांकन नेटवर्क एमुलेटर और जीसैट-11 उपग्रह का परीक्षण करके किया गया हैं। जिस से पता चलता है कि उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड इंटरनेट में प्रस्तावित तकनीकों को तैनात करके कई लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रस्तावना

ब्रॉडबैंड उपग्रह दूरदराज के समुदायों के लिए इंटरनेट की सुविधा प्रदान करता हैं। दूरस्थ उपयोगकर्ता के वेब ब्राउज़िंग अनुभव की गुणवत्ता अधिक राउंड ट्रिप का समय में देरी (भूस्थैतिक उपग्रहों के लिए लगभग 512 मिलीसेकंड), उच्च बिट त्रुटि रूप और उपग्रह प्रणाली की सीमित बैंडविड्थ से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

प्रस्तावित उपग्रह संचार नेटवर्क आरेख

प्रस्तावित उपग्रह संचार नेटवर्क आरेख को चित्र-1 में दर्शाया गया है । इसमें निम्नलिखित शामिल हैं।

- वेब सर्वर - हब साइड से जुड़ा हुआ है ।
- प्रीफ़ेचिंग सर्वर- हब साइड पर स्थापित है ।
- उपग्रह/नेटवर्क एमुलेटर
- सूचना सर्वर जो दूरस्थ साइड पर स्थापित है ।
- दूरस्थ उपयोगकर्ता ब्राउज़र का उपयोग करता है।



चित्र 1 *प्रस्तावित उपग्रह संचार नेटवर्क आरेख*

प्रीफेचिंग सर्वर का विवरण

एक प्रीफ़ेचिंग एल्गोरिथम ब्राउज़र को उस सामग्री को प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक संसाधनों को चुपचाप प्राप्त करने की अनुमति देता है जिसे उपयोगकर्ता निकट भविष्य में एक्सेस करता है। प्रीफ़ेचिंग के कई प्रकार मौजूद हैं। सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली विधि लिंक प्रीफ़ेचिंग है। लिंक प्रीफ़ेचिंग ऐसी तकनीक है जो वेब ब्राउज़र को वेब पेजों की लोडिंग और रेंडरिंग को तेज़ करने के लिए संसाधनों को प्रीलोड करता हैं।

प्रीफेचिंग एल्गोरिथ्म मॉड्यूल विकास प्रक्रिया

जब कोई दूरस्थ उपयोगकर्ता किसी विशिष्ट वेब पृष्ठ को इंटरनेट में ढूँढता है। प्रारंभिक "सिंक" पैकेट भेजा जाता है। और सूचना सर्वर इन पैकेट को प्रीफेचिंग सर्वर को भेजता है। प्रीफेचिंग सर्वर इन पैकेट को प्राप्त करता है। और मूल वेब सर्वर आईपी के अनुसार, यह तीन-तरफा हैंडशेकिंग का उपयोग करके एक टीसीपी कनेक्शन स्थापित करता है। इनके बाद, प्रीफेचिंग सर्वर को प्राप्त वेब पृष्ठ अनुरोध के साथ यूआरएल प्राप्त होता है। और इन अनुरोध को मूल वेब सर्वर को भेजता है। वेब सर्वर यूआरएल से जुड़े मुख्य पृष्ठ को लाता है। और एचटीएमएल प्रतिक्रिया को प्रीफेचिंग सर्वर को वापस भेजता है। इन प्रक्रिया के बाद, हमारा प्रीफेचिंग सर्वर

एल्गोरिदम चलता है। जो एचटीएमएल पार्सर मॉड्यूल का उपयोग करके मुख्य पृष्ठ को पार्सिंग करता है। मुख्य पृष्ठ प्रतिक्रिया को चित्र-2 में दिखाया गया है। प्रीफेचिंग सर्वर सभी इन-लाइन वेब संसाधनों का सेट ढूंढता है जो मुख्य एचटीएमएल (पृष्ठ में एम्बेडेड है। इनके अलावा, यह वेब सर्वर से इन सभी नेस्टेड संसाधनों को लाता है। साथ ही, प्रीफेचिंग सर्वर संसाधन को उपग्रह के माध्यम से सूचना सर्वर को भेजता है। दूरस्थ सूचना सर्वर इन संसाधनों को अपने स्थानीय मेमोरी में संग्रहीत करता है। जिससे वह अनुरोधित डेटा को तेजी से भेज सकता है।



चित्र 2 *मुख्य एचटीएमएल पृष्ठ*

प्रस्तावित तकनीक का परीक्षण सेटअप

प्रस्तावित तकनीकों की प्रभावशीलता को सत्यापित करने के लिए प्रयोगशाला में नेटवर्क एमुलेटर का और उपग्रह लिंक परीक्षण के लिए जीसैट-11 उपग्रह लिंक का उपयोग करके एक परीक्षण सेटअप तैयार किया गया है।

परिणाम और चर्चा

प्रीफेचिंग एल्गोरिदम मुख्य एचटीएमएल पृष्ठ से प्राप्त वेब संसाधनों/लिंक के सेट को ढूंढता है जो मुख्य पृष्ठ में अंतर्निहित हैं। जैसा की चित्र 3 में दिखाया गया है।



चित्र 3 *मुख्य एचटीएमएल पृष्ठ से प्राप्त सभी नेस्टेड संसाधनों का सेट*

प्रस्तावित प्रीफेचिंग तकनीकों का उपयोग करते हुए दूरस्थ उपयोगकर्ता सफलतापूर्वक वेब पृष्ठ को प्राप्त करता है। जैसा की चित्र 4 में दिखाया गया है।



चित्र 4 *दूरस्थ उपयोगकर्ता वेब पृष्ठ को प्राप्त करता है।*

वायरशार्क (पैकेट कैप्चरिंग और विश्लेषण सॉफ्टवेयर) में पैकेट प्रवाह को चित्र 5 में दर्शाया गया है। उपयोगकर्ता एक टीसीपी कनेक्शन स्थापित कर एचटीएमएल डेटा का आदान - प्रदान करता हैं।



चित्र 5 *वायरशार्क सॉफ्टवेयर में पैकेट प्रवाह*

निष्कर्ष

प्रस्तावित तकनीक का उपग्रह लिंक में मूल्यांकन और नेटवर्क एमुलेटर का उपयोग करने से पता चलता है कि उपग्रह आधारित इंटरनेट एक्सेस नेटवर्क में प्रस्तावित तकनीकों को तैनात करने से कई लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। उपग्रह लिंक में संसाधनो को आदान-प्रदान की मात्रा में कमी आई हैं। पृष्ठ लोड समय में उल्लेखनीय कमी आई हैं। दूरस्थ उपयोगकर्ता पक्ष में एक साथ कनेक्शन संसाधनों की संख्या में कमी आई हैं। वेब सर्वर लोड में कमी आई हैं। और उपग्रह बैंडविड्थ का उपयोग की बेहतर हुआ हैं।

आभार

लेखक समूह के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रभाग के सभी सहकर्मियों का आभार प्रकट करते हैं।

विकिरण के प्रकार एवं मापन प्रणाली का वर्गीकरण

डॉ. अर्पित पटेल

वैज्ञानिक/अभियंता - SE, ग्रहीय विज्ञान प्रभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, arpitp@prl.res.in

सार

विकिरण मापन प्रणाली के विकास से पूर्व विकिरण के प्रकारों की स्पष्ट समझ आवश्यक है। विकिरण एक ऐसी ऊर्जा है जो तरंगों या कणों के रूप में प्रसारित होती है और इसे उसकी आयनीकरण क्षमता के आधार पर आयनीकरण एवं अनायनीकरण विकिरण में वर्गीकृत किया जाता है। विकिरण मापन में प्रयुक्त डिटेक्टरों को उनकी कार्यप्रणाली के अनुसार दो मुख्य श्रेणियों–प्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर और अप्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर–में विभाजित किया गया है। यह वर्गीकरण डिटेक्टर की रूपांतरण क्षमता, ऊर्जा विभेदन और अनुप्रयोग के आधार पर किया जाता है, जो कि विभिन्न वैज्ञानिक और औद्योगिक क्षेत्रों में विकिरण की सटीक माप हेतु महत्वपूर्ण है।

प्रस्तावना

किसी भी विकिरण मापन यंत्र को डिज़ाइन करने से पहले, विकिरण के प्रकार और उसके स्वरूप को समझना बहुत आवश्यक होता है। विकिरण एक प्रकार की ऊर्जा है, जो कि किरणों, तरंगों या सूक्ष्म कणों के रूप में फैलती है। कुछ विकिरण जैसे दृश्यमान प्रकाश और अवरक्त विकिरण हमें दिखाई या महसूस हो सकते हैं, लेकिन एक्स-रे और गामा-किरणें जैसी अन्य विकिरणें सीधे दिखाई नहीं देतीं और इन्हें विशेष यंत्रों की मदद से ही मापा जा सकता है।

विकिरण को दो मुख्य प्रकारों में बाँटा जाता है: **आयनीकरण (Ionizing)** और **अनायनीकरण (Non-ionizing)** विकिरण। यह वर्गीकरण इस बात पर आधारित होता है कि विकिरण किसी वस्तु या परमाणु के साथ किस प्रकार की क्रिया करता है। इसी के आधार पर यह तय होता है कि उसे मापने के लिए कौन सी तकनीक या यंत्र उपयोगी होगा।

अनायनीकरण विकिरण में इतनी ऊर्जा नहीं होती कि वह परमाणुओं या अणुओं से इलेक्ट्रॉन निकाल सके। यह हमारे दैनिक जीवन में सामान्य रूप से पाया जाता है। जैसे कि माइक्रोवेव ओवन, मोबाइल फोन, जीपीएस, टेलीविज़न और रेडियो ट्रांसमिशन, बेबी मॉनिटर, और अन्य वायरलेस उपकरण। इसके अलावा पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र, पावर लाइनों, घर की वायरिंग और घरेलू उपकरणों से उत्पन्न विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन बहुत ही कम आवृत्ति वाली तरंगों को **अत्यंत निम्न आवृत्ति (ELF)** विकिरण कहा जाता है।



चित्र 1: विद्युतचुंबकीय वर्णक्रम पर विकिरण के प्रकार [1]

विकिरण मापन हेतु प्रयुक्त प्रणालियाँ

सेंसर या डिटेक्टर एक ऐसा यंत्र होता है जो किसी प्रणाली का घटक होता है और भौतिक, रासायनिक, जैविक अथवा अन्य किसी भी मापनीय मान को मापने के लिए प्रयोग किया जाता है। विद्युतचुंबकीय वर्णक्रम में विकिरण को उस ऊर्जा के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो किसी स्रोत से तरंगों और कणों के माध्यम से प्रसारित होती है – जैसे रेडियो तरंगें (न्यूनतम ऊर्जा) से लेकर गामा विकिरण (अत्यधिक ऊर्जा) तक।

विकिरण डिटेक्टरों का सिद्धांत इस बात पर आधारित होता है कि वे आयनीकरण की प्रक्रिया द्वारा अल्फा, बीटा, गामा किरणों, एक्स-रे, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन जैसे विकिरण कणों की पहचान कर सकते हैं। जब कोई

अत्यधिक ऊर्जा वाला कण किसी पदार्थ में प्रवेश करता है, तो वह उस माध्यम को आयनित करता है, जिसे विभिन्न प्रकार के सेंसर द्वारा मापा जा सकता है।

डिटेक्टर सामग्री से टकराने पर जो फोटॉन ऊर्जा निकलती है, उसे **प्रत्यक्ष (Direct)** या **अप्रत्यक्ष (Indirect)** प्रक्रिया द्वारा विद्युत संकेत (Electrical Signal) में बदला जाता है। यह रूपांतरण डिटेक्टर के प्रकार पर निर्भर करता है। इस आधार पर विकिरण डिटेक्टरों को मुख्यतः दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है:

1. प्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर
2. अप्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर



चित्र 2: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूपांतरण प्रकार एक्स-रे डिटेक्टरों में चार्ज कैरियर (इलेक्ट्रॉन-होल जोड़ी) के निर्माण की योजनात्मक रूपरेखा [2]

प्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर वह होते हैं जिनमें आने वाला फोटॉन सीधे विद्युत संकेत में बदल जाता है। जबकि **अप्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टरों** में यह प्रक्रिया दो चरणों में होती है: पहले चरण में, फोटॉन को दृश्य प्रकाश में बदला जाता है और दूसरे चरण में इस प्रकाश को विद्युत संकेत में रूपांतरित किया जाता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टरों में चार्ज कैरियर (इलेक्ट्रॉन-होल जोड़ी) के निर्माण की योजनात्मक संरचना **चित्र 2** में दर्शाई गई है।

सिलिकॉन डिटेक्टर प्रत्यक्ष रूपांतरण डिटेक्टर हैं जो विकिरण (जैसे X-ray या γ-ray) को सीधे विद्युत संकेत (इलेक्ट्रॉन-होल जोड़े) में परिवर्तित करते हैं।

स्किन्टिलेशन डिटेक्टर अप्रत्यक्ष रूपांतरण प्रकार के डिटेक्टर होते हैं, जिनमें आने वाले विकिरण को पहले दृश्य या उसके आसपास की सीमा के प्रकाश कणों (फोटॉनों) में बदला जाता है। ये फोटॉन फिर फोटोडिटेक्टर की मदद से एकत्र किए जाते हैं और उन्हें विद्युत आवेश (इलेक्ट्रिकल चार्ज) में बदला जाता है। चित्र 3 में विकिरण डिटेक्टरों का वर्गीकरण दर्शाया गया है।



चित्र 3: विकिरण डिटेक्टरों का वर्गीकरण

निष्कर्ष

विकिरण का प्रभावी और सटीक मापन केवल तब संभव है जब उसके प्रकारों और उनकी विशेषताओं की स्पष्ट समझ हो। आयनीकरण और अनायनीकरण विकिरण के बीच का अंतर न केवल डिटेक्टर चयन को प्रभावित करता है, बल्कि मापन तकनीक की सटीकता को भी निर्धारित करता है। इसलिए, विकिरण डिटेक्शन प्रणाली का निर्माण एक बहुआयामी समझ और उपयुक्त तकनीकी चुनाव पर आधारित होना चाहिए।

आभार

लेखक इस कार्य में मार्गदर्शन एवं सहयोग देने वाले सभी सहकर्मियों और संस्थान का आभार व्यक्त करता है।

सन्दर्भ

[1] M. Uthman, F. Shaibu, N. Bara'u Gafai and I. Labaran, "5G Radiation and COVID-19: The Non-Existent Connection," International journal of research in electronics and computer engineering, pp. 34-38, June- 2020.

[2] www.XCounter.com.

उच्च गति प्रकाशीय संचार उपग्रह का अनुप्रयोग और विकास अनुसंधान

विकास अग्रवाल[1], सिद्धार्थ सिंह[2],प्रणव कुमार पांडे [3]

वैज्ञानिक -अभियंता एस.इ., ओ.सी.एस.डी./एच.एस.टी.ए./सैक, vikasagl@sac.isro.gov.in

सार

यह आलेख विकासशील देश जैसे भारत के विकास हेतु उच्च गति प्रकाशीय संचार उपग्रह लिए उच्च गति ऑन-ऑफ-कीइंग प्रकाशीय प्रेक्षक और आदाता की रूप-रेखा और विकास को प्रस्तुत करता है जिसका उपयोग उच्च गति संचार और अंतर उपग्रह संचार में किया जाता है। यह कार्य 10 जी.बी.पी.एस. तक की डेटा दर के संचार को प्रस्तुत करता है जो अत्याधुनिक विश्व स्तरीय टर्मिनल जैसे टी.ई.एस.ए.टी. में है। इस कार्य में प्रकाशीय प्रेक्षक को ऑन-ऑफ-कीइंग एम.जेड.एम. अधिमिश्रण और प्रकाशीय आदाता के लिए ए.पी.डी और टी.आई.ए.(ट्रांस इम्पीडेन्स एम्पलीफायर) का उपयोग किया गया है।

संकेत शब्द - ऑन-ऑफ-कीइंग, एक्सटिंक्शन रेशियो बीईआर

प्रस्तावना

रेडियो संचार की तुलना में प्रकाशीय संचार का प्राथमिक लाभ उच्च डेटा दर, लाइसेंस मुक्त प्रकाशीय स्पेक्ट्रम, सुगठित टर्मिनल और अंतर-उपग्रह संचार के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प होता है। यह आलेख सुगठित प्रकाशीय टर्मिनलों के लिए प्रकाशीय संचार लिंक, लघुकृत और उच्च गति ऑन-ऑफ-कीइंग प्रकाशीय प्रेक्षक और आदाता की रूप-रेखा और विकास को प्रस्तुत करता है जिसका उपयोग उच्च गति, "लियो-ग्राउंड", "जियो-ग्राउंड" संचार और "लियो अंतर उपग्रह संचार" में किया जाता है। इंटेंसिटी अधिमिश्रण तकनीक,लेज़र के इंजेक्शन करंट को सीधे अधिमिश्रण या प्रकाश बाह्य अधिमिश्रण से प्राप्त किया जाता है। अधिमिश्रण में सीधे अधिमिश्रण का निर्माण सरल है, लेकिन इसका प्रदर्शन लेज़र रिलैक्सेशन ऑस्किलेटर और उच्च आवृत्तियों पर चिर्प इफ़ेक्ट के कारण उच्च डाटा दरों पर सीमित है।



चित्र.1. अंतर उपग्रह प्रकाशीय संचार का प्राथमिक लाभ

चित्र.2. अंतरिक्ष में रेडियो संचार की तुलना में प्रकाशीय संचार

अंतरिक्ष में प्रकाशीय संचार लिंक और उच्च संवेदनशीलता आदाता की जरुरत

अंतरिक्ष में प्रकाशीय संचार लिंक में मूल प्रकाशीय संचार घटक शामिल है, जो चित्र 3 में दिखाया गया है।

लिंक मार्जिन = $P_{\text{प्राप्त}} - P_{\text{संवेदनशीलता}}$ **[1]**

$P_{\text{संवेदनशीलता}}$ प्रकाशीय आदाता के लिए पहले से ही पूर्व निर्धारित मूल्य है। निम्नलिखित सूत्र (2) के उपयोग से प्राप्त शक्ति और लिंक मार्जिन की गणना की जाती है।

$$P_{\text{प्राप्त}} = P_{tx} + E_{tx} + E_{rx} + G_{tx} + G_{rx} - PL_{tx} - PL_{rx} - I.L. - C.L. - F.S.P.L. \quad \textbf{[2]}$$

जहां, P_{tx} संचारित पॉवर , E_{tx} और E_{rx} टेलीस्कोप श्रमता के मान , G_{tx} और G_{tx} टेलीस्कोप लाभ , PL_{tx} और PL_{rx} टेलीस्कोप संचारण सांकेतिक नुकसान, *I.L.* और *C.L.* क्रमशः इंसर्शन और कपलिंग हानि ,*F.S.P.L.* मुक्त अंतरिक्ष पथ हानि है, जो लिंक की लंबाई पर निर्भर करता है।

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

तालिका 1. प्रकाशीय संचार लिंक गणना के सूत्र

पैरामीटर	प्रतीक	सूत्र
डाइवर्जेन्स कोण (Divergence Angle)	θ	$\frac{2.44\,\lambda}{D}$
संचारित एंटीना लाभ (Tranmitter Anteena Gain)	G_{tx}	$\frac{32}{\theta^2}$
आदता एंटीना लाभ (Receiver Anteena Gain)	G_{rx}	$(\frac{\pi D}{\lambda})^2$
मुक्त स्थान पथ हानि (Free Space Path Losses)	*F.S.P.L.*	$(\frac{4\pi R}{\lambda})^2$

जहाँ D टेलिस्कोप व्यास,λ तरंग दैर्ध्य (वेवलेंथ),R लिंक लम्बाई है।

टेलिस्कोप अपर्चर $\alpha \frac{1}{\text{आवश्यक रिसीवर सेंसिटिविटी}}$ **[3]**

तालिका 2.प्रकाशीय अंतर उपग्रह लियो संचार की लिंक गणना

पैरामीटर	यूनिट	mm 200 टेलिस्कोप	mm 150 टेलिस्कोप
ट्रांसमिट पॉवर	dBm	37.00	37.00
ट्रांसमीटर और रिसीवर टेलिस्कोप	mm	200.00	150.00
ट्रांसमिट डेटा रेट	Gbps	10.00	10.00
संचार रैंज	km	5000.00	5000.00
रिसीवड पॉवर	dBm	-35.03	-40.08
आवश्यक लिंक मार्जिन	dB	3.00	3.00
आवश्यक रिसीवर सेंसिटिविटी	dBm	-32.03	-37.08



चित्र.3. अंतरिक्ष में प्रकाशीय संचार का प्रारूप

प्रकाशीय प्रेक्षक

ऑन-ऑफ-कीइंग पर आधारित मैक-जेंडर(इलेक्ट्रो-ऑप्टिक प्रभाव जिसमें अर्धचालक $LiNbO_3$, Ga.As. के अपवर्तक सूचकांक (रेफ्रेक्टिव इंडेक्स) में अधिमिश्रण , समीकरण (4,5,6) का उपयोग किया जाता है। इलेक्ट्रो-एब्जोर्प्शन (6 -8 dB एक्सटिंक्शन रेश्यो) की तुलना में एम.जेड.एम. में एक्सटिंक्शन रेश्यो (20 dB) बेहतर जिससे अंतरिक्ष संचार में इसको प्राथमिकता दी जाती है।

$$n(E_r) = n - \frac{1}{2}.r_p.n^3.E_r{}^1 \quad [4]$$

$$n(E_r) = n - \frac{1}{2}.\xi_k.n^3.E_r{}^2 \quad [5]$$

$$E_o(t) = E_i e^{+j(\omega t - \frac{2\pi}{\lambda_0} n(E_r).z)} \quad [6]$$

$$E_{out}(t) = \frac{1}{2}E_{in}(t)\left[e^{+j\emptyset_u(t)} + 1\right] \quad [7]$$

$$\emptyset_u(t) = \pi \frac{V_{in}}{V_\pi} \quad [8]$$

$$\frac{P_{out}(t)}{P_{in}(t)} = \left|\frac{E_{out}(t)}{E_{in}(t)}\right|^2 = \frac{1}{2} + \frac{1}{2}cos\left(\frac{\pi V_{in}}{V_\pi}\right) \quad [9]$$

यहां, n अपवर्तक सूचकांक, $n(E)$ विद्युत क्षेत्र के अनुप्रयोग पर अपवर्तक सूचकांक, r_p"पॉकेल्स गुणांक", ξ_k"केर गुणांक" है। समीकरण (4) पॉकेल्स प्रभाव और समीकरण (5) केर प्रभाव है।



चित्र.4. प्रस्तावित प्रकाशीय प्रेक्षक मॉड्यूल का ब्लॉक आरेख



चित्र.5. एम.जेड.एम. में डीसी वोल्टेज के साथ पॉवर ट्रांसफर प्रोफाइल

- **एम.जेड.एम. प्रदर्शन और उपयुक्त क्यू प्वाइंट चयन**

इस कार्य में, $LiNbO_3$ आधारित एम.जेड.एम. (IMC1550-20, ऑप्टिलाब) का उपयोग किया गया है जिसका डी.सी., प्रकाशीय और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल मापित परिणामों को,"लाइट-वेव कॉम्पोनेन्ट एनालाइज़र" के उपयोग से विश्लेषण किया गया है। तालिका-3, चित्र 6 में एम.जेड.एम. के मापित परिणाम दर्शाए गए हैं।

- **एम.जेड.एम. चालक प्रवर्धक (ड्राइवर एम्पलीफायर)**

एम.जेड.एम. चालक प्रवर्धक का उपयोग इनपुट वोल्टेज (0.5-1 Vpp.) को प्रवर्धित करके आउटपुट वोल्टेज (4-6V pp.) तक किया जाता है। एम.जेड.एम. के लिए आवश्यक आर.एफ. वोल्टेज विभिन्न भागों के कारण 4-6 Vpp.से भिन्न होता है इसलिए प्रवर्धक को 4-6 Vpp. प्रदान के लिए बनाया है जो इनपुट डी.सी. करंट की भिन्नता द्वारा प्राप्त किया जाता है। बायसिंग घटकों बहुखंडीय स्टब प्रतिबाधा मैचिंग नेटवर्क और परिणामों को चित्र 7-8, में दिखाया गया है।

तालिका 3. एम.जेड.एम. डी.सी.-प्रकाशीय लक्षण वर्णन परिणाम

पैरामीटर	परिणाम
तरंग दैर्ध्य (वेवलेंथ)	1548 nm (1530 -1560 nm) *
प्रकाशीय S21	≤ 2 dB (≤ 5 dB) *
एक्सटिंक्शन अनुपात	≥ 25 dB (≥ 25 dB)*
3 dB बैंडविड्थ	11.5 GHz
कुआडरेचर बिंदु	6 V
एम.ए.टीपी. बिंदु	4V
एमपी.टी.आई. बिंदु	8V

नोट: * डेटाशीट मानों का प्रतिनिधित्व करता है।



चित्र6-एम.जेड.एम.आवृत्ति प्रतिक्रिया,एम.जेड.एम.बायस मापित-परिणाम



चित्र 7-आर.एफ.प्रवर्धक, प्रतिबाधा मैचिंग नेटवर्क के सिमुलेशन परिणाम



चित्र.8. एम.जेड.एम. चालक प्रवर्धक: सिमुलेशन,मापित परिणाम

- **फाइबर लेज़र स्रोत**

प्रकाशीय स्रोत के लिए फाइबर पिगटेल एफ.सी. कनेक्टर में वितरित-फीडबैक-लेज़र के संचालन हेतु लेज़र ड्राइवर सर्किट और"तापमान नियंत्रण सर्किट" (चित्र 9) जो वेवलेंथ के बहाव से बचने के लिए बनाया है। तापमान नियंत्रण, 50°C के परिवर्तन में वेवलेंथ को 0.2 nm में रखता है।

- **संयोजित प्रकाशीय प्रेक्षक**

संयोजित प्रेक्षक की रूपरेखा के लिए "ऑप्टिसिस्टम सॉफ्टवेयर" में सिमुलेशन किया गया है, सिमुलेशन परिणाम (चित्र10) दिखाते हैं कि जब इनपुट वोल्टेज,एम.जेड.एम. के डी.सी.Vπ के बराबर होता है, इस स्थिति में बिट-एरर-रेट न्यूनतम और एक्सटिंक्शन रेश्यो अधिकतम है।प्रेक्षक को"डिजिटल-सीरियल-ऑप्टिकल एनालाइजर"पर मापित परिणामों को चित्र10 में दिखाया गया है।



चित्र.9 फाइबर लेज़र स्रोत और तापमान नियंत्रक संयोजित पैकेज



चित्र.10: संयोजित प्रकाशीय प्रेक्षक और सिमुलेटेड परिणाम

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

प्रकाशीय आदाता

प्रकाशीय संचार में आदाता संसूचक डिटेक्टर दो प्रकार के होते हैं। पॉजिटिव इंट्रिंसिक नेगेटिव (पि.इ.न.) और एवलांच फोटो डायोड (ए.पी.डी.) जो प्रकाशीय डिमॉडुलेसन के रूप में कार्य करता है, जिसके उपरांत ट्रांस-इम्पेडेंस एम्पलीफायर (टी.आई.ए.), जो विद्युत धारा को वोल्टेज में परिवर्तित करता है।

- **पि.इ.न. (PIN) प्रकाशीय आदाता**

पि.इ.न. फोटोडायोड पी.-एन. जंक्शन के समान है जिसमें दो-डोप्ड परतों के बीच अनडोप्ड आंतरिक (इन्ट्रिंसिक) परत रखी जाती है। यह इन्ट्रिंसिक परत जंक्शन केपेसिटंस कम करती है।इन्ट्रिंसिक परत की बढ़ी हुई चौड़ाई से इलेक्ट्रॉन-होल रूपांतरण की मात्रा अत्यधिक बढ़ती है जिससे उच्च क्वांटम दक्षता भी प्राप्त होती है।

- **एवलांच (ए.पी.डी.) प्रकाशीय आदाता**

एवलांच प्रकाशीय आदाता (ए.पी.डी.), पी.-एन.जंक्शन डायोड में उच्च रिवर्स बायस का उपयोग करके आंतरिक लाभ (इंटरनल गेन) बनाने के लिए एवेलांचे इफ़ेक्ट का उपयोग करते हैं। प्रत्येक फोटो-जनरेटेड वाहक अधिक इलेक्ट्रॉन-होल जोड़े बनाता है और इसलिए आउटपुट विद्युत धारा में, "एवेलांचे मल्टिप्लिकेशन फैक्टर M" से गुणा किया जाता है। एवेलांचे इफ़ेक्ट के कारण,ए.पी.डी. बेहतर संवेदनशीलता प्रदर्शन प्रदान करता है।



चित्र.11: पि.इ.न.डायोड संरचना, पि.इ.न. प्रकाशीय आदाता



चित्र.12:पि.इ.न.प्रकाशीय आदाता:मापित सेन्सिटिविटी -16dBm @2.5G



चित्र.13: ए.पी.डी डायोड संरचना , ए.पी.डी. प्रकाशीय आदाता

चित्र-14: ए.पी.डी. और पि.इ.न. आदाता का तुलनात्मक मापित परिणाम : इनपुट प्रकाशीय पॉवर -34 dBm @ 1 Gbps



चित्र.15: संयोजित क्लॉक और डेटा रिकवरी और मापित परिणाम

- **क्लॉक और डेटा रिकवरी (सी.डी.आर.)**

सी.डी.आर. प्रकाशीय डिटेक्टर के पश्चात इलेक्ट्रॉनिक्स का एक अभिन्न अंग है जिसका उपयोग डेटा में जिटर को कम करने और हाई-स्पीड डेटा से क्लॉक प्राप्ति के लिए किया जाता है। सी.डी.आर. और मापित परिणामों को चित्र 15 में दिखाया गया है।

एकीकृत प्रकाशीय प्रेक्षक-आदाता

प्रकाशीय प्रेक्षक को हाई पॉवर ई.डी.एफ.ए. के साथ एकीकृत किया गया है जिसके पश्चात् ऑप्टिकल एटेन्यूएटर और प्रकाशीय लो-नॉइज़ -प्रवर्धक(ओ.एल.एन.ए.)को शामिल किया गया है। ए.पी.डी.आदाता के इनपुट पर,"ऑप्टिकल-सिग्नल-टू-न्वाइज रेश्यो" को बेहतर बनाने के लिए ओ.एल.एन.ए. के आउटपुट पर फ़िल्टर का उपयोग किया गया है। ओ.एल.एन.ए. सहित ,"एकीकृत प्रकाशीय आदाता" की मापी गई संवेदनशीलता -36 dBm @10 Gbps है जिसके मापित परिणाम चित्र-16 में है।



चित्र.16: एकीकृत प्रेक्षक-आदाता के मापित परिणाम@ 10 Gbps

निष्कर्ष

आई.एस.एल. समूहों के लिए सुगठित उपग्रह टर्मिनल में प्रकाशीय प्रेक्षक के एक्सटिंक्शन रेश्यो 10 dB से अधिक होना चहिये, जिसके लिए बाह्य अधिमिश्रण तकनीक सर्वोत्तम है जिसमें से मैक-जेंडर अधिमिश्रक सबसे उपयुक्त।आदाता के दृष्टिकोण से सुगठित टर्मिनल के लिए आदाता की उच्च संवेदनशीलता बेहतर समाधान है जिसमें ए.पी.डी. उत्तम विकल्प है जिसकी संवेदनशीलता पि.इ.न. से अधिक है।

आभार

क्या हो अगर आपको अत्यंत संवेदनशील जानकारी का अनुवाद करना हो, लेकिन आप ऑनलाइन अनुवाद सेवाओं पर भरोसा नहीं कर सकते? पीआरएल जैसे अनुसंधान संस्थानों में, जहाँ डेटा की गोपनीयता सर्वोपरि होती है, इंटरनेट पर निर्भर रहना कोई विकल्प नहीं होता। इसी कारण हमने भाषासेतु को विकसित किया है — एक पूर्णतः इन-हाउस भाषा अनुवाद प्रणाली, जो गोपनीयता और दक्षता दोनों सुनिश्चित करती है, और सुरक्षित संगठनात्मक उपयोग के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। भाषासेतु एक इंट्रानेट आधारित बहुभाषी अनुवाद उपकरण |यह उपकरण पूर्णतः ओपन-सोर्स टूल्स की सहायता से विकसित किया गया है और संस्थान के आंतरिक उपयोग के लिए अनुकूलित है।

1. भाषासेतु क्या है

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL) के कंप्यूटर नेटवर्किंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी (CNIT) विभाग ने भाषाई समावेशन और सटीक संचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अत्याधुनिक बहुभाषी अनुवाद टूल — Bhashasetu (भाषासेतु)— का सफलतापूर्वक विकास और परिनियोजन किया है। यह टूल PRL के इंट्रानेट पर पूर्णतः ऑफ़लाइन कार्य करता है और अंग्रेज़ी, हिंदी, गुजराती, मराठी जैसी प्रमुख भाषाओं के बीच द्विदिश अनुवाद की सुविधा प्रदान करता है।

प्रारंभ में, SAC द्वारा विकसित अंग्रेज़ी से हिंदी अनुवाद टूल 'Lipiyantra' का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के आधार पर, PRL के CNIT विभाग ने उसकी कार्यप्रणाली को समझते हुए एक नई, विस्तारित और पूर्णतः स्वदेशी प्रणाली — Bhashasetu (भाषासेतु): एक बहुभाषी अनुवाद उपकरण' — का विकास किया, जो 22 भारतीय भाषाओं के बीच द्विदिश अनुवाद की सुविधा प्रदान करता है।

2. भाषासेतु की संरचना

भाषासेतु को एक सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च प्रदर्शन बहुभाषी अनुवाद प्रणाली के रूप में डिज़ाइन किया गया है। यह AI4Bharat द्वारा विकसित IndicTrans2 मॉडल पर आधारित है और उच्च निष्पादन संगणन (High Performance Computing) प्रणाली के विज़ुअलाइज़ेशन नोड पर चलाया जा रहा है। इसकी संरचना मॉड्यूलर है, जो इसे संस्थान के इंट्रानेट वातावरण में आसानी से एकीकृत और प्रबंधित करने योग्य बनाती है। Hugging Face इंटरफेस के माध्यम से यह तेज़ और सटीक अनुवाद अनुभव प्रदान करता है, बिना किसी बाहरी इंटरनेट कनेक्टिविटी के।

3. कार्यान्वयन की प्रमुख विशेषताएँ

1. एआई अनुवाद इंजन

भाषासेतु 'IndicTrans2' [1] मॉडल का उपयोग करता है जो भारतीय भाषाओं के लिए उन्नत मशीन अनुवाद प्रदर्शन प्राप्त करता है। इस मॉडल को पीआरएल की वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक शब्दावली के अनुसार

फाइन-ट्यून किया गया है।

2. वास्तविक समय प्रदर्शन और उच्च उपलब्धता
यह प्रणाली वास्तविक समय में अनुवाद को समर्थन प्रदर्शन, पीआरएल के आंतरिक सर्वरों के साथ सहज एकीकरण, और इसके सुरक्षित



Figure 1भाषा सेतु की आंतरिक संरचना

देने के लिए बनाई गई है, जिसमें न्यूनतम विलंब होता है, चाहे कई उपयोगकर्ता एक साथ इसका उपयोग करें। बैकएंड ऑप्टिमाइज़ेशन और कैशिंग मैकेनिज्म सभी विभागों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

3. सुरक्षित इन्ट्रानेट तैनाती
भाषासेतु को पीआरएल के सुरक्षित इन्ट्रानेट वातावरण में पूर्ण रूप से तैनात किया गया है। सभी अनुवाद क्वेरी और परिणाम स्थानीय रूप से संभाले जाते हैं, कोई बाहरी एपीआई कॉल या इंटरनेट निर्भरता नहीं होती। यह डिज़ाइन अधिकतम डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करता है और संस्थागत साइबर सुरक्षा नीतियों के अनुरूप है।

4. एचपीसी विज़ुअलाइज़ेशन नोड पर तैनाती और नेटवर्क अनुकूलता
भाषासेतु को वर्तमान में पीआरएल के हाई-परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग (एचपीसी) पर्यावरण के विज़ुअलाइज़ेशन नोड पर तैनात किया गया है। यह सेटअप उच्च कम्प्यूटेशनल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ संगतता सुनिश्चित करता है।

5. अनुवाद लॉग
यह प्रणाली उपयोगकर्ता अनुवाद गतिविधियों का 30-दिवसीय सुरक्षित लॉग भी बनाए रखती है, जिससे उपयोगकर्ता अपने पिछले कार्य की पुनरावृत्ति कर सकते हैं और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

6. उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस
भाषासेतु में एक साफ़-सुथरा और उत्तरदायी वेब इंटरफेस[3] है, जो उपयोगकर्ताओं को 22 समर्थित विकल्पों में से स्रोत और लक्ष्य भाषा चुनने की अनुमति देता है। इनपुट और आउटपुट क्षेत्र स्पष्टता के लिए सुव्यवस्थित हैं, और इतिहास पुनःप्राप्ति, क्लिपबोर्ड पर कॉपी करना, और त्रुटि अलर्ट जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ भी शामिल हैं।

7. **Bhashasetu** (भाषासेतु) में अनुवाद के लिए पाठ की लंबाई पर कोई सीमा नहीं है — उपयोगकर्ता सामान्य संवादों से लेकर तकनीकी रिपोर्ट तक किसी भी लंबाई के

दस्तावेज़ को अनुवादित कर सकते हैं। यह इसे शोध, प्रशासन और संचार के लिए अत्यंत उपयोगी बनाता है।

4. रीयल-टाइम ट्रांसलेशन: Bhashasetu (भाषासेतु) की प्रभावशीलता

Bhashasetu (भाषासेतु) अब PRL के इंट्रानेट में पूर्णतः कार्यरत है। उपयोगकर्ता आंतरिक पोर्टल के माध्यम से इस सेवा तक पहुँच सकते हैं, पाठ दर्ज कर सकते हैं और तुरंत अनुवाद प्राप्त कर सकते हैं। यह टूल विशेष रूप से निम्नलिखित परिदृश्यों में सहायक सिद्ध हुआ है:

- परिपत्रों, सूचनाओं और आंतरिक संचार का अनुवाद
- द्विभाषी रिपोर्टों का निर्माण
- प्रशासनिक दस्तावेज़ों में हिंदी उपयोग को बढ़ावा
- संस्थान में भाषाई समावेशन को प्रोत्साहन

5. भाषासेतु का एक्सेस

भाषासेतु वेब सेवा इस पते पर उपलब्ध है: https://bhashasetu.lan.prl.res.in. इसे Nginx[2] वेब सर्वर टूल की रिवर्स प्रॉक्सी मोड में सुरक्षित रूप से कॉन्फ़िगर किया गया है।



Figure 2 - भाषा सेतु का यूजर-इंटरफेस

,



Figure 3 भाषा सेतु द्वार अनुवाद



Figure 4 भाषा सेतु में इतिहास संरक्षित करने की व्यवस्था

6. निष्कर्ष

भाषासेतु PRL की बहुभाषी आवश्यकताओं को पूरा करने वाला एक सशक्त, सटीक और सुरक्षित अनुवाद टूल है। यह टूल न केवल अनुवाद प्रक्रिया को सरल बनाता है, बल्कि भाषा की बाधाओं को भी कम करता है। IndicTrans2 जैसे उन्नत AI मॉडल, GPU आधारित तेज़ प्रोसेसिंग, सुरक्षित इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफ़ेस इसे वैज्ञानिक, प्रशासनिक और संचार

आवश्यकताओं के लिए एक अत्यंत उपयोगी संसाधन बनाते हैं।

भाषासेतु का सफल परिनियोजन PRL की डिजिटल रूपांतरण और स्थानीयकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह इस बात का प्रमाण है कि हम ऐसे उपकरणों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि भारत की भाषाई विविधता का भी सम्मान करते हैं। अंग्रेज़ी और हिंदी के बीच की खाई को पाटते हुए, यह टूल विभिन्न विभागों के स्टाफ को अधिक प्रभावी और समावेशी ढंग से संवाद करने में सक्षम बनाता है।

7. आभार

हम प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक, PRL, के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके प्रोत्साहन और दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें नई तकनीकों और टूल्स को अपनाने के लिए प्रेरित किया। हम PRL के रजिस्ट्रार और डीन के भी आभारी हैं, जिन्होंने निरंतर समर्थन प्रदान किया।

हम प्रो. बिजय साहू, प्रो. वरुण शील, प्रो. नमित महाजन, और डॉ. एम. शनमुगम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। CNIT के सभी सदस्यों के समर्पण के लिए हम विशेष रूप से आभारी हैं। अंततः, हम अपने सभी PRL सहयोगियों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।

8. संदर्भ

[1] . https://github.com/AI4Bharat/IndicTrans2/
[2]. https://nginx.org/
[3].https://www.yiiframework.com/doc/guide/1.1/en

इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर के लिए ऑनबोर्ड डेटा रेकोर्डिंग सिस्टम

रंजन परनामी, राजेंद्र सी. बोलकोटगी

वैज्ञानिक/अभियंता-'एस एफ', अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, ranjanparnami@sac.isro.gov.in

सार

इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर पृथ्वी अवलोकन पेलोड होते है जो कि उपग्रह से पृथ्वी की सतह का चित्र लेते हैं| इमेजिंग सत्र के दौरान पेलोड डेटा को ऑनबोर्ड रेकॉर्ड करने की आवश्यकता रहती है और बाद मे इस रेकॉर्ड किये डेटा को पुनः प्राप्त कर आरएफ संचार लिंक के माध्यम से डेटा को जमीन पर प्रसारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त जब भी पेलोड डेटा दर डाउनलिंक डेटा दर से अधिक हो तो इस डेटा रेकॉर्ड प्रणाली का उपयोग डेटा बफर के रूप मे भी किया जाता है। इन पेलोड की उच्च गति और बड़ी मात्रा में डेटा रेकोर्डिंग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए,SLC NAND Flash फ्लैश तकनीक पर एक संक्षिप्त, कम वजन, कम शक्ति और उच्च गति वाले सॉलिड स्टेट रेकॉर्डर(SSR) का डिजाइन और विकास किया गया है। यह लेख NAND फ्लैश तकनीक पर आधारित कम वजन, कम शक्ति और उच्च थ्रूपुट वाले सॉलिड स्टेट रेकॉर्डर के डिजाइन और विकास का वर्णन करता है।

प्रस्तावना

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो के विभिन्न केंद्रों में से एक प्रमुख केंद्र है। यहाँ संचार, रिमोट सेंसिंग और अन्य वैज्ञानिक उपग्रहों के लिए विभिन्न पेलोड का डिजाइन और विकास किया जाता है। उपग्रह में सेंसर द्वारा उत्पन्न पेलोड डेटा को संपीड़ित (Compress) और एन्कोडेड किया जाता है। फिर इस डेटा को स्टोरेज के लिए सॉलिड स्टेट रेकॉर्डर (एसएसआर) में रेकॉर्ड किया जाता है। ग्राउंड स्टेशन दृश्यता (visiblity) के दौरान, एसएसआर डेटा को एंटीना के माध्यम से ट्रांसमिशन के लिए संचार प्रणाली में प्लेबैक किया जाता है। इस प्रकार, पेलोड डेटा को ग्राउंड स्टेशन की अदृश्यता (non-visiblity) वाले क्षेत्रों में एसएसआर में रेकॉर्ड किया जाता है और बाद में ग्राउंड स्टेशनों पर भेजा जाता है। यह हार्डवेयर डिज़ाइन FPGA पर आधारित है और इसका संचालन ग्राउंड कमांड के माध्यम से पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है। NAND flash मेमोरी कंट्रोलर का डिजाइन पूर्णतः FPGA मे किया गया है। 256 जीबी NAND फ्लैश डिवाइस का उपयोग मेमोरी मॉड्यूल के रूप में



चित्र.1. SSR के बाहरी इंटरफेस

अलावा, फ्लैश उपकरणों की नॉन-वोलेटाइल प्रकृति बिजली की आवश्यकता को काफी कम कर देती है क्योंकि एसएसआर को केवल रेकॉर्ड और प्लेबैक समय के दौरान ही चालू रखने की आवश्यकता होती है। इस SSR में दो 256 Gb NAND फ्लैश चिप्स का उपयोग करके 512 Gb भंडारण क्षमता हासिल की गई है।

हार्डवेयर विन्यास

चित्र-1 के अनुसार, SSR में डेटा इनपुट/आउटपुट, टेली-कमांड और टेलीमेट्री इंटरफेस होते हैं। SSR 3-बिट

सारणी-1 : SSR की विशेषताएं/ विनिर्देश

सीरियल डेटा कमांड के जरिए अपने ऑपरेशन का चयन करता है और टेलीमेट्री के माध्यम से अपने वर्तमान ऑपरेशन की स्थिति की जानकारी भी प्रदान करता है। SSR नियंत्रण कमांड के अनुरूप, रेकॉर्ड मोड में इनपुट डेटा को रेकॉर्ड करता है और प्लेबैक मोड में रेकॉर्ड किए गए डेटा को आउटपुट लाइनों पर भेजता है। यह पॉवर सप्लाई से 5.6V DC आपूर्ति लेता है।

क्र.स.	प्रचालक	विनिर्देश
1	भण्डारण क्षमता	512 Gb
2	डेटा I/O दर	100 Mbps
3	प्रचालन मोड	8 - मोड 1. मिटाना(Erase) 2. रेकॉर्ड 3. प्लेबैक 4.प्लेबैक जारी 5.भू-प्रदत्त एड्रेस से प्लेबैक 6. शटडाउन 7. NAND निदान (diagnostics) 8. रिसेट

SSR के मुख्य कार्यों में शामिल हैं:

- पेलोड डेटा का प्राप्त करना
- डेटा को NAND मेमोरी में संग्रहीत तथा प्लेबैक करना
- टेली कमांड्स को निष्पादित करना
- टेलीमेट्री और SSR की स्थिति को प्रदान करना

इन कार्यों को पूरा करने के लिए, SSR हार्डवेयर को निम्नलिखित घटकों में विभाजित किया गया है:

- डेटा इनपुट पोर्ट
- NAND फ्लैश मेमोरी चिप्स
- डेटा आउटपुट पोर्ट
- डिजिटल लॉजिक के लिए FPGA
- डीसी पावर इंटरफेस

SSR कार्ड का डिज़ाइन FPGA पर आधारित है। ऊपर लिखित सभी कार्य FPGA द्वारा किए जाते हैं।

SSR नियंत्रक का डिज़ाइन

यदि NAND फ्लैश मेमोरी डिवाइस SSR का दिल है, तो NAND फ्लैश मेमोरी कंट्रोल लॉजिक SSR का मस्तिष्क है। यह लॉजिक डिज़ाइन FPGA में लागू किया गया है, जो कि एक SRAM आधारित FPGA है। FPGA नियंत्रक लॉजिक टेली कमांड के अनुसार NAND फ्लैश डिवाइस को प्रारंभ करना, पेलोड डेटा को उपयुक्त फ्लैश मेमोरी स्थानों में रिकॉर्ड करना, डाटा प्लेबैक करना तथा साथ ही अगला SSR स्थिति को संकेतित करना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सम्पादित करता है|

घिसाव समतलन/ Wear Levelling

NAND फ्लैश मेमोरी में एक स्थान पर डेटा लिखते रहने से वो लोकेशन खराब हो जाती है इससे बचने के लिए Wear Levelling तकनीक का प्रयोग किया जाता है, जिसके तहत पहले से उपयोग किए गए मेमोरी एड्रेस को पहचानकर अगला डेटा नए स्थान पर लिखा जाता है।

ख़राब मेमोरी ब्लॉक प्रबंधन

NAND फ्लैश मेमोरी के उपयोग के दौरान उत्पन्न हुए खराब ब्लॉकों की खराब ब्लॉक प्रबंधन लॉजिक की मदद से की जाती है और उन्हें उपयोग से बाहर रखा जाता है। यह ख़राब मेमोरी ब्लॉक प्रबंधन लॉजिक कंट्रोलर डिज़ाइन का एक हिस्सा है।

अंतरिक्ष में संचालन के लिए हार्डवेयर का अनुकूलन

SSR हार्डवेयर को अंतरिक्ष के कठोर वातावरण में में उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया था। इसके लिए मेमोरी चिप्स के अलावा, सभी अन्य घटक स्पेस-ग्रेड के लिए गए। मेमोरी चिप्स को रेडिएशन से सुरक्षा के लिए टैंटेलम शीट से ढका गया। हार्डवेयर को -40°C से +55°C तापमान रेंज में सक्रिय थर्मल चक्र परीक्षण के अंतर्गत सफलतापूर्वक पास किया गया।

निष्कर्ष

पेलोड डाटा के लिए Solid-State Recorder के सफलतापूर्वक डिज़ाइन, विकास और परीक्षण के बाद इसे अंतरिक्ष में भेजा गया और वर्तमान में यह वहां कार्य कर रहा है।

आभार

लेखक श्री नीलेश एम. देसाई, निदेशक, सैक और श्री सौम्य एस. सरकार, उपनिदेशक, सेडा और श्री आशीष बी. मिश्रा, समूह निदेशक, पीसीइजी के विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने SSR विकास के दौरान मार्गदर्शन किया।

सन्दर्भ

- https://in.micron.com/products/storage/nand-flash/slc-nand/part-catalog?capacity=64Gb

उप-विषय : अंतरिक्ष विज्ञान , ग्रहीय विज्ञान , खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, सौर भौतिकी

शीर्षक: L2 बिंदु पर स्थित एक खगोलीय दूरबीन का थर्मल प्रबंधन प्रणाली

लेखक: कपिल कुमार भारद्वाज[1]

वैज्ञानिक/अभियंता -"एस ई ", खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, kapilb@prl.res.in

सार

भारत का भास्कराचार्य वेधशाला फॉर सर्च ऑफ एक्सोप्लानेट्स (BOSE) मिशन एल-2 बिंदु पर स्थापित होने वाला पहला खोज-आधारित अंतरिक्ष दूरबीन मिशन है। इसका उद्देश्य उच्च विभेदन क्षमता के साथ पृथ्वी जैसे ग्रहों की खोज करना है। इस कार्य में एल-2 बिंदु, उसकी कक्षाएँ और थर्मल प्रबंधन प्रणाली पर विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत है। निष्क्रिय (Passive) प्रणाली को BOSE के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया है, क्योंकि यह ऊर्जा की बचत करते हुए -30°C संचालन तापमान बनाए रख सकती है। अध्ययन में एल्यूमिनाइज्ड कैप्टन से निर्मित, वैक्यूम-पृथक तीन परतों वाले गोलाकार सनशील्ड को सबसे प्रभावी पाया गया। सिमुलेशन से तापीय ग्रेडिएंट में कमी और तापमान स्थिरता सिद्ध हुई। यह अध्ययन भविष्य के भारतीय अंतरिक्ष मिशनों में थर्मल प्रबंधन प्रणाली के लिए एक प्रभावी मार्गदर्शिका प्रदान करता है।

प्रस्तावना

ब्रह्मांड की उत्पत्ति और बाह्य जीवन की खोज सदैव मानव जिज्ञासा का केंद्र रही है। इस दिशा में अंतरिक्ष मिशनों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक अंतरिक्ष मिशन के मुख्य घटक हैं - अंतरिक्ष यान, प्रक्षेपण यान, ग्राउंड स्टेशन और थर्मल प्रबंधन प्रणाली। इनमें थर्मल प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि अंतरिक्ष में तापमान अत्यधिक भिन्नताओं से यान के उपकरण प्रभावित हो सकते हैं।

एल-2 बिंदु, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है, सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के सापेक्ष स्थिर स्थिति में स्थित है। यह स्थान निरंतर ठंडी और स्थिर परिस्थितियाँ प्रदान करता है, जिससे अंतरिक्ष दूरबीनों के लिए यह आदर्श स्थान बन जाता है। ESA के Gaia और NASA के James Webb Space Telescope (JWST) जैसे मिशन एल-2 बिंदु पर कार्यरत हैं। भारत का BOSE मिशन भी एल-2 बिंदु पर स्थापित होकर पृथ्वी जैसे ग्रहों की खोज में क्रांतिकारी योगदान देगा। इस हेतु उपयुक्त थर्मल प्रबंधन प्रणाली का चयन अत्यावश्यक है।

थर्मल प्रबंधन प्रणाली और सनशील्ड

अंतरिक्ष यानों के लिए तापीय प्रबंधन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उपकरणों का प्रदर्शन स्थिर तापमान पर ही संभव है। BOSE मिशन का संचालन तापमान लगभग -30°C निर्धारित है। इसके लिए निष्क्रिय थर्मल प्रबंधन प्रणाली (Passive Cooling) को अपनाया गया है क्योंकि यह ऊर्जा खपत नहीं करती। इसमें थर्मल कोटिंग्स, मल्टी-लेयर इन्सुलेशन (MLI), रेडिएटर और पैसिव हीट पाइप का उपयोग होता है।

बाहरी विकिरण से सुरक्षा के लिए सनशील्ड का उपयोग किया जाता है। ESA के Gaia मिशन में प्रयुक्त सनशील्ड के डिज़ाइन का अध्ययन कर BOSE मिशन के लिए उपयुक्त आयाम और परतों की संख्या तय की गई। Gaia सनशील्ड की तरह BOSE में भी वैक्यूम-पृथक परतें तापीय विकिरण को प्रभावी रूप से अवरुद्ध करती हैं। अध्ययन में पाया गया कि एल्यूमिनाइज्ड कैप्टन से बनी तीन वैक्यूम-पृथक परतों वाली गोलाकार

सनशील्ड BOSE के लिए सबसे उपयुक्त है। सिमुलेशन से तापमान में कमी और स्थिरता प्राप्त हुई।

सनशील्ड डिज़ाइन की कार्यप्रणाली



चित्र 1: गाइया दूरबीन की सनशील्ड

BOSE मिशन के लिए सनशील्ड बाहरी सौर विकिरण को रोककर उपकरणों को **-30°C** पर बनाए रखने हेतु डिज़ाइन किया गया है। सौर विकिरण $S=1361\ W/m^2$ के लिए विकिरण संतुलन:

$$(1-\rho)S=\epsilon\sigma T^4$$



चित्र 2: गोलाकार टोपी आकार की परतें। प्रत्येक परत का तापमान प्रवणता तब स्पष्ट होती है जब उसे एक समय में देखा जाता है।

जहाँ $\rho=0.9$, $\epsilon=0.1$; इससे पहली परत का तापमान $T\approx394K$ मिला। इसके पश्चात प्रत्येक परत की बैक रेडिएशन को ध्यान में रखते हुए तापमान क्रमशः घटकर दूसरी परत पर लगभग **10°C** और तीसरी परत पर **-30°C** हो गया। सनशील्ड को **तीन वैक्यूम-पृथक एल्यूमिनाइज्ड कैप्टन परतों** से बनाया गया, जिसकी त्रिज्या लगभग **13 मीटर** है। यह Gaia मिशन के सनशील्ड सिद्धांत पर आधारित है, जहाँ प्रत्येक परत सौर विकिरण को परावर्तित कर तापीय ग्रेडिएंट को नियंत्रित करती है और उपकरणों को आवश्यक तापमान पर सुरक्षित रखती है।

निष्कर्ष

इस अध्ययन में BOSE मिशन के लिए एल-2 बिंदु पर उपयुक्त थर्मल प्रबंधन प्रणाली और सनशील्ड के डिज़ाइन की विस्तृत कार्यप्रणाली प्रस्तुत की गई। निष्क्रिय थर्मल प्रबंधन प्रणाली को प्राथमिकता दी गई, जो कम ऊर्जा खपत के साथ उपकरणों को स्थिर तापमान पर बनाए रख सकती है। एल्यूमिनाइज्ड कैप्टन से निर्मित तीन वैक्यूम-पृथक परतों वाले गोलाकार सनशील्ड का चयन किया गया, जिससे बाहरी सौर विकिरण को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर -30°C संचालन तापमान प्राप्त किया गया। सिमुलेशन परिणामों ने तापमान ग्रेडिएंट को नियंत्रित करने और थर्मल स्थिरता बनाए रखने की इसकी क्षमता सिद्ध की। यह डिज़ाइन न केवल BOSE मिशन के लिए उपयुक्त है, बल्कि भविष्य के भारतीय अंतरिक्ष वेधशालाओं और एक्सोप्लानेट खोज मिशनों के लिए भी एक मानक मॉडल के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा।

आभार

इस परियोजना के विकास को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इसके विकास में समर्थन के लिए हम निदेशक, पीआरएल के आभारी हैं।

सन्दर्भ

1. शिए, जे. एवं अन्य (2021). एल-2 कक्षा में स्थित अंतरिक्ष दूरबीनों के लिए थर्मल नियंत्रण डिज़ाइन. जर्नल ऑफ स्पेसक्राफ्ट एंड रॉकेट्स।

2. नासा/WMAP टीम (2021). लैग्रेंज बिंदु और अंतरिक्ष वेधशालाओं का तापीय परिवेश. नासा तकनीकी रिपोर्ट।

3. ईएसए (2013). अंतरिक्ष दूरबीनों हेतु बहु-परत सनशील्ड का डिज़ाइन और प्रदर्शन. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी प्रकाशन।

विद्युत क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन शिक्षण की उपयोगिता

सुनील शर्मा,

तकनीकी अधिकारी - डी, प्रशासन-ईएफएएसडी-सीएमजी/ सैक, ईमेल आईडी: s_sharma@sac.isro.gov.in

सार

प्रस्तुत लेख विद्युत क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग (ML) के बढ़ते उपयोग पर केंद्रित है। जैसे-जैसे ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे परंपरागत प्रणालियों की सीमाएं स्पष्ट होती जा रही हैं। AI और ML आधुनिक तकनीकें हैं जो विद्युत प्रणालियों को अधिक स्मार्ट, कुशल और विश्वसनीय बनाती हैं। इस लेख में लोड पूर्वानुमान, स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन, फॉल्ट डिटेक्शन, ऊर्जा हानि की पहचान, तथा पूर्वानुमान आधारित रखरखाव जैसे प्रमुख उपयोगों का वर्णन किया गया है। साथ ही इनके लाभ, चुनौतियाँ और भविष्य की संभावनाओं को भी विस्तार से बताया गया है। यह अध्ययन दर्शाता है कि कैसे AI और ML भारत जैसे विकासशील देश के विद्युत क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

प्रस्तावना

वर्तमान युग तकनीकी क्रांति का है जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे उन्नत उपकरण लगभग हर उद्योग में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विद्युत क्षेत्र, जो कि किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का आधार है, इन तकनीकों से अछूता नहीं है। पारंपरिक विद्युत प्रणालियाँ अब स्मार्ट ग्रिड, डेटा विश्लेषण और पूर्वानुमान क्षमताओं से युक्त हो रही हैं। AI और ML न केवल विद्युत उत्पादन और वितरण को कुशल बना रहे हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। इस लेख के माध्यम से हम जानेंगे कि ये तकनीकें कैसे विद्युत क्षेत्र में दक्षता और स्थिरता ला रही है। [1]

विद्युत क्षेत्र में AI और ML की आवश्यकता

1. बढ़ती विद्युत मांग के चलते उत्पादन, वितरण और उपभोग के प्रबंधन में नई तकनीकों की आवश्यकता है।

2. ऊर्जा हानि को कम करना और प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ाना जरूरी हो गया है।

3. उपयोगकर्ताओं की विविध आवश्यकताओं को तुरंत पहचानना और तदनुसार सेवा देना आवश्यक है।

4. पूर्वानुमान आधारित रखरखाव से उपकरणों की खराबी को पहले ही पहचान कर रोका जा सकता है।

विद्युत क्षेत्र में AI और ML के प्रमुख उपयोग

1. लोड पूर्वानुमान (Load Forecasting)

AI और ML की मदद से किसी क्षेत्र विशेष में भविष्य में बिजली की मांग का अनुमान लगाया जा सकता है। यह डेटा आधारित होता है जिसमें मौसम, समय, उपभोग का इतिहास, आदि को ध्यान में रखकर भविष्यवाणी की जाती है। इससे बिजली का उत्पादन और वितरण संतुलित किया जा सकता है।

2. स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन

स्मार्ट ग्रिड एक ऐसा विद्युत नेटवर्क है जो दो-तरफा संचार करता है। इसमें सेंसर, स्वचालित नियंत्रण और डेटा एनालिटिक्स की सहायता से बिजली की गुणवत्ता और वितरण को नियंत्रित किया जाता है। AI इन ग्रिड्स में डेटा को तेजी से प्रोसेस कर निर्णय लेने की प्रक्रिया को सक्षम बनाता है।

3. फॉल्ट डिटेक्शन और ऑटोमैटिक रिपेयर

ML एल्गोरिथम द्वारा विद्युत लाइनों और ट्रांसफॉर्मर में संभावित खराबियों या शॉर्ट सर्किट का तुरंत पता लगाया जा सकता है। कुछ स्मार्ट सिस्टम खुद ही स्वचालित रिपेयर की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं या ऑपरेटर को सूचित कर देते हैं।

4. ऊर्जा हानि की पहचान

बिजली वितरण प्रणाली में कई बार तकनीकी और व्यावसायिक हानि होती हैं। AI इन हानियों के पैटर्न को पहचानता है और संभावित कारणों का संकेत देता है। इससे चोरी रोकने और दक्षता बढ़ाने में मदद मिलती है।

5. पूर्वानुमान आधारित रखरखाव

परंपरागत रखरखाव प्रणाली समय-समय पर जांच करती है, भले ही उसमें कोई खराबी हो या नहीं। जबकि AI और ML डेटा के आधार पर बताते हैं कि कब और कहाँ

रखरखाव जरूरी है। इससे लागत भी कम होती है और सेवा की निरंतरता बनी रहती है।

6. ग्रिड स्थिरता और बैलेंसिंग

AI एल्गोरिथम बिजली की वोल्टेज और फ्रिक्वेंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद करते हैं। खासतौर पर जब नवीकरणीय स्रोतों (जैसे सौर और पवन) से उत्पादन होता है, तब एआई असंतुलन को तेजी से संभालता है।

7. ऊर्जा खपत का इष्टतम उपयोग

AI आधारित स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह सुझाव दे सकते हैं कि वे किस समय बिजली का उपयोग करें जिससे बिल कम आए और ग्रिड पर लोड संतुलित रहे। इससे ऊर्जा बचत को बढ़ावा मिलता है।

8. नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण:

एआई मौसम के पैटर्न के आधार पर नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का पूर्वानुमान लगाता है, जिससे ग्रिड ऑपरेटरों को इन स्रोतों की परिवर्तनशीलता को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने की अनुमति मिलती है और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती हैं।

प्रमुख उदाहरण

- टाटा पॉवर और अदानी इलेक्ट्रिसिटी जैसे निजी और सरकारी संगठन AI आधारित तकनीक अपना रहे हैं।
- Google DeepMind ने एक प्रोजेक्ट के तहत डेटा सेंटर की बिजली खपत में 40% तक कमी की।
- भारत में राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन (NSGM) के तहत AI का उपयोग हो रहा है।

फायदे

- बिजली की बचत और दक्षता में वृद्धि
- सिस्टम की विश्वसनीयता और स्थायित्व में सुधार
- मैनुअल इंटरवेंशन की आवश्यकता में कमी
- उपभोक्ता को बेहतर सेवा और कम लागत
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का बेहतर प्रबंधन

चुनौतियाँ

1. उच्च लागत - AI सिस्टम स्थापित करने की प्रारंभिक लागत अधिक होती है।

2. तकनीकी ज्ञान की कमी - विद्युत इंजीनियरों को AI/ML में प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

3. साइबर सुरक्षा - डेटा चोरी और साइबर अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

4. डेटा की गुणवत्ता - गलत या अधूरा डेटा गलत निर्णय को जन्म दे सकता है।

भविष्य की संभावनाएँ

भविष्य में AI और ML तकनीकों के और अधिक परिष्कृत रूप सामने आएंगे। डिस्ट्रिब्यूटेड एनर्जी रिसोर्सेस (DER), इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग नेटवर्क, और होम एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम जैसे क्षेत्रों में AI की भूमिका और बढ़ेगी। डिजिटल ट्विन जैसी तकनीकों के माध्यम से ग्रिड और सबस्टेशनों की आभासी निगरानी भी संभव होगी।

निष्कर्ष

AI और ML विद्युत क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। इन तकनीकों के प्रयोग से न केवल ऊर्जा की बचत संभव है, बल्कि यह सिस्टम की सुरक्षा, विश्वसनीयता और उपभोक्ता सेवा को भी नया आयाम देती हैं। आने वाले वर्षों में, यह उम्मीद की जा सकती है कि भारत जैसे विकासशील देशों में भी इन तकनीकों का विस्तार होगा और विद्युत क्षेत्र और भी स्मार्ट और दक्ष बनेगा।

आभार

हम हिंदी अनुभाग पी.आर.एल., राजभाषा कार्यान्वन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के आभारी जिन्होंने हमें यह लेख लिखने का अवसर प्रदान किया। हम श्री निलेश देसाई, निदेशक सैक, श्री मीसाला सी ए नायडू, समूह-प्रधान सीएमजी, श्री संजीव कुमार, प्रधान ईएफएएसडी / सीएमजी के भी अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने हमें यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। हम वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी तहै हिन्दी कक्ष के सभी सहकर्मियों के भी अत्यंत आभारी हैं जिनके सहयोग से यह लेख संपूर्ण हो सका है ।

सन्दर्भ

1. राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन (NSGM), भारत सरकार
2. Google DeepMind – ऊर्जा दक्षता में AI का उपयोग
3. Tata Power – स्मार्ट ऊर्जा समाधानों में AI का उपयोग

4. Adani Electricity – स्मार्ट ग्रिड और AI आधारित सिस्टम
5. International Energy Agency (IEA) – Digitalisation and Energy Report
6. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) – स्मार्ट ग्रिड और AI संबंधित दिशानिर्देश

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

उपविषय: कम्प्यूटेशनल नवाचार और डेटा-संचालित अनुसंधान(मॉडलिंग, सिमुलेशन और अनुसंधान में बड़े डेटा विश्लेषण के लिए कंप्यूटर विज्ञान का लाभ उठाना)

डेटा-संचालित डिज़ाइन सत्यापन में परिमित अवयव विधियों द्वारा कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन का उपयोग

दीपक कुमार[1]
वैज्ञानिक/अभियंता – एसडी, संरचनात्मक प्रणाली प्रभाग (SSD), संरचनात्मक परीक्षण प्रणाली समूह (STSG)
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (SAC), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
deepak.kumar@sac.isro.gov.in

सार
आज की तेज़ी से बदलती दुनिया में, विज्ञान और इंजीनियरिंग की समस्याएँ पहले से कहीं अधिक जटिल होती जा रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए केवल पारंपरिक सिद्धांत ही नहीं, बल्कि उन्नत उपकरणों की भी आवश्यकता है। कंप्यूटर सिमुलेशन आज सभी क्षेत्रों में शोधकर्ताओं का एक शक्तिशाली सहयोगी बन चुका है। यह शोध पत्र यांत्रिक अंतरिक्ष क्षेत्र में एक डिज़ाइन समस्या पर आधारित है। पैकेज का विश्लेषण कंप्यूटर मॉडलिंग और सिमुलेशन तकनीक सीमित अवयव विधि (Finite Element Method) का उपयोग करके किया गया है, और वास्तविकता में अनुभव होने वाले रैंडम लोडिंग के लिए तनावों का अनुमान लगाया गया है।

प्रस्तावना
आज के युग में जब इंजीनियरिंग डिज़ाइन पहले से कहीं अधिक जटिल हो गया है, तब डिज़ाइन सत्यापन (Design Validation) का कार्य केवल परंपरागत परीक्षणों तक सीमित नहीं रह गया है। पारंपरिक रूप से किसी यांत्रिक भाग को डिज़ाइन करने के बाद उसका प्रोटोटाइप बनाया जाता है और फिर वास्तविक परीक्षण किए जाते हैं। इसमें काफी समय, लागत और संसाधनों की जरूरत होती है। अब कंप्यूटर आधारित मॉडलिंग, सिमुलेशन, और डेटा विश्लेषण के माध्यम से डिज़ाइनों की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को आंका जाता है।

इस शोध पत्र में यह बताया गया है कि कैसे फाइनेट एलिमेंट विश्लेषण (Finite Element Analysis - FEA) और डेटा-संचालित तकनीकों के संयोजन से एयरोस्पेस उत्पादों को तेज़ी से और अधिक सुरक्षित रूप से डिज़ाइन और सत्यापित किया जा सकता है। इसके लिए एक इलेक्ट्रॉनिक पैकेज का कंप्यूटर सिमुलेशन के माध्यम से विश्लेषण किया गया है और रैंडम लोडिंग की स्थिति में महत्वपूर्ण डिवाइसेज़ में उत्पन्न तनावों का अनुमान लगाया गया है।

परिमित अवयव नमूना (Finite element model)

धुरी की परिभाषा और धारणाएँ
इस रिपोर्ट में, X, Y और Z अक्ष संरचना में निम्नलिखित दिशाओं को दर्शाते हैं: (चित्र 1)



चित्र 1: परिमित तत्व मॉडल

- X-अक्ष: आधार तल के समानांतर।
- Y-अक्ष: आधार तल के समानांतर।
- Z-अक्ष: आधार फिक्सिंग के लिए उर्ध्व है।

संरचनात्मक विश्लेषण के दौरान निम्नलिखित माना गया है कि इंटरफ़ेस पर्याप्त कठोरता (rigidity) प्रदान करेगा और फिक्सिंग बिंदुओं पर 100% स्थिरता (fixity) मानी गई है। महत्वपूर्ण डिवाइसेज़ को मॉडल में शामिल किया गया है।

भौतिक और द्रव्यमान गुण:

सामग्री के गुणों को तालिका-1 में दिखाया गया है। परिमित अवयव नमूना में **द्रव्यमान 2.4 किलोग्राम** है जिसमे से पीसीबी का द्रव्यमान 1.1 किग्रा हैं ।

तालिका 1: उपयोग किये गए पदार्थ का सारांश

सामग्री	Components	E यंग मापांक Young's Modulus (Pa)	μ पोइजन अनुपात (Poisson's Ratio)	ρ घनत्व Density (Kg/ m3)
एल्यूमिनियम (AL-2024)	ट्रे	73.1e9	0.33	2770
FR4	पीसीबी	50e9	0.118	1880
KOVAR	डिवाइस पिन	138e9	0.317	8360
PbSn8020		20e9	0.4	10200

सीमा स्थिति

बेस प्लेट को नीचे के भाग पर 8 स्थानों पर तय किया गया है। स्वतंत्रता की सभी डिग्री तय की गई हैं। चित्र 2 में दिखाया गया है।



चित्र 2: सीमा स्थिति

प्राकृतिक आवृत्ति अनुमान (Normal Modal Analysis)

चर्चा की गई सीमा स्थितियों के लिए प्राकृतिक आवृत्ति विश्लेषण किया गया है। अनुमानित परिणाम तालिका 2 में दिखाए गए हैं। तालिका 2 में वर्तमान विनिर्देश के लिए पहली तीन आवृत्तियाँ दिखाई गई हैं। पहली आवृत्ति को चित्र 3 में दिखाया गया है।

सभी अक्षों में मोडल प्रभावी द्रव्यमान प्रतिशत भी तालिका में दिखाया गया है। उच्च प्रतिशत को हाइलाइट किया गया है। संरचनात्मक गतिशीलता और कंपन विश्लेषण में मोडल मास भागीदारी एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जो इस बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है कि विभिन्न मोड किसी सिस्टम की समग्र गतिशील प्रतिक्रिया में कैसे योगदान करते हैं। जैसा कि डेटा से पता चलता है 226.3Hz Z-अक्ष में पहली आवृत्ति है जो समतल के सामान्यतः है।

तालिका 2: प्राकृतिक आवृत्ति अनुमान के परिणामों का सारांश

स्पंदन संख्या	आवृत्ति (हर्ट्ज)	मोडल प्रभावी द्रव्यमान प्रतिशत					
		Tx	*Ty*	*Tz*	*Rx*	*Ry*	*Rz*
1	226.3	0	0	51	0	0	0
2	405.3	0	0	0	2	28	0
3	505.4	0	0	0	20	3	0



चित्र 3: आवृत्ति एक 226.3Hz का कंपन आकार

यादृच्छिक प्रतिक्रिया विश्लेषण (Random Response Analysis)

यादृच्छिक प्रतिक्रिया विश्लेषण अनियमित और वास्तविक गतिशील भार जैसे रॉकेट प्रक्षेपण के प्रभाव में संरचनाओं के व्यवहार को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह थकान आयु का आकलन, संरक्षा सुनिश्चित करने और डिजाइन को अनुकूलित करने में सहायक होता है।

बेस एक्साइटेशन योग्यता के लिए संपूर्ण आवृत्ति स्पेक्ट्रम हेतु 3% मानक अवमंदन कारक (damping coefficient) को ध्यान में रखते हुए 2000Hz तक यादृच्छिक प्रतिक्रिया विश्लेषण किया गया, जो आधार तल (Z-अक्ष) के सामान्यतः 17.5g और आधार तल (X और Y अक्ष) के समांतर 11.8g है। डिवाइस पिनों के लिए प्रतिबल का अनुमान लगाया गया है जो Z-अक्ष में 23.7MPa का अधिकतम प्रतिबल दर्शाता है। आगे के विश्लेषण से पता चलता है कि पीसीबी बेस को चोथर्म सामग्री के

साथ ट्रे से जोड़कर प्रतिबल को 16.9MPa (चित्र 4) तक कम किया जा सकता है।



चित्र 4: Z अक्ष में 17.5g आधार यादृच्छिक इनपुट के लिए पिन का तनाव समोरेखा चित्र

निष्कर्ष

डेटा-संचालित डिज़ाइन सत्यापन, विशेष रूप से परिमित अवयव विधियों के माध्यम से, एयरोस्पेस उद्योग में डिज़ाइन की सुरक्षा और विश्वसनीयता को एक नई ऊँचाई पर ले जा रहा है। इस शोध में प्रस्तुत केस अध्यन इस बात का उदाहरण है कि कैसे आधुनिक गणनात्मक तकनीकें पारंपरिक परीक्षणों की आवश्यकता को कम कर सकती हैं, और साथ ही अधिक प्रभावी, तेज़ और सटीक डिज़ाइन समाधान प्रदान कर सकती हैं।

आभार

मै, निर्देशक सैक श्री निलेश एम देसाई का अत्यंत आभारी हूँ, जिन्होने मुझे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। मै, समूह प्रधान एस.टी.एस.जी, श्री जैमिन बी रामी, प्रधान एस. एस.डी., श्री वी एस जगदीश एवं मेरे अन्य सहयोगियों को भी अत्यन्त आभारी हूँ, जिन्होने मुझे यह लेख लिखने के लिए प्रेरित किया। मै, हिन्दी कक्ष के सभी सदस्यो के भी आभारी हूँ, जिनकी मदद से यह लेख पूरा हो सका।

पीआरएल 2.5 मीटर माउंट आबू दूरबीन, भारत के लिए माउंट आबू फेंट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ और कैमरा- ईशेल स्पेक्ट्रोमीटर (M-FOSC-EP) के यांत्रिक डिजाइन पहलू

भावेश कुमार मिस्त्री[1], मुदित के. श्रीवास्तव[2], अरिजीत मैती[3] , अंकिता पटेल[4] , जय चित्रोडा[5]
तकनीकी सहायक, खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, bhavesh@prl.res.in

सार

माउंट आबू फेंट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ और कैमरा-ईशेल पोलरिमीटर (M-FOSC-EP) एक द्वि-चैनल, बहु-प्रकार का यंत्र है जो वर्तमान में माउंट आबू, भारत में 2.5-मीटर टेलीस्कोप के लिए विकासाधीन है, जिसका प्रबंधन फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी (पीआरएल) द्वारा किया जा रहा है। यह बहुमुखी यंत्र इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक क्षमताएँ दोनों प्रदान करेगा। लो रेजोल्यूशन आर्म (LRA) सीमित दृश्य इमेजिंग और कम-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रोस्कोपी का समर्थन करेगा, जिसमें R 500-800 का रिसॉलविंग पावर (R) होगा। हाई रेजोल्यूशन आर्म (HRA) मध्य-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्रिक क्षमताएँ प्रदान करेगा, जिसमें दृश्य तरंगदैर्ध्य में R 10,000 से 15,000 तक होगा। दोनों आर्म एक सामान्य कोलिमेटर और कैलिब्रेशन यूनिट साझा करते हैं, जो कुशल संचालन और संरेखण सुनिश्चित करता है। प्रत्येक आर्म एक समर्पित डिटेक्टर सिस्टम से सुसज्जित है। एलआरए के लिए 1K × 1K ईएमसीसीडी, जो कम-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रोस्कोपी और बैंड-सीमित इमेजिंग के लिए उपयुक्त है, और एचआरए के लिए 2K × 2K CCD, जो मध्य-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रो-पोलरिमीट्री के लिए अनुकूलित है। यह विन्यास M-FOSC-EP को खगोल विज्ञान के विस्तृत क्षेत्र के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बनाता है।

प्रस्तावना

स्पेक्ट्रो-पोलरिमेटर के यांत्रिक डिजाइन में उच्च-प्रिसिजन ऑप्टिकल घटकों का सटीक संरेखण सुनिश्चित करना, कंपन और झुकाव को कम करना, सीमित स्थान में जटिल गतिमान भागों का एकीकरण, तथा थर्मल स्थिरता बनाए रखना चुनौतिपूर्ण होता है। विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में संवेदनशीलता और कैलिब्रेशन सटीकता बनाए रखना भी कठिन होता है। इसके आलावा उपकरण का आकर भी बड़ा होने क कारण उसका संभालना, संचालन और मरमत्त करना भी कठिन होता है।

मॉड्यूलर दृष्टिकोण से उपकरण की प्रणाली

उपकरण की ऑप्टो-मैकेनिकल प्रणाली को मॉड्यूलर दृष्टिकोण से डिज़ाइन किया गया है। उपकरण में 5 अलग-अलग मॉड्यूल हैं। 1) कोलिमेटर यूनिट जिसमें 4 लीनियर स्टेज होते हैं जो उपकरण में विभिन्न मोड सक्रिय करते हैं और HRA तथा LRA दोनों आर्म के लिए एक सामान्य कोलिमेटर ऑप्टिक्स होते हैं। LRA आर्म को सक्रिय करने के लिए एक फोल्ड मिरर फिट किया गया है जो LRA मोड सक्षम करता है।



चित्र १: उपकरण के विभिन्न भाग



चित्र २: मिकेनिकल केज के साथ उपकरण

2) पोलरिमीटर यूनिट में हाफ वे प्लेट होती है जिसे पीआरएल द्वारा निर्मित रोटेशनल स्टेज से घुमाया जाता है, एक वॉलेस्टम प्रिज्म और पोलरिमीटर कैमरा ऑप्टिक्स होते हैं जो आने वाली बीम को दो ऑर्थोगोनल पोलराइज्ड O और E बीम में विभाजित करते हैं, जिन्हें ईशेल स्पेक्ट्रोमीटर यूनिट में भेजा जाता है। 3) ईशेल स्पेक्ट्रोमीटर यूनिट में एक ईशेल ग्रेटिंग और दो क्रॉस डिस्पर्सर ग्रेटिंग्स होती हैं, जो कोलिमेटर-कैमरा ऑप्टिकल सिस्टम के साथ ANDOR निर्मित 2Kx2K डिटेक्टर सिस्टम में स्पेक्ट्रा रिकॉर्ड करने के लिए होती हैं। 4) एक कैलिब्रेशन यूनिट में स्पेक्ट्रल लैंप और अतिरिक्त ऑप्टिक्स होते हैं जो टेलिस्कोप बीम और प्यूपिल का सिमुलेशन करते हैं, जिसे स्पेक्ट्रल कैलिब्रेशन के उद्देश्य से उपकरण को दिया जाता है। इसके अलावा, उपकरण के पोलराइजेशन कैलिब्रेशन के लिए ग्लान टेलर प्रिज्म भी प्रदान किया गया है। 5) लो-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रोस्कोपी (LRS) आर्म जो कोलिमेटर सेक्शन से कोलिमेटेड टेलिस्कोप बीम को स्वीकार करता है, और इसमें इमेजिंग फिल्टर्स, ग्रिस्म्स और एक कैमरा ऑप्टिक्स होता है जो बीम को 1Kx1K EMCCD डिटेक्टर सिस्टम पर फोकस करता है।

इन सभी के अलावा, एक और मॉड्यूल भी उपलब्ध है जो प्रोटोटाइप इंटीग्रल फील्ड यूनिट (IFU) को LRS आर्म से जोड़ता है। फ़ील्ड की पहचान के लिए, कौलिमेटर सेक्शन में फील्ड व्यूअर कैमरा स्थापित किया गया है। इसके अलावा, ऑब्ज़र्वेशन के दौरान स्लिट पर तारे को ट्रैक करने के लिए एक ट्रैकिंग कैमरा भी दिया गया है। ये सभी मॉड्यूल उपयुक्त माउंटिंग अरेंजमेंट्स और सही संरेखण प्रावधानों के साथ जुड़कर एक पूर्ण उपकरण प्रणाली बनाते हैं। साथ ही, सभी घटक एक मजबूत मिकेनिकल केज-स्ट्रक्चर सिस्टम में एकीकृत हैं, जो उपकरण को टेलीस्कोप से मजबूती से जोड़ता है।

निष्कर्ष

मॉड्यूलर तरीके से यंत्र तैयार करने के कारण इसे आसानी से जोड़ा और खोला जा सकता है, जिससे इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना आसान हो जाता है। इस उपकरण की सहायता से हम विज्ञान के मामलों जैसे कि सिम्बायोटिक सितारे, एम-ड्वार्फ़, एजीएन, नोवा और सुपरनोवा आदि का अवलोकन कर सकते हैं।

आभार

इस परियोजना का विकास भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के अधीन, अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) द्वारा वित्तपोषित है। हम पीआरएल, अहमदाबाद के निदेशक महोदय का उनके उदार समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

सन्दर्भ

कुमार, वी., श्रीवास्तव, एम. के., दीक्षित, वी., मिस्त्री, बी., लाड, के., पटेल, ए., और राजपुरोहित, ए. एस.,"माउंट आबू फैंट ऑब्जेक्ट स्पेक्ट्रोग्राफ और कैमर ईशेल पोलरिमीटर (M-FOSC-EP) तथा उसका प्रोटोटाइप: पीआरएल की 1.2 मीटर और 2.5 मीटर माउंट आबू दूरबीनों के लिए स्पेक्ट्रो-पोलरिमीटर का डिज़ाइन,"*ग्राउंड-बेस्ड एंड एयरबोर्न इंस्ट्रूमेंटेशन फॉर एस्ट्रोनॉमी IX* में,एवांस, सी. जे., ब्रायंट, जे. जे., और मोतोहारा, के. (संपादक), खंड 12184, पेपर 121845B, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स, एसपीआईई (2022)।

सामान्य कॉन्ड्राइट्स में नियॉन समस्थानिकों का अध्ययन

अवध कुमार[1], आर. आर. महाजन[1]
[1]भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद-380009
(ईमेल: avadh@prl.res.in)
(वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक - अ, ग्रहीय विज्ञान, ग्रहीय प्रयोगशाला विश्लेषण अनुभाग)

सार

इस अध्ययन का उद्देश्य सामान्य कॉन्ड्राइट्स के विभिन्न उल्कापिंडों के बारे में और उसमें नियॉन के घटकों को समझना है। उल्कापिंडों में नियॉन समस्थानिक की जानकारी कॉस्मोजेनिक गैस की गणना के लिए महत्वपूर्ण होती है।

प्रस्तावना

उल्कापिंड वे अंतरिक्षीय पत्थर टुकड़े होते हैं जो क्षुद्रग्रहों पर विभिन्न टक्करों और प्रभावों के कारण उनसे अलग होकर पृथ्वी पर आते हैं। सामान्य कॉन्ड्राइट्स उपलब्ध उल्कापिंडों की सबसे बड़ी श्रेणी हैं। लगभग ~86% उल्कापिंड कॉन्ड्राइट्स हैं, शेष अकोन्ड्राइट्स हैं। सामान्य कॉन्ड्राइट्स को उनकी रासायनिक संरचना के आधार पर तीन वर्गों में बाँटा गया है।

हालाँकि विश्व संग्रहालयों में बड़ी संख्या में उल्कापिंड संग्रहित हैं, लेकिन संपूर्ण नमूनों में नियॉन डेटा केवल सीमित उल्कापिंडों के लिए प्रकाशित हुआ है।

इस कार्य में, हमने प्रकाशित साहित्य से 790 सामान्य कॉन्ड्राइट्स में नियॉन समस्थानिक डेटा संकलित किया है। इनकी श्रेणीवार संख्या निम्नलिखित है:

H समूह: 443 उल्कापिंड

L समूह: 264 उल्कापिंड

LL समूह: 83 उल्कापिंड

नियॉन तीन समस्थानिक प्लॉट:

H, L और LL प्रकार के कॉन्ड्राइट्स के लिए नियॉन के तीन समस्थानिक प्लॉट चित्र 1, 2 और 3 में दर्शाए गए हैं। अंतिम-घटक स्रोत हैं: सोलर विंड (SW), Ne-Q, वायुमंडल (Ne-Air), और HL



चित्र 1, 2 और 3 में, विभिन्न वर्गों के उल्कापिंडों (H-समूह, L-समूह और LL-समूह) में घटकों को एक बिंद्वीय क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है।

हमने प्रकाशित विधियों द्वारा नमूनों में $^{20}Ne_t$ की सांद्रता (10^{-8} cm^3 STP/g में) की गणना की है। विभिन्न श्रेणियों के लिए परिणाम तालिका 1 में दिए गए हैं।

तालिका 1: कार्बोनेशियस कॉन्ड्राइट्स और सामान्य कॉन्ड्राइट्स (यह अध्ययन) के लिए $^{20}Ne_t$ की सांद्रता (10^{-8} cm^3 STP/g में)

उल्कापिंड प्रकार	न्यूनतम	अधिकतम	औसत
H समूह	0.022	565.55	16.36
L समूह	0.054	248.90	6.78
LL समूह	0.064	141.56	6.27
कार्बोनेशियस कॉन्ड्राइट	01.30	459.00	67.77

सामान्य चर्चा:

हमने H, L और LL प्रकार के कॉन्ड्राइट्स में $^{20}Ne_t$ की सांद्रता का दायरा और औसत निर्धारित किया। कार्बोनेशियस कॉन्ड्राइट्स की तुलना में सामान्य कॉन्ड्राइट्स में यह सांद्रता काफी कम है। कई उल्कापिंडों में Q-घटक प्रमुख रूप से पाया गया, जबकि कुछ में सौर पवन प्रमुख स्रोत रहा।

कुछ H और L कॉन्ड्राइट्स में सौर पवन का संकेत दो संभावनाओं के कारण पाया गया:

1.क्षुद्रग्रह सतह रेगोलिथ में सौर हवा (SW) और सौर कॉस्मिक किरणों (SCR) का आरोपण:

क्षुद्रग्रह बेल्ट में मौजूद वस्तुओं की सतहें सौर हवा (~KeV रेंज) और सौर कॉस्मिक किरणों (~MeV रेंज) के निरंतर आरोपण के संपर्क में रहती हैं। क्षुद्रग्रह की सतह पर मौजूद रेगोलिथ आमतौर पर सामग्री पुनर्वितरण से गुजरता है। इस प्रक्रिया के दौरान, सतह की सामग्री के सौर हवा और सौर कॉस्मिक किरणों के संपर्क में आने की संभावना होती है। इससे सौर हवा द्वारा सौर गैसों का आरोपण उजागर सामग्री में होता है। सौर हवा के संपर्क में आई सतह सामग्री वाले उल्कापिंड में सौर हवा की नोबल गैसों के हस्ताक्षर दिखाते हैं

2. प्रारंभिक सौर प्रक्रियाएँ से गैसों का परस्पर क्रिया

हमारा सौर मंडल लगभग 4.6 बिलियन वर्ष पहले अंतरतारकीय गैस बादल और धूल के सौर संक्षेपण के साथ बना। यह संभव है कि हमारे द्वारा मापी जा रही उल्कापिंड सामग्री का सौर हवा (SW) का संपर्क हुआ हो या उसने सौर हवा (SW) को नोबल गैस को अपने अंदर समाहित किया हो।

निष्कर्ष:

सामान्य कॉन्ड्राइट्स में थोक नमूनों की तुलना में कार्बोनेशियस कॉन्ड्राइट्स में $^{20}Ne_t$ की सांद्रता काफी अधिक है। सामान्य कॉन्ड्राइट्स में Q घटक प्रमुख है और कुछ में सौर पवन (SW) भी पाई जाती हैं।

आभार:

हम भारत सरकार की अंतरिक्ष विभाग के आर्थिक समर्थन हेतु आभार प्रकट करते हैं।

सन्दर्भ:

[1] एंडर्स ई. आदि (1973). द मून 8, 3-24 [2] केरिज जे.एफ. आदि (1988) मेटियोरिटिक्स एंड द अर्ली सोलर सिस्टम [3] मैकस्वीन एच. वाई. जूनियर (1976). ईपीएसएल 31, 193-199. 72701 [4] ग्रेडी एम. मोनिका आदि (2014) एटलस ऑफ मेटियोराइट्स [5] माज़ोर ई. (1970) जीसीए वॉल. 34, 781 से 824 [6] पेपिन आर. ओ. आदि (2012) जीसीए 89, 62-80 [7] ब्यूसमैन एच. आदि (2000) मेटियोरिटिक्स प्लैनेट. साइ. 35, 949-973 [8] ओज़िमा एम. और पोडोसेक एफ. ए. (2002) नोबल गैस जियोकेमिस्ट्री, दूसरा संस्करण [9] महाजन आर. आर. आदि (2018) प्लैनेट. एंड स्पेस साइ. 152, 136-141 [10] महाजन आर. आर. (2020) अर्थ, मून, एंड प्लैनेट्स 124, 3-13

तरंग - पीआरएल में वाई-फाई अवसंरचना आधुनिकीकरण

(श्री लकुम याग्निक [1], श्री आलोक श्रीवास्तव[1] , श्री वैभव वरिश सिंह राठौर[1])

श्री लकुम याग्निक, तकनीशियन-G

सार

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के विभिन्न परिसरों में कार्यरत शोधकर्ताओं के लिए, उच्च गति, विश्वसनीय और सुरक्षित इंटरनेट पहुँच वैज्ञानिक आदान-प्रदान और अन्वेषण का आधार है पी.आर.एल में, जहाँ सहयोग नवाचार को बढ़ावा देता है, निर्बाध कनेक्टिविटी कोई विलासिता नहीं है—यह एक आवश्यकता है। । इन बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए, हमने एक महत्वाकांक्षी वाई-फाई आधुनिकीकरण यात्रा शुरू की है - तरंग की. वाई-फाई 6 तकनीक द्वारा संचालित और दोहरे नियंत्रक आर्किटेक्चर के माध्यम से सुदृढ़ नई प्रणाली उच्च उपलब्धता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करती है मेन तथा थलतेज परिसरों में स्थापित.पीआरएल के परिसर में वितरित 142 बुद्धिमानी से प्रबंधित एक्सेस पॉइंट्स के साथ, नेटवर्क अब निर्बाध गतिशीलता, मजबूत प्रदर्शन और सुरक्षित कनेक्टिविटी के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है।

1. परिचय

हम अपने अनुसंधान और संस्थागत संचालनों को सहयोग देने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने में हमेशा अग्रणी रहे हैं। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप, हमने सभी पीआरएल परिसरों में पुराने वायरलेस बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया है। "तरंग" का उद्देश्य पुराने वाई-फाई उपकरणों को नवीनतम पीढ़ी के वायरलेस एक्सेस पॉइंट्स और केंद्रीकृत प्रबंधन प्रणालियों से बदलकर वायरलेस नेटवर्क परिवेश का आधुनिकीकरण करना है।

तरंग के अंतर्गत, हमने वाई-फाई 6[1] तकनीक—जिसे 802.11ax भी कहा जाता है—को लागू किया है, जो वायरलेस प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार लाती है, जिसमें तेज़ गति, ज़्यादा डिवाइस क्षमता और सघन वातावरण में बेहतर विश्वसनीयता शामिल है। हमारे पास वाई-फाई नियंत्रक-आधारित प्रबंधन आर्किटेक्चर है, जो एक सुरक्षित, केंद्रीकृत नियंत्रित और स्केलेबल नेटवर्क वातावरण सुनिश्चित करता है।

यह केंद्रीकृत नियंत्रक-आधारित दृष्टिकोण समग्र नेटवर्क प्रशासन को सरल बनाता है, साइबर सुरक्षा को बढ़ाता है, और सभी परिसरों में एक समान नीति प्रवर्तन को सक्षम बनाता है। नियंत्रक रीयल-टाइम डिवाइस ऑनबोर्डिंग, फ़र्मवेयर अपग्रेड, निगरानी, निदान और पैच प्रबंधन को निर्बाध और कुशल तरीके से प्रबंधित करते हैं।

2. तरंग की आर्किटेक्चर

तरंग इंफ्रास्ट्रक्चर को एंटरप्राइज़-ग्रेड वाई-फाई एक्सेस पॉइंट्स और केंद्रीकृत वाई-फाई कंट्रोलर्स की रणनीतिक तैनाती के माध्यम से उच्च प्रदर्शन और लचीलापन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये घटक पीआरएल के चार परिसरों में तैनात हैं:

- मुख्य परिसर (नवरंगपुरा, अहमदाबाद) – 61 वाई-फाई डिवाइस
- थलतेज परिसर (अहमदाबाद) – 65 वाई-फाई डिवाइस
- उदयपुर परिसर – 12 वाई-फाई डिवाइस
- माउंट आबू वेधशाला परिसर – 4 वाई-फाई डिवाइस

इससे कुल 142 वाई-फ़ाई एक्सेस पॉइंट हो गए हैं, जो विभिन्न भौतिक और भौगोलिक स्थानों पर फैले हुए हैं।

3. वाई-फाई सिस्टम में वाई-फाई नियंत्रकों की भूमिका

वाई-फाई नियंत्रकों की भूमिका

दोहरे RR400[2] वाई-फाई नियंत्रक निम्नलिखित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं:

- **केंद्रीकृत कॉन्फ़िगरेशन प्रबंधन**: सभी QN-470[3] एक्सेस पॉइंट स्वचालित रूप से प्रावधानित होते हैं और एक केंद्रीय प्रबंधन इंटरफ़ेस के माध्यम से कॉन्फ़िगर किए जाते हैं, जिससे SSID नामकरण, VLAN टैगिंग, प्रमाणीकरण प्रोटोकॉल और एन्क्रिप्शन मानकों में स्थिरता सुनिश्चित होती है।
- **निर्बाध सॉफ़्टवेयर अपडेट**: नियंत्रक सभी कनेक्टेड डिवाइस पर एक साथ फ़र्मवेयर और सॉफ़्टवेयर पैच भेजते हैं, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती और डाउनटाइम कम होता है। यह यह भी सुनिश्चित करता है कि सभी एक्सेस पॉइंट हर समय नवीनतम, सुरक्षित संस्करण चला रहे हों।
- **नेटवर्क निगरानी और निदान:** वास्तविक समय स्वास्थ्य जांच, लॉग, प्रदर्शन मेट्रिक्स और विफलता अलर्ट एक ही डैशबोर्ड के माध्यम से सुलभ हैं, जिससे त्वरित समस्या समाधान और सक्रिय प्रबंधन संभव हो पाता है।
- **साइबर सुरक्षा प्रवर्तन**: पहुंच नीतियों और फ़ायरवॉल नियमों को केंद्रीकृत करके, नियंत्रक एक सुरक्षित वायरलेस वातावरण बनाए रखने, दुष्ट पहुंच बिंदुओं को रोकने और जहां आवश्यक हो, वहां MAC-आधारित या प्रमाणपत्र-आधारित प्रमाणीकरण लागू करने में मदद करते हैं।
- **लोड संतुलन और रोमिंग**: नियंत्रक बुद्धिमानी से एक्सेस पॉइंट्स पर क्लाइंट लोड को संतुलित करते हैं और उनके बीच तीव्र रोमिंग का समर्थन करते हैं, जिससे भवनों के भीतर या परिसर क्षेत्रों में आने-जाने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ संगतता सुनिश्चित करता है।

4. तरंग: एक दृष्टि

Figure 1 तरंग का लॉगिन डैशबोर्ड

Figure 2 किसी निश्चित समय पर कुल वाई-फ़ाई उपयोगकर्ता

Figure 3 किसी निश्चित समय पर कुल वाई-फ़ाई उपयोगकर्ता (OS)

4. निष्कर्ष

तरंग परियोजना, पीआरएल के आईटी बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वाई-फाई 6 (क्यूएन470) एक्सेस पॉइंट्स की स्थापना और केंद्रीकृत आरआर400 वाई-फाई नियंत्रकों के माध्यम से उनका प्रबंधन करके, पीआरएल ने अपने चारों परिसरों में एक सुरक्षित, स्केलेबल और उच्च-प्रदर्शन वाला वायरलेस इकोसिस्टम स्थापित किया है।

यह परियोजना न केवल पुराने वाई-फाई हार्डवेयर को प्रतिस्थापित करती है, बल्कि पूरे परिसर में निरंतर, उच्च-गति वाली वायरलेस पहुँच सुनिश्चित करके शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए उपयोगकर्ता अनुभव को भी बेहतर बनाती है। नियंत्रक-आधारित आर्किटेक्चर नेटवर्क प्रशासन को सरल बनाने, अद्यतनों को सुव्यवस्थित करने और संगठन-व्यापी सुरक्षा नीतियों को लागू करने में अमूल्य साबित हुआ है।

तरंग महज एक बुनियादी ढांचे का उन्नयन नहीं है - यह एक डिजिटल छलांग है, जो निर्बाध सहयोग, तीव्र डेटा विनिमय, तथा आज और कल के अनुसंधान समुदाय के लिए अनुकूलित नेटवर्क वातावरण को सक्षम बनाता है।

आभार

हम प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक, PRL, के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिनके प्रोत्साहन और दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें नई तकनीकों और टूल्स को अपनाने के लिए प्रेरित किया। हम PRL के रजिस्ट्रार और डीन के भी आभारी हैं, जिन्होंने निरंतर समर्थन प्रदान किया।

हम प्रो. बिजय साहू, प्रो. वरुण शील, प्रो. नमित महाजन, और डॉ. एम. शनमुगम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। CNIT के सभी सदस्यों के समर्पण के लिए हम विशेष रूप से आभारी हैं। अंततः, हम अपने सभी PRL सहयोगियों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।

5. संदर्भ

[1] https://en.wikipedia.org/wiki/Wi-Fi_6

[2] https://www.qnt.net/wifi/indoor-access-points/access-point-wifi6-qni470/

[3] https://www.qnt.net/wp-content/uploads/2024/01/QN-RR-400-Data-Sheet.pdf

आगामी अंतरिक्ष मिशन के लिए डिटेक्टर का चयन और फ्रंट-एंड और रीडआउट इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास: एयरग्लो फोटोमीटर।

राहुल पाठक[1], दिब्येंदु चक्रवर्ती[1]

साइंटिस्ट/इंजीनियर- 'एसडी', भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, rpathak@prl.res.in

सार

यह पहली बार है जब पीआरएल में डिटेक्टर्स के लिए फ्रंट-एंड और रीडआउट इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास किया जा रहा है। ये डिटेक्टर्स आगामी एरोनॉमी और ग्रहों से संबंधित मिशनों में विभिन्न उत्सर्जन रेखाओं का पता लगाने वाले उपकरणों, जैसे एयरग्लो फोटामीटर, में उपयोग किए जाएंगे।एयरग्लो फोटोमीटर,जिसका उद्देश्य उत्सर्जन रेखाओं का पता लगाना है। इसके लिए स्पेक्ट्रल बैंडविड्थ (Signal-to-Noise Ratio यानी SNR को बढ़ाने के लिए) और फील्ड ऑफ व्यू (FOV, ताकि उत्सर्जन में सूक्ष्म स्थानिक परिवर्तन भी दर्ज किए जा सकें) को सीमित किया गया है। इन तरंग दैर्ध्य को मापने के लिए उपयुक्त ऑप्टिकल डिटेक्टर का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रणाली की समग्र कार्यक्षमता और क्षमता को निर्धारित करता है। अतः डिटेक्टर का चयन SNR के व्यापक गणना पर आधारित है, जिसमें FOV, स्पेक्ट्रल बैंडविड्थ, डार्क नॉइज़, रीडआउट नॉइज़, पिक्सेल आकार आदि जैसे मापदंडों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया गया है।हमने विभिन्न बरे CMOS चिप्स – जैसे C650 चिप, CAPELLA-CIS120 चिप और CMV4000-3E12M1PP – का परीक्षण किया है, ताकि एयरग्लो पेलोड का एक कार्यात्मक प्रोटोटाइप तैयार किया जा सके। यह प्रोटोटाइप फ्रंट-एंड, प्रोसेसिंग और ग्राउंड चेकआउट सिस्टम से युक्त है।C650 चिप को पूर्व में हायसिस (HySIS) पेलोड (चंद्रयान-1 मिशन) तथा LiVHySI पेलोड (यूथसैट मिशन) में उपयोग किया गया है। वहीं, CMV4000-3E12M1PP चिप को मंगलयान मिशन के 'मंगल रंगीन कैमरा (MCC)' पेलोड में उपयोग किया गया है।इस प्रस्तुति में, मैं SCMOS चिप्स का उपयोग करते हुए प्राप्त प्रारंभिक परिणामों को साझा करूंगा, SCMOS डिटेक्टर चिप्स के चयन के पीछे के तर्क को स्पष्ट करूंगा तथा उनके विकास पर चर्चा करूंगा।

प्रस्तावना

इस अध्ययन का उद्देश्य आगामी अंतरिक्ष मिशनों के लिए उत्सर्जन रेखाओं के प्रभावी अवलोकन हेतु उपयुक्त डिटेक्टर का चयन एवं प्रोटोटाइप विकास करना है। प्रणाली की आवश्यकताओं के आधार पर, विभिन्न प्रकार के डिटेक्टर (CCD और SCMOS) का परीक्षण किया गया। प्रारंभिक चरण में, 1024 × 1024 पिक्सेल प्रारूप वाला बैक-इलुमिनेटेड CCD डिटेक्टर विचाराधीन था। किन्तु, उच्च शक्ति खपत और तापीय प्रबंधन संबंधी सीमाओं के कारण इस विकल्प को आगे नहीं बढ़ाया गया। प्रारंभ में, SCMOS CAPELLA-CIS120 डिटेक्टर उपयुक्त विकल्प के रूप में पहचाना गया था। हालांकि, इसकी अनुपलब्धता के कारण प्रयोगशाला में C650 नामक बरे चिप्स का उपयोग करके इस श्रेणी के SCMOS डिटेक्टरों के लिए सिद्धांत की पुष्टि की गई।

C650 चिप का उपयोग कर एक प्रारंभिक प्रोटोटाइप तैयार किया गया, जिसमें फ्रंट-एंड सिस्टम, प्रोसेसिंग यूनिट्स और ग्राउंड चेकआउट प्रणाली सम्मिलित थीं। हालांकि, सिद्धांत की पुष्टि सफल रही, परंतु उच्च डार्क करंट के कारण C650 डिटेक्टर को अनुपयुक्त पाया गया।बाद में, CAPELLA-CIS120 के कुछ सैंपल प्राप्त होने पर एक ब्रेडबोर्ड मॉडल विकसित किया गया, जिसमें फ्रंट-एंड ऑप्टिक्स, डिटेक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रोसेसिंग यूनिट्स को एकीकृत किया गया। ग्राउंड चेकआउट प्रणाली भी डिज़ाइन की गई और इसने भी सिद्धांत की पुष्टि में सफलता प्राप्त की। परंतु, लगभग 15 माह की लीड टाइम और प्रति इकाई ₹1.8 करोड़ की लागत के कारण इस विकल्प को आगे नहीं अपनाया गया।विभिन्न समीक्षात्मक बैठकों और आंतरिक चर्चाओं के पश्चात CMV4000-3E12M1PP डिटेक्टर को अंतिम रूप दिया गया, क्योंकि यह वैज्ञानिक उद्देश्यों को पूरा करता है और इसकी आपूर्ति समयसीमा अनुकूल है।

ये प्रोटोटाइप निम्नानुसार फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोसेसिंग सिस्टम और ग्राउंड चेकआउट सिस्टम को सम्मिलित करते हैं:

फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स:

प्रत्येक डिटेक्टर के लिए फ्रंट-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स कार्ड एक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड पर विकसित किया गया है। इस कार्ड में डिटेक्टर चिप्स के लिए आवश्यक एनालॉग एवं डिजिटल पावर सप्लाई शामिल है, जो लाइनियर वोल्टेज रेगुलेटर ICs के माध्यम से प्राप्त की जाती है। कार्ड में डिटेक्टर चिप की माउंटिंग, LVDS ड्राइवर ICs, रेजिस्टर, कैपेसिटर तथा अन्य आवश्यक घटक भी शामिल हैं। डिटेक्टर चिप के विभिन्न आवश्यक पैरामीटर्स जैसे गेन नियंत्रण, डार्क वोल्टेज कैंसलेशन, ADC एक्सटर्नल इनपुट चयन तथा डेटा आउटपुट मोड को नियंत्रित करने हेतु एक समर्पित प्रोसेसिंग कार्ड को FPGA PROASIC3E A3PE1500 PQ208 चिप का उपयोग करते हुए डिजाइन और निर्मित किया गया है।

प्रोसेसिंग सिस्टम:

प्रोसेसिंग इलेक्ट्रॉनिक्स कार्ड को भी प्रिंटेड सर्किट बोर्ड पर डिजाइन किया गया है। इसका कार्य चिप के लिए क्लॉक लॉजिक जनरेट करना तथा अन्य संचालन संबंधित पैरामीटरों को नियंत्रित करना है। इस कार्ड में FPGA PROASIC3E A3PE1500 PQ208 चिप, वोल्टेज लेवल ट्रांसलेटर ICs, बफर ICs, रेजिस्टर, कैपेसिटर, क्रिस्टल ऑस्सीलेटर तथा अन्य सहायक घटक शामिल हैं। जब फ्रंट-एंड कार्ड के माध्यम से डिटेक्टर चिप को सभी आवश्यक एनालॉग व डिजिटल पावर इनपुट एवं क्लॉक संकेत दिए जाते हैं, तब प्रिंटेड सर्किट बोर्ड कार्ड 12-बिट समानांतर (पैरेलल) आउटपुट डेटा उपलब्ध कराता है।

ग्राउंड चेकआउट सिस्टम:

फ्रंट-एंड से प्राप्त 12-बिट समानांतर आउटपुट डेटा को DAQ कार्ड के माध्यम से अधिग्रहित कर उसे काउंट/इमेज प्रारूप में प्रोसेस किया गया है। प्राप्त 12-बिट डेटा को पहले दशमलव मानों में परिवर्तित किया जाता है, फिर उसे एक 1D ऐरे में व्यवस्थित किया जाता है, जिसे आगे LabVIEW सॉफ़्टवेयर की सहायता से 2D ऐरे में बदला जाता है। यह 2D ऐरे ग्रेस्केल छवि निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है।

निष्कर्ष

1.C650 चिप का उपयोग करते हुए एक ब्रेडबोर्ड मॉडल विकसित किया गया है, जिसे चित्र 1 में प्रदर्शित किया गया है।SCMOS CAPELLA-CIS120 तथा CMV4000 डिटेक्टर चिप्स का उपयोग करते हुए भी एक ब्रेडबोर्ड मॉडल विकसित किया गया है। इस मॉडल का विकास इन डिटेक्टर चिप्स की कार्यक्षमता, सिग्नल प्रोसेसिंग क्षमताओं तथा सिस्टम-स्तरीय एकीकरण का प्रयोगशाला परिवेश में मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया।



चित्र 1: CMOS चिप C650 का उपयोग करते हुए विकास

आभार

यह परियोजना भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा वित्तपोषित है, जो अंतरिक्ष विभाग की एक इकाई है।

हम श्री शशांक उर्मिला के सहयोग हेतु उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।हम कार्यशाला (वर्कशॉप) के कर्मचारियों का भी इस परियोजना के यांत्रिक मॉडल के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद करते हैं।

अरब सागर में खनिज आधारित महासागरीय क्षारीयता वृद्धि की संभावनाएं और प्रभाव: बायोअसे प्रयोगों से मिली जानकारी

लेखक1: मान्सा सिंह[1,2]

लेखक2: श्रेया मेहता[3,1]

लेखक3: अरविंद सिंह[1]

संस्थान:

[1] भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (Physical Research Laboratory), नवरंगपुरा, अहमदाबाद - 380006, भारत

[2] गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद - 380009, भारत

[3] इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गांधीनगर, गुजरात - 382424, भारत

प्रस्तुत करने वाले लेखक का पद, प्रभाग, संस्थान एवं ईमेल आईडी:

मानसा सिंह

जूनियर रिसर्च फेलो, भूविज्ञान विभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL), अहमदाबाद

ईमेल: mansa@prl.res.in

सार

तुलना की गई तीन राशियों में, बल्क वेग (v) पवन-SWE-PLSP के साथ सबसे प्रबल सहमति प्रदर्शित करता है, जिससे R^2 मान 0.94 और लगभग एकता ढलान प्राप्त होता है, जो AL1-ASPEX-SWIS वेग मापन की उच्च परिशुद्धता और विश्वसनीयता को उजागर करता है। इसके विपरीत, घनत्व और तापीय वेग की तुलना में, विशेष रूप से पवन-3DP और DSCOVR-

PlasMag के सापेक्ष, अधिक प्रकीर्णन देखा जाता है। ये विचलन अंतर-यंत्र अंशांकन अंतर, भिन्न स्थानिक नमूनाकरण, या सौर पवन प्लाज्मा में आंतरिक स्थानिक विषमता के कारण उत्पन्न हो सकते हैं। ये परिणाम सामूहिक रूप से सौर पवन वेग निदान के लिए AL1-ASPEX-SWIS के मजबूत प्रदर्शन की पुष्टि करते हैं, साथ ही उन क्षेत्रों की भी पहचान करते हैं–अर्थात् घनत्व और तापीय वेग अनुमान–जहाँ आगे शोधन या क्रॉस-अंशांकन सहमति को बढ़ा सकता है।



चित्र 1 जनवरी 2024 से मई 2025 तक विंड-SWE-PLSP और AL1-ASPEX-SWIS के बीच v की तुलना। y-अक्ष विंड-SWE-PLSP मानों को दर्शाता है; x-अक्ष AL1-ASPEX-SWIS मानों को दर्शाता है। रैखिक समाश्रयण फिट और R2 मान ओवरलेड हैं। बिंदु घनत्व को नीले (कम) से पीले (उच्च) तक रंग द्वारा दर्शाया गया है।

निष्कर्ष

इस अध्ययन के परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि आदित्य-एल1 मिशन के अंतर्गत स्थापित सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (AL1-ASPEX-SWIS) सौर वायु के इन-सीटू मापन में अत्यंत सक्षम और विश्वसनीय उपकरण है। SWIS ने, हेलो कक्षा में पूर्णतः स्थापित होने से पहले ही, लगभग निरंतर रूप से सौर वायु के आयनों का उच्च गुणवत्ता वाला डेटा एकत्र करना आरंभ कर दिया था। इसने सौर वायु के वेग वितरण फलन (VDFs) के क्षणों के आधार पर घनत्व, बल्क वेग, तापमान आदि जैसे महत्वपूर्ण भौतिक मापदंडों की गणना संभव बनाई।

जनवरी 2024 से मई 2025 की 17 महीनों की अवधि में AL1-ASPEX-SWIS द्वारा दर्ज किए गए आंकड़ों की तुलना Wind मिशन से प्राप्त समकालीन डेटा के साथ की गई। इस तुलनात्मक विश्लेषण में बल्क वेग के मामले में दोनों उपकरणों के आंकड़ों में उच्च स्तर की संगति देखी गई ($R^2 \approx 0.94$), जो SWIS की सटीकता को प्रमाणित करता है। हालांकि, थर्मल गति और घनत्व जैसे मापदंडों में अपेक्षित भिन्नताएं पाई गईं, जो अलग-अलग मापन विधियों और उपकरणीय संवेदनशीलताओं के कारण स्वाभाविक हैं।

उपग्रह अवसंरचना, संचार प्रणालियों, नेविगेशन नेटवर्क और पावर ग्रिड को सौर गतिविधि के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए सौर पवन के गुणों और विशेषताओं को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। L1 जैसे रणनीतिक स्थानों पर सौर पवन की सटीक और निरंतर निगरानी, सौर क्षणिक घटनाओं और परिवेशी प्लाज्मा स्थितियों की पूर्व चेतावनी और विस्तृत लक्षण-निर्धारण के लिए आवश्यक है। इस संदर्भ में, AL1-ASPEX-SWIS उपकरण का मूल्यांकन घटना-स्तरीय निदान और दीर्घकालिक निगरानी दोनों के माध्यम से सौर पवन गतिशीलता को पकड़ने में इसके प्रदर्शन के लिए किया गया है। विश्लेषण के सभी चरणों में, SWIS ने परिचालन स्थिरता और वैज्ञानिक अखंडता का प्रदर्शन किया है।

इन परिणामों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि AL1-ASPEX-SWIS न केवल सौर वायु की स्थायी अवस्थाओं की निगरानी में सक्षम है, बल्कि यह अस्थायी घटनाओं – जैसे सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (CMEs) – की पहचान और विश्लेषण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उपकरण भविष्य में सौर-स्थलीय अंतःक्रियाओं की बेहतर समझ, अंतरिक्ष मौसम के पूर्वानुमान, और वैश्विक सौर भौतिकी अनुसंधान में भारत को एक अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आभार

आदित्य-एल1 एक वेधशाला-श्रेणी का मिशन है जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित और संचालित है। इस मिशन की परिकल्पना

और क्रियान्वयन विभिन्न इसरो केंद्रों की सहायता से किया गया है। विज्ञान पेलोड और विज्ञान-तैयार डेटा उत्पादों का निर्माण पेलोड पीआई संस्थानों द्वारा इसरो केंद्रों के साथ घनिष्ठ सहयोग से किया गया है। हम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आदित्य-एल1 मिशन के डेटा के उपयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं, जो भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान डेटा केंद्र (आईएसएसडीसी) में संग्रहीत है। लेखक आदित्य-एल1 मिशन के डिज़ाइन, विकास, एकीकरण, परीक्षण और संचालन में शामिल इसरो विज्ञान और इंजीनियरिंग टीमों और विभिन्न इसरो केंद्रों की टीमों को धन्यवाद देते हैं जिनके प्रयासों से यह मिशन संभव हो पाया है

सन्दर्भ

कुमार, अभिषेक, पराशर, शिवम, कुमार, प्रशांत, चक्रवर्ती, दीब्येंदु, बापट, भास, सरकार, अवीक, शाह, मनन एस., अदालजा, हितेशकुमार एल., पटेल, अर्पित आर., अध्यारु, प्रणव आर., शन्मुगम, एम., बैनर्जी, स्वरूप बी., सुब्रमणियम, के. पी., लाडिया, टिंकल, सेबास्टियन, जैकब, दलाल, बिजॉय, गुप्ता, आकाश, दधानिया, एम. बी., वडवाले, संतोष वी., गोयल, शिव कुमार, तिवारी, नीरज कुमार, सरड़ा, आदित्य, कुमार, सुशील, सिंह, निशांत, पैंकरा, दीपक कुमार, शर्मा, पीयूष, वर्मा, अभिषेक जे., जनार्दन, पी., एवं भारद्वाज, अनिल (2025)।

ASPEX-SWIS के एक वर्ष के संचालन की विशेषताएँ, अवलोकन और वैज्ञानिक संभावनाएँ।

arXiv: https://arxiv.org/abs/2507.17523

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

उप-विषय : अंतरिक्ष विज्ञान, ग्रहीय विज्ञान, खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, सौर भौतिकी

शीर्षक : अनुकूली प्रकाशिकी (ए.ओ.) टेस्टबेंच का विकास

जय चित्रोदा[1], अंकिता पटेल[2], भावेश मिस्त्री[3], अरिजीत मैती[4], मुदित श्रीवास्तव[5]
वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.सी., खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी विभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला,
jaychitroda@prl.res.in

सार

वायुमंडलीय प्रक्षोभ दूरबीनों की संवेदनशीलता और कोणीय विभेदन को गंभीर रूप से कम कर देता है। अनुकूली प्रकाशिकी (ए.ओ.) वायुमंडल के कारण होने वाली तरंगाग्र विकृति की भरपाई करने के लिए एक स्थापित तकनीक है। हमने इस तकनीक का लाभ उठाने के लिए प्रयोगशाला में ए.ओ. टेस्टबेंच विकसित किया और कई प्रयोग किए। हम इन प्रयोगों से प्रारंभिक परिणाम प्रस्तुत करते हैं और उन पर चर्चा करते हैं। यह टेस्टबेंच माउंट आबू वेधशाला के वायुमंडल का सफलतापूर्वक अनुकरण करने में सक्षम है। यह टेस्टबेंच पी.आर.एल. 2.5 m दूरबीन के लिए ए.ओ. आधारित उपकरण तैयार करने से पहले एक मजबूत नींव के रूप में कार्य करता है।

प्रस्तावना

अपवर्तक सूचकांक में यादृच्छिक उतार-चढ़ाव दूर के स्रोत से पृथ्वी तक पहुंचने वाले समतल-समानांतर तरंगाग्र में विकृतियों का परिचय देते हैं। ये विकृतियां स्थान और समय दोनों में भिन्न होती हैं। हमारी टेस्टबेंच इस तरह के तरंगाग्र विकृतियों के स्थानिक और कालिक सांख्यिकीय गुणों को निर्धारित कर सकती है एवं संवेदक और नियंत्रकों का उपयोग करके इन विकृतियों की भरपाई भी कर सकती है।

टेस्टबेंच घटक और प्रकाश पथ

50 mm व्यास की समांतरित लेज़र किरण को ओ.टी.जी. कक्ष से पारित किया जाता है जो किरण के मार्ग में प्रक्षोभ लाता है। प्रक्षोभ्ध प्रकाश को दो भुजाओं में विभाजित किया जाता है: (1) ओ.टी.जी. लक्षण भुजा और (2) संवृत नियंत्रण पाश भुजा।

ओ.टी.जी. लक्षण भुजा में किरण को फ़्लिपेबल दर्पण से दो भागों में विभाजित किया जाता है। पहला भाग थोरलैब्स (मॉडल: WFS20-5C) के शैक-हार्टमैन तरंगाग्र संवेदक (SH-WFS) पर आपतित होता है, जबकि दूसरा भाग को डाइटेक्ट (मॉडल: HAS-U1) के तेज़ कैमरे पर केंद्रित किया जाता है।

संवृत नियंत्रण पाश भुजा में प्रक्षोभ्ध प्रकाश को फिजिक इंस्ट्रूमेंटे (मॉडल: S330.4SH) के टिप-टिल्ट दर्पण (TTM) और बी.एम.सी. (मॉडल: Multi-3.5 DM) के विकृत दर्पण (DM) पर आपतित किया जाता है। DM के बाद किरणपुंज विपाटक प्रक्षोभ्ध प्रकाश को फिर से दो भुजाओं में विभाजित करता है: (A) विज्ञान कैमरा भुजा और (B) तरंगाग्र संवेदक भुजा। (A) में किरण को FLIR, टेलीडाइन (मॉडल: BFS-U3-16S2M-CS) के कैमरे पर केंद्रित किया जाता है। (B) में किरण को थोरलैब्स (मॉडल: MLA300-14AR) के माइक्रोलेंस एरे और एंडोर (मॉडल: iXon Ultra 888) के कैमरे पर केंद्रित किया जाता है।



चित्र 1: ए.ओ. टेस्टबेंच लेआउट

गर्म हवा आधारित ऑप्टिकल प्रक्षोभ जनित्र (ओ.टी.जी.) का लक्षण वर्णन

फ्रीड पैरामीटर (r_0) तरंगाग्र विकृतियों की सुसंगतता लंबाई बताता है। जबकि $_0$ वह समय अंतराल बताता है जिसमें

ये विकृतियां किसी दिए गए स्थान पर सहसंबद्ध होती हैं। 6mm पुतली में तरंगाग्र चरण माप WFS20-5C से किए जाते हैं। फ्रीड (1965) और नॉल (1976) के अनुसार, इस पुतली के भीतर तरंगाग्र चरण की भिन्नता r_0 से संबंधित है:

$$\sigma_1^2 = 1.03 \left(\frac{d}{r_0}\right)^{5/3} \quad (1)$$

परीक्षण में जब पंखे की गति="LOW", T=80 K और पुतली व्यास=6mm था तब समीकरण (1) का उपयोग करते हुए, हमने D/r_0=8.33 पाया। पी.आर.एल. 2.5m दूरबीन के छिद्र पर r_0=30cm से मेल खाता है। r_0 को तापमान अंतर और वायु प्रवाह वेग जैसे मापदंडों को बदलकर ट्यून किया जा सकता है। $_0$ को एंगल ओफ अराइवल (AoA) विधि से निर्धारित किया जाता है। कम एक्सपोजर की श्रृंखला को HAS-U1 से लिया जाता है और संबंधित AoA को मापा जाता है। ऐसी एक प्रतिनिधि श्रृंखला के लिए AoA का वितरण चित्र (2) में दिखाया गया है। फूरियर ट्रांसफार्म से AoA टेम्पोरल पॉवर स्पेक्ट्रम का निर्धारण किया जाता है। मापा गया स्पेक्ट्रम कोनन (1995) द्वारा दिए गए एक खंडित घात नियम पर फिट किया जाता है। नी आवृत्ति वह संक्रमण बिंदु है जहां खंडित घात नियम की ढलान -2/3 से -11/3 में बदल जाती है:

$$f_c = 0.3 \left(\frac{V}{D}\right) \quad (2)$$



चित्र 2: AoA का वितरण



चित्र 3: AoA टेम्पोरल पॉवर स्पेक्ट्रम

चित्र (3) एक प्रतिनिधि AoA समय श्रृंखला के लिए टेम्पोरल पॉवर स्पेक्ट्रम को दर्शाता है। यह अनुमानित नी आवृत्ति = 33 Hz के साथ सबसे अच्छे फिट किए गए खंडित घात नियम को भी दर्शाता है। यह हवा के वेग, V = 66 cm/s और सुसंगतता समय, $_0$ = 55 ms से मेल खाता है। इस विधि का उपयोग करके टर्बुलेटर वेग को भी कैलिब्रेट किया जा सकता है।

संवृत नियंत्रण पाश

रियल-टाइम ए.ओ. नियंत्रण प्रणाली में, 2 PC सर्वर-क्लाइंट वास्तुकला विकसित की गई है। क्लाइंट प्रणाली की निगरानी करने और सर्वर को आदेश भेजने के लिए जी.यू.आई. (GUI) का उपयोग करता है। सर्वर का उपयोग विशेष रूप से संवेदक डेटा प्राप्त करने और वास्तविक समय में नियंत्रण आदेशों को निष्पादित करने के लिए किया जाता है। सर्वर हमारे ए.ओ. टेस्टबेंच के दो नियंत्रण उपकरण (TTM और DM) और एक संवेदक (SH-WFS) से जुड़ा हुआ है। ये सभी उपकरण मिलकर एक संवृत पाश प्रणाली बनाते हैं। क्लाइंट और सर्वर TCP/IP प्रोटोकॉल से साकेट प्रोग्रामिंग के माध्यम से संवाद करते हैं।

निष्कर्ष

हमने माउंट आबू के वातावरण का अनुकरण करने के लिए प्रयोगशाला में प्रक्षोभ उत्पन्न कीया. हमने उत्पन्न प्रक्षोभ के कारण होने वाली तरंगाग्र विकृतियों की भरपाई के लिए एक संवृत पाश में विभिन्न संवेदक और नियंत्रकों को भी एकीकृत किया।

आभार

इस परियोजना के विकास को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इसके विकास में समर्थन के लिए हम निदेशक, पी.आर.एल. के आभारी हैं।

सन्दर्भ

1. केस्किन ओ., (2006) एप्लि. ऑप्ट. 45, 4888-4897

2. फ्रीड, डी. एल. (1965), जे. ऑप्ट. सोस. एम., 55, 1427-35

3. नॉल, आर. जे. (1976) जे. ऑप्ट. सोस. एम., 66, 207-11

4. कोनन, जे. -एम. (1995) जे. ऑप्ट. सोस. एम., A, 12, 1559

मुख्य विषय : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मूलभूत एवं अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान- आवश्यकताएं एवं संभावनाएं

उप-विषय : अंतरिक्ष विज्ञान , ग्रहीय विज्ञान , खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, सौर भौतिकी

पारस -2 द्वारा एक लघु-शनि TOI-6651b की खोज

ऋषिकेश शर्मा[1], संजय बालीवाल[1], अभिजीत चक्रबर्ती[1], निकिता जितेन्द्रन[1], नीलम जे एस एस वी प्रसाद[1], कपिल कुमार भारद्वाज[1], केवीकुमार लाड [1], आशिर्बाद नायक[1], विशाल जोशी[1]

[1] खगोलशास्त्र एवं खगोल विज्ञान, भौतिक अनुसन्धान प्रयोगशाला

वैज्ञानिक/अभियंता - एस सी, खगोलशास्त्र एवं खगोल विज्ञान, भौतिक अनुसन्धान प्रयोगशाला, rishikesh@prl.res.in

सार

हमने TOI 6651b नामक एक बाह्य ग्रह की खोज और उसका अभिलक्षण किया है, जिसमें पारस -2 से रेडियल वेग, TESS से ट्रांजिट फोटोमेट्री और PRL के 2.5 मीटर टेलीस्कोप से प्राप्त स्पेकल इमेजिंग प्रेक्षणों का उपयोग किया गया है। यह पारस-2 स्पेक्ट्रोग्राफ और पीआरएल 2.5 मीटर टेलीस्कोप से की गयी प्रथम बाह्य ग्रह की खोज है। यह ग्रह अभी तक ज्ञात समग्र लघु-शनि ग्रहों में दूसरा सबसे घना तथा TESS द्वारा खोजे गए लघु-शनि ग्रहों में सबसे घना लघु-शनि ग्रह है। इसके फलस्वरूप यह ग्रह, ग्रहों के द्रव्यमान और उनके मेजबान तारे की धात्विकता के बीच की सकारात्मक सहसंबंध को दर्शाता है। यह खोज यह दर्शाती है कि विशाल और घने लघु-शनि जैसे ग्रहों के निर्माण में गतिक प्रक्रियाओं और वायुमंडलीय विकास के बीच जटिल अंतःक्रिया होती है।

प्रस्तावना

लघु शनि प्रकार के ग्रह वो बाह्य ग्रह हैं जो पृथ्वी से 4 -8 गुना बड़े होते है अर्थात वरुण ग्रह से बड़े लेकिन शनि ग्रह से छोटे। इस श्रेणी के ग्रह हमारे सौर मंडल में अनुपस्थित है तथा अभी तक खोजे हुए लगभग 6000 बाह्य ग्रहों में से ~80 ही लघु शनि जैसे ग्रह पाए गए हैं, जो दर्शाता है की अन्य श्रेणी के ग्रहों के मुकाबले इनकी संख्या काफी कम है। अतएव ऐसे ग्रहों की खोज करना और उनके गुणधर्मों की जांच करना बहुत आवश्यक है।

प्रेक्षण

ट्रांज़िटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) ने अब तक इसने हजारों संभावित ग्रहों की पहचान की है, जिनमें से कई की पुष्टि हो चुकी है। इन ग्रहों को TOI (TESS Objects of Interest) नाम दिया जाता है। TOI 6651 का सर्वप्रथम TESS के द्वारा सेक्टर 17 और 57 में प्रेक्षण हुआ। TESS लाइट कर्व के अनुसार इस तारे के आसपास ~ 5 दिन की कक्षा में लगभग 6.4 गुना पृथ्वी से बड़े खगोल पिंड (संभावित ग्रह) का होना पाया गया।

तत्पश्चात इसकी पुष्टि के लिए तथा ग्रह का द्रव्यमान मापन करने के लिए, TOI 6651 का पारस-2 स्पेक्ट्रोग्राफ द्वारा फॉलो-उप किया गया। पारस-2, एक उच्च विभेदनशील स्पेक्ट्रोग्राफ (R ~ 110,000) है जो की पी आर एल माउंट आबू वेधशाला में 2.5 मीटर दूरबीन के साथ लगा हुआ है। हमने नवम्बर 2023 से जनवरी 2024 तक इस तारे का अवलोकन किया और 27 स्पेक्ट्रा अधिग्रहित किये। सभी स्पेक्ट्रा का अधिग्रहण समय 3600 सेकंड था, RV परिशुद्धता ~ 3-13 मीटर प्रति सेकंड रही ।



चित्र-1 : TOI-6651 b का फेज़-फोल्डेड लाइट कर्व, जिसमें लाल बिंदु 25-मिनट के लिए बिन किए हुए डेटा हैं, तथा काला ठोस वक्र हमारे संयुक्त फिट विश्लेषण से TOI-6651b के लिए सर्वोत्तम-फिट ट्रांजिट मॉडल को दर्शाता है।

TOI-6651 के तारकीय पैरामीटर

हमने पाया की TOI-6651 एक G-प्रकार का उप-बृहत् तारा है, जो सूर्य से थोड़ा अधिक द्रव्यमान और तापमान वाला है। इसकी सतही गुरुत्वाकर्षण (log g) लगभग 4.087 है और धात्विकता +0.225 dex पाई गई है, जो यह दर्शाती है कि यह तारा अपेक्षाकृत धातु-समृद्ध है — एक ऐसा गुण जो ग्रह निर्माण की प्रक्रिया में सहायक माना जाता है। इस तारे की विशेषता यह है कि यह अपने मुख्य अनुक्रम जीवन से आगे बढ़ चुका है।

डाटा मॉडलिंग

TOI-6651b के कक्षीय और भौतिक गुणधर्मों को निर्धारित करने के लिए हमने **ट्रांजिट (TESS)** और **रेडियल वेलोसिटी (PARAS-2)** डेटा को **संयुक्त रूप से फिट** किया। इसमें EXOFASTv2 टूल का उपयोग किया गया, जो डिफरेंशियल इवोल्यूशन मार्कोव चेन मोंटे कार्लो (dMCMC) विश्लेषण का उपयोग करता है। MCMC रन के साथ विभिन्न पैरामीटर्स के सटीक मान और अनिश्चितताएँ निकाली गईं, जिससे TOI-6651b की त्रिज्या, द्रव्यमान, घनत्व, परिक्रमण काल आदि पैरामीटर्स का परिशुद्ध मान निकाला गया।



चित्र-2: TOI-6651 b का फेज़-फोल्डेड RV वक्र, जिसमें काले बिंदु पारस-2 से लिए हुए डेटा पॉइंट्स है, तथा लाल ठोस वक्र हमारे संयुक्त फिट विश्लेषण से TOI-6651b के लिए सर्वोत्तम-फिट मॉडल को दर्शाता है।

ग्रह TOI-6651b की भौतिक विशेषताएं

इस ग्रह का द्रव्यमान $61.0_{-7.9}^{+7.6}$ गुना पृथ्वी के द्रव्यमान के बराबर और त्रिज्या $5.09_{-0.26}^{+0.27}$ गुना पृथ्वी की त्रिज्या के बराबर है। यह ग्रह $5.056973_{-0.000018}^{+0.000016}$ दिन की परिक्रमा अवधि में, $0.091_{-0.062}^{+0.096}$ उत्केन्द्रता के साथ अपने तारे की परिक्रमा करता है। इस ग्रह का औसत घनत्व $2.52_{-0.44}^{+0.52}$ ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर है — जो इसे अब तक खोजे गए सबसे घने लघु-शनि ग्रहों में से एक बनाता है। इतने अधिक घनत्व के पीछे कारण यह है कि इसके कुल द्रव्यमान का 87% हिस्सा भारी तत्वों, जैसे पत्थर और लोहा, से मिलकर बना हुआ है। इसका कोर काफी बड़ा और ठोस है, जबकि इसके ऊपर का गैसीय आवरण अपेक्षाकृत पतला है — केवल 13% द्रव्यमान ही H/He गैसों से बना है। इससे पता चलता है की या तो यह ग्रह एक भारी कोर के साथ बना और गैस न होने के कारण लघु-शनि ही रह गया। या फिर यह शुरू में एक पूर्ण गैसीय ग्रह था लेकिन प्रकाश-वाष्पीकरण और ज्वारीय तापन जैसे प्रभावों के कारण इसका वायुमंडल उड़ गया और अब केवल घना कोर रह गया है। इसके अलावा 5-10 दिन की कक्षा में नेप्च्यून जैसे ग्रह बहुत कम पाए जाते हैं उस क्षेत्र को "नेप्च्यूनियन डेज़र्ट" कहते हैं। इसका कारण कक्षाओं में तारे की तीव्र विकिरण के कारण वायुमंडल का क्षरण होना होता है । TOI 6651b भी इस डेजर्ट की सीमा पर स्थित है तथा यह ऐसे ग्रहों के अस्तित्व की पुष्टि करता है और यह बताता है कि कुछ ग्रह इस वातावरण में भी टिक सकते हैं।

निष्कर्ष

हमने TOI 6651b नामक एक बाह्य ग्रह की खोज और उसका अभिलक्षण किया, जो की पारस-2 स्पेक्ट्रोग्राफ और पीआरएल 2.5 मीटर टेलीस्कोप से की गयी प्रथम बाह्य ग्रह की खोज है। यह ग्रह आकार में लघु-शनि है, लेकिन इसका घनत्व में अत्यधिक अधिक है, जिससे यह संकेत मिलता है कि इसका कोर बहुत भारी और ठोस है। इसकी कक्षा अत्यंत निकट और गर्म है, और यह नेप्च्यूनियन मरुभूमि की सीमा पर स्थित है। इस ग्रह की खोज और अध्ययन से ग्रह निर्माण के सिद्धांतों की समझ को गहरा करने में मदद मिलेगी।



चित्र-3 :- ज्ञात लघु-शनि ग्रहों का घनत्व, उनकी त्रिज्या के विरुद्ध बाएं प्लॉट में दिखाया गया है, जिसमें TOI-6651b उनमें तीसरा सबसे अधिक घनत्व वाला ग्रह है।

आभार

हम भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL), अंतरिक्ष विभाग (भारत सरकार) तथा निदेशक, PRL के प्रति हार्दिक आभारव्यक्त करते हैं, जिनके उदार सहयोग से पारस -2 स्पेक्ट्रोग्राफ के लिए अनुदान प्राप्त हुआ । हम माउंट आबू वेधशाला के सभी कर्मचारियों के प्रति भी विशेष रूप से आभार प्रकट करते हैं, जिनका अवलोकन के दौरान तकनीकी और प्रायोगिक सहायता अमूल्य रही।

सन्दर्भ

बालीवाल एवं साथी, 2024 , चक्रबर्ती एवं साथी, 2018 , चक्रबर्ती एवं साथी, 2024, रीकेर एवं साथी, 2015, पेटिगुरा एवं साथी, 2016, विस्साप्रगदा एवं साथी, 2022

मुख्य विषय : मौलिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को एकीकृत करना

निस्प उपकरण के लिए डिटेक्टर का शोर लक्षण वर्णन

अल्का[1], निस्प टीम

वैज्ञानिक/अभियंता-'एसडी', खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रभाग, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद

सार

प्रस्तावित उपकरण, निकट-अवरक्त इमेजर, स्पेक्ट्रोमीटर और पोलारिमीटर (निस्प) को माउंटआबू में पीआरएल के 2.5 मीटर दूरबीन के लिए एक बहुआयामी उपकरण के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह उपकरण 0.8 से 2.5 μm की तरंग दैर्ध्य सीमा अर्थात् Y, J, H और Ks खगोलीय ब्रॉडबैंड पर इमेजिंग, स्पेक्ट्रोस्कोपी और पोलारिमेट्री क्षमताएं रखता है। इस उद्देश्य के लिए हम टेलीडाइन के H2RG (2K x 2K पिक्सल) डिटेक्टर का उपयोग कर रहे है, जो एक अवरक्त(आईआर)डिटेक्टर है। अवरक्त डिटेक्टरों में शोर लक्षण वर्णन उनके प्रदर्शन को समझने और अनुकूलित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें विभिन्न शोर स्रोतों की पहचान, मात्रा निर्धारित करना और विश्लेषण करना शामिल है जो डिटेक्टर के संकेत उत्पादन, अवरक्त विकिरण का सटीक पता लगाने और मापने की इसकी क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। इस पेपर में, विभिन्न मापदंडों के संबंध में डिटेक्टर के शोर भिन्नता का पता लगाने के लिए किए गए आवश्यक प्रयोगों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रस्तावना

दूरबीन पर नियमित अवलोकन के लिए किसी भी उपकरण को स्थापित करने से पहले, हमें शोर को कम करने के लिए प्रयोगशाला में डिटेक्टर को चिह्नित करने की आवश्यकता होती है। उचित शोर लक्षण-वर्णन यह सुनिश्चित करता है कि पता लगाया गया संकेत शोर में उतार-चढ़ाव के कारण अस्पष्ट या गलत व्याख्यायित न हो। H2RG डिटेक्टर के शोर लक्षण वर्णन में समग्र शोर प्रदर्शन के लिए डार्क करंट, रीड नॉइज़ का विश्लेषण करना शामिल है।

इन शोर को कम करने के लिए हम संपूर्ण ऑप्टिक्स, डिटेक्टर और उसके नियंत्रण ASIC को एक उच्च निर्वात (5 × 10-6 मिलीबार) और क्रायोजेनिक रूप से ठंडा (तापमान = 80 केल्विन) दीवार के अंदर के रख रहे हैं। सब परीक्षण 10,000 कक्षा वाले स्वच्छ कक्ष में किये हैं। समग्र ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला सेट-अप और प्राप्त परिणामों का विवरण आगामी अनुभागों में प्रस्तुत किया गया है।

डिटेक्टर के साथ क्रायोजेनिक तापमान पर किया गया शोर लक्षण वर्णन और इमेजिंग

वर्तमान में H2RG डिटेक्टर पर किए गए प्रयोगों में पढ़ने का शोर (रीड नॉइज़) और अदीप्त धारा (डार्क करंट) माप शामिल हैं।

रीड नॉइज़: रीड नॉइज़ एक प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक शोर है जो एक अवरक्त डिटेक्टर से संकेत को पढ़ने की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होता है। यह रीडआउट एम्पलीफायरों और डिटेक्टर के सर्किटरी सहित विभिन्न कारकों के कारण हो सकता है। यह डिटेक्टर के संकेत-से-शोर अनुपात को प्रभावित करता है, विशेष रूप से कम एक्सपोजर समय पर। रीड नॉइज़ डिटेक्टर में निहित है जिसे कई रीडिंग के औसत से कम किया जाना चाहिए।

डार्क करंट: डार्क करंट वह अवशिष्ट विद्युत प्रवाह है जो उपकरण के माध्यम से तब भी बहता है जब कोई आपतित प्रकाश नहीं होता। उच्च डार्क करंट कम संकेत-से-शोर अनुपात की ओर ले जाता है, जिसका अर्थ है कि डिटेक्टर धुंधले अवरक्त संकेतों के प्रति कम संवेदनशील होता है। हम डिटेक्टर को क्रायोजेनिक

तापमान (80 केल्विन) पर संचालित कर रहे हैं जो तापमान-निर्भर डार्क करंट तंत्रों को कम कर सकता है।

हमने भविष्य में डिटेक्टर की रैखिकता, क्वांटम दक्षता और रूपांतरण लाभ निर्धारित करने के लिए डिटेक्टर पर प्रयोग करने हेतु सेटअप तैयार किया है।

शोर लक्षण वर्णन के लिए प्रयोगशाला सेटअप



चित्र 1: (ऊपर) H2RG और SIDECAR ASIC का नॉइज़ परीक्षण करने के लिए दीवार के अंदर किया गया सेटअप, (नीचे) क्रायोजेनिक तापमान पर ली गयी कुछ छवियां

उपरोक्त सेटअप में H2RG डिटेक्टर अपने नियंत्रक साइडकार एसिक के साथ एक बेस प्लेट पर लगाया गया है और एक Y फिल्टर (λeff = 1020nm, δλ = 120nm) इसके सामने रखा गया ताकि आपतित प्रकाश की अवांछित तरंग दैर्ध्य को फ़िल्टर किया जा सके। डिटेक्टर पर एक समान रोशनी के लिए हमारे पास 1050nm की कटऑफ तरंग दैर्ध्य के साथ IR LED का सेटअप है जो फाइबर, पिनहोल और एक कॉलिमेटर की मदद से एक बिंदु स्रोत के रूप में बनाया गया है। ऑप्टिकल विंडो के माध्यम से प्रकाश पथ एक समान होता है जो वाई फ़िल्टर के सामने लगे बैरल के माध्यम से नियंत्रित होता है। अधिग्रहित छवि को चित्र 1 (नीचे - राइट) में दिखाया गया है।

विभिन्न परिणाम

1. डार्क करंट:- डार्क करंट गणना के लिए, डिटेक्टर को एक ठंडे काले शटर से ढक दिया गया था



और हर 10 सेकंड के अंतराल के भीतर 0-100 सेकंड के बीच एक्सपोजर पर कई फ्रेम लिए गए थे। मीडियन डार्क काउंट और एक्सपोजर टाइम के बीच एक रैखिक फिट डार्क करंट / पिक्सेल / सेकंड पैदा करता है (जैसा कि ऊपर प्लॉट में दिखाया गया है) ।

H2RG के माध्यम से अनुमानित डार्क करंट हैः - 0.0011 एडीयू/पिक्सल/सेकंड

अधिग्रहित डार्क फ्रेम को चित्र 1 (नीचे - बाएं) में दिखाया गया है ।

2. रीड नॉइज़:- शून्य बायस एक्सपोजर के 10 फ्रेम के औसत गणना के रूप में रीड नॉइज़ का अनुमान लगाया गया था।

H2RG के माध्यम से अनुमानित रीड नॉइज़ हैः

16 एडीयू



विभिन्न डिटेक्टर एम्पलीफायर गेन पर शोर भिन्नता ऊपर प्लॉट की गई है। परिणाम बताता है कि कम गेन सेटिंग्स पर शोर न्यूनतम होता है और उच्च गेन के लिए बढ़ता है। डिटेक्टर बहुत अधिक गेन सेटिंग्स पर संतृप्त हो रहा है इसलिए वे गेन सेटिंग्स हमारे शोध रुचि के लिए उपयोगी नहीं हैं।

निष्कर्ष

- रीड नॉइज़ और डार्क करंट के परिणाम बताते हैं कि आईआर स्रोत के प्रति डिटेक्टर की प्रतिक्रिया विभिन्न डिटेक्टर मापदंडों के प्रति सही और संवेदनशील है। इन मापदंडों को अनुकूलित करके, हम बेहतर अवलोकनों के लिए डिटेक्टर को और अधिक कैलिब्रेट करने की योजना बना रहे हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन और विकास योजना को लागू करने से पहले तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी), पीआरएल को प्रस्तुत किया गया था।

आभार

इस उपकरण के विकास में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए हम अंतरिक्ष विभाग का आभार व्यक्त करते है। हम परियोजना के अनुमोदन, समर्थन और प्रोत्साहन के लिए पीआरएल के निदेशक प्रोफेसर अनिल भारद्वाज को धन्यवाद देते हैं।

सन्दर्भ

1. RATIR कैमरे के लिए H2RG डिटेक्टरों और साइडकार एसिक्स का प्रदर्शन और अंशांकन https://doi.org/10.1117/12.926620
2. TANSPEC: TIFR-ARIES नियर - इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर https://iopscience.iop.org/article/10.1088/1538-3873/ac81eb
3. RIMAS और उपकरण दक्षता के लिए H2RG डिटेक्टर लक्षण वर्णन https://doi.org/10.1117/12.2230181

क्षोभमंडलीय ओजोन के निर्माण में जैव-जनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का महत्व

दिब्यानी सिंह[1], मानसी गुप्ता[1], टी.के. सुनील कुमार[1], एल.के. साहू[1]
प्रस्तुत करने वाले लेखक:

दिब्यानी सिंह कनिष्ठ अनुसंधान अध्यवृत्ति, अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान , भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) अहमदाबाद, विद्युत पत्र: dibyani@prl.res.in

सार

पृथ्वी के वायुमंडल में, बायोजेनिक (जैव-जनित) वाष्पशील कार्बनिक यौगिक प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले रसायन हैं जो पौधों, पेड़ों, महासागरों, मिट्टी और सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्सर्जित होते हैं। आइसोप्रीन (C_5H_8) और मोनोटेरपीन($C_{10}H_{16}$; -पाइनीन और -पाइनीन)दो प्रमुख बीवीओसी हैं,जो विभिन्न उष्णकटिबंधीय पादप प्रजातियों से महत्वपूर्ण मात्रा में उत्सर्जित होते हैं। यद्यपि ये अल्प मात्रा में उपस्थित होते हैं, फिर भी ये वायुमंडलीय रसायन विज्ञान में, विशेष रूप से क्षोभमंडलीय ओज़ोन और द्वितीयक कार्बनिक एरोसोल के उत्पादन में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शोधपत्र में हम बीवीओसी के प्रमुख स्रोतों, उनके प्रकारों, रासायनिक व्यवहार और क्षोभमंडलीय ओज़ोन के प्रकाश-रासायनिक उत्पादन में उनकी भूमिकाओं पर चर्चा करते हैं। हम उच्च परिशुद्धता पर उनके मापन के लिए उपयोग किए जाने वाले उन्नत उपकरणों, गैस गुणसूत्रलेख जिसमें ज्वाला आयनीकरण संसूचक संयोजित है, तथा प्रोटॉन स्थानांतरण अभिक्रिया द्रव्यमान वर्णक्रमिकी का प्रयोग करते हैं।

प्रस्तावना

क्षोभमंडलीय ओज़ोन एक हरितगृह गैस है, जो पृथ्वी से उत्सर्जित दीर्घ तरंग अवरक्त विकिरण को अवशोषित करके दोबारा विकिरित करता है, और निम्न वायुमंडलीय सतह को गर्म कर देता है। इसके अलावा, जमीनी स्तर पर ओज़ोन के उच्च सांद्रता के संपर्क में आने से मानव स्वास्थ्य और फसल की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है; इसलिए इसे खराब ओज़ोन कहा जाता है। समताप मंडल में ओज़ोन के उत्पादन के विपरीत, क्षोभमंडलीय ओज़ोन वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स के बीच सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के माध्यम से होता है।। हालाँकि, ओज़ोन के उत्पादन में अलग-अलग वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का योगदान भी अलग-अलग हो सकता है ।

जैव-जनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिक के उत्सर्जन स्रोत और प्रकार

बीवीओसी विभिन्न स्थलीय और समुद्री जैवजनित स्रोतों जैसे पेड़ों, झाड़ियों, घासों और मृदा सूक्ष्मजीवों आदि से उत्सर्जित होते हैं (केसेलमेयर, जे. और स्टॉड्ट, एम.,1999)। प्रमुख बीवीओसी में आइसोप्रीन, मोनोटेरपीन, सेस्क्यूटरपीन, एल्डिहाइड, कीटोन और अल्कोहल शामिल हैं। बीवीओसी में, आइसोप्रीन सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो मुख्य रूप से गर्म, धूप वाले मौसम में चौड़ी पत्ती वाले पेड़ों द्वारा उत्सर्जित होता है। मोनोटेरपीन मुख्यतः चीड़ के पेड़ों से उत्सर्जित होते हैं और द्वितीयक एरोसोल निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। महासागर भी वायु-समुद्र विनिमय प्रक्रियाओं के माध्यम से कई बीवीओसी का स्रोत हैं, लेकिन इनका उत्सर्जन स्थलीय वनस्पतियों से होने वाले उत्सर्जन जितना अधिक नहीं है।

बीवीओसी की उत्सर्जन दर प्रजातियों, तापमान, प्रकाश, आर्द्रता, मिट्टी और अन्य पर्यावरणीय परिस्थितियों के आधार पर भिन्न होती है। हालाँकि, प्रकाश और तापमान दो प्रमुख कारक हैं जो पौधों की वृद्धि और बीवीओसी उत्सर्जन को नियंत्रित करते हैं। गर्म, धूप वाला मौसम बीवीओसी विशेष रूप से आइसोप्रीन के उत्सर्जन को बढ़ाता है, जबकि शुष्क मिट्टी उष्णकटिबंधीय जंगलों जैसे

नम और गर्म क्षेत्रों की तुलना में बीवीओसी उत्सर्जन को कम करती है। गुएंथर एट अल (1995) के अनुसार, बीवीओसी का कुल वैश्विक उत्सर्जन लगभग 1150 Tg C प्रतिवर्ष होने का अनुमान है।

क्षोभमंडलीय ओजोन निर्माण में जैव-जनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की भूमिका

वायुमंडल में, बीवीओसी तेज़ी से ऑक्सीकारकों जैसे हाइड्रॉक्सिल रैडिकल्स (OH), ओज़ोन (O_3) और नाइट्रेट रैडिकल्स (NO_3) के साथ अभिक्रिया करते हैं। इन अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप पैरॉक्सी (RO_2 और HO_2) मूलक बनते हैं, जो नाइट्रिक ऑक्साइड (NO) को नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2) में परिवर्तित कर देते हैं। NO_2 प्रकाश अपघटन की प्रक्रिया में NO और परमाणु ऑक्सीजन $O(^3P)$ में विभाजित हो जाता है। यह परमाणु ऑक्सीजन बाद में O_2 अणुओं के साथ संयोजित होता है और ओज़ोन (O_3) का निर्माण करता है। अतः, सूर्य के प्रकाश और $NO_x(=NO+NO_2)$ की उपस्थिति में बीवीओसी के ऑक्सीकरण से ओज़ोन का उत्पादन हो सकता है।

$$BVOC + OH\bullet \rightarrow RO_2\bullet + H_2O$$

$$RO_2\bullet + NO \rightarrow RO\bullet + NO_2$$

$$NO_2 + h\nu \rightarrow NO + O(^3P) \quad (< 420\ nm)$$

$$O(^3P) + O_2 + M \rightarrow O_3 + M$$

मापन तकनीकें

1. गैस गुणसूत्रलेखन - ज्वाला आयनीकरण संसूचक (जीसी-एफआईडी):

चित्र 1:एजिलेंट 7890ए जीसी-एमएस लैब, पीआरएल

चित्र 2:पीटीआर-टीओएफ-एमएस लैब, पीआरएल

जीसी-एफआईडी (चित्र 1) एक विश्लेषणात्मक तकनीक है जिसका उपयोग एकत्रित वायु नमूनों से वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) को अलग करने और उनकी पहचान करने के लिए किया जाता है। गैस गुणसूत्रलेखन में, वायु नमूने में उपस्थित यौगिक एक स्थिर चरण और एक वाहक गैस के साथ उनकी पारस्परिक क्रिया के आधार पर पृथक होते हैं। पृथक यौगिकों का पता एक ज्वाला आयनीकरण संसूचक द्वारा लगाया जाता है, यह कार्बन युक्त यौगिकों, जिनमें आइसोप्रीन या टेरपीन जैसे वाष्पशील कार्बनिक यौगिक शामिल हैं, के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

2. प्रोटॉन स्थानांतरण अभिक्रिया द्रव्यमान वर्णक्रमिकीपर (पीटीआर-एमएस):

पीटीआर-एमएस (चित्र 2) निरंतर और वास्तविक समय मे मापन के लिए एक शक्तिशाली संवेदनशील तकनीक है, जिसका व्यापक रूप से आइसोप्रीन, मोनोटेरपीन और ऑक्सीजन युक्त वीओसी जैसे जैवजनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (बीवीओसी) का पता लगाने और मात्रा निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जाता है। पीटीआर-एमएस तकनीक मृदु आयनीकरण हाइड्रोनियम आयन (H_3O^+), प्रोटॉन को वीओसी यौगिक में स्थानांतरित करता है। यह प्रोटॉन स्थानांतरण बीवीओसी को बिना खंडित किए आयनित करता है, जिससे प्रोटॉनयुक्त बीवीओसी [RH^+] बनते हैं।

$$H_3O^+ + R \rightarrow [RH^+] + H_2O$$

इन प्रोटोनेटेड बीवीओसी का विश्लेषण द्रव्यमान-आवेश अनुपात (m/z) के आधार पर द्रव्यमान वर्णक्रमी द्वारा किया जाता है।

पर्यावरणीय प्रभाव और नियंत्रण

क्षोभमंडलीय ओज़ोन मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिक तंत्र और जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यह श्वसन रोगों में योगदान देता है, फसलों की वृद्धि को कम करता है और अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक के रूप में कार्य करता है। हालाँकि वीओसी को सीधे नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, लेकिन उनके प्रभाव को निम्न तरीकों से कम किया जा सकता है:

- वाहनों के निकास, ताप विद्युत संयंत्रों एवं औद्योगिक क्रियाकलापों से उत्पन्न NO गैसों के उत्सर्जन को कम करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि ये वायुमंडलीय ओज़ोन के निर्माण में प्रमुख अग्रदूत की भूमिका निभाते हैं।

- प्रदूषित शहरी क्षेत्रों में ओक और नीलगिरी जैसे उच्च-आइसोप्रीन उत्सर्जक पौधे लगाने से बचें।

- जैविक द्रव्यमान (जैव ईंधन) के दहन को नियंत्रित करना (जैसे – जंगलों में आग लगना, फसलों का जलाया जाना), क्योंकि इससे वायुमंडल में NO और जैविक यौगिक दोनों उत्सर्जित होते हैं।

निष्कर्ष

बीवीओसी क्षोभमंडलीय ओजोन निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, खासकर जब NO_x मौजूद है। हालाँकि ये प्राकृतिक रूप से उत्सर्जित होते हैं, लेकिन वायु गुणवत्ता में ओज़ोन के स्तर को बढ़ाने में इनकी भूमिका पर विचार किया जाना चाहिए। बीवीओसी और वायुमंडलीय ऑक्सीकारकों के बीच होने वाली रासायनिक अभिक्रियाएँ जटिल प्रकाश-रासायनिक चक्रों की शुरुआत करती हैं, जो ओज़ोन का निर्माण करती हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ NO की अधिकता होती है, जैसे कि शहरी और वन क्षेत्रों की सीमाएँ। हालाँकि हम वनस्पतियों से होने वाले बीवीओसी उत्सर्जन को सीधे नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम NO_x के मानवजनित स्रोतों को कम करके वायु गुणवत्ता पर उनके प्रभाव को कम कर सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में कम उत्सर्जन वाली पौधों की प्रजातियों का चयन, और मौसमी एवं क्षेत्रीय बीवीओसी उत्सर्जनों के बारे में हमारी समझ में सुधार। वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में, बढ़ता तापमान बीवीओसी उत्सर्जन को और बढ़ा सकता है, जिससे ओज़ोन उत्पादन में वृद्धि हो सकती है।

आभार

हम अपने मित्र अचिंत्या, नीलिमा, भावेश, नमित, समर्पण और अभिषेक के योगदान के लिए आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

संदर्भ

1.एटकिंसन, आर. एट अल. (2003). 'बायोजेनिक कार्बनिक यौगिकों का वायुमंडलीय रसायन विज्ञान.' जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च.

2.एल.के. साहू, पी. सक्सेना / वायुमंडलीय अनुसंधान 164-165 (2015) 84-94https://doi.org/10.1016/j.atmosres.2015.04.021

3.हैरिस, डी.सी., और लूसी, सी.ए. (2016). मात्रात्मक रासायनिक विश्लेषण (9वां संस्करण). डब्ल्यू.एच. फ्रीमैन एंड कंपनी.

4. मोनसन, आर.के. और हॉलैंड, ई.ए. (2001). 'बायोस्फीयर-वायुमंडलीय अंतःक्रियाएँ' नेचर।

5. शर्मा, एस. और त्रिपाठी, एस.एन. (2020). 'भारतीय वनों में द्वितीयक कार्बनिक एरोसोल निर्माण में बीवीओसी की भूमिका' वायुमंडलीय पर्यावरण।

6. आईआईटीएम रिपोर्ट्स (2022). 'भारतीय पारिस्थितिक तंत्रों में जैवजनित उत्सर्जन' भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे।

7. एटकिंसन, आर. और एरी, जे. (2003) बायोजेनिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का गैस चरण क्षोभमंडलीय रसायन: एक समीक्षा। वायुमंडलीय पर्यावरण, 37: S197-219

8. शहरी परिदृश्यों से उत्पन्न जैवजनित उत्सर्जन का ग्रीष्मकालीन ओजोन और महानगरों में द्वितीयक कार्बनिक एरोसोल निर्माण पर प्रभाव। https://doi.org/10.1016/j.scitotenv.2021.152654

9. केसेलमेयर, जे. और स्टॉड, एम. (1999). बायोजेनिक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी): उत्सर्जन, शरीरक्रिया विज्ञान और पारिस्थितिकी पर एक अवलोकन।

10.शहरों में ओज़ोन सांद्रता पर शहरी वृक्षों द्वारा उत्सर्जित जैवजनित वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (बीवीओसी) की भूमिका: एक समीक्षा https://doi.org/10.1016/j.envpol.2013.03.012

प्रस्तावित दक्ष उपग्रह की जी.आर.बी. स्थानीयकरण क्षमता में सुधार के लिए कोडेड मास्क इमेजिंग तकनीक का उपयोग।

आशीष कुमार मंडल

आशीष कुमार मंडल, एस.आर.एफ., खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रभाग, पी.आर.एल.,
ashishm@prl.res.in

सार

गामा किरण विस्फोट (जी.आर.बी.) ब्रह्मांड में गामा किरणों की बहुत छोटी और सबसे चमकीली चमक होती हैं। ये विस्फोटक घटनाओं विशाल तारों के पतन और न्यूट्रॉन तारों या ब्लैक होल के द्विआधारी समूह में विलय से उत्पन्न होते हैं। इनमें प्रारंभिक ब्रह्मांड के गुणों के निशान मौजूद होते हैं। कुछ जी.आर.बी. हमें अंतरिक्ष में सोने जैसे भारी धातुओं (Z>26) का संक्लेषण के बारे में सूचना प्रदान करती है। पता चलने के बाद इनके अध्ययन के लिए उनकी सटीक दिशात्मक जानकारी की आवश्यकता होती है। दक्ष एक प्रस्तावित उच्च-ऊर्जा क्षणिक मिशन है जिसका प्राथमिक उद्देश्य गुरुत्वाकर्षण तरंग स्रोतों के विद्युत चुम्बकीय समकक्षों और जी.आर.बी. का अध्ययन करना। इस कार्य में, हम कोडेड मास्क इमेजिंग (सी.एम.आई.) तकनीक का उपयोग करके जी.आर.बी. की स्थिति निर्धारित करने की सटीकता बढ़ाने की संभावना का पता लगा रहे हैं।

प्रस्तावना

जी.आर.बी. हमारी आकाशगंगा के बाहर से अनियमित रूप से उत्पन्न होने वाली संक्षिप्त गामा-किरण चमकें हैं (चित्र-1)। ये कब और कहाँ दिखाई देंगी, इसकी हमें कोई पूर्व जानकारी नहीं होती है। ये थोड़े समय के लिए पूरे गामा-किरण आकाश को ढक लेती हैं, और कुछ ही सेकंड में उतनी ऊर्जा उत्पन्न करती हैं जितनी सूर्य अपने पूरे जीवनकाल में भी उत्पन्न नहीं करता हो। खुले समतल संसूचक पर गामा-किरण संकेत में अचानक वृद्धि जी.आर.बी. के आगमन का संकेत देती है। उपग्रह में, विभिन्न दिशाओं में स्थित ऐसे कई संसूचकों का उपयोग करके सरल ज्यामिति माध्यम से संकेत के आगमन की दिशा का मोटे तौर पर अनुमान लगया जाता है।

1967 में अमेरिकी सेना के वेला उपग्रहों पर लगे गामा-किरण संसूचकों द्वारा संयोगवश जी.आर.बी. की खोज की गई थी। इन उपग्रहों को मूल रूप से पृथ्वी के वायुमंडल और आस-पास के अंतरिक्ष में परमाणु विस्फोटों की ब्रह्मांडीय विस्फोटों का पता लगाया, बाद में जिसका नाम जी.आर.बी. रखा गया। उसके बाद, इनके अवलोकन के लिए कई समर्पित मिशन तैयार किए गए।

दो प्रकार के जी.आर.बी. देखे गए हैं: लघु-विस्फोट (विस्फोट अवधि <2s) और दीर्घ-जीआरबी (विस्फोट अवधि>2s), हालाँकि दोनों के पूर्वज अलग-अलग हैं। दीर्घ-विस्फोट विशाल तारों के पतन के कारण होते हैं, जबकि लघु-विस्फोट न्यूट्रॉन तारे-न्यूट्रॉन तारे या न्यूट्रॉन तारे-ब्लैक होल के द्विआधारी में विलय से हैं। औसतन प्रतिदिन एक जी.आर.बी. होता है।

लंबे जी.आर.बी. को प्रारंभिक ब्रह्मांड में तारा निर्माण दर का पता लगाने के लिए और छोटे को द्वि-तारकीय विकास की जानकारी के लिए इस्तेमाल क्या जाता है। लघु जी.आर.बी. गुरुत्वाकर्षण तरंगों के स्रोत हैं, और इनके पूर्वजों से निकलने वाले पदार्थ भारी तत्वों (Z > 26) के संश्लेषण के संभावित स्थल हैं, जिनमें सोना भी शामिल है । अत्यंत चमकदार जी.आर.बी. हमें कुछ सौ मिलियन वर्ष पुराना ब्रह्मांड का (इसकी वर्तमान आयु का लगभग 5%) अध्ययन

केलिए अबसर प्रदान करती है। इनके अत्यधिक उच्च-ऊर्जावान फोटॉन का उपयोग भौतिकी के कुछ मूलभूत सिद्धांतों के सत्यापन के लिए किया जाता है । जी.आर.बी. अवलोकन ब्रह्मांडीय विस्तार, गुप्त ऊर्जा की प्रकृति और विकास, ब्रह्मांड के त्वरण, पुनःआयनीकरण के युग, प्रारंभिक ब्रह्मांड में अंतरतारकीय और अंतराकाशीय माध्यम के रासायनिक संवर्धन पर प्रकाश डाल सकते हैं । पहला चरण है जी.आर.बी. की स्थिति का सटीक निर्धारण करना, जिसके ऊपर और सभी अध्ययन निर्भर करता है।

दक्ष भारत का एक उच्च ऊर्जा क्षणिक मिशन है, जिसे एक भारतीय वैज्ञानिक समूह द्वारा गुरुत्वाकर्षण तरंग स्रोतों के विद्युत चुम्बकीय समकक्षों और जी.आर.बी. के अध्ययन हेतु प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित विन्यास में, दक्ष की जी.आर.बी. स्थानीयकरण सटीकता **5°** और **10°** के बीच होने की उम्मीद है। हालाँकि, त्वरित अनुवर्ती अध्ययन के लिए सटीक स्थानीयकरण **(<1°)** की आवश्यकता होती है। इस कार्य में, हम सी.एम.आई. तकनीक का उपयोग करके सटीक स्थानीयकरण बढ़ाने के लिए डिटेक्टरों के प्रदर्शन की जाँच कर रहे हैं।

दक्ष मिशन

प्रस्तावित दक्ष मिशन (चित्र-2) में दो उपग्रह शामिल है, जो पृथ्वी के विपरीत दिशाओं में स्थित हो कर कार्य करेंगे। प्रत्येक उपग्रह में तीन प्रकार के डिटेक्टर लगे हैं जो विस्तृत ऊर्जा रेंज में उच्च बाह्यगैलेक्टिकसंवेदनशीलता, पूर्ण-आकाश कवरेज प्रदान करते हैं। जी.आर.बी. निगरानी के अलावा, दक्ष एक बहुमुखी वेधशाला के रूप में कार्य कर सकता है।

वैज्ञानिक उद्देश्य

हमारा उद्देश्य है कि दक्ष का संवेदनशीलता में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए बिना उसके कोणीय विभेदन को छोटा करना (5° -10° से 1°)। ऐसा करने का एक संभावित तरीका सी.एम.आई. तकनीक है।

तरीका

सी.एम.आई. तकनीक में दो चरण शामिल हैं: कोडेड अपर्चर मास्क (सी.ए.एम.) के माध्यम से आपतित सिग्नल का पता लगाना, और सिग्नल से आकाश की छवि का पुनर्निर्माण करना। सी.ए.एम. को एक स्थिति-संवेदी डिटेक्टर और आकाश के बीच एक आधार संरचना द्वारा स्थापित किया जाता है। यह एक विशिष्ट पैटर्न में व्यवस्थित टैंटलम से बने बंद और खुले आयतों से बना होता है। स्रोत की प्रत्येक दिशा के लिए डिटेक्टर तल पर एक विशिष्ट छाया बनती है। पता लगाए गए सिग्नल और मास्क पैटर्न का उपयोग करके, एक आकाश मानचित्र तैयार किया जाता है। मानचित्र में वस्तुओं की स्थिति अनिश्चितता मास्क तत्व के आकार के समानुपाती और डिटेक्टर और मास्क के पृथक्करण के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

परिणाम और चर्चा

हमने चार पिक्सेलयुक्त निम्न-ऊर्जा डिटेक्टरों का सिमुलेशन किया है जो कोडेड मास्क लागू करने के लिए दक्ष के मौजूदा गैर-पिक्सेलयुक्त निम्न-ऊर्जा डिटेक्टरों की जगह ले सकते हैं। इनमें से तीन अच्छी संवेदनशीलता के साथ ~0.7 डिग्री का कोणीय विभेदन प्रदान कर सकते हैं। इस तकनीक के कार्यान्वयन से दक्ष 1 के भीतर जी.आर.बी. के एक बड़े अंश का स्थानीयकरण कर सकता है। यह उपलब्धि दक्ष के वैज्ञानिक परिणामों को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा देगी।

निष्कर्ष

निम्न-ऊर्जा-सी.ए.एम. तकनीकी रूप से व्यवहार्य है और दक्ष की वैज्ञानिक क्षमता को काफ़ी बढ़ाएगा। यह दक्ष को एक्स-रे आकाश के लिए एक सच्चे सर्व-आकाशीय मॉनिटर में भी बदल देगा, जिससे इसकी उपयोगिता केवल समय-क्षेत्रीय खगोल विज्ञान में सिमित नहीं रहेगी।

लेख से संबंधित चित्र



चित्र-1: गामा-किरण विस्फोट के निर्माण का एक कलात्मक दृश्य। गामा-किरणें सापेक्षिक द्विध्रुवीय शंक्वाकार जेट के साथ उत्सर्जित होती हैं। केंद्रीय इंजन एक तारकीय द्रव्यमान वाला ब्लैक होल है। सौजन्य- जी.आर.बी. वेबसाइट

चित्र-2: एक दक्ष उपग्रह की छवि। तीन प्रकार के डिटेक्टरों को एक गुंबद के आकार में व्यवस्थित किया गया है और उपग्रह बस के ऊपर रखा गया है। गुंबद के दोनों ओर दो सौर पैनल हैं।सौजन्य- दक्ष वेबसाइट

प्राकृतिक आपदाएँ और पृथ्वी विज्ञान की भूमिका

केशव प्रसाद[1]

तकनीकी सहायक, सीएमजी, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, ई-मेल keshav@prl.res.in

सार

यह निबंध भारत में हाल की प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं–बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन, लू और सूखे–के कारण, प्रभाव और समाधान पर केंद्रित है। इसमें जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई और संसाधनों के अति-दोहन को मुख्य कारण बताया गया है। वर्ष 2024–25 में इन आपदाओं से ₹47,500 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। निबंध में पृथ्वी विज्ञान और संस्थाओं जैसे IMD, ISRO, NDMA की भूमिका पर ज़ोर दिया गया है, जो पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन में सहायक हैं। समाधान के रूप में नीतिगत सुधार, जन-जागरूकता, स्थानीय भागीदारी और तकनीकी उपयोग की आवश्यकता बताई गई है।

प्रस्तावना

भारत एक विशाल और विविध भौगोलिक क्षेत्र वाला देश है, जिसमें हिमालय जैसे ऊँचे पर्वत, गंगा जैसे विशाल नदी तंत्र, थार का शुष्क रेगिस्तान, पश्चिमी घाट जैसे जैव विविधता संपन्न पर्वतीय क्षेत्र और विस्तृत तटीय क्षेत्र शामिल हैं। इसी भौगोलिक विविधता के कारण भारत प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राष्ट्र माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में, जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई, और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के चलते प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति, तीव्रता और प्रभावशीलता में भारी वृद्धि हुई है।

प्राकृतिक आपदाएँ: स्वरूप, कारण और उदाहरण

1. बाढ़: असम और बिहार (जुलाई-अगस्त 2024)

अत्यधिक मानसूनी वर्षा और हिमालय से आने वाले प्रवाह के कारण असम और बिहार के कई हिस्सों में भयंकर बाढ़ आई। ब्रह्मपुत्र, कोसी, गंडक और बागमती नदियों का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर चला गया। इस बाढ़ से लगभग 30 लाख लोग प्रभावित हुए, हजारों घर बह गए और अनुमानतः ₹12,000 करोड़ की आर्थिक क्षति हुई (NDMA रिपोर्ट, 2024)।

मुख्य कारण:

- अत्यधिक वर्षा
- नदी के बहाव क्षेत्र में अवैध निर्माण
- जल निकासी की अपर्याप्त व्यवस्था

समाधान:

- बहाव क्षेत्र को संरक्षित करना
- नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम
- पूर्व चेतावनी प्रणाली को स्थानीय स्तर तक पहुँचाना

2. चक्रवात 'रेमो' और 'मिचुंग' (2024-25)

बंगाल की खाड़ी से उत्पन्न इन दो चक्रवातों ने ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। लाखों लोग बेघर हुए, फसलों को नुकसान पहुँचा और करीब ₹20,000 करोड़ की क्षति हुई (IMD, 2025)।

कारण:

- समुद्र सतह का बढ़ता तापमान (IPCC, 2023 के अनुसार

- वैश्विक समुद्री तापमान औसतन 0.8°C बढ़ चुका है)
- तटीय पारिस्थितिकी का विनाश (मैंग्रोव, रेत के टीले)

समाधान:

- मैंग्रोव वनों का पुनरुद्धार
- तूफान रोधी आश्रयगृहों का निर्माण
- सुदृढ़ पूर्व चेतावनी तंत्र

3. हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन (हिमाचल और उत्तराखंड)

भारी वर्षा और अनियंत्रित निर्माण के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार भूस्खलन की घटनाएँ घट रही हैं। वर्ष 2024 में ही ₹5,500 करोड़ से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया गया है (Earth Sciences Ministry Report, 2024)।

मुख्य कारण:

- अनियंत्रित सड़क एवं भवन निर्माण
- वनस्पति की कमी से ढलानों की अस्थिरता
- अत्यधिक पर्यटक दबाव

समाधान:

- जैविक भूसंरक्षण उपाय
- मजबूत जल निकासी प्रणाली
- पर्यावरणीय आकलन को अनिवार्य बनाना

4. लू और सूखा (अप्रैल-जून 2025)

उत्तर भारत में तापमान 49°C तक पहुँच गया। इससे न केवल जनस्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा, बल्कि पानी की भारी कमी और फसल क्षति भी हुई। यह आपदा मुख्यतः जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन का परिणाम है।

कारण:

- जल स्रोतों का क्षरण
- वनस्पति की भारी कमी
- ग्लोबल वार्मिंग (NASA Earth Observatory, 2023 के अनुसार भारत में औसत वार्षिक तापमान में 1.2°C की वृद्धि)

समाधान:

- वर्षा जल संचयन
- सूखा-रोधी फसलें
- शहरी हरित पट्टियाँ

भारत में प्राकृतिक आपदाओं का आर्थिक प्रभाव

प्राकृतिक आपदाएँ केवल जीवन और संपत्ति को ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। वर्ष 2024–25 में भारत को कुल मिलाकर ₹47,500 करोड़ से अधिक की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष क्षति हुई है। इन आपदाओं ने विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका, कृषि उत्पादन, बुनियादी ढांचे, और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

पृथ्वी विज्ञान की भूमिका

पृथ्वी विज्ञान, जिसमें भूगोल, मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान, समुद्र विज्ञान और भूगर्भशास्त्र शामिल हैं, प्राकृतिक आपदाओं के अध्ययन, पूर्वानुमान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रमुख संस्थाओं की भूमिका

1. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD): तूफान, वर्षा, तापमान और अन्य मौसम संबंधित पूर्वानुमान जारी करता है
2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO): सैटेलाइट के माध्यम से वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ की निगरानी करता है
3. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA): आपदा प्रबंधन नीतियाँ और दिशानिर्देश बनाता है
4. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES): समुद्री, वायुमंडलीय और भौगोलिक अनुसंधान को बढ़ावा देता है
5. IITs, IISc, और अन्य अनुसंधान संस्थान: कृत्रिम बुद्धिमत्ता, GIS और मशीन लर्निंग के उपयोग से चेतावनी प्रणाली का विकास

समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयास

- नीतिगत सुधार: निर्माण परियोजनाओं में पर्यावरण प्रभाव आकलन अनिवार्य हो।
- जन जागरूकता: आपदा शिक्षा को विद्यालय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।
- स्थानीय भागीदारी: ग्राम स्तर पर आपदा प्रतिक्रिया टीमों का गठन।
- तकनीकी समावेशन: मोबाइल आधारित चेतावनी ऐप्स, रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स का उपयोग।

निष्कर्ष

प्राकृतिक आपदाएँ केवल प्राकृतिक घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि मानवजनित कारणों से भी उत्पन्न होती हैं। भारत जैसे विविध भूगोल वाले देश में पृथ्वी विज्ञान न केवल आपदाओं का पूर्वानुमान लगाने, बल्कि उनकी तीव्रता को कम करने और समय रहते लोगों को सुरक्षित करने का सशक्त माध्यम है। आवश्यकता है कि वैज्ञानिक अनुसंधान, सरकारी नीतियाँ और जनसहभागिता एकजुट होकर एक सुरक्षित, संतुलित और सतत भारत की दिशा में कार्य करें।

आभार

मैं अपने सहकर्मियों और मार्गदर्शकों का भी धन्यवाद करता हूँ, जिनके सुझावों और प्रेरणा ने इस निबंध को पूर्ण करने में सहयोग दिया। अंततः, पाठकों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी जिज्ञासा और सहभागिता ही ऐसे विषयों पर गंभीर विमर्श को प्रोत्साहित करती है।

सन्दर्भ

1. Ministry of Earth Sciences (MoES) - Annual Report 2024-25
2. Indian Space Research Organisation (ISRO) - https://isro.gov.in
3. National Disaster Management Authority (NDMA) - https://ndma.gov.in
4. Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) Report 2023
5. NASA Earth Observatory - India Climate Overview 2023
6. India Meteorological Department (IMD) - https://mausam.imd.gov.in

हिमालय की तलहटी में स्थित देहरादून के ऊपर वायुमंडलीय सीमा परत का अध्ययन

अरुण, सोम कुमार शर्मा, अनिकेत, धर्मेंद्र कामत

वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' , अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान प्रभाग, पीआरएल

ईमेल : arun@prl.res.in

सार

यह अध्ययन देहरादून में स्थापित धरती-आधारित सीलोमीटर लिडार से वर्ष 2023 के दौरान वायुमंडलीय सीमा-प्रवाही परत (एबीएल) की ऊँचाई में मौसमी और दैनिक परिवर्तन का विश्लेषण प्रस्तुत करता है । ग्रीष्मपूर्व ऋतु में अधिकतम बीएलएच (~2000 मीटर) पाई गई, जबकि मानसून में बादल और आर्द्रता के कारण बीएलएच न्यूनतम (~665 मीटर) रही। सर्दियों में बीएलएच कम और मानसूनोत्तर में मध्यम रही। यह प्रवृत्ति स्थलाकृति और मौसम से प्रभावित है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उच्च रेजोल्यूशन वाले लिडार उपकरण, एबीएल की सतत अध्ययन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ उपग्रह, रेडियोसोंड और पुनःविश्लेषण आंकड़े सीमित होते हैं।

प्रस्तावना

वायुमंडलीय सीमाप्रवाही परत (एबीएल) वायुमंडल का सबसे निचला भाग है, जो सतही प्रक्रियाओं से सीधे और कम समय (लगभग एक घंटे) में प्रभावित होता है (स्टल, 1988)। इसकी ऊँचाई कुछ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक हो सकती है, जो सौर ताप, अशांति और स्थलाकृति पर निर्भर करती है (गैरेट, 1994; कलथॉफ और अन्य, 1998)। दिन में संवहन के कारण यह परत फैलती है और रात में सिकुड़ती है (मार्ट, 1999)। एबीएल सतह और मुक्त वायुमंडल के बीच ऊष्मा, आर्द्रता और संवेग के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है (डॉनर, 1995; सू और अन्य, 2020a) तथा वायु गुणवत्ता और प्रदूषण के प्रसार से घनिष्ठ रूप से जुड़ी होती है (डोंग और अन्य, 2017; ली और अन्य, 2017)। शहरीकरण और स्थलाकृति के प्रभाव से इसकी संरचना और अधिक जटिल हो जाती है (बार्लो और अन्य, 2015; चेन और अन्य, 2009)। पारंपरिक यंत्र जैसे रेडियोसोंड और उपग्रह सीमित क्षमता रखते हैं, जबकि ग्राउंड-बेस्ड यंत्र, विशेषकर सीलोमीटर लिडार, अधिक सटीक और निरंतर मापन में सक्षम हैं (बियान्को और अन्य, 2008; म्यूनकल और रासानेन, 2004)।

यह अध्ययन भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून (30.34°N, 78.04°E) में स्थापित उच्च समयिक (16 सेकंड) और ऊर्ध्वाधर (15 मीटर) रिज़ोल्यूशन वाले सीलोमीटर लिडार से देहरादून की जटिल स्थलाकृति में एबीएल की विशेषताओं का मूल्यांकन करता है, जो तेज़ शहरीकरण के चलते अध्ययन के लिए उपयुक्त क्षेत्र है।

अध्ययन क्षेत्र, डेटा सेट, और कार्यविधि

यह अध्ययन देहरादून शहर में किया गया है, जो हिमालय की तराई में स्थित दून घाटी में स्थित है (चित्र 1a)। यह क्षेत्र आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु वाला है, जहाँ मौसमी और दैनिक स्तर पर मौसम में तीव्र परिवर्तन होते हैं, जिससे यह सीमावर्ती परत के अध्ययन के लिए उपयुक्त स्थान बन जाता है। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून में एक ग्राउंड-आधारित सीलोमीटर (चित्र 1b) स्थापित किया गया है, जिसका उपयोग वायुमंडलीय एरोसोल और सीमावर्ती परत की ऊँचाई की निगरानी के लिए किया गया। यह सीलोमीटर लेज़र पल्स छोड़ता है और वायुमंडल में उपस्थित कणों से परावर्तित संकेत को मापकर सीमावर्ती परत की ऊँचाई का अनुमान लगाता है। इस अध्ययन के लिए जनवरी से दिसंबर 2023 तक का सतत सीलोमीटर डेटा उपयोग में

लिया गया। उदाहरण के रूप में, चित्र 1c में 11 अप्रैल 2023 को दिन भर के दौरान बैकस्कैटर सिग्नल और अनुमानित सीमावर्ती परत की ऊँचाई को दर्शाया गया है।



चित्र 1: (a) अध्ययन क्षेत्र, (b) देहरादून में स्थापित सीलोमीटर लिडार , (c) 11 अप्रैल 2023 को अनुमानित वायुमंडलीय सीमावर्ती परत की ऊँचाई में दैनिक परिवर्तन।

प्रातःकाल में बीएलएच न्यूनतम देखी गई, जो सूर्योदय के बाद सतही गर्मी और संवहन की क्रिया के कारण बढ़ती है और दोपहर में लगभग 2000 मीटर तक पहुँचती है, फिर सूर्यास्त के बाद पुनः घट जाती है। काले डैश लाइन से सीमावर्ती परत की अनुमानित ऊँचाई दर्शाई गई है। यह डेटा पूरे वर्ष भर स्थानीय मौसम और स्थलाकृति के प्रभावों के साथ सीमावर्ती परत की प्रक्रिया को समझने में सहायक है।

परिणाम एवं चर्चा

देहरादून में 2023 के दौरान सीमा-प्रवाही परत की ऊँचाई (बीएलएच) में मौसमी परिवर्तन स्पष्ट रूप से मासिक रूप में देखा गया (चित्र 2)। सर्दियों के महीनों में बीएलएच अपेक्षाकृत निम्न रहती है - जनवरी में अधिकतम 846 मीटर, फरवरी में 1327 मीटर और दिसंबर में 1227 मीटर - जो वायुमंडल की स्थिर स्थितियों को दर्शाता है। ग्रीष्मपूर्व (प्री-मॉनसून) अवधि में सतही ऊष्मन और तीव्र संवहन गतिविधियों के कारण वर्ष की सर्वाधिक बीएलएच प्राप्त होती है - मार्च में 1686 मीटर, अप्रैल में 2004 मीटर और मई में 1962 मीटर। मानसून के महीनों में बीएलएच में तीव्र गिरावट आती है - जून में 1633 मीटर से घटकर जुलाई में वर्ष का न्यूनतम मान 665 मीटर तक पहुँचता है, जिसके बाद अगस्त (1012 मीटर) और सितंबर (983 मीटर) में हल्की पुनःवृद्धि देखी जाती है। यह गिरावट बादल आवरण और उच्च आर्द्रता के कारण होती है, जो संवहनीय परत के विकास को बाधित करती है। मानसूनोत्तर (पोस्ट-मॉनसून) अवधि में बीएलएच मध्यम रहती है, जिसमें अक्टूबर (1433 मीटर) की ऊँचाई नवंबर (977 मीटर) से अधिक होती है। मानक विचलन दर्शाता है कि विशेष रूप से प्री-मॉनसून अवधि के मध्याह्न समय में बीएलएच में स्पष्ट दैनिक और मौसमी विविधता देखी जाती है, जब संवहनीय अशांति अपने चरम पर होती है।



चित्र 2: वर्ष 2023 के दौरान देहरादून में बीएलएच का मौसमी दैनिक परिवर्तन। प्रत्येक उपचित्र एक ऋतु को दर्शाता है: शीत ऋतु, ग्रीष्मपूर्व ऋतु, मानसून ऋतु तथा शरद ऋतु। त्रुटि पट्टियाँ मानक विचलन को दर्शाती हैं, जो दैनिक एवं मौसमी विविधताओं को सूचित करती हैं।

जब देहरादून के अवलोकनों की तुलना साहा और अन्य (2022) द्वारा रिपोर्ट किए गए अहमदाबाद के आंकड़ों से की जाती है, तो यह पाया जाता है कि मौसमी प्रवृत्ति समान है-प्री-मॉनसून में अधिकतम और मानसून में न्यूनतम बीएलएच। हालांकि, देहरादून में बीएलएच के निरपेक्ष मान सामान्यतः

कम पाए जाते हैं, जिसका कारण इसकी हिमालय की तराई में स्थित घाटी जैसी भौगोलिक स्थिति है। यहाँ की जटिल स्थलाकृति, सर्दियों में सीमित सौर विकिरण और मानसून के दौरान बारंबार बादल छाए रहने से संवहनीय परत का विकास अहमदाबाद की अर्ध-शुष्क समभूमि की तुलना में सीमित रहता है।

निष्कर्ष

वर्ष 2023 में देहरादून में सीलोमीटर लिडार से प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट हुआ कि वायुमंडलीय सीमा-प्रवाही परत (बीएलएच) में स्पष्ट मौसमी व दैनिक परिवर्तन होता है। ग्रीष्मपूर्व में अधिकतम और मानसून में न्यूनतम बीएलएच देखी गई। सर्दियों में बीएलएच निम्न रही, जो स्थिर परिस्थितियों को दर्शाती है। देहरादून की स्थलाकृति और जलवायु इस पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। यह अध्ययन वायु गुणवत्ता और मौसम मॉडलिंग के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

आभार

लेखक भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के निदेशक, प्रो. अनिल भारद्वाज का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस), देहरादून में पीआरएल के भारतीय लिडार नेटवर्क (आईएलआईएन) कार्यक्रम के अंतर्गत लिडार प्रयोगशाला की स्थापना संभव हो सकी। IIRS (ISRO) देहरादून के पूर्व और वर्तमान निदेशकों को उनके सहयोग के लिए, तथा लिडार के नियमित संचालन में सहायता के लिए स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद| सभी प्रकार की सहायता और समर्थन के लिए पीआरएल, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार को धन्यवाद।

सन्दर्भ

1. स्टल, आर. बी. (1988). सीमा परत मौसम विज्ञान का परिचय. क्लूवर अकादमिक प्रकाशक.

2. साहा और अन्य (2022). पश्चिमी भारतीय क्षेत्र में सीलोमीटर लिडार, कॉस्मिक जीपीएस आरओ उपग्रह, रेडियोसॉन्ड और ईआरए-5 पुनर्विश्लेषण डेटासेट का उपयोग करके वायुमंडलीय सीमा परत विशेषताओं की जाँच। वायुमंडलीय अनुसंधान, 268, 105999।

हिंदी तकनीकी संगोष्ठी समिति

प्रो. संतोष वी. वडवाले
अध्यक्ष

प्रो. नंदिता श्रीवास्तव
सह-अध्यक्ष

प्रो. नमित महाजन
सह-अध्यक्ष

प्रो. लोकेश कुमार साहू
सह-अध्यक्ष

श्रीमती रुमकी दत्ता
संयोजक

श्री सौरभ गोयल
सह-संयोजक

सदस्य

प्रो. ब्रजेश कुमार

श्रीमती मनीषा डी. पटेल

डॉ. योगिता कडलग

डॉ. प्रशांत कुमार

श्री निर्भय के. उपाध्याय

डॉ. प्रज्ञा पांडे

डॉ. अरविंद एस. राजपुरोहित

श्री अतुल ए. माणके

श्री वैभव वी. एस. राठोड़

श्री विष्णुभाई आर. पटेल

श्री विवेक के. मिश्रा

श्री पी. नरेंद्र बाबू

श्रीमती ऋचा पी. कुमार

श्री प्रदीप के. शर्मा

श्रीमती ज्योति लिम्बात

सुश्री कोलेनचेरी जि. निकिता

श्रीमती प्रीति के. पोद्दार

सुश्री श्रीया नटराजन

श्रीमती हर्षाबेन परमार

हिंदी तकनीकी संगोष्ठी - 2025
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
अहमदाबाद - 380009